सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 26.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-315 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 10 मई 2025
11 ज़िक़ादा 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




## न्यूज डायरी

### अब नेपाल सीमा पर अलर्ट

**पीलीभीत।** भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए जिले में सतर्कता बढ़ा दी गई है। भारत नेपाल सीमा पर अतिरिक्त फोर्स भेजी गई है। दिन के साथ ही रात में भी प्रभावी गश्त के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस और एसएसबी के जवान बीहड़ और कच्चे रास्तों पर नजर रख रहे हैं। वहीं यूपी के पीलीभीत में शुक्रवार दोपहर यलो अलर्ट रिहर्सल कर आमजन को सुरक्षा का अहसास कराया गया। डीएम-एसपी ने शहर का भ्रमण किया। गुरुवार रात भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया। इसके बाद सीमावर्ती इलाकों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश जारी हुए हैं। जनपद की सीमा भी नेपाल से लगी है।

### आईपीएल के बचे मैच स्थगित

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव को देखते हुए आईपीएल के बचे हुए मैचों के आयोजन को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया है। यह जानकारी बीसीसआई की तरफ से एक न्यूज एजेंसी को दी गई है। वहीं आईपीएल में भाग लेने वाले विदेशी खिलाड़ी हालात समान्य होने तक अपने वतन वापस जाएंगे। बता दें कि इस सीजन के 58 मैच हो चुके हैं। 69 ग्रुप मैचों के बाद प्लेऑफ का आयोजन होना है, लेकिन अब यह कैंसिल हो सकता है।

### सात आतंकवादी ढेर


**जम्मू।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने शुक्रवार को कहा कि उसने जम्मू में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार से घुसपैठ की कोशिश कर रहे सात आतंकवादियों को मार गिराया और पाकिस्तान रेंजर्स की एक चौकी को भी नष्ट कर दिया है। यह घटना बृहस्पतिवार और शुक्रवार की रात को सांबा सेक्टर में हुई, जब निगरानी करने वाले बीएसएफ के जवानों ने आतंकवादियों के एक ''बड़े समूह'' को देखा था। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने कहा कि घुसपैठ की कोशिश को पाकिस्तान रेंजर्स की ढांढर चौकी का समर्थन था, जिनकी गोलीबारी की आड़ में आतंकवादी घुसपैठ करना चाहते थे। सैनिकों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया, कम से कम सात आतंकवादियों को मार गिराया और ढांढर चौकी को भारी नुकसान पहुंचाया। वहीं राजस्थान के जैसलमेर में एक संदिग्ध बम मिला है। बम की सूचना के बाद पुलिस और सेना की टीम मौके पर पहुंच गई है।

# पठानकोट में वायुसेना ने गिराए पाकिस्तानी ड्रोन

## जम्मू कश्मीर में ब्लैकआउट के बीच धमाके, बाड़मेर-गंगानगर में रेड अलर्ट, घरों में रहने के निर्देश

- पाकिस्तान को भारत ने बराक 8 मिसाइल से दिया करारा जवाब
- फिरोजपुर में घर पर गिरा ड्रोन, दो लोग जख्मी
- बठिंडा में हुए चार से अधिक धमाके
- पाक के कायराना हमलों का मुंहतोड़ जवाब दे रहा भारत



जम्मू में धमाकों की आवाज आने और सायरन बजने के बाद शहर में 'ब्लैकआउट' किया गया।

**जम्मू/अंबाला/अमृतसर/जैसलमेर/पठानकोट।** पाकिस्तान ने लगातार दूसरे दिन भारत पर ड्रोन्स और मिसाइल से हमले किए। शुक्रवार को शाम होते ही पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के 6 सेक्टर उरी, तंगधार, केरन, मेंढर, नौगाम, आरएसपुरा, अरनिया और पुंछ में फायरिंग शुरू कर दी। रात 8:30 बजे पंजाब के फिरोजपुर, अमृतसर में मिसाइल अटैक किया। इसे नाकाम कर दिया गया। उधर, राजस्थान के पोकरण, जम्मू के सांबा में भी ड्रोन हमला किया गया। उधर, चंडीगढ़ और अंबाला में हवाई हमले की चेतावनी दी गई है। चंडीगढ़ में सेना की वेस्टर्न कमांड है, एनआईए का भी दफ्तर है। अंबाला में एयरफोर्स स्टेशन है। पंजाब के फिरोजपुर और राजस्थान के जैसलमेर में कम्प्लीट ब्लैकआउट कर दिया गया है।

सुरक्षा के नजरिए से बाड़मेर कलेक्टर ने हाई रेड अलर्ट की घोषणा करते हुए लोगों से घरों में जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि बाड़मेर के लिए हाई रेड अलर्ट की सूचना है, कंप्लीट ब्लैक आउट किया गया है इसलिए आमजन से अपील की जाती है कि कृपया घरों में रहें। संपूर्ण ब्लैकआउट की पालना करें। किसी भी तरह की रोशनी न करें। वाहन लेकर बाहर न निकलें। वहीं गंगानगर में भी हाई रेड अलर्ट जारी किया गया है। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि जो जहां है वहीं रहे। कोई भी मूवमेंट न करें। आमजन से अपील की है कि किसी तरह से पैनिक नहीं फैलाए। पाकिस्तान की ओर से आज भी हमले की नाकाम कोशिशें जम्मू से शुरू की गईं। अधिकारियों के अनुसार लगातार दूसरी रात जम्मू क्षेत्र में धमाके सुनाई दिए और सायरन बजने लगे। फिरोजपुर के खाईफेमिकी में ड्रोन हमले से एक घर पूरी तरह तबाह हो गया। परिवार के लोग बाहर होने के कारण बचाव हो गया। हालांकि, तीन लोग जख्मी हुए हैं। बताया जा रहा है कि फिरोजपुर में तीन मिसाइलें ध्वस्त की गई हैं। फिरोजपुर के गांव खाई फेमिकी में पाकिस्तानी ड्रोन हमले से एक घर इसकी चपेट में आया है। घर पर एक साथ दो ड्रोन हमले हुए हैं। हमले में लखविंदर सिंह समेत तीन लोग गंभीर घायल हुए हैं, जिनमें एक महिला भी है। वहीं घर में आग लग गई है। बताया जा रहा है कि ड्रोन हमले के दौरान घर की लाइट जल रही थी। घायलों को इलाज के लिए फिरोजपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घायलों की पहचान लखविंदर सिंह, सुखविंदर कौर व मोनू के तौर पर हुई है। वहीं, अमृतसर के छेहरटा इलाके में ड्रोन गिराने की सूचना है। हालांकि, प्रशासन ने इसकी पुष्टि नहीं की है। करतारपुर कॉरिडोर के पास और होशियारपुर में आर्मी कैंप के पास भी ब्लास्ट हुआ। गुरदासपुर में भी ड्रोन मिसाइल से हमला किया गया। पठानकोट एयरबेस के पास भी रात को सायरन बजते रहे। इसके अलावा फाजिल्का में भी धमाकों की सूचना है, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई है। इसके अलावा बॉर्डर एरिया पठानकोट में भी सायरन बज रहे हैं। पठानकोट में भी धमाकों की तेज आवाज गूंज रही है और पूरे जिले में ब्लैक आउट है। वहीं रात नौ बजे के बाद अमृतसर में भी ड्रोन अटैक हुआ है। एयरपोर्ट के आसपास ड्रोन हमला हुआ है। हालांकि एयर डिफेंस सिस्टम ड्रोन हमलों को हवा में ही मार गिराया है। अमृतसर के बाद गुरदासपुर और होशियारपुर में भी ड्रोन हमला हुआ है। ड्रोन हमलों का खतरा देखते हुए फिरोजुपर और पठानकोट के अलावा जलालाबाद, होशियारपुर, गुरदासपुर, बटाला, फरीदकोट में भी ब्लैकआउट है। वहीं अभी तक जालंधर, तरनतारन और लुधियाना में स्थिति सामान्य है। वहीं, फरीदकोट में प्रशासन की हिदायत पर रात 8 बजे ही बाजार बंद हो गए और स्ट्रीट लाइट इत्यादि बंद होने की वजह से चारों तरफ अंधेरा छाया हुआ है। रात 9.30 के बाद फरीदकोट में भी ब्लैक आउट किया गया है। पंजाब के बठिंडा में वीरवार रात को ऑपरेशन सिंदूर का बदला लेने के लिए पाकिस्तान ने भारत पर कई घंटे तक ड्रोन अटैक किए, जिन्हें भारतीय रक्षा प्रणाली ने हवा में ही नष्ट कर दिया। इन हमलों में नष्ट किए गए मिसाइल व ड्रोन के टुकड़े जिले के विभिन्न गांवों में गिरे जिससे लोगों ने दहशत फैल गई। वीरवार की रात करीब 10:45 बजे हुए हमले के बाद लोग पूरी तरह सक्रिय रहे और शुक्रवार सुबह पता चला कि बठिंडा के बीड़ तालाब बस्ती नंबर 4, गांव तुंगवाली, गांव गहरी भागी व गांव बुर्ज महमा में भारतीय सेनाओं द्वारा हवा में ही रोके गए हमलों में क्षतिग्रस्त बमनुमा चीजों के टुकड़े मिले। इसकी सूचना मिलने के बाद सेना और पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर जांच करते हुए बरामद टुकड़ों को सुरक्षित रख लिया है। उल्लेखनीय है कि बठिंडा में एशिया की सबसे बड़ी सैन्य छावनी, वायुसेना स्टेशन, हवाई अड्डा, बड़ा रेल जंक्शन, तेल रिफाइनरी और तेल डिपो के अलावा राष्ट्रीय खाद कारखाना समेत कई अन्य बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठान भी हैं।

### देश के 24 हवाई अड्डे 15 मई तक नागरिक उड़ानों के लिए बंद



श्रीनगर और चंडीगढ़ समेत देश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में कम से कम 24 हवाई अड्डों को 15 मई तक नागरिक उड़ानों के लिए बंद कर दिया गया है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पहले, भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के मद्देनजर इन हवाई अड्डों को 10 मई तक नागरिक उड़ानों के लिए बंद कर दिया गया था। एयरलाइन ने शुक्रवार को कहा कि 15 मई तक हवाई अड्डों के अस्थायी रूप से बंद होने के कारण उनकी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। सूत्रों ने कहा कि 15 मई की सुबह पांच बजकर 29 मिनट तक कम से कम 24 हवाई अड्डों को नागरिक उड़ानों के लिए बंद कर दिया गया है। इनमें चंडीगढ़, श्रीनगर, अमृतसर, लुधियाना, भुंटर, किशनगढ़, पटियाला, शिमला, धर्मशाला, बठिंडा, जैसलमेर, जोधपुर, लेह, बीकानेर, पठानकोट, जम्मू, जामनगर और भुज समेत अन्य हवाई अड्डे शामिल हैं।

### सेना प्रमुख को प्रादेशिक सेना को सहयोग के लिए जुटाने का अधिकार

भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे सैन्य तनाव के बीच केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। अब सेना प्रमुख को अधिकार दिया गया है कि वे प्रादेशिक सेना के हर अफसर और सैनिक को तैनात कर सकते हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर नियमित सेना की मदद की जा सके या उसकी ताकत बढ़ाई जा सके। रक्षा मंत्रालय के सैन्य मामलों के विभाग ने 6 मई को इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। इसमें कहा गया है कि यह आदेश 10 फरवरी 2025 से प्रभावी होगा और 9 फरवरी 2028 तक लागू रहेगा। इसका मतलब है कि अगले तीन सालों तक सेना प्रमुख के पास टीए को किसी भी जरूरी मिशन के लिए तैनात करने का पूरा अधिकार रहेगा।

### पीएम मोदी ने सशस्त्र बलों के पूर्व अधिकारियों से की बात



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पाकिस्तान के साथ चल रहे संघर्ष के बीच तीनों सेनाओं के पूर्व प्रमुखों सहित कई पूर्व सैन्य अधिकारियों के साथ व्यापक बातचीत की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इनमें सेना, वायुसेना और नौसेना के पूर्व प्रमुखों के अलावा देश की सेवा कर चुके अन्य सेवानिवृत्त अधिकारी भी शामिल हैं। भारतीय प्रतिष्ठानों को 8 और 9 मई की मध्य रात्रि को निशाना बनाने के पाकिस्तानी प्रयासों का सशस्त्र बलों द्वारा आनुपातिक और पर्याप्त रूप से जवाब दिए जाने के साथ ही पाकिस्तान के साथ संघर्ष तीव्र हो गया।

### आईएमएफ की बैठक में भारत ने जताया विरोध

भारत ने आईएमएफ की ओर से पाकिस्तान को नए ऋण देने के प्रस्ताव का विरोध करते हुए कहा कि इस धन का दुरुपयोग सीमापार आतंकवाद के वित्तपोषण के लिए किया जा सकता है। वित्त मंत्रालय की तरफ से यह जानकारी दी गई है।

### अमित शाह से मिले डोभाल

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और आईबी चीफ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मिले वे दोनों भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव को लेकर गृहमंत्री से बात की है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सीमा की स्थिति और हवाईअड्डों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के लिए बीएसएफ के महानिदेशक, सीआईएसएफ के महानिदेशक और गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दोपहर 12:30 बजे की। वहीं पंजाब सरकार ने मौजूदा स्थिति को देखते हुए सारे आईएएस और पंजाब सिविल सर्विसेज ऑफिसर्स की छुट्टियां रद्द कर दी हैं।

### मुख्यमंत्री ने राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप की जयन्ती पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

# हमें अपने सशस्त्र बलों का मनोबल बढ़ाना है : योगी



- महाराणा प्रताप की जयंती पर हुसैनगंज चौराहे का नाम बदलकर महाराणा प्रताप चौराहा किया
- अब अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहा है पाकिस्तान
- हमारे बहादुर सैनिकों ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भारत की हालिया जवाबी कार्रवाई में मारे गए आतंकवादियों के प्रति पाकिस्तान का खुला समर्थन यह साबित करता है कि वह देश न केवल आतंकवाद का पनाहगाह है, बल्कि अब अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहा है। महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर लखनऊ में एक सभा को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा, भारत की कार्रवाई के बाद, जब आतंकवादी मारे गए, तो पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य अधिकारी और राजनेता उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए। इस बेशर्मी भरे प्रदर्शन से दुनिया की आंखें खुल जानी चाहिए।

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ में महाराणा प्रताप की जयंती पर हुसैनगंज चौराहे का नाम बदलकर महाराणा प्रताप चौराहा कर दिया। प्रतिमा के सौंदर्यीकरण के बाद लोकार्पण करते हुए सीएम योगी ने वीर प्रताप के बलिदान को नमन किया। महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई, 1540 को हुआ था। पाकिस्तान केवल आतंकवाद को संरक्षण नहीं दे रहा, वह सीधे तौर पर इसमें शामिल है। उसकी संलिप्तता अब इतनी स्पष्ट हो गई है कि उसे अपने अस्तित्व के लिए भी संघर्ष करना पड़ेगा। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत ने कड़ा जवाब देने का संकल्प लिया है। आप सभी ने देखा होगा कि हमारे पर्यटकों पर कितनी बर्बरता से हमला किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दृढ़ संकल्प लिया और हमारे बहादुर सैनिकों ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया। आदित्यनाथ ने लोगों से राष्ट्रीय एकता बनाए रखने और परीक्षा की इस घड़ी के दौरान सशस्त्र बलों का समर्थन करने का आग्रह किया।

# चंडीगढ़ में सात बजे बंद हो जाएंगे बाजार

- पटाखे और आतिशबाजी पर रोक
- घरों को लौटने लगे छात्र
- चंडीगढ़ पुलिस की छुट्टियां हुई रद्द



**चंडीगढ़।** भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं। दोनों देशों के बीच चल रहे तनाव के बाद पंजाब व हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में स्कूल, कॉलेज और अन्य शिक्षण संस्थान 12 मई तक बंद कर दिए गए हैं। वहीं ट्राईसिटी (चंडीगढ़, पंचकूला, मोहाली) में भी हाई अलर्ट है। ऐसे में चंडीगढ़ प्रशासन ने चंडीगढ़ के सभी मार्केट, शॉपिंग मॉल को शाम 7 बजे बंद करने का आदेश जारी किया है। इसके अलावा पटाखे और आतिशबाजी पर भी रोक लगा दी गई है। पंचकूला में भी जिला प्रशासन ने शाम 6 बजे से सभी दुकानों को बंद करने का फैसला लिया है। हालांकि जरूरी सामान जैसे मेडिकल स्टोर खुले रहेंगे। वहीं मोहाली में रात 8 बजे सभी बाजार बंद हो जाएंगे। चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग (सीटीयू) ने जम्मू और कटड़ा के लिए अपनी बस सेवाएं बंद कर दी हैं। चंडीगढ़ व आसपास के इलाकों से कॉलेज के छात्र घरों को लौटने लगे हैं। चंडीगढ़ के 43 बस स्टैंड पर शुक्रवार को खासी भीड़ देखने को मिली। वहीं, शहर के कई इलाकों की सड़कों पर भी सन्नाटा पसरने लगा है। पाकिस्तान की तरफ से पंजाब के कई इलाकों में बीती रात को ड्रोन अलर्ट का बड़ा असर देखने को मिल रहा है और चंडीगढ़ से मोहाली जिले के बड़े कॉलेज यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में रह रहे ज्यादातर स्टूडेंट्स अपना बैग पैक कर अपने-अपने घरों की तरफ रुख कर रहे हैं। भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाए जाने के एक दिन बाद, पाकिस्तान की ओर से कई भारतीय शहरों पर हमले की नाकाम कोशिश की गई, जिसमें चंडीगढ़ भी शामिल था। इसके बाद चंडीगढ़ पुलिस को अलर्ट मोड पर डाल दिया गया है। सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं और उन्हें आदेश दिए गए हैं कि वे ड्यूटी पर पूरी तरह से मौजूद रहें क्योंकि किसी भी वक्त कोई आपात स्थिति उत्पन्न हो सकती है। वीवीआईपी कार्यक्रमों पर पड़ा असर-चंडीगढ़ में जारी भारत-पाक तनाव और चंडीगढ़ सहित देश के कई हवाई अड्डों के बंद होने के कारण शहर में होने वाले प्रमुख कार्यक्रमों पर भी असर पड़ा है। 11 मई को होने वाले गली क्रिकेट सीजन-3 के फाइनल मैच में केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया था।

## आतंक पर प्रहार

### विदेश मंत्रालय ने हमले की दी जानकारी

# तुर्किये के 400 ड्रोन से हुआ हमला

- जवाबी कार्रवाई रोकने के लिए अपने नागरिकों को ढाल बना रहा पाकिस्तान : सोफिया
- सांप्रदायिक विवाद पैदा करना चाहता है पाकिस्तान



**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान बौखला उठा है। गुरुवार देर रात पाकिस्तान की ओर से भारत के कई शहरों पर मिसाइलें और ड्रोन दागी गईं। हालांकि, भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के हर हमले का मुंह तोड़ जवाब दिया। इसके बाद भारतीय सेना ने लाहौर, कराची, सियालकोट सहित भारत ने कई शहरों पर ताबड़तोड़ हमले किए। शुक्रवार शाम विदेश मंत्रालय की ओर से प्रेस ब्रीफिंग की गई। विदेश मंत्रालय की ओर से पाकिस्तान द्वारा किए गए हमलों और भारतीय सेना द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई से जुड़े मामले पर जानकारी देते हुए कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान की ओर से गुरुवार रात देश के कई शहरों पर मिसाइल और ड्रेन हमले की कोशिश की गई। हालांकि, भारत ने पाकिस्तान के हर हमले का करारा जवाब दिया। सोफिया कुरैशी ने आगे कहा कि 7 और 8 मई की रात को पाकिस्तानी सेना ने सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के इरादेसे पूरी पश्चिमी सीमा पर कई बार भारतीय हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया। इतना ही नहीं, पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा पर भारी कैलिबर के हथियारों से भी गोलीबारी की। सोफिया कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान की ओर से 36 स्थानों पर घुसपैठ की कोशिश करने के लिए लगभग 300 से 400 ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। भारतीय सशस्त्र बलों ने इनमें से कई ड्रोन को मार गिराया। ड्रोन के मलबे की फोरेंसिक जांच की जा रही है। शुरुआती रिपोर्टों से पता चलता है कि वे तुर्की असिसगार्ड सोंगर ड्रोन हैं। वहीं, विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा, पाकिस्तान ने 7 मई को शाम 08:30 बजे एक असफल अकारण ड्रोन और मिसाइल हमला करने के बावजूद अपना नागरिक हवाई क्षेत्र बंद नहीं किया। पाकिस्तान नागरिक विमान को ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है, यह अच्छी तरह से जानते हुए कि भारत पर उसके हमले से भारत को तीव्र हवाई रक्षा प्रतिक्रिया मिलेगी। पाकिस्तान को लताड़ लगाते हुए कहा, अपनी हरकतों को स्वीकार करने के बजाय, पाकिस्तान ने यह बेतुका और अपमानजनक दावा किया कि यह भारतीय सशस्त्र बल हैं जो अमृतसर जैसे अपने ही शहरों को निशाना बना रहे हैं।

### स्थिति को बातचीत और शांति के रास्ते से सुलझाया जाना चाहिए : नवाज शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के नापाक मंसूबों पर भारतीय सेना के पराक्रम का असर दिखने लगा है। भारत के साथ बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को बड़े भाई नवाज शरीफ ने कूटनीतिक रास्ता अपनाने की नसीहत दी है। पाकिस्तानी मीडिया की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर में कहा गया, भारत की ओर से सिंधु जल संधि को निलंबित करने के फैसले के बाद नवाज शरीफ लंदन से पाकिस्तान लौटे, ताकि वह प्रधानमंत्री शहबाज की मदद कर सकें। खबर में कहा गया, पाकिस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की बैठक में हुए फैसलों की जानकारी मिलने के बाद नवाज शरीफ ने कहा कि स्थिति को बातचीत और शांति के रास्ते से सुलझाया जाना चाहिए। नवाज ने कहा कि वह नहीं चाहते हैं कि सरकार कोई आक्रामक कदम उठाए। उन्होंने सुझाव दिया कि पीएमएल-एन के नेतृत्व वाली सरकार को सभी उपलब्ध कूटनीतिक तरीकों का उपयोग कर शांति कायम करने की कोशिश करनी चाहिए।

# सुप्रीम कोर्ट ने डिप्टी कलेक्टर को तहसीलदार बनाने का दिया आदेश

**उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना से नाराज**



**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना करने से नाराज सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश सरकार के एक अधिकारी को पदावनत करने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश सरकार को निर्देश दिया कि उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना करने वाले डिप्टी कलेक्टर को पदावनत कर तहसीलदार के पद पर नियुक्ति करें।

दरअसल उच्च न्यायालय ने आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले में झोपड़ियां न हटाने का निर्देश दिया था, लेकिन अधिकारी ने उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना की। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना करने पर कड़ी नाराजगी जताई। पीठ ने कहा कि प्रत्येक अधिकारी, चाहे वो कितने भी ऊंचे पद पर क्यों न हो, वह अदालत द्वारा पारित आदेशों का सम्मान करने के लिए बाध्य हैं। पीठ ने कहा कि न्यायालय के आदेश की अवहेलना कानून के शासन की उस नींव पर हमला है, जिस पर हमारा लोकतंत्र आधारित है। पीठ ने कहा, हालांकि हम नरम रुख अपनाते हैं, लेकिन सभी को यह संदेश दिया जाना चाहिए कि कोई भी व्यक्ति, चाहे वह कितना भी ऊंचा क्यों न हो, कानून से ऊपर नहीं है। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के उस आदेश की पुष्टि की, जिसमें अधिकारी को उच्च न्यायालय के आदेश की जानबूझकर और पूरी तरह से अवज्ञा करने का दोषी पाया गया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारी को दो महीने जेल की सजा सुनाने वाले उच्च न्यायालय के आदेश को संशोधित किया।

# डीएम का मंत्र, खुद बनो अपना अलार्म क्लॉक, हर दिन अपने को इंप्रूव करो



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** सनातन धर्म सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की इंटरमीडिएट छात्राओं का सरस्वती यात्रा दल शुक्रवार को प्रधानाचार्य डॉ. शिप्रा बाजपेई के नेतृत्व में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल से मिलने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचा। छात्राओं ने प्रशासनिक अनुभव और मार्गदर्शन के उद्देश्य से यह विशेष भेंट की डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने छात्राओं के उत्साह और जिज्ञासा की सराहना करते हुए तनावमुक्त रहकर लक्ष्य पाने, खुद पर विश्वास रखने और स्मार्ट तरीके से मेहनत करने का मंत्र दिया। आप खुद अपना अलार्म क्लॉक बनें, हर दिन खुद को बेहतर बनाएं। उन्होंने गोल, गाइडेंस, विषय चयन, दिनचर्या और टाइम टेबल जैसे मूल मंत्रों पर प्रकाश डाला।डीएम ने कहा कि आज का युग बालिकाओं का है। बेटियाँ अब अपने कार्यों और उपलब्धियों से पहचानी जा रही हैं। हर छात्रा को अपने कंफर्ट ज़ोन से बाहर निकलकर चुनौतियों का सामना करना चाहिए, क्योंकि यही रास्ता उन्हें सफलता की ओर ले जाएगा। उन्होंने अधिकारियों के अनुभवों का हवाला देते हुए कहा कि छोटी-छोटी सफलताएँ जीवन में आवश्यक हैं, लेकिन इन्हें देखकर अपने बड़े लक्ष्य को नहीं छोड़ना चाहिए। यह जानकर खुशी हुई कि सभी बालिकाएं कठिन लक्ष्य और फील्ड को तय कर आगे बढ़ रही है। छात्राओं से आह्वान किया कि वे अपने सपनों को संकल्प बनाकर पूरी लगन से प्रयास करें और समाज में सकारात्मक बदलाव की वाहक बनें।प्रशिक्षु ड्रूस मनीषा ने जब कहा कि मैं एक छोटे से गाँव से हूं, जहाँ सपने देखना भी हिम्मत थी, लेकिन मैंने ठान लिया था, तो छात्राओं की आंखें नम हो गईं। मध्यप्रदेश की पहली ट्राइबल महिला ड्रूस अधिकारी मनीषा ने अपने संघर्षों की कहानी साझा करते हुए कहा कि सरकारी स्कूल से पढ़कर, सीमित साधनों में ड्रूस्ट पास करना आसान नहीं था, पर मुमकिन था।उन्होंने बालिकाओं को संदेश दिया कि हौसले न जात देखते हैं, न हालात। बस सपना देखो, मेहनत करो और खुद पर भरोसा रखो एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि अच्छे संस्कारों, समयबद्धता, अनुशासन को जीवन में आत्मसात करें। आप सभी में क्षमताओं का अपार भंडार है, उन्हें पहचानते हुए आगे बढ़े। प्रतिदिन निर्धारित समय पर रेगुलर पढ़ाई करे। ग्रुप डिस्कशन करें। गलतियों से सीखें। एडीएम (न्यायिक) अनिल रस्तोगी ने कहा कि अपने भीतर की प्रतिभा को पहचानिए। आप कुछ भी बन सकते हैं। बस शर्त ये है कि सोच को उड़ान दें, इच्छा शक्ति जगाएं और अपने लक्ष्य के लिए पूरी ईमानदारी से मेहनत करें। एसडीएम अमिता यादव ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता।

## महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती बृजेश सिंह के नेतृत्व में धूमधाम से मनाई गई



**लखीमपुर-खीरी ।** मितौली में महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई।भाजपा जिला मंत्री बृजेश सिंह और के.एस.एम विद्यालय के प्रबंधक उपेंद्र सिंह ने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में कई अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे मेवाड़ के वीर राजपूत राजा महाराणा प्रताप ने मुगल साम्राज्य के विस्तार का डटकर विरोध किया था।

हल्दीघाटी के युद्ध में उन्होंने अकबर की विशाल सेना का सामना किया। उनकी वीरता आज भी राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा है।÷कार्यक्रम में लोगों ने महाराणा प्रताप के आदर्शों और विरासत को याद किया। उनके भारतीय संस्कृति में योगदान को सराहा गया।

भाजपा जिला मंत्री बृजेश सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप की जयंती हमें राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देती है। यह हमें उनके शौर्य और बलिदान को याद करने का अवसर देती है।

## 03 नफर वारण्टियों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी ।**थाना फूलबेहड़ के नेतृत्व में थाना फूलबेहड़ पुलिस टीम द्वारा 03 नफर वारण्टियों बद्री प्रसाद पुत्र तौले निवासी ग्राम हुजूरपुरवा मजरा करसौर थाना फूलबेहड संबंधित मु0सं0 4185/14 अ0स0 369/13 धारा 325/323/504 भादवि रामेन्द्र पुत्र सुरेश निवासी रेहुआ थाना संबंधित मु0सं0 1148/15 धारा 379 भादवि उदल पुत्र पुत्तू निवासी ग्राम अंजनापुर थाना फूलबेहड संबंधित मु0सं0 2513/16 अ0सं0 88/15 धारा 60 आबकारी अधि0 को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

## अज्ञात बदमाशों ने मोहल्ले के गोलू गुप्ता की गोली मारकर की हत्या

**लखीमपुर-खीरी ।** शहर के मोहल्ला निर्मलनगर में गुरुवार की रात करीब दस बजे अज्ञात बदमाशों ने मोहल्ले के गोलू गुप्ता (22) की गोली मारकर हत्या कर दी इससे परिवार में कोहराम मच गया घटनास्थल पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई मौके पर पहुंचे शहर कोतवाल को नाराज लोगों का कोपभाजन होना पड़ा पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शहर कोतवाल को खरी-खोटी सुनाई मोहल्ला निर्मलनगर निवासी गोलू (22) पुत्र स्व. संजय गुप्ता प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करता था बताते हैं कि गुरुवार की रात करीब दस बजे आए अज्ञात बदमाशों ने उसकी मोहल्ले में ही गोली मारकर हत्या कर दी और भाग निकले। गोली चलने की आवाज से मोहल्ले में हड़कंप मच गया। तमाम लोग जब मौके पर पहुंचे तो देखा गोलू मृत अवस्था में पड़ा था। इससे मोहल्ले में सनसनी फैल गई।गोलू के रोते-बिलखते परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर शहर कोतवाल हेमंत राय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने आक्रोशित लोगों को समझाने की कोशिश की, इस पर लोग भड़क गए और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए शहर कोतवाल हेमंत राय को जमकर खरी-खोटी सुनाई इस दौरान शहर कोतवाल की मृतक के परिजनों से भी काफी नोकझोक हुई किसी तरह से पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत कराया मृतक गोलू के चाचा का कहना है कि गोलू ने लव मैरिज की थी इससे लड़की पक्ष के लोग नाराज चल रहे थे उन्होंने लड़की पक्ष पर हत्या कराने का आरोप लगाया है एसपी संकल्प शर्मा घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मौके का बारीकी से निरीक्षण किया। आसपास के लोगों और परिवार वालों से भी घटना की जानकारी ली। एसपी ने परिवार वालों को आश्वस्त किया कि जो भी इस घटना में शामिल होगा, उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने शहर कोतवाल को टीमें गठित कर जल्द घटना में शामिल लोगों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने के निर्देश दिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिसहत्या की जांच में जुटी पुलिस की टीमें लव मैरिज के साथ ही अन्य किसी रंजिश आदि के पहलुओं पर अपनी जांच कर रही हैं। साथ ही घटनास्थल और उसके पास से आने-जाने वाले सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी खंगाला जा रहा है।

## भाजपा प्रदेश संयोजक राज राजेश्वर सिंह ने सीएम योगी से की मुलाकात

**लखीमपुर-खीरी ।** निघासन इलाके के घाघी नाले की बाढ़ की वजह से इलाके में होने वाली तबाही पर रोक लगाने के लिए भाजपा प्रदेश संयोजक राज राजेश्वर सिंह ने सीएम योगी से मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री से मानसून से पहले काम शुरू कराने का अनुरोध करते हुए पत्र दिया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने समय से काम शुरू कराने का आश्वासन दिया है। इलाके के रानीगंज गांव के पास घाघी नाले से हर साल बाढ़ और बारिश के दौरान भारी तबाही मचती है। किसानों की फसलें और जमीन के साथ ही करीब तीस गांवों को इस नाले की बाढ़ बुरी तरह प्रभावित करती है।कई गांवों को संपर्क ही कट जाता है। लोगों के घरों में गहरा पानी भर जाने से उनको कई दिनों तक परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों की ने कई बार अफसरों और जनप्रतिनिधियों को प्रार्थनापत्र व ज्ञापन देकर इस समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगाई लेकिन फौरी काम करने के अलावा इस पर कोई कारआमद कार्रवाई नहीं की गई। झंडी निवासी भाजपा के प्रदेश संयोजक राज राजेश्वर सिंह ने लोगों की समस्या देखकर जनवरी 2025 में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और प्रमुख सचिव जल संसाधन अनिल गर्ग से मुलाकात कर यह समस्या देर करने की बात कहने के साथ ही इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मुलाकात कर यह समस्या उठाई थी। इसके बाद प्रमुख सचिव ने जल्द काम कराने हेतु सिंचाई विभाग के अध्यक्ष अखिलेश सचान को निर्देश दिए थे।

## अपहरणकर्ताओ ने फिरौती ना मिलने पर की युवक की हत्या पांच अभियुक्त गिरफ्तार



**नूरपुर।** थाना शिवालाकलां व स्वाट/सर्विलांस टीम ने एक बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए अपहरणकर्ताओ कर हत्या और फिरौती मांगने के मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस सनसनीखेज वारदात में शामिल 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस, मोबाइल फोन तथा शव को दफनाने में प्रयुक्त फावड़ा बरामद किया गया है।घटना दिनांक 06 मई 2025 की है जब ग्राम हुसैनपुर कलां निवासी दीपक कुमार ने अपने पुत्र आयुष (नाबालिग) के लापता होने की सूचना थाना शिवालाकलां में दी थी। पुलिस ने इस संबंध में मु.अ.सं. 67/25 धारा 137(2) सीएनएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर त्वरित कार्रवाई शुरू की।तकनीकी व मानवीय सूचनाओं के आधार पर पुलिस को पता चला कि आयुष का अपहरण कर उसकी हत्या उसके ही नजदीकी मित्रों ने की है और शव को ग्राम इमलिया के जंगल में दफना दिया गया है। पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची तो अभियुक्तों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी, जिसमें एक गोली प्रभारी निरीक्षक के बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी। जवाबी फायरिंग में एक अभियुक्त घायल हुआ, जिसे गिरफ्तार कर अस्पताल भेजा गया, वहीं अन्य चार अभियुक्तों को भी मौके से पकड़ लिया गया।पुलिस ने घटनास्थल से शव को बरामद कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम अनमोल पुत्र संजीव (ग्राम इमलिया) आकाश पुत्र दिनेश (ग्राम इमलिया)अनिकेत पुत्र नरेन्द्र (ग्राम हुसैनपुर कलां)नकुल पुत्र नरेश सैनी (ग्राम हुसैनपुर कलां)उमेश पुत्र उदेश (ग्राम हुसैनपुर कलां)इनके विरुद्ध थाना शिवालाकलां मे शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।इस कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, स्वाट प्रभारी सचिन मलिक, अपर निरीक्षक नरेश पाल, सर्विलांस प्रभारी विकास कुमार सहित कुल 13 सदस्यीय पुलिस टीम शामिल रही।

# धूमधाम के साथ मनाई महाराणा प्रताप जयंती

### मुख्य अतिथियों ने महाराणा प्रताप सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

*अवधनामा संवाददाता*

**अफजलगढ़।** महाराणा प्रताप की जयंती क्षेत्र में बड़ी धूमधाम के साथ मनाई गई। वही गांव कासमपुरगढ़ी में स्थित संस्कार रिसोर्ट में महाराणा प्रताप सिंह की जयंती के उपलक्ष में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जयंती समारोह में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक कुंवर सुशांत सिंह की माता रानी कुंवर साधना सर्वेश सिंह,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव सिसोदिया व जसपुर विधायक आदेश चौहान ने कहा कि क्षत्रिय समाज के लोगों को महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आगे बढ़ना चाहिए। शुक्रवार को क्षेत्र के गांव कासमपुरगढ़ी में स्थित संस्कार रिसोर्ट में आयोजित महाराणा प्रताप सिंह की जयंती समारोह के आयोजक ब्लाक प्रमुख प्रदीप कुमार बबली, भाजपा युवा नेता अंकित चौहान व कपिल चौहान के तत्वावधान में हुए जयंती समारोह



का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक कुंवर सुशांत सिंह की माता रानी कुंवर साधना सर्वेश सिंह,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव सिसोदिया व जसपुर विधायक आदेश चौहान, एसडीएम धामपुर रीतू चौधरी व सीओ अफजलगढ़ राजेश सिंह सोलंकी ने वीर शिरोमणि राणा प्रताप की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर किया तथा प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथियों ने कहा कि हम सभी क्षत्रिय भाइयों को महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेते हुए अपने लक्ष्य के साथ अपने समाज को आगे बढ़ाना चाहिए। क्षत्रिय महासभा प्रतिवर्ष रचनात्मक कार्य के रूप में तथा भावात्मक कार्य के रूप में कार्यक्रम करने के साथ-साथ आंदोलन में भी रुचि रखती है। संगठन को आगे बढ़ाने के लिए एक साथ होकर छत्रिय भाइयों का सहयोग करना चाहिए। वही कार्यक्रम के आयोजक ब्लाक प्रमुख प्रदीप कुमार बबली व युवा भाजपा नेता अंकित चौहान ने कहा कि महाराणा प्रताप ने देश के लिए लड़ाई लड़ी थी। विषम परिस्थितियों के बावजूद भी उन्होंने कभी मुगलों की अधीनता को स्वीकार नहीं किया था। महाराणा प्रताप अतुल्य बलिदान देने वाले योद्धा थे। आज उसी तरह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़ा हुआ है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान मास्टर पूरन सिंह तथा संचालन संजय राजपूत जसपुर ने किया।

## सामाजिक और सराहनीय कार्य के लिए धनी ज्वेलर्स की ओर से किया गया सम्मानित



**नजीबाबाद।** धनी ज्वेलर्स और अमर उजाला की ओर से प्रस्तुत गाँव महोत्सव एक कदम प्रगति की ओर), ग्रामीण प्रतिभा, परिश्रम एवं समर्पण को समर्पित एक गरिमामयी आयोजन है। इस अनुकरणीय पहल के अंतर्गत धनी ज्वेलर्स के प्रबंध निदेशक मुकुल कुमार ने स्वयं ऐसे विशिष्ट व्यक्तित्वों को उनके क्षेत्र में किए गए अद्वितीय एवं सराहनीय योगदान हेतु सम्मानित किया। जो सम्माननीय जन किसी कारणवश समारोह में उपस्थित नहीं हो सके, उन्हें उनके आवास पर जाकर ससम्मान स्मृति-चिह्न प्रदान किया गया। यह अभिनव प्रयास न केवल उनके परिश्रम की गरिमा को स्वीकार करता है, अपितु उनके परिवार एवं समुदाय को भी गौरव की अनुभूति कराता है। यह आयोजन समाज की उन मौलिक जड़ों को सम्मानित करता है, जहाँ से सच्ची प्रतिभा एवं प्रेरणा जन्म लेती है।

# प्रत्येक ब्लॉक मे प्राथमिकता के आधार पर हो गौशाला का निर्माण

## गौवंशों को चारे और पानी की व्यवस्था पर दे विशेष ध्यानः डीएम साहिबा

## सड़कों पर न घूमते पाए जाए, गौवंश तत्काल भेजें गौशाला

*अवधनामा संवाददाता*

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक ब्लॉक में एक-एक अस्थाई गौशाला का प्राथमिकता के आधार पर निर्माण करना तथा उसमें आश्रित गोवंशों के चारे पानी सहित सभी व्यवस्थाएं भी करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा मनरेगा में धनराशि का आवंटन कर दिया गया है, जिससे धनराशि के अभाव की समस्या उत्पन्न नहीं होगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिले में जहां भी चरागाह एवं खलिहान की भूमि उपलब्ध हो उनका राजस्व अधिकारियों के माध्यम से चिन्हीकरण कराते हुए वहां पर संरक्षित गोवंशों के लिए नेपियर घास अथवा हरा चारा बोने की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी गौशालाओं में स्वीकृत टेण्डर रेट के आधार पर निर्धारित मात्रा के अनुरूप भूसे का भंडारण सुनिश्चित रखें ताकि उसका उपयोग हरे चारे की अनुपलब्धता के समय किया जा सके। उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि तहसील स्तरीय अधिकारियों के साथ मीटिंग का आयोजन कर जिन गोशालाओं के पास चारागाह या हरे चारे की व्यवस्था के लिए भूमि उपलब्ध नहीं है, भूमि का आवंटन कराया जाए तथा गोशालाओं में मौजूद मशीन से उपलब्ध गोबर से लठ्ठे बनवाना सुनिश्चित करें ताकि आमदनी का



स्थाई स्रोत सृजित किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि गौशालाओं का संरक्षण एवं उनकी समुचित देखरेख राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। अतः संबंधित अधिकारी उक्त कार्य में कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही का प्रदर्शन न करें और पूरी गंभीरता के साथ निर्धारित मानकों के अनुरूप गौ आश्रय स्थलों में सभी व्यवस्थाएं अद्यतन रखें। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले की सभी गौशालाओं में शत प्रतिशत रूप से विद्युत कनेक्शन की व्यवस्था करें और कोई भी गौशाला बिना विद्युत संयोजन के संचालित न पाई जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जो गोआश्रय स्थल छोटे हैं, उन्हें नंदी गौशाला में परिवर्तित करते हुए वहां संरक्षित गोवंशों को निकटतम गौशालाओं में स्थानांतरित करें। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि वर्तमान में सभी गौशालाओं में कैटल कैचर यंत्र उपलब्ध हैं, अतः जिले में कहीं भी निराश्रित गोवंश सड़कों अथवा अन्य स्थानों पर घूमता हुआ पाया जाए, तो तत्काल उसको पकड़ कर गौशाला में संरक्षित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन गौशालाओं में क्षमता से अधिक गोवंश मौजूद हैं, उन स्थानों का विस्तार करते हुए अतिरिक्त शेड का निर्माण कर गोवंशों को वहां पर संरक्षित करें। उन्होंने पशुधन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी गौशालाओं में पशु चिकित्सा अधिकारियों द्वारा गोवंशों का नियमित रूप से स्वास्थ्य चेकअप कराया जाए और यदि कहीं कोई गोवंश बीमार अवस्था में मिलता है तो उसके समुचित उपचार की व्यवस्था करना भी सुनिश्चित करें।

# डीएम ने किया राजकीय जिला पुस्तकालय का निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने शुक्रवार को राजकीय जिला



पुस्तकालय का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी किताबों को ई-ग्रंथालय पोर्टल पर अपलोड करने के लिए कहा। साथ ही किताबों के सेक्शन वाइज कैटलॉग बनाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने पुस्तकालय के प्रथम तल पर हॉल बनवाने के लिए कार्यदायी संस्था से निरीक्षण भी करवाने के लिए कहा।

पुलिस लाइन चौराहे के निकट शिक्षा विभाग कार्यालय के परिसर में स्थापित राजकीय जिला पुस्तकालय के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी अवनीश राय ने कहा कि पुस्तकालय में विभिन्न प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थी व अन्य आमजन किताबों का अवलोकन कर ज्ञान, संस्कार व शिक्षा प्राप्त करते हैं। जो उनके भविष्य निर्माण में सहायक होती हैं।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुस्तकालय के प्रथम तल में अगर एक अन्य हाल बनाया जा सकता है तो इसके लिए कार्यदायी संस्था से इसका निरीक्षण करवा लें और उस संबंध में आख्या उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि एक अन्य हाल प्रथम तल में बन जाने से पुस्तकालय में अधिक से अधिक लोग ज्ञान अर्जित कर सकते हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि पुस्तकालय में 16 हजार किताबें हैं इन सभी का विवरण ई-ग्रंथालय पोर्टल पर अपलोड करें। उनके संज्ञान में लाया गया कि अभी तक 05 हजार किताबें पोर्टल पर अपलोड कराई जा चुकी हैं। शेष पर कार्य जारी है। उन्होंने किताबों का सेक्शन वाइज कैटलॉग बनाने के लिए भी कहा। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ प्रवेश कुमार, प्रभारी पुस्तकालय अध्यक्ष विकास कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## व्यापारियों ने भारत पाक तनाव पर सैन्य कार्रवाई को सराहा

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच आज व्यापारी और पंजाबी समाज के प्रबुद्ध लोगों ने सैन्य कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए कहा कि हम देश के साथ है और किसी भी समय तन मन धन से पूर्ण सहयोग किया जाएगा। व्यापारियों ने अपने सोने के आभूषण एकत्रित कर दर्शाया की आवश्यकता पड़ने पर वह अपने आभूषण भी सेना को देने के लिए तैयार हैं। आज अंबाला रोड स्थित एक होटल के सभागार में व्यापारियों और पंजाबी समाज के लोगों ने सामूहिक बैठक का आयोजन किया, जिसमें भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव पर सैन्य कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि व्यापारी और पंजाबी समाज पूरी तरह सरकार और सेना के साथ है। समाज के प्रतिनिधियों ने गले की चेन और हाथों की अंगूठियां दिखाकर कहा कि जब बात देश की हो, तो धन-दौलत से लेकर प्राण देने को तैयार है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने और उसके बाद की गयी कार्यवाही के लिए तीनों भारतीय सेना को सेल्यूट व सलाम और अभिनन्दन है। पंजाबी समाज भारत का नेतृत्व करने वाले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, एनएसए अजीत डोभाल, विदेश मंत्री जय शंकर की कार्यशैली की सरहाना करता है। इस दौरान पंजाबी समाज के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण, पाल्ली कालड़ा, रम्मी धवन, प्रवेश धवन, विवेक मनोचा, दलजीत सिंह कोचर, रवि अरोड़ा, अशोक छाबड़ा, राजकुमार नरूला, अजय कालड़ा, संजय अरोड़ा, गुलशन धीगड़ा, अनिल तुली, अरुण खन्ना, अमित गांधी, प्रवेश धवन, रोहित घई, राजकुमार मक्कड़, रवि जुनेजा, अशोक खुराना, गौरव गाबा, सुरेंद्र मोहन कालड़ा, महेश नारंग, यश मैनी, खैराती लाल, के.एल. मिड्ढा, मनोज तनेजा सहित अन्य गणमान्य प्रमुख रूप से शामिल मौजूद रहे।

## डूडा अब नहीं करेगा सड़कों आदि का निर्माण कार्य

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** डूडा अब गलियों एवं सड़कों आदि का निर्माण कार्य नहीं करेगा। नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज डूडा के कार्यो की समीक्षा करते हुए उक्त आदेश दिए। उन्होंने कहा कि डूडा के पास निर्माण कार्यो के सम्बंध में कोई विशेषज्ञ अधिकारी नहीं है, इसलिए डूडा से निर्माण कार्य कराये जाने का कोई औचित्य नहीं है। नगरायुक्त ने डूडा अधिकारियों को कहा कि विभाग द्वारा जिन निर्माण कार्यो के कार्यदेश जारी किये जा चुके है उन कार्यो को शीघ्र पूरा कराएं। उन्होंने कहा कि जिन कार्यो के टेण्डर नहीं हुए है उन कार्यो के लिए विभिन्न निधियों से आया हुआ धन वापिस कर दें।

नगरायुक्त शिपू गिरी ने कहा कि डूडा का कार्य पीएम स्वनिधि एवं पीएम आवास योजना के लाभार्थियों के सत्यापन एवं उनकी प्रोफाइलिंग आदि करना है, उस कार्य को अच्छे ढंग से करें। उन्होंने निगम क्षेत्र एवं जिले में पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों की संख्या और उनमें से कितने लाभार्थियों की प्रोफाइलिंग हो चुकी है, इसकी विस्तार से जानकारी ली। डूडा अधिकारियों ने बताया कि निगम क्षेत्र में 21 हजार 596 पीएम स्वनिधि लाभार्थियों में से 16862 तथा जिले में 30 हजार 425 पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों में से 24019 लाभार्थियों की प्रोफाइलिंग हो चुकी है। बाकि लाभार्थियों की प्रोफाइलिंग के लिए 'स्वनिधि से समृद्धि' तक कार्यक्रम के तहत कैंप लगाकर अभियान चलाया जा रहा है। नगरायुक्त ने इस कार्य को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों की जानकारी भी नगरायुक्त ने ली। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों की सूची एनआईसी और नगर निगम की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

यदि किसी व्यक्ति को किसी लाभार्थी की पात्रता आदि पर आपत्ति है तो वह डूडा के मोबाइल नंबर 9151999480 या डूडा के ईमेल कनकेंतम/हउंपस.बवउ पर आपत्ति भेज सकता है। नगरायुक्त ने जनपद के निकायों के अधिशासी अभियंताओं को भी वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से आवश्यकत निर्देश दिए। बैठक में अपर नगरायुक्त राजेश यादव के अतिरिक्त डूडा के अधिकारी मौजूद रहे।

# पटल प्रभारी अपने-अपने पटल का बराबर करें निगरानी

अवधनामा संवाददाता



- लंबित मामलों का त्वरित करें निस्तारण
- शिकायतकर्ताओं के साथ उचित व्यवहार करें : एसएसपी

**गोरखपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नैय्यर पुलिस ऑफिस के सभी संभागों का किया निरीक्षण संबंधित को दिया आवश्यक दिशा निर्देश। आज शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अपने कार्यालय पहुंचकर कार्यालय के पेशी श्रेष्ठ, जनशिकायत प्रकोष्ठ, डीसीआरबी, पेशी पुलिस अधीक्षक नगर, पुलिस अधीक्षक उत्तरी, सीसीटीएनएस, आईजीआरएस सेल, सीएडब्ल्यू कार्यालय, प्रधान लिपिक कार्यालय, मानीटरिंग / सम्मन सेल, पासपोर्ट सेल, विशेष जांच प्रकोष्ठ, स्थानीय अभिसूचना इकाई कार्यालय व आंकिक शाखा के साथ-साथ पुलिस कार्यालय पर स्थित सभी शाखाओं का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के क्रम मे सभी शाखाओं के विभिन्न अभिलेखों के रखरखाव का जायजा लेकर गहनता से निरीक्षण किया गया तथा उपस्थित अधिकारी / कर्मचारीगण से उनके कार्यों से सम्बन्धित जानकारी ली गयी, समीक्षा के दौरान जो भी कमियां पायी गयी उसके सुधार हेतु सम्बन्धित को आवश्यक आदेश निर्देश दिये एसएसपी श्री नैय्यर ने कार्यालय प्रभारी से कहा कि अपने अपने कार्यालय के पटल की निगरानी बराबर करते रहे किसी भी पटल पर कोई भी प्रार्थना पत्र एक दिन से अधिक मौजूद नहीं रहना चाहिए, जांच कर उसे आगे प्रेषित करने का कार्य करें जिससे हर स्तर के मामले का त्वरित निस्तारण किया जा सके। एसएसपी ने कहा कि कार्यालय पर शिकायत लेकर आने वाले शिकायतकर्ताओं के साथ उचित व्यवहार हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक नगर अभिनव त्यागी पुलिस अधीक्षक उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक दक्षिणी जितेंद्र कुमार सीओ ऑफिस दीपांशी सिंह राठौर प्रधान लिपिक सीबी सिंह वाचक नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव एसएसपी पीआरओ कुंवर अभिषेक मौजूद रहे।

# ई रिक्शा चालक ने महिला से की छेड़छाड़

## नाकाम रहने पर महिला को घसीट कर पीटा, हालत गंभीर

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के एक महिला को ई रिक्शा चालक ने गीडा सेक्टर 26 में ले जाकर उसके आंख में मिर्च का पाउडर डालकर छेड़छाड़ करने लगा था और ई रिक्शा के कूद कर इज्जत बचाने की कोशिश किया तो आरोपी और उसके दो अन्य सहयोगी महिला को घसीट कर कुछ दूर तक ले गए थे। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला जो इलाज कराने वृहस्पतिवार को गोरखपुर गई थी। शाम 7.30 बजे के करीब वह ऑटो से उतर कर गांव जाने के लिए एक ई रिक्शा पर सवार हुई। करीब पौने आठ बजे के करीब चकिया ओवरब्रिज के पास ई रिक्शा चालक पहुंचा तो उसने गीडा सेक्टर 26 की तरफ मोड दिया। महिला ने विरोध किया तो आरोपी और उसके दो अन्य सहयोगी ने मिर्च पाउडर जैसे ज्वलनशील पदार्थ आंख पर फेक कर छेड़छाड़ करना शुरू कर दिया। बचाव में महिला ई रिक्शा से कूद गई तो मनबढ़ो ने उसे घसीट कर ले जाने की कोशिश किए। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। पुलिस ने आरोपी मोनू पांडेय निवासी भैसाला के खिलाफ छेड़छाड़ मारपीट का केस दर्ज कर लिया है। इस संदर्भ में थानेदार महेश कुमार चौबे ने कहा कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़, मारपीट का केस दर्ज कर हिरासत में ले लिया गया है।

# इजहार खान के आवास पर मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड की मासिक बैठक संपन्न हुई



अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद के कस्बा शमशाबाद में मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड की मासिक बैठक आज मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष मोहम्मद इजहार खां के कस्बा शमशाबाद के मोहल्ला कोटला स्थित आवास पर, संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता स्वयं जिलाध्यक्ष इजहार खां ने की।

बैठक में आगामी पीडीए कार्यक्रम की रूपरेखा पर भी चर्चा हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य युवाओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ना और 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके लड़के-लड़कियों के वोटर पंजीकरण को अभियान रूप में चलाना रहा। साथ ही, समाजवादी पार्टी द्वारा किए गए कार्यों को जन-जन तक पहुँचाने पर ज़ोर दिया गया। उपस्थित प्रमुख पदाधिकारीगण जिला महासचिव इलियास मंसूरी, नगर अध्यक्ष अरविंद यादव, यूथ ब्रिगेड उपाध्यक्ष सोनू यादव, जिला उपाध्यक्ष पिरखर मिश्रा, जिला सचिव तारिक खां, नगर अध्यक्ष कुद्दुस खां, कोषाध्यक्ष अनुज कुमार यादव, जिला सचिव लाडले खां, सरवर अंसारी, परवेज खां, कल्लन भाई, असलम खां, शमशाद खां, फाज़िल खान, शकील खां, धनमेन्द, अनूप जाटव, जितेंद्र यादव आदि सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# दरगाह हज़रत अब्बास में जल्द शुरू होगा नये रौज़े हज़रत इमाम हुसैन की तामीर का काम



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** दरगाह हज़रत अब्बास अ.स. लखनऊ में दरगाह कमेटी के सचिव/मुतवल्ली मीसम रिज़वी ने शहर की मातमी अंजुमनों के साथ दरगाह में नया रौज़ा शबीहे हज़रत इमाम हुसैन अ.स. के नाम से तामीर होगी। जिस सिलसिले में आज मातमी अंजुमनों का एक हंगामी जलसा दरगाह में हुआ, जिसमें लखनऊ की मातमी अंजुमनों के ज़िम्मेदार अफ़राद बड़ी तादाद में मौजूद थे। नये रौज़े को बनाने के लिये दरगाह के मौजूदा मुतवल्ली मीसम रिज़वी ने मौजूद अंजुमनों में कुराअंदाज़ी के ज़रिये चौदह अंजुमनों पर मुशतमिल एक तामीरी कमेटी की तशकील की गयी। जिसकी निगरानी में यह नये रौज़े की तामीर जल्द शुरू होगी। मीसम रिज़वी ने बताया कि नये रौज़े की संगे बुनियाद की तारीख़ का एलान एक बड़े जलसे में किया जायेगा जिसमें शहर की सभी अंजुमनों को मदू किया जायेगा। कुरानदाज़ी के ज़रिये जो अंजुमनों के नुमाइन्दे हैं उनमें अंजुमन नूरे हुसैनी, ज़ीनतुल इस्लाम, तहजीबुल इस्लाम, चश्मए कौसर, रियाज़ुल मोमिनीन, नूरे ईमान, जाफ़रिया पंजेतन, इमाम मेहदी, दस्तए हुसैनी, मेराजुल मोमिनीन, हुसैनिया क़दीम, अलमदारे हुसैनी, मक़सदे हुसैनी, शाही दस्ता क़मरे बनी हाशिम के अलावा शहर की दूसरी अंजुमनों ने भी ख्वाहिश ज़ाहिर की है कि उनके नुमइन्दों को नये रौज़े की तामीर में खि़दमत का मौक़ा दिया जाये। आज के अलमती जलसे में शहर की तीस मातमी अंजुमनों के नुमाइंदों ने शिरकत की। दरगाह हज़रत अब्बास अ.स. की इंतिज़ामिया कमेटी के सचिव/मुतवल्ली मीसम रिज़वी ने आये हुए सभी लोगों का दिल की गहराईयों से शुक्रिया अदा किया। मातमी अंजुमनों की अज़ादारी और दीनी खि़दमात के लिये गुलपोशी भी की गयी। यह इत्तेला जलसे के नाज़िम अली आज़म मूसवी ने मीसम रिज़वी की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी है।

## राजघाट थाना क्षेत्र में हुई 25 लाख की घटना का पुलिस ने किया खुलासा

# लूटे गए गहनों के साथ पांच अभियुक्त गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



- क्राइम ब्रांच, स्वाट टीम और राजघाट पुलिस ने 24 के घंटे के अंदर घटना में शामिल अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**गोरखपुर।** चंद पैसों के लालच में कम उम्र के युवक लूट जैसी घटना को अंजाम देने से हिचक नहीं रहे हैं। ऐसे ही पांच अभियुक्त को क्राइम ब्रांच, स्वाट टीम और राजघाट पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है। जिन्होंने राजघाट थाना क्षेत्र के बसंतपुर के पास 25 लाख रुपए के जेवरात से भरे बैग को लूट कर फरार हो गए थे। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे सर्विसलांस और क्राइम ब्रांच के साथ राजघाट पुलिस के अथक प्रयास करने के बाद 24 घंटे के अंदर लूट की घटना का खुलासा एस पी सिटी अभिनव त्यागी ने किया।

20 से 25 साल के बीच के युवक आपराधिक घटना को अंजाम दे रहे है। यही वजह है कि पहली बार लूट की घटना में शामिल युवकों का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। लूट जैसी घटना को अंजाम देने वाले बदमाश आज सलाखों के पीछे भेजे जा रहे है। बुरे काम का अंजाम बुरा होता है। आज युवा पीढ़ी बुरे कामों को तेजी से ग्रहण कर रही है।

सिविल लाइन स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता के द्वारा पुलिस अधीक्षक नगर अभिनव त्यागी व क्षेत्राधिकारी कोतवाली ओंकार दत्त तिवारी ने राजघाट थाना क्षेत्र के बसंतपुर में हुई लूट की घटना का खुलासा किया है। घटना में शामिल पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त करन चौधरी पुत्र बबलू चौधरी सरफराज आलम पुत्र शौकत अली ,आदित्य शर्मा पुत्र अश्वनी शर्मा, अनुज शर्मा पुत्र स्वर्गीय राधे शर्मा ,रजत कुमार पुत्र अमरनाथ पांचो आरोपी कोतवाली सर्कल के रहने वाले हैं। यह की इस घटना में शामिल एक वांछित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम में दबी दे रही है। पुलिस ने बदमाशों के पास से लूटे गए 25 लाख के गहनों को भी बरामद करने में सफलता हासिल किया। खुलासा करने वालो में राजघाट थाना प्रभारी सदानंद सिन्हा, वरिष्ठ उप निरीक्षक जयप्रकाश यादव, पाण्डेयहाता चौक इंचार्ज पप्पू कुमार राय, एसओजी प्रभारी सूरज सिंह, स्वाट टीम प्रभारी मनीष यादव, उप निरीक्षक राज मंगल सिंह, उपनिरीक्षक उमाशंकर कनौजिया, उपनिरीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक विजय प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक विकास कुमार, उपनिरीक्षक वैभव विश्वकर्मा, उपनिरीक्षक मोहम्मद शादाब, हेड कांस्टेबल दुर्गेश मिश्रा, करुणापति तिवारी अरुण यादव, अशोक सरोज, हरेंद्र सिंह, प्रिंस राय, राजेंद्र कुमार, मृदुलकान्त सिंह, शिवभोला, गुलफाम, सोनू प्रसाद आदि लोग शामिल रहे है।

# कायमगंज में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना व शिव शक्ति अखाड़ा ने मनाई महाराणा प्रताप सिंह की जयंती



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के कस्बा कायमगंज मे श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना व शिव शक्ति अखाड़ा कायमगंज ने मनाई श्री महाराणा प्रताप की 485 जयंती श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना कायमगंज ब्लॉक कार्यायल पर कार्यकर्ताओं ने मनाई जयंती राणा मनमोहन सिंह राठौड़ ने कहा की हमें महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और निवेदन किया सभी लोग मंदिर में देश की रक्षा के लिए खड़े सैनिकों के लिए प्राथना करे। रामबाबू मिश्र ने कहा महाराणा प्रताप जी एक अजय योद्धा थे अपने जीवन का कोई भी योद्धा नहीं हारे। प्रधानाचार्य अहिवरन सिंह गौर ने कहा रामजी लाल सुमन जैसे लोग जब महापुरुषों का अपमान करते है तो राष्ट्रवादी लोगों का खून खौलता है हमें अपनी संस्कृति की ओर बढ़ना चाहिए और भी महाराणा प्रताप जी के जीवन के बारे में महत्पूर्ण बाते बताई। इस मौके पर आकाश कट्टर हिंदू प्रभात कश्यप सौरभ सिंह ओमवीर सिंह अवध ठाकुर सुमित कट्टर हिंदू राजीव कट्टर हिंदू चंदन सिंह शिवम हिन्दू नितेश हिन्दु विकाश लाडला सनी राव हिन्दू निकेश कट्टर हिंदू विशाल हिंदु अंकेश हिन्दू अभय हिन्दू प्रशांत हिन्दू राजा हिन्दू अमन हिन्दू भानु हिन्दू अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय टीम ने परखी जनपद में टीकाकरण की प्रगति



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** गर्भवती महिलाओं एव नवजात शिशु को विभिन्न जानलेवा बीमारियों से बचाव हेतु भारत सरकार एव राज्य सरकार के सहयोग से संचालित नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के संचालन वैक्सीन के सुरक्षित रखरखाव गुणवत्ता एंव उपलब्धता की जाँच हेतु राज्य प्रतिरक्षण डा0अजय गुप्ता राज्य अनुश्रवण एंव मूल्यांकन अधिकारी संजय कुमार गोयल ने मंडलीय जनपदों के भ्रमण एंव समीक्षा हेतु आज जनपद जालौन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कालपी में टीकाकरण ,वैक्सीन कोल्डचैन,प्रसव, ओपीडी,डेंगू हीट स्ट्रोक वार्ड का निरीक्षण करते हुए ब्यवस्थाओं का जाँचा नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र के अन्तर्गत महमूदपुरा एंव राजघाट पर आयोजित नियमित टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण किया लाभार्थियों से टीकाकरण सहित राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं प्रदान के बारे में जानकारी प्राप्त की राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी ने कोल्डचैन प्वांइट पर रखी वैक्सीन की गुणवत्ता एंव स्टाक का भौतिक गणना कर भारत सरकार के वैक्सीन पोर्टल इविन एंव स्टाक रजिस्टर से मिलान किया जो सही पाया गया टीकाकरण कक्ष में एएनएम अरूणा समान द्वारा टीकाकरण का पोर्टल यूविन पर इंट्री न किए जाने पर नाराजगी प्रकट की एंव सुधार हेतु निर्देशित किया प्रसव कक्ष में जन्म पर दिए जाने वाली सेवाओं एंव टीकों की जानकारी प्राप्त की राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी ने महेबा ब्लाक के बैरई एंव डकोर ब्लाक के राहिया स्वास्थ्य उपकेन्द्र पर टीकाकरण की स्थिति को जांचा सत्र पर एएनएम द्वारा पर्याप्त लाजिस्टिक की उपलब्धता आशा द्वारा तैयार लाभार्थियों की सूची की जानकारी प्राप्त की सांय जिला मुख्यालय स्थित कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में मीजिल्स रूबेला एलीमिनेशन, यू-विन, टी. डी स्कूल टीकाकरण कैम्पैन कार्यक्रम ,नियमित टीकाकरण, वीपीडी सर्विलेंश सहित अन्य कार्यक्रमों एंव विषयों पर बिंदुवार विस्तृत समीक्षा की गयी।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई–टेंडरिंग निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई–टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नामः** औंड़िहार–जौनपुर अनुभाग के मध्य समपार संख्या 24सी कि०मी० 38/3–4 तथा समपार संख्या 40सी कि०मी० 55/4–5 पर लिमिटेड हाईट सब–वे का प्रावधान (कुल 2 नं०); **ई–निविदा सूचना सं.:** एनईआर–बीएसबी–2025–20; **अनुमानित लागत(₹):** ₹12,73,88,341/-; **बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹):** ₹7,87,000/-; **निविदा बंद होने की तिथिः** 30.05.2025; **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/ अवधि की तिथिः** 12 माह; • निविदा सूचना संख्या एनईआर–बीएसबी–2025–20 दिनांक 30.05.2025 को 14:30 बजे तक ऑनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०)
मुजाधि/डब्ल्यू–54 वाराणसी
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी को मिली फोन पर जान से मारने की धमकी

**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के ओडवलिया निवासी पूर्व जिला पंचायत प्रत्याशी को पड़ोस गांव का एक युवक फोन पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने आरोपी युवक के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के ओडवालिया निवासी राजेश कुमार निषाद पुत्र रामजतन निषाद जो वार्ड 22 से दो बार जिला पंचायत का चुनाव लड़ चुका है। तीसरी बार वह चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है। पड़ोस गांव का एक मनबढ़ भी जिला पंचायत का चुनाव लड़ने के तैयारी कर रहा है। मनबढ़ द्वारा पूर्व प्रत्याशी को चुनाव से हट जाने के लिए बार बार धमका रहा था। बुधवार और वृहस्पतिवार को दो मोबाइल नंबरों ने फोन कर चुनाव से हटाने तथा गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहा है।

# ऑपरेशन जागृति 4.0 : महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा के बारे में जानकारी देकर किया गया जागरूक



अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** ऑपरेशन जागृति अभियान के क्रम में थाना प्रभारियों, महिला पुलिसकार्मिकों द्वारा महिला एवं बालिकाओं को ऑपरेशन जागृति-4 के उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है और अभियान का जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई।

अनुपम कुलश्रेष्ठ अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा जोन स्तर पर महिलाओं / बालिकाओं की सुरक्षा / सशक्तिकरण / संवाद / परामर्श एवं विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु जोन स्तर पर ऑपरेशन जागृति अभियान की शुरूआत की गयी थी। ऑपरेशन जागृति-4 के 06 मुख्य उद्देश्य इस प्रकार है- महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध की रोकथाम, उनकी सुरक्षा, समानता व अधिकार पर चर्चा महिलाओं को मोहरा बनाकर झूठे केस दायर करना किशोरावस्था में प्रेम प्रसंगों के कारण घर से पलायन साइबर हिंसा व सुरक्षा नशे के दुष्परिणामों से बचाव पारिवारिक विघटन के मामलों पर चर्चा प्रशिक्षित बीट पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी/ बीट इंचार्ज द्वारा अपने अपने क्षेत्रों के ग्राम पंचायत स्तर पर गाँवों मौहल्ले में महिलाओं एवं किशोरियों के साथ समन्वय करते हुए विभिन्न कार्यक्रम, नुक्कड़ सभा आयोजित कर जागृति के उद्देश्यों के प्रति जागरुक किया जा रहा है । बीट पुलिस अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत व विद्यालयों में भ्रमण कर छात्राओं को जागरुक किया जा रहा है।

# पाकिस्तान ने गलत समय पर गलत निर्णय लेकर एक बड़ी भूल की है

## वसीम राईन ने हमले की कड़ी निंदा की

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** आल इंडिया पसमान्दा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा भारत के खिलाफ हाल ही में उठाए गए उकसावेपूर्ण कदम न केवल निंदनीय हैं, बल्कि यह उसकी रणनीतिक नासमझी को भी दर्शाते हैं। ऐसे समय में जब वैश्विक परिस्थितियाँ स्थिरता और संवाद की मांग कर रही हैं, पाकिस्तान ने गलत समय पर गलत निर्णय लेकर एक बड़ी भूल की है। भारत एक शांतिप्रिय देश है, लेकिन जब उसकी संप्रभुता और सुरक्षा को चुनौती दी जाती है, तो वह मुंहतोड़ जवाब देना भी जानता है।

वसीम राईन ने केन्द्र सरकार और विशेष रूप से भारतीय सेना की सराहना की, जिन्होंने पूरे संयम और मजबूती के साथ इस चुनौती का सामना किया है। हमारे जवानों का साहस, समर्पण और कुशल रणनीति इस देश की सबसे बड़ी ताकत है। सरकार द्वारा लिया गया हर कदम राष्ट्र की सुरक्षा और सम्मान की रक्षा के लिए उचित और आवश्यक है।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने मुस्लिम समाज विशेषकर पसमान्दा समाज से भी अपील की कि वह देश की एकता और अखंडता के साथ खड़े रहें और राष्ट्र के खिलाफ किसी भी प्रकार की साजिश को नाकाम करें। आज का भारत नया भारत है यह न सिर्फ सीमाओं की रक्षा करना जानता है, बल्कि अपने दुश्मनों को उनकी हर साजिश का करारा जवाब भी देना जानता है।

# शादी में फोटोग्राफर और उसके सहयोगियों द्वारा मारपीट करने वालो पर केस दर्ज

**गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के भरसाड टोला तेलियाडीह में 25 अप्रैल को एक शादी समारोह में फोटोग्राफर और उसके सहयोगियों द्वारा मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ सीओ गीडा के आदेश पर केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से थाना के भरसाड टोला तेलियाडीह निवासी रामनवमी, रामदरश, राहुल, किशन गांव के एक व्यक्ति के लड़की की शादी में शामिल होने के गए थे। शादी 25 अप्रैल को थी। जिसमें फोटो खींचने के लिए एक फोटोग्राफर आया हुआ था। उससे फोटो खींचने के लिए कहा। तो वह वाद विवाद करते हुए गाली गलौज करने के साथ मारपीट पर उतारू हो गया था। उसके साथ कुछ अन्य सहयोगी भी मारपीट में शामिल हो गए थे। पीड़ितों द्वारा थाने में तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने कोई कारवाई नहीं किया था। पीड़ितों ने सीओ गीडा से मिलकर कर न्याय की गुहार लगाया। आदेश पर पुलिस ने वीरेंद्र, धर्मेंद्र, सुरेंद्र, जितेंद्र, संदीप, मंदीप के खिलाफ बलवा,गाली गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी सड़ने का केस दर्ज कर लिया हैं।

# धर्म समाज कॉलेज अलीगढ़ में बौद्ध पथ प्रदीप विषयक द्वितीय दिवस कार्यशाला का सफल आयोजन



**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** धर्म समाज कॉलेज अलीगढ़ में एक महत्वपूर्ण शैक्षिक-सांस्कृतिक आयोजन के अंतर्गत ÷बौद्ध पथ प्रदीप÷ शीर्षक से द्वितीय दिन कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, लखनऊ (संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार) , संस्कार भारती महानगर अलीगढ़ एवं धर्म समाज कॉलेज अलीगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसका उद्देश्य बौद्ध धर्म की शिक्षाओं और उनके समकालीन संदर्भों पर विचार-विमर्श करना था। कार्यशाला की अध्यक्षता कॉलेज की वरिष्ठ शिक्षाविद् प्रोफेसर सुनीता गुप्ता ने की, जिन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में बौद्ध दर्शन की वर्तमान युग में प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए कहा कि, आज के अशांत और भौतिकतावादी युग में बौद्ध धर्म के सिद्धांत–करुणा, मैत्री, अहिंसा और मध्यम मार्ग–समाज को मानसिक शांति और नैतिक दिशा प्रदान करने में सक्षम हैं।÷ उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि युवा वर्ग में बौद्ध दर्शन के प्रति रुचि जाग्रत करना समय की मांग है। कार्यशाला के मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित डॉ. सुरेंद्र पाल सिंह (वरिष्ठ अध्येता, बौद्ध अध्ययन बी. एड. विभाग) ने ÷बौद्ध धर्म की शिक्षाएं÷ विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने वक्तव्य में बुद्ध के जीवन, चार आर्य सत्यों, अष्टांगिक मार्ग, प्रतीत्यसमुत्पाद तथा पंचशील सिद्धांतों की व्याख्या करते हुए बताया कि बौद्ध धर्म केवल एक धार्मिक व्यवस्था नहीं, बल्कि एक व्यावहारिक जीवन पद्धति है।

# जिम्मेदारों के सह पर कंपोजिट दुकान बना अवैध मॉडल शॉप

अवधनामा ब्यूरो



कंपोजिट दुकान पर खुलेआम शराब पीते लोग

- कम्पोजिट दुकानों पर बैठाकर पिलाने के एवज में आबकारी विभाग वसूलता है मोटी रकम

**कुशीनगर।** जिला आबकारी अधिकारी व आबकारी निरीक्षक के सह पर पडरौना नगर सहित जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित अधिकांशतः कंपोजिट दूकानों पर आबकारी नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। नतीजतन जिम्मेदारों के संरक्षण में तमाम कम्पोजिट दुकानों को अवैध तरीके से मॉडल शॉप÷ बनाकर चिखना के साथ शराब परोसी जा रही। एक बानगी के तौर पर खिरकिया स्थित कम्पोजिट (अंग्रेजी व बीयर) शॉप को अवैध मॉडल शॉप के रुप में कभी भी देखा जा सकता है।

बेशक ! पडरौना नगर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अंग्रेजी व बीयर की एक साथ संचालित कम्पोजिट दुकानों में अनुज्ञापियों द्वारा खुलेआम आबकारी नियमों को रौंदा जा रहा है। कहना ना होगा कि कम्पोजिट दुकानों पर मॉडल शॉप की तरह बकायदे टेबल-कुर्सी लगाकर ग्राहकों को वहा बैठाकर चिखना और शराब परोसी जा रही है जो नियम विरुद्ध है। सूत्रो का कहना है कि नियम विरुद्ध यह कृत्य जिला आबकारी अधिकारी व आबकारी निरीक्षक के संरक्षण मे फलफूल रहा है और इसके बदले मे अनुज्ञापियों द्वारा इन साहबों को मोटी रकम दी जाती है। यहां बताना जरूरी है कि किसी भी कम्पोजिट दुकानों पर ग्राहकों को बैठाकर दारू पिलाने का न तो कोई नियम व गाइडलाइन है और न ही कोई व्यवस्था। यहां किसी भी सूरत में बैठकर कोई शराब नही पी सकता है। ग्राहकों को बैठकर पीने की व्यवस्था सिर्फ माडल शॉप मे दी गई है। बावजूद इसके खिरकिया, मिश्रौली, रवीन्द्रनगर, बावली चौक आदि कम्पोजिट दुकानों पर दिनभर बैठकर पीने वाले लोगो का जमावड़ा लगा रहता है जिसके वजह से कम्पोजिट दुकानों के ईर्द-गिर्द का माहौल हमेशा संवेदनशील बना रहता है। कम्पोजिट दुकानों के अगल-बगल के दुकानदारों का कहना है कि दुकानों पर बैठकर खुलेआम शराब पीने के कारण नगर का वातावरण दूषित हो रहा है। इस पर तत्काल रोक लगनी चाहिए।

> इस संबंध में जब जिला आबकारी अधिकारी सुभाष चंद्र से बातचीत की गई तो उन्होने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कम्पोजिट दुकानों पर बैठाकर शराब पिलाने का कोई नियम नही है अगर कोई अनुज्ञापी ऐसा करता है तो वह नियम विरुद्ध है उसके खिलाफ जांच कर कार्रवाई की जायेगी। उन्होने कहा कि बैठाकर अंग्रेजी शराब व बीयर पिलाने का नियम मॉडल शॉप में है।

**कम्पोजिट दुकान संचालित करने का नियम**– बता दें कि सरकार की नई आबकारी नीति के तहत कंपोजिट दुकानें बनाई गई हैं जहां अंग्रेजी शराब, बीयर और वाइन की बिक्री कम्पोजिट दुकानों करने की व्यवस्था की गई है। मतलब यह कि इन दुकानों पर शराब बेचने की अनुमति है, लेकिन पीने की अनुमति नहीं है। जानकारों का कहना है कि उत्तर प्रदेश में कंपोजिट दुकानों का उद्देश्य शराब की बिक्री को एक ही जगह पर केंद्रित करना है, न कि शराब पीने की सुविधा प्रदान करना। कंपोजिट दुकानों का खुलने का समय सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक है।

# जलभराव की समस्या को लेकर नगर आयुक्त से मिले सपा महानगर अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सरदार भगत सिंह वार्ड स्थित बुचनिगंज मोहल्ले में जलभराव और कौशलपुरी फेस-2 में गंदे पानी की गंभीर समस्या को लेकर समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव एवं सांसद प्रतिनिधि/नगर निगम महासचिव हामिद जाफर मीसम ने नगर आयुक्त से मुलाकात की और जनता की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया।बैठक के दौरान सपा नेताओं ने बताया कि बुचनिगंज में जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण बरसात या सीवर ओवरफ्लो की स्थिति में मोहल्ला जलमग्न हो जाता है, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कौशलपुरी फेस-2 की स्थिति भी कुछ ऐसी ही है, जहां गंदा पानी जमा हो रहा है और लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा, "नगर निगम की स्थिति दयनीय है। कई क्षेत्रों में जलभराव और गंदगी की गंभीर समस्या है। हमने नगर आयुक्त से मांग की है कि इन क्षेत्रों में शीघ्र सड़क और नाली निर्माण कराया जाए।" सांसद प्रतिनिधि हामिद जाफर मीसम ने बताया कि नगर आयुक्त ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है और जल्द कार्य प्रारंभ होने की उम्मीद है। इससे पहले पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय 'पवन' ने भी बुचनिगंज मोहल्ले की समस्या को लेकर?? जाकर लाइव वीडियो के माध्यम से मुद्दा उठाया था।इस अवसर पर सपा के महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया कि स्थानीय पार्षदों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ समस्या को नगर निगम के समक्ष जोरदार ढंग से रखा गया। मौके पर पार्षद विशाल पाल, राम भवन यादव, शंकरजीत यादव, तौसीफ खान सरकार सहित कई अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अयोध्या में संत रविदास मंदिर के सत्संग भवन का सीएम योगी करेंगे उद्घाटन



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को अयोध्या दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह सवा करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित संत रविदास सत्संग भवन का उद्घाटन करेंगे। अयोध्या धाम के हनुमानकुंड स्थित संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर परिसर में बना यह भवन पर्यटन विभाग के सहयोग से यूपीपीसीएल द्वारा निर्मित किया गया है। इस आधुनिक सत्संग भवन में 400 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है, जो श्रद्धालुओं को सत्संग और धार्मिक आयोजनों के लिए एक सुविधाजनक स्थान प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री दोपहर दो बजे तक अयोध्या के राम कथा पार्क हेलीपैड पर पहुंचेंगे। सबसे पहले वह हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन करेंगे और इसके बाद श्री रामलला के दर्शन के लिए राम जन्मभूमि मंदिर जाएंगे। इसके पश्चात वह संत रविदास मंदिर पहुंचकर गुरु रविदास जी की पूजा-अर्चना करेंगे। इस दौरान वह गुरु रविदास और डॉ. बी.आर. अंबेडकर की मूर्तियों पर माल्यार्पण करेंगे। उद्घाटन समारोह के बाद मुख्यमंत्री मंच से भक्तों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के समापन पर सभी के लिए प्रसाद की व्यवस्था भी की गई है। मंदिर के महंत बनवारी पति उर्फ ब्रह्मचारी ने बताया कि यह भवन गुरु रविदास के अनुयायियों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।अयोध्या को वैश्विक धार्मिक और पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए योगी सरकार द्वारा कई परियोजनाएं चल रही हैं।

## पुलिस ने तीन शातिर चोरों को किया गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

*अवधनामा संवाददाता*



**बाराबंकी।** शहर कोतवाली क्षेत्र में दो अलग अलग स्थानों से पुलिस ने तीन शातिर चोरों को किया गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद किया। पहली घटना सतरिख ओवरब्रिज के पास से पुलिस प्रभारी निरक्षक रामकिशन राना, उ0नि0 रवीन्द्र कुमार सिंह व कॉन्स्टेबल धीरज, अभिषेक सिंह, फईम ने एक अभियुक्त देवेश कुमार पुत्र शिवनन्दन निवासी झोपड़पट्टी लखपेड़ाबाग को गिरफ्तार कर लिया। जबकि एक अभियुक्त शीतल उर्फ बज्जात भागने में सफल रहा। पुलिस ने उसके कब्जे से भारी मात्रा में चोरी का सामान इन्वर्टर बैट्री गैस जनरेटर व गैस सिलेंडर बरामद किया है। पुलिस पूछताछ पर गिरफ्तार अभियुक्त देवेश कुमार ने बताया कि अपने अन्य साथी के साथ मिलकर दिनांक करीब 1-2 माह पूर्व थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत हिन्द नगर नई पुलिया से इन्वर्टर बैट्री, गैस सिलेन्डर व आनन्द विहार कालोनी लखपेड़ाबाग से जनरेटर चोरी किया था। फरार चल रहे वांछित अभियुक्त शीतल बज्जात की गिरफ्तारी के लिये दबिश दे रही है। दूसरी घटना ग्राम शुक्लाई गाँव के पास से कोतवाली नगर उ0नि0 विनय कुमार, गौरव सिंह व हेड कॉन्स्टेबल, बुद्धीलाल, विनय कुमार, रवीन्द्र कुमार ने दो शातिर चोर दीपू वर्मा पुत्र नन्हे वर्मा निवासी ग्राम नारे का पुरवा कोतवाली नगर और अतुल श्रीवास्तव पुत्र रामचन्दर निवासी अयाध्या कोतवाली नगर को धर दबोचा। पुलिस ने इनके पास से 4 जोड़ी पायल, 2 अदद सिक्के 1 जोड़ी बिछिया (सफेद धातु) के अलावा 2660 रुपये नगदी बरामद किया। गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा दिनांक 10.03.2025 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत डिवाइन ग्रीन सिटी मकदूरपुर के पास से उपरोक्त आभूषण चोरी किया गये थे। पुलिस ने सभी अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।

## नगर आयुक्त व सीडीओ की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आईजीआरएस प्रकरणों के संबंध में समीक्षा बैठक




**आगरा।** नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल व मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास भवन सभागार में आईजीआरएस प्रकरणों के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश दिये गए हैं कि अधिकारियों के फोन में जनसुनवाई ऐप इंस्टाल होना चाहिए और साइट को नियमित खोलकर प्रकरणों को स्वयं देखें।विभागाध्यक्ष प्राप्त प्रकरणों में से कम से कम 10 प्रकरण स्वयं निस्तारण करें। सभी अधिकारी जिम्मेदारी के साथ स्वयं अपनी देख-रेख में फीडिंग का कार्य करायें। वही मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह ने निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता से कॉल करने, कॉलिंग टाइम को भी आख्या रिपोर्ट में लिखने, स्थलीय निरीक्षण कर ही निस्तारण करने, असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त होने पर एक बार निस्तारण आख्या जरूर देखें। उन्होंने चेतावनी देते हुये ससमय गुणवत्तापूर्ण सभी आवेदन निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रोटोकॉल प्रशांत तिवारी ने बताया कि आईजीआरएस संदर्भों के गुणात्मक निस्तारण के लिये प्रतिदिन एप या बेवसाइट पर लॉगिन किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि आईजीआरएस के अन्तर्गत प्राप्त होने वाले संदर्भ को समयबद्धता के साथ निस्तारित करें, तथा स्थलीय निरीक्षण के फोटोग्राफ भी अपलोड करें जिससे कोई भी प्रकरण डिफाल्टर की श्रेणी में न रहें तथा सही फीडबैक प्राप्त हो।

# जो खुदा के बनाये हादी को नहीं मानता वो शैतान कहलाता है : मौ. हिलाल अब्बास



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जश्न ए विलादत ए इमाम रज़ा में सजी महफ़िल शोअरा ने बरसाये अक़ीदत के फूल। मौलाना हिलाल अब्बास ने किया सम्बोधित। हादी बनाने और उसकी हिफाज़त करने की ज़िम्मेदारी परवरदिगार की है। जो ख़ुदा के बनाये हादी को नहीं मानता गुमरही का शिकार हो जाता है यह बात करबला सिविल लाइन में फ़िदा हुसैन रिज़वी द्वारा आयोजित महफ़िल को सम्बोधित करते हुए मौ. हिलाल अब्बास साहब ने कही। मौलाना ने इमाम रज़ा अ. के कई मोजिज़ो के बारे में जानकारी दी मुल्क में अमन व शान्ति के लिये दुआएं की। महफिल का आरम्भ तिलावते कलामे इलाही से हसनैन आब्दी गुड्डू भाई ने किया। डा. रज़ा मौरानवी ने नज़रानये अक़ीदत पेश करते हुए पढ़ा तुम शाहे अजम भी हो तुम्ही शाहे अरब भी मर्ज़ी जो तुम्हारी है, वही मर्जीये रब भी। मौलाना इब्ने अब्बास ने पढ़ा पुर कैफ हैं हवाएं चमन पुर बहार है, काज़िम का फूल आया ये हर सूँ पुकार है। कशिश सन्डीलवी ने पढ़ा पाए दरे रज़ा से शरफ इब्तेदा के बाद, ज़र्रा भी आफ़ताब हुआ करबला के बाद। आरिज़ जरगावी ने पढ़ा जहाँ कहीं भी जिहालत की तीरगी देखी, वहीं उलूम ए रज़ा तेरी रौशनी देखी। जिना जफरा बादी ने पढ़ा या नबी राहे जिना इस लिये ईरान में है, आपके जिस्म का टुकड़ा जो खुरासान में है। हाजी सरवर अली क़र्बलाई ने पढ़ा सींचा है लहू देकर सरवर ने बहत्तर का ,इस्लाम वो पौधा है काटो तो हरा होगा। डा मुहिब रिज़वी ने पढ़ा ये उसकी सना का अजब मोजिज़ा है, जो लफ्ज़ो के जिस्मो को चेहरा मिला है। रज़ा मेंहदी ने भी नज़रानये अक़ीदत पेश किया। संचालन कशिश सन्डीलवी ने किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजक फ़िदा हुसैन रिज़वी ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

# डीएम ने जेब्रा पार्क का किया निरीक्षण, नया झंडा लगवाने के दिये निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** शुक्रवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने नवाबगंज एसडीएम आनन्द कुमार तिवारी और नगर पालिका अधिशासी अधिकारी संजय शुक्ला के साथ शहर के पल्हरी चौराहा स्थित जेब्रा पार्क का निरीक्षण किया। उन्होंने पार्क में नया झंडा लगवाने के लिये सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावा तालाब के किनारे बनी रोड के नीचे की कई स्थानों पर मिट्टी धस गयी है जिसकी पटाई कराकर रोड को ठीक करवाने के निर्देश ईओ नगर पालिका को प्रदान किए। इसके अलावा उपलब्ध सुविधाओं, जैसे कि खेल के मैदान, पैदल चलने की जगह, और अन्य सुविधाओं की देखा। जिलाधिकारी ने पार्क में आवश्यक सुधारों और रखरखाव के विषय में निर्देश दिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पार्क सभी के लिए सुरक्षित और आकर्षक हो। जिलाधिकारी ने पार्क के रख-रखाव में जनता की सहभागिता पर भी जोर दिया, ताकि पार्क को स्वच्छ और सुंदर रखा जा सके। उन्होंने पार्क की साफ-सफाई कराने के साथ ही बंद पड़े फौव्वारों को ठीक कराकर चालू कराने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए।

### धनोखर तालाब में जल निकासी की व्यवस्था के दिये निर्देश

जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ धनोखर तालाब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नाले के खुले गटर को बंद करने के निर्देश दिए। तालाब में पानी भरने व निकासी के लिये लिए व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बंद पड़े फव्वारे को चालू कराने के निर्देश दिए, जिससे वाटर एरेक्शन होता रहे। ईओ नगर पालिका को तालाब की समुचित साफ-सफाई के निर्देश दिये। इसके अलावा एसडीएम नवाबगंज को निर्देश देते हुए कहा कि आस-पास चल रहे निर्माण कार्य की जांच करा लें जिससे यह सुनिश्चित हो जाये कि तालाब की भूमि पर किसी प्रकार का कोई अतिक्रमण तो नहीं हो रहा है।

## आज होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, अधिक से अधिक वादों एवं मामलों का होगा निस्तारण



**आगरा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश संजय कुमार मलिक के मार्गदर्शन में जनपद में शनिवार यानी आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डा0 दिव्यानंद द्विवेदी के द्वारा यह बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय कुमार मलिक द्वारा प्रातः 10:30 बजे दीवानी न्यायालय परिसर आगरा के गेट संख्या एक के समीप स्थित पार्किंग स्थल में किया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में, समस्त बैंक, फाइनेंस कंपनी, मोटर वाहनों के चालान एवं जनपद आगरा की समस्त न्यायालयों में, एमएसीटी कोर्ट, वर्चुअल कोर्ट, लारा कोर्ट वाणिज्य न्यायालय, उपभोक्ता फोरम एवं समस्त बीडीओ कार्यालय, तहसील अपर पुलिस आयुक्त कार्यालय सभी स्थानों में राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों एवं मामलों के निस्तारण के लिए सभी कार्यालय खुले रहेंगे, वादकारी अपने वादो का निस्तारण संबंधित विभाग के कार्यालय में उपस्थित होकर करा सकता है। इसके अतिरिक्त डॉ दिव्यानंद द्विवेदी, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगरा के द्वारा आगरा प्रशासन से यह अपील की गई है कि वादकारियो को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक लाभ दिए जाने का प्रयास करें।

### 1 अगस्त से प्रशिक्षणदायी संस्थाओं द्वारा चयनित प्रशिक्षणार्थियों का ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण होगा प्रारम्भ

**आगरा।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विजय लक्ष्मी मौर्या ने अवगत कराया है कि शासन द्वारा पिछड़े वर्ग के शिक्षित इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण बेरोजगार युवक/युवतियों हेतु संचालित ओ लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रशिक्षण प्रदान कराये जाने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम की समय सारिणी निर्गत की गयी है। उन्होने बताया है कि दिनांक 13-05-2025 से 27-05-2025 तक नीलिट से ओ लेवल कम्प्यूटर प्रशिक्षण एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु मान्यता प्राप्त संस्थाओं (आवेदन की अंतिम तिथि तक संस्था की मान्यता वैलिड हो) द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विभागीय वेबसाइट https://backwardwelfareup.gov.in °ß´ https://obccomputertraining.upsdc.gov.in पर दिये गये लिंक पर ऑनलाइन आवेदन किया जाना एवं मान्यता से सम्बन्धित अभिलेखों व आधारभूत ढाँचे तथा दिये गये प्रारूप पर नोटरी शपथ-पत्र का विवरण अपलोड करने के साथ हार्ड कॉपी संबंधित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में जमा कराया जा सकता है। उन्होने यह भी बताया है कि दिनांक 30-05-2025 तक संस्था द्वारा भरे गये ऑन लाइन आवेदन में अंकित सूचनाओं का जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी द्वारा अभिलेखीय/भौतिक सत्यापन किया जाना तथा सत्यापन रिपोर्ट ऑनलाइन अपलोड करते हुये आवेदन को अपने अभिमत सहित डिजिटल हस्ताक्षर से सत्यापित किया जायेगा।

# मेधावी छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** विराटिया इन्टर कॉलेज सिसवा अमहवा में शुक्रवार को मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया द्य विद्यालय की ओर से यूपी बोर्ड परीक्षा में प्रथम 10 बच्चों को अधिक नम्बर पाने पर कालेज के प्रबंधक डॉ राकेश कुमार रैना ने साइकिल और नगद रूपए देकर सम्मानित किया। समारोह में हाईस्कूल की परीक्षा 2025 में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सर्वेश यादव को एक साइकिल और एक हजार रूपए नगद, दूसरा पुरस्कार आदित्य निषाद को 2500 रूपए, तीसरा पुरस्कार रूबी यादव को 1500, रूपए नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा चौथा पुरस्कार रोशनी यादव को 1000, और रूबी सिंह को 500, रूपए देकर सम्मानित किया। इसी प्रकार देवेन्द्र सिंह, अमरसेन यादव, प्रियंका, अंशिका राय,इततेशाम खां, और सविता यादव को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मनोज सिंह ने सभी बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया।

### पाकिस्तान आतंकवाद के सहारे बे गुनाहों का खून बहता है: पूर्व सैनिक राकेश

**बाराबंकी।** छाया चौराहे पर राष्ट्रीय जागरण मंच के तत्वाधान में व राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव के संयोजन में पाकिस्तान को छठी का दूध याद दिलाने वाली भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से पूर्व सैनिक राकेश श्रीवास्तव को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। भारत माता की जय, भारतीय सेना जिंदाबाद तथा नरेंद्र मोदी तुम संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ हैं का उद्घोष कर तिरंगा मार्च निकाला गया।मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि पाकिस्तान का इतिहास रहा है धार्मिक उन्माद के आधार पर भारत पर आतंकवाद की चोट करते रहना, परन्तु अब बहुत हुआ लातों के भूत बातों से नहीं मानते वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। अब भारत का प्रत्येक नागरिक नासूर बन चुके पाकिस्तान का सर्वनाश तथा पाकिस्तान को टुकड़ों में बंटते देखना चाहता है। अब एकमात्र यही उपाय बचा है।

# पत्नी और नौ वर्षीय बच्ची की हत्या कर फरार आरोपी मुठभेड़ के बाद पुलिस गिरफ्त में



**आगरा।** जगदीशपुरा थाना पुलिस ने गुरुवार देर रात गर्भवती पत्नी और बेटी की हत्या कर फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी एक माह पहले मां और बेटी की हत्या करके फरार हो गया था आरोपी ने पांच माह पहले ही तीसरा निकाह किया था। पत्नी चार माह की गर्भवती थी, मगर मोबाइल पर बातें करने की वजह से पत्नी के चरित्र पर संदेश था। जिससे आए दिन घर में विवाद होता था। पत्नी की अवैध संबंध के चलते डंडे से पीट कर हत्या कर दी थी और बेटी के चीखने पर उसका ब्लेड से गला रेत दिया था। मां और बेटी की हत्या करने के बाद आरोपी छत्तीसगढ़ भाग गया था। एसीपी लोहामंडी मयंक तिवारी ने बताया कि 9 अप्रैल 2025 को शबीना पत्नी अब्दुल रशीद (35) और उसकी बेटी इनाया के शव घर के एक कमरे में मिले थे। जब शवों से दुर्गंध आने लगी तो पड़ोसियों को पता चला था जिस पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मां और बेटी क शव का पोस्टमार्टम कराया। साथ ही फरार आरोपी अब्दुल रशीद के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उसकी तलाश शुरू की। वही गुरुवार रात बिचपुरी-पथौली मार्ग पर पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। तभी एक व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया तो उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जिस पर पुलिस ने मोर्चा संभाला और बचाव में जवाबी कार्रवाई की।जिससे फायरिंग करने वाले के बाएं पैर में गोली लगी घायल होने पर आरोपी को घेराबंदी करके गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अब्दुल रशीद बताया। जिस पर घायल होने पर उसे हॉस्पिटल में भर्ती कराकर उपचार शुरू कराया। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त अब्दुल रशीद ने बताया कि मां और बेटी की हत्या करके छत्तीसगढ़ भाग गया था। वहां मजदूरी करता था। अभी वहां काम मिलना बंद हुआ तो खाने को कुछ नहीं बचा जिस पर वापस आगरा आ गया। पत्नी शबीना अक्सर फोन पर बात करती थी खाना भी नहीं बनाती थी। जिससे मुझे उस पर शक था मुझे लगता था कि पत्नी शबीना के किसी और व्यक्ति से संबंध हैं। 5 अप्रैल को शबीना से मोबाइल पर बात करने और शक के चलते झगड़ा हुआ था।

मैंने गुस्से में उसकी डंडे से पिटाई की उसके सिर पर डंडे से कई प्रहार किए। शबीना की आवाज सुनकर पहले पति से पैदा हुई बेटी इनाया चीखी तो उसे भी मारा दिया। मैंने घर में रखे ब्लेड से इनाया का गला रेत दिया। दोनों की हत्या करके कमरे में दोनों के शव बंद करके मकान का ताला लगाकर भाग गया था।

# युवा उद्यमी के आवेदन बढ़ाने के लिए डीएम ने दिया निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय में सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान की संबंधित अधिकारियों के साथ ऑनलाइन समीक्षा बैठक की गई। जिसमें सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत अबतक हुए आवेदनों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी खंड विकास अधिकारियों और अधिशासी अधिकारियों को अधिक से अधिक संख्या में आवेदन करवाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी श्री झा ने 5000 आवेदन का लक्ष्य निर्धारित करते हुए निर्देशित किया कि सभी निकाय कार्यालयों और खंड विकास अधिकारी कार्यालयों में 14 से लेकर 16 मई तक विशेष कैंप का आयोजन कर अधिक से अधिक आवेदन को सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने प्राप्त आवेदनों में विभिन्न बैंकों से समन्वय करते हुए लोन वितरण को सुनिश्चित कराने हेतु उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान उत्तर प्रदेश सरकार की बेहद महत्वाकांक्षी योजना है और योजना का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

# स्कूली वाहनों की जांच कर 10 हजार का जुर्माना

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा के निर्देशन में नगर क्षेत्र महराजगंज में यातायात पुलिस द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक व प्रभारी यातायात टीम एपी सिंह के नेतृत्व में यह अभियान खासतौर पर स्कूल कॉलेज छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संचालित हुआ। अभियान के दौरान स्कूली वाहनों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, गैस किट की सुरक्षा जांच, फर्स्ट एड बॉक्स की उपलब्धता और निर्धारित गति सीमा का पालन सुनिश्चित कराने के लिए निर्देश दिए गए। स्कूल बसों के फिटनेस, बीमा, ड्राइवर के लाइसेंस आदि दस्तावेजों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की गई। कुल 5 वाहनों का चालान करते हुए 10,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया।




यातायात पुलिस ने जनता से अपील की कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता दें। यह अभियान भविष्य में भी नियमित रूप से जारी रहेगा ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया जा सके। यातायात प्रभारी ने बताया प्रदेश के कई जगहों पर सुना गया तथा वीडियो के माध्यम से देखा गया कि स्कूल बसों के ड्रावर व कन्डेक्टर द्वारा बच्चो के साथ अभद्रता की जाती है जिसकी सुरक्षा के लिए बसों में सीसीटीवी कैमरा होना आवश्यक नजर आता जिसकी निगरानी के लिए कालेजो में एक मॉनिटर होना भी आवश्यक है ताकि बसों में क्या हो रहा उसकी निगरानी होती रहे मैं सभी स्कूलों कालेजो के व्यवस्थापको से अनुरोध करना चाहूंगा कि बच्चों की सुरक्षा के लिए ओ बसों में सीसीटीवी कैमरा जरूर लगावे।

### दहेज लोभियों ने विवाहिता को मारा घर से भागाया, मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी।** दहेज के लोभियों की मांग पूरी न होने? पर महिला को मारपीट कर घर से भगाया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। नीतू पुत्री सुनव्वर पत्नी सोनू निवासी ग्राम टेरा थाना जैदपुर ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुये बताया कि उसकी शादी लगभग 6 माह पूर्व में सोनू पुत्र प्रेम निवासी संतोषी माता मन्दिर के पास पीट बटावन थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी के साथ हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार हुयी थी। शादी में प्रार्थिनी के माता पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था। शादी के कुछ दिन बाद से ही प्रार्थिनी के पति सोनू ससुर प्रेम पुत्र शकूर देवर मोनू तथा ननद पिंकी दहेज में चार पहिया गाडी की मांग को लेकर मारते पीटते व प्रताडित करते थे।

# प्रत्येक भारत वासी के लिए देशहित सर्वोपरिः कर्नल मानसिंह



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** परमहंस पाल पीजी कॉलेज, गुरली में चल रहे 10 दिवसीय चल रहे एनसीसी संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के नौवे दिन शुक्रवार कैम्प में समापन से पहले कैम्प कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक मानसिंह और डेपुटी कैम्प कमांडेंट मिथुन मिश्रा ने कैडेटों को सम्बोधित किया। अपने समापन भाषण में कैडेटों से कैम्प के दौरान प्राप्त प्रशिक्षण के बारे मे सुझाव पूछा और देशहित को सर्वोपरि होना चाहिए बताया। लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक मानसिंह और लेफ्टिनेंट कर्नल मिथुन मिश्रा ने विजेता कैडेटों को पुरस्कृत किया । साथ ही साथ बेस्ट कैडेट् गर्ल्स लक्ष्मी सिंह, बेस्ट कैडेट बॉयज़ शुभम गुप्ता, ओवरऑल बेस्ट कैडेट् लक्ष्मी तथा कुल 09 विद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले भुवनेश्वरी इंटर कॉलेज पिपराइच गोरखपुर और ओवरऑल चैंपियंस रहने वाली अल्फा कंपनी को मेडल एवम ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया । संस्कृतिक संध्या में सभी चयनित विद्यालयों द्वारा मनमोहक और जोश भरी प्रस्तुति दी गई। जिसका भरपूर लुफ्त कैम्प कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक मानसिंह,डेपुटी कैम्प कमांडेंट मिथुन मिश्रा, परमहंस पाल पी जी कॉलेज के प्रबंधक चन्द्रशेखर पाल एवम सभी कैडेट्स ने लिया।

# शोहरतगढ़ के ग्राम पंचायत कौवा में सचिव राम सिंह ने लगाई चौपाल, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

## गाँव में पेंशन, आवास, सार्वजनिक नाली एवं रोड निर्माण का उठा मुद्दा

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** जनपद के शोहरतगढ़ विकास खण्ड के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कौवा के राजस्व गाँव कपिया खालसा के पंचायत भवन परिसर में गाँव की समस्या गाँव में समाधान करने हेतु चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ग्राम पंचायत अधिकारी राम सिंह ने केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही ब्लॉक स्तरीय योजनाओं की जानकारी दी।

चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से राशनकार्ड, फैमिली आईडी, वृद्धावस्था, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास योजना, मनरेगा योजना, किसान सम्मान निधि, व्यक्तिगत शौचालय आदि योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। साथ ही शासन द्वारा चलायी जा रही गरीब कल्याण व अन्य लाभकारी योजनाओं के बारें में जानकारी देते हुए राम सिंह ने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम को लेकर प्रधान प्रतिनिधि रामकुमार ने बताया कि गांव के विकास के साथ ही केंद्र प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिलाने हेतु हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान चौपाल कार्यक्रम में सचिव राम सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम कुमार चौरसिया, सुमित सिंह, पंचायत सहायक सोनिया, आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहायिका सफाई कर्मचारी राज बहादुर, खजांची प्रसाद, रामनेवास किशलावती, सोनमति, उमाकांत, कृपा शंकर, आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# पेयजल पुनर्गठन एवं गृह संयोजन योजना के कार्यों को निर्धारित अवधि में पूरा करें

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी ने अमृत 2.0 कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिका परिषद टांडा एवं अकबरपुर में पेयजल पुनर्गठन एवं गृह संयोजन योजना के कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण। पेयजल पुनर्गठन एवं गृह संयोजन योजना के समस्त कार्यों को निर्धारित समयावधि में करें पूरा जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला। जिलाधिकारी ने आज अमृत 2.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद अकबरपुर के विभिन्न वार्डों में मौके पर जाकर पेयजल पुनर्गठन एवं गृह संयोजन योजना के कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम नगरीय ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत नगर पालिका परिषद अकबरपुर में रू1855.07 लाख की धनराशि स्वीकृत है।

योजनान्तर्गत प्रस्तावित 40 किमी पाइप लाइन के सापेक्ष 39 किमी. पाइप लाइन बिछायी गयी है। योजनान्तर्गत 01 नग मौजूदा एवं 02 नग नये शिरोपरि जलाशय से 5260 नग घरों को पेयजल आपूर्ति से लाभान्वित किया जाना है। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पाइप लाइन बिछाने के उपरांत सडक पुर्नस्थापना के कार्यों की गुणवत्ता खराब पाए जाने पर कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने समस्त कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि रोड रेस्टोरेंट में किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर अथवा वॉटर लॉगिंग की स्थिति पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने संस्था को कार्य को तीव्र गति से कार्य करने तथा योजना के समस्त कार्यों को समयान्तर्गत पूर्ण करने हेतु अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय) को निर्देशित किया गया।इसके उपरांत जिलाधिकारी ने अमृत 2.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद टाण्डा पेयजल पुनर्गठन एवं गृह संयोजन योजना का निरीक्षण किया। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता जल निगम (नगरीय) ने बताया कि नगर पालिका परिषद टाण्डा में पेयजल योजना हेतु रू 8106.05 लाख की धनराशि स्वीकृत है। योजनान्तर्गत प्रस्तावित 156.86 किमी. पाइप लाइन के सापेक्ष 136.00 किमी पाइप लाइन बिछायी गयी है। योजनान्तर्गत 2 नग मौजूदा एवं 4 नग नये शिरोपरि जलाशय से 17761 नग घरों को पेयजल आपूर्ति से लाभान्वित किया जाना है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न मार्गों/ गलियों का भ्रमण किया और सड़क पुर्नस्थापना के कार्यों की गुणवत्ता संतोषजनक न पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा रेस्टोरेशन के कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से तीव्र गति से करने तथा योजना के समस्त कार्य को समयान्तर्गत पूर्ण करने हेतु अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय) को निर्देशित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### देश की अमन शांति के लिए मांगी गई दुआ



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** तहसील क्षेत्र के ग्राम हल्लौर स्थित जामा मस्जिद में जुमे की नमाज़ के बाद मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी साहब(पेश इमाम जामा मस्जिद हल्लौर) ने मुल्क की सलामती और अमन, सकून के लिए विशेष प्रार्थना कराई और वतन के युवाओं को आगाह किया कि अगर हिंदुस्तान की सरकार सरहद पर युवाओं को बुलाती है तो वतन के सभी युवाओं को हर समय तैयार रहना चाहिए ताकि पड़ोसी दुश्मन पाकिस्तान को सबक सिखाया जा सके। पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों को जड़ से सफाया करने के लिए भारतीय सेना द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर की खूब तारीफ की।

### छत के कुंडे से लटकता मिला नवविवाहिता के शव



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** खेसरहा थाना क्षेत्र के कुर्थिया चौकी अंतर्गत बसखोरिया गांव में बुधवार की सुबह छत के कुंडे से दुपट्टे के सहारे लटकता मिले नव विवाहिता के शव के मामले में पुलिस ने पति, देवर व ससुर को शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 27 वर्षीय कल्पना मिश्रा का विवाह पांच वर्ष पूर्व बसखोरिया गांव निवासी मनीष के साथ हुआ था। बुधवार को कल्पना मिश्रा का शव घर में फंदे से लटकता मिला था। इस मामले में खेसरहा थाना की पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर दहेज हत्या का दर्ज किया था और तभी से आरोपियों की गिरफ्तारी के फिराक में थी। खेसरहा थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि आज पुलिस ने आरोपी पति मनीष द्विवेदी पुत्र अमरेश चन्द्र दूबे, देवर हरीश द्विवेदी पुत्र अमरेश चन्द्र दुबे, ससुर अमरेश चन्द्र दूबे पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम बसखोरिया थाना खेसरहा को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया जहां से तीनों आरोपी को जेल भेज दिया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में एस आई जगत नरायन यादव, हेड कांस्टेबल रामाज्ञा यादव, उमेशचन्द, कलामू अंसारी, कांस्टेबल अतुल पाल आदि शामिल थे।

### निर्माण कार्य समय से पूरा करें : डीएम



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, भरवलिया, विकास खण्ड बर्डपुर का जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की प्रगति धीमी पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि निर्माण कार्य समय से एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराये।

### डीएम ने सीसीरोड निर्माण कार्य का निरीक्षण किया



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में मुख्य गेट एवं सामने के तरफ बाउन्ड्रीवाल निर्माण एवं सी0सी0रोड निर्माण कार्य, का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीसीरोड निर्माण की प्रगति धीमी पाये जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि सी0सी0रोड का निर्माण कार्य समय से एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराये।

### चौपाल लगाकर सुनी लोगों की समस्याएं




**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खंड लोटन बाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत करुआवल कला मे स्थित मीनी सचिवालय में ग्राम प्रधान सितारुनिशा की अध्यक्षता में सचिव विनोद कुमार चौधरी के मौजूदगी मे चौपाल का आयोजन किया गया। सचिव विनोद चौधरी ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया। इस दौरान सचिव ने मौजूद लोगों से कहाकि ग्राम पंचायत निवासियों में से जिनकी उम्र सत्तर साल या सत्तर साल से अधिक हो गई है वह पंचायत सहायक से अपना आयुष्मान कार्ड बनावा लें ताकि इसका लाभ मिल सके। जिनको जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता है वह लोग 21 दिन मे मृत्यु व जन्म प्रमाण पत्र आनलाईन जरुर करे। आप लोग पंचायत सहायक से मिलकर फैमली आईडी बना ले। एडीओ एजी रामकृष्ण मिश्रा ने कहा कि चौपाल के माध्यम से लोग अपनी समस्याओं का निस्तारण करा सके। ग्राम पंचायत मे हो रहे चौपाल में बढ़-चढ़कर भाग लें। गांवों के विकास को गति देने के लिए चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है किसान सम्मान निधि, विधवा, वृद्धा, दिव्यांग पेंशन के बारे मे भी जानकारी दी। इस दौरान निसार अहमद आदि मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी ने महामाया राजकीय मेडिकल कालेज का किया आकस्मिक निरीक्षण



**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नवागत जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने आज महामाया मेडिकल कालेज की व्यवस्थाओं का आकस्मिक निरीक्षण के लिये पहुँचे जहाँ उन्होंने दवा वितरण काउंटर ओपीडी सहित वार्डों का भ्रमण कर निरिक्षण किया जिस दौरान जिलाधिकारी श्री शुक्ला के साथ मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डॉ आभास कुमार सिंह उप प्रधानाचार्य सीएमएस डॉ मुकुल सक्सेना हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ विवेक श्रीवास्तव सहित तमाम कर्मचारियों ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज करायी।

### सीएचसी बसखारी का उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किया निरिक्षण

**अम्बेडकरनगर।** उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी (उप सीएमओ) डॉ. आशुतोष सिंह ने आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में पर्ची काउंटर और दवा वितरण व्यवस्था की जांच की।

निरीक्षण के दौरान उप सीएमओ ने मौजूद मरीजों से स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में फीडबैक लिया। डॉ. आशुतोष सिंह ने बताया कि यह एक नियमित निरीक्षण है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शासन की मंशा के अनुरूप आम नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं या नहीं। जांच के बाद उप सीएमओ ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। उन्होंने अस्पताल की कार्यप्रणाली को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।

# ग्राम पंचायत औदही कला व घरुआर में लगा चौपाल, गाँव की समस्या गाँव में समाधान

अवधनामा संवाददाता







- ग्राम पंचायत औदही कला के विद्यालय परिसर में व घरुआर के पंचायत भवन पर चौपाल कार्यक्रम सम्पन्न

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बढ़नी क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत औदही कला में शुक्रवार को गाँव की समस्या गाँव में समाधान करने हेतु ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सचिव अवधेश कुमार यादव ने करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से अटल पेंशन योजना,राशनकार्ड, वृद्धावस्था, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास योजना, मनरेगा योजना, किसान सम्मान निधि, व्यक्तिगत शौचालय व युवाओं को रोजगार से जोड़ने आदि विविध योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस दौरान आयुष्मान कार्ड व परिवार कार्ड बनाये जाने पर जोर देते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही गरीब कल्याण व अन्य लाभकारी योजनाओं के बारें में जानकारी देते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया गया है।

उक्त अवसर पर पंचायत सचिव अवधेश कुमार यादव, ग्राम प्रधान राम अवतार, प्रतिनिधि अशोक कुमार अग्रहरि, रोजगार सेवक लच्छी राम, पंचायत सहायक दिलीप कन्नोजिया, आशा, आंगनबाड़ी सहित ग्रामवासी मालती , सुभावती , चिन्की, दुलारी, मन्तुनिशा, नूर मोहम्मद, छेदी प्रसाद, दयाशंकर, आदित्य प्रसाद, नकुल प्रसाद आदि तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे। वहीं ग्राम चौपाल घरुआर में एम आई संतोष कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुई। जिसमें सरकार द्वारा चलाई जा रही विभाग से संबंधित तमाम योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जहां काफी संख्या में ग्रामीण जुटे रहे। अध्यक्षता कर रहे संतोष कुमार गुप्ता ने बताया कि कुछ ग्रामीणों ने सड़क, पानी, आवास, राशनकार्ड जैसी समस्या बताई है। जिसका समाधान करने का आश्वासन दिया है।

जल्द ही समाधान कर दिया जायेगा। उक्त अवसर पर ग्राम प्रधान शारदा देवी, प्रतिनिधि राधेश्याम शर्मा, पंचायत सहायक प्रियंका यादव,लक्ष्मी देवी, सुधा, विजय लक्ष्मी, पुष्पावती, कोयली, अनीता, ममता, रामबेलास, प्रभावती, ज्योती, गुड़िया, जानकी, प्रमोद शर्मा, दुर्विजय, गोलू आदि तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।

# करणी सेना ने बड़े ही उल्लास के साथ मनाया महाराणा प्रताप की जयंती




**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** रोडवेज चौराहे के निकट करणी सेना ने शुक्रवार को महाराणा प्रताप की जयंती बड़े ही उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोगो ने महाराणा प्रताप के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सौरभ सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप का शौर्य अनुकरणीय है। जो त्याग मातृ भूमि के लिए महाराणा ने दिया वह सम्पूर्ण भारत के इतिहास में इकलौता है।कुछ लोग महाराणा प्रताप के द्वारा घास की रोटी खाने की बात करते हैं। यह सरासर गलत है। महाराणा प्रताप अपने राज्य की सीमाओं के अंदर ही कबीलों में रहकर हथियार बनवाने का काम करते थे। इस दौरान उनके यहां जो रोटी बनती थी, वही खाते थे। फिकार नाम का गेहूं जैसा अनाज जिसकी खेती आज उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के पास के गांवों में होनी प्रारंभ हो चुकी है। इस प्रकार की बातें करके हमारे महापुरुषों को वामपंथी इतिहासकारों द्वारा नीचा दिखाने का काम किया गया है। इसलिए आज इस सच्चाई को पूरे सनातन समाज को जानना चाहिए। कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष मधुर सिंह,जिला प्रभारी सतीश प्रताप सिंह उर्फ डब्बू, सौरभ सिंह अनंत कुमार, समर प्रताप सिंह ने संबोधित किया। इस दौरान हरकेश सिंह शुभम पांडे, अभिमन्यु तिवारी, सोनू चौधरी, अखंड प्रताप सिंह, गोलू वर्मा, अभिमन्यु तिवारी, सोनू वर्मा, अनुपमा सिंह,सुषमा मिश्रा, सुषमा सिंह,विशाल, महिपाल सिंह, विजेंद्र सिंह, आदित्य प्रताप सिंह, अभिषेक प्रताप सिंह, सत्य प्रताप सिंह बंटू ,मंगलेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### लापरवाही : गौशाला से बाहर निकलकर मर रहे गोवंश, जिम्मेदार बेखबर

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** बांसी विकास क्षेत्र के खजुरिया गौशाला से बाहर निकल कर आजकल कई गौवंश अपनी जान गंवा रहें हैं। ये गौवंश गौशाला से बाहर निकलते ही बीमार पड़ रहे हैं । कारण यह है कि इस भीषण गर्मी में इनको बाहर न तो समुचित रूप से चारा मिल पा रहा है और न ही पीने को पानी। इससे वह बीमार पड़ रहे हैं और उनकी मौत हो जा रही है। लेकिन कोई जिम्मेदार ध्यान देने वाला नहीं है। प्रत्यक्षदर्शियों के बताने के अनुसार बृहस्पतिवार शाम को खजुरिया गौशाला से चार गौवंश निकल कर निबियहवा चौराहा पहुंच गए। जिनके कान में खजुरिया गौशाला का टैग लगा था। चौराहे पर पहुंचे ही दो गौवंश बीमार हो गए। चौराहे के कुछ लोगों ने दोनों गौवंशो को दवा पिलाया। जिसमें एक ठीक होकर नहर की तरफ चला गया। वहीं दूसरे गौवंश की सांस चल रही थी। चौराहे के प्रदीप, राम वेलास, राम रोहित, राम चेत पाठक, धर्मेंदर आदि लोगों ने बताया कि जिम्मेदार अधिकारियों को फोन करते रहे लेकिन सुबह तक किसी ने फोन नहीं उठाया।

### मजलिस ए ख़मसा के अंतिम दिन मोहब्बत शीर्षक पर मजलिस को मौलाना इफ़्तेख़ार ने किया सम्बोधित

**जलालपुर अवधनामा संवाददाता।** नगर के मोहल्ला जाफराबाद स्थित बहिश्त-ए-वफा (रौज -ए-हजरत अब्बास) में मजलिस-ए-खम्सा के अंतिम दिन वतन की मुहब्बत नामक शीर्षक पर आयोजित मजलिस में मौलाना इफ्तेखार अली फ़राज़ वास्ती ने खिताब करते हुए कहा कि वतन की मुहब्बत प्रत्येक नागरिक पर लाजिमी है। उन्होंने कहा कि जिस भी व्यक्ति के अंदर वतन, अपने मुल्क से प्रेम नहीं है उसको उस मुल्क में रहने का अधिकार नहीं है।मौलाना ने मजलिस के अंत में कर्बला की रूदाद पढ़ी तो मोमनीन फूट फूटकर रोए।इससे पूर्व कल्बे हसन अहसन व उनके हमनवां ने मर्सिया ख्वानी पेश किया।आयोजक इब्ने अली जाफरी ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।उक्त अवसर पर मास्टर शरीफ अहमद,अकबर अब्बास, अंजुम असगर, मास्टर जुहैर, मोहम्मद मूसा, मेहंदी रज़ा छेदी , इश्तियाक हुसैन, रजी भाई, अकील अब्बास, अंसार जलालपुरी, कल्बे हुसैन, हुसैन अहमद,मोहम्मद मेंहदी,सईद अहमद आदि मौजूद रहे।



### शोहरतगढ़ नगर पंचायत सभागर में आयोजित रक्तदान शिविर में 15 लोगों ने किया रक्तदान

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शुक्रवार को शोहरतगढ़ न0पं0 सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। चेयरमैन प्रतिनिधि एवं उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल जिलाध्यक्ष रवि अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में युवाओं ने अपना रक्तदान किया। स्वास्थ्य विभाग टीम की मौजूदगी में रक्तदान करने वाले लोगों का ब्लड ग्रुप एवं बी0पी0 आदि परीक्षण के बाद उनसे ब्लड डोनेट कराया गया। शिविर आयोजन के दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने मीडिया को बताया कि रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है। उन्होंने बताया कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इससे जरुरत मंद की मदद हो सकेगी। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि आज रक्तदान सिविल में 15 लोगों ने अपना रक्त दान किया है। रक्त दानियों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें बल्ड बैंक के लोगों प्रिंटेड कप एवं टी शर्ट भेंट किया गया। रक्तदान करने वालों में रवि अग्रवाल, मीनाक्षी शर्मा, संजय कुमार, मोहम्मद अदनान, धर्मेंद्र, अनूप कुमार पुरी, मनोज चौधरी, श्रवण कुमार पटवा, वीर मोहम्मद, राजेंद्र प्रसाद पांडे, पुरुषोत्तम शर्मा, विकास उमर, जीशान अंसारी, बदरे आलम एवं शहवान अली आदि शामिल रहे।



# इटवा में एक अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर सील

अवधनामा संवाददाता



- एक का डा0 न आने तक बंद का आदेश
- एसडीएम, सीओ पुलिस, सीएचसी अधीक्षक इटवा ने की छापेमारी
- संचालकों में खलबली सेंटर बंद कर हुए इधर उधर

**इटवा सिद्धार्थनगर।** इटवा तहसील में अवैध रूप से संचालित एक अल्ट्रासाउंड केंद्र को प्रशासन ने सील कर दिया है। व एक को कागजात दिखाने व डा0 के उपलब्ध न होने तक एसडीएम ने बंद करने का फरमान सुनाया। जिलाधिकारी डी राजा गणपति आर के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। इस छापेमारी से सेंटर चालकों में खलबली मची रही। लगभग सभी सेंटर बंद कर हुए इधर उधर रहे। ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे आज इनका हड़ताल या बंदी हो।

पब्लिक पैथालॉजी केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के के पास स्थित था। दूसरा उसी के बगल जय बजरंग अल्ट्रासाउंड सेंटर के नाम से चल रहा था। उप जिलाधिकारी कुणाल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक संदीप द्विवेदी व सीओ पुलिस सुभेन्दु सिंह की टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। एक केंद्र को तत्काल सील कर दिया गया। वहीं दूसरा न्यू बजरंग अल्ट्रासाउन्ड की वैधता खत्म थी रिनुअल का बताया डाक्टर भी उपस्थित नहीं था इस पर एसडीएम ने कागजात दिखाने व डाक्टर के उपस्थित न रहने तक बंद का आदेश दिया है। लोगों ने आये हो रहे अप्रिय घटना को देखते हुए इस कार्यवाही पर खुशी व डीएम डा0 राजागणपति आर व एसडीएम कुणाल की सराहना की है।

एसडीएम कुणाल ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्रों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। ऐसे अवैध केंद्रों पर लगातार कार्रवाई की जाएगी।

# धूमधाम से मनाई गई महाराणा प्रताप की जयंती

## महाराणा प्रताप के शौर्य और बलिदान को किया याद, युवाओं को प्रेरणा लेने के लिए किया प्रेरित

अवधनामा संवाददाता




**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** मेवाड़ के वीर योद्धा और राजपूत शासक महाराणा प्रताप के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को कई जगहों पर महाराणा प्रताप की जयंती का आयोजन किया गया। जिसमे डुमरियागंज तहसील गेट स्थित बार एसोसिएशन भवन में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी डॉ. संजीव दीक्षित ने महाराणा प्रताप के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित लोगों से महाराणा प्रताप के बताए मार्ग पर चलने का आग्रह किया। कार्यक्रम में सभी ने महाराणा प्रताप के चित्र पर बारी बारी से पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वीरेंद्र सिंह, देवेंद्र पाठक, राधेश्याम सिंह, इंद्रमणि पाण्डेय, रमापति सिंह, राकेश श्रीवास्तव सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे। इसी क्रम में शाहपुर स्थित हिन्दू भवन पर भी महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने लोगों से महाराणा प्रताप द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करने की अपील की, साथ ही एकजुट रहने का आह्वान किया। शुक्रवार हिन्दू भवन पर महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दिया गया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने पुष्पांजली करते हुए महाराणा प्रताप के जयकारे लगाकर उनको नमन किया। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप हमारे राष्ट्र के सच्चे सपूत, राष्ट्रभक्त तथा महान योद्धा थे। उन्होंने सभी को महाराणा प्रताप के जीवन संघर्ष की गाथा से परिचित कराते हुए बताया कि एकजुट रहने से शक्तिशाली बने रह सकते हैं, साथ ही कई समस्याओं का आसानी से समाधान हो सकता है, इसलिए सभी को एकजुट रहने की आवश्यकता है। इस दौरान मधुसूदन अग्रहरि, लवकुश ओझा, पप्पू सिंह, हरि सिंह, लालजी शुक्ला, संजय पाल सूर्यवंशी, रमन सिंह, राजन अग्रहरि, चंद्रिका मौर्या, राजेश यादव आदि मौजूद रहे।

### क्लिनिक की छत पर दुपट्टे से लटका मिला शव

**अंबेडकरनगर।** जनपद के कटका थाना क्षेत्र में एक निजी क्लिनिक की छत पर एक नर्स का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। मृतका की पहचान दूलहुपुर सिहोरिया की रहने वाली 22 वर्षीय रुबी के रूप में हुई है। वह राम नगर मार्ग न्यारी स्थित कृष्णा पाली क्लिनिक में नर्स के पद पर कार्यरत थी। पुलिस के अनुसार, रुबी क्लिनिक के ऊपर ही रहती थी। घटना वाले दिन सुबह उसने खाना बनाया और सभी के साथ भोजन किया। दोपहर के समय उसका शव तीसरे फ्लोर पर छत के ऊपर जाने वाली सीढ़ी और दरवाजे के बगल लगी पाइप पर दुपट्टे से लटका मिला।स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। कटका थानाध्यक्ष विवेक वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। क्लिनिक के मालिक समडीह निवासी पिंटू निषाद हैं।

### सूचना

मैंने यूपी बोर्ड हाईस्कूल (कक्षा 10) सन 2010 में पास किया है। यूपीबोर्ड हाईस्कूल (कक्षा 10) का प्रमाणपत्र जिसका अनुक्रमांक 1325251 है। जिसका प्रमाणपत्र जोकि कहीं गुम हो गया है।

**मोहम्मद शहीम पुत्र अखलाख निवासी ग्राम जियापुर थाना इन्हौना तहसील तिलोई जनपद अमेठी**

## पाकिस्तान हिंसा

पहलगाम के हमले के बाद भारत ने पाक से कोई भी समान किसी रास्ते से भारत आने पर रोक लगाई। पाक ने भारत पर भी इसी तरह की रोक लगाई पाक लगातार एलओसी पर छोटे हथियारो से फायरिंग कर रहा है भारत उसका जवाब दे रहा है। पाक बीच आबादी से फायरिंग कर रहा है इसलिये की भारत जो जवाब दे रहा है उसी आबादी पर हमला बता अन्तरराष्ट्रीय बिरादरी से गुहार कर सके और वही कर रहा है। पाकिस्तान पूरी तरह दहशत में है कि भारत उस पर हमला करेगा। अपने परिवारों को सैनिक अधिकारी सुरक्षा के लिये विदेशों में भेज रहे है। खाने पीने के सामाने को इकट्ठा करने में भी लगा हुआ है।

भारत को कहना है न उसके जहाज पाक बन्दगाह पर जायेगे न उनके जहाज भारत के बन्दरगाहों पर आ सकेगे। भारत का कहना है भारतीय सम्पत्तियों कारगो और बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के लिये यह कदम उठाया गया है। पाकिस्तान मिसाईल टेस्ट किया है भारत भी जवाब में तैयारी पर है। भारत के सूचना मिली आतंकी हमले में शामिल छह अतंकी चन्नैई से उड़ान भर श्रीलंका पहुंच गये। श्रीलंका में तलाशी ली गई पर यह कोरी आफ्वाह साबित हुआ। पाक भारतीय मीडिया पर भी हमला कर रहा है भारत भी उसी के शब्दों में उसे जवाब दे रहा है। पहलगांव हमले का असर है कि वहां के होटल और सड़को की जनता भूख से परेशान है पाक भारत को भी वैसा ही बनाना चाहता है जो उसको वश में नहीं है। भारत की इकानमी दुरूस्त है वह आर्थिक रूप से महान शक्ति बनने के रास्ते पर है दुनियां मान रही है। जैसा की कहा गया है पाक यूएनओ में यह मामला लेकर अपने पक्ष के देश भारत के मुख्य प्रतिद्वन्दी चीन की मदद से अपनी मासूमियत पेश करना चाहता है। जबकि काफी देश पाकिस्तान के आतंकियो का विरोध किया है।

पाक को अपनी आर्थिक हालत सुधारने और जनता को राहत पहुचाने की ओर ध्यान देना चाहिये पर अपने परिवार की भलाई में लगा है। हर तरफ से मिलने वाले आर्थिक सहायता का बड़ा हिस्सा हड़प सेना और परिवार की बेहतरी में लगाता रहता है। हर किसी के सामने हाथ फैलाता रहता है। उसे अपने और देश के आत्मसम्मान की चिन्ता लेश मात्र भी नही है। भारत को एटमबम की धमकी दे रहा है। पाक संभल जाये तो भारत को खुशी होगी। वह पाक को उसकी बेहतरीक के लिये हर मदद देने के लिये तैयार है पर पाक अपनो पूर्वाग्रहो में फंसा हुआ है। बहरहाल सेना आन्नद में है आम जनता दुखी है। क्या यही पाक का नसीब है।

## वक्फ़ के ज़रिए भाजपा बिहार, बंगाल जीतने की जुगत नें भाजपा

केंद्र सरकार का वक्फ संशोधन बिल पारित होना भाजपा के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष पर तंज कसते हुए इसकी आवश्यकता पर जोर दिया। बिल में पसमांदा समाज समेत विभिन्न मुस्लिम समूहों को शामिल करके सेकुलर छवि को बढ़ाने की कोशिश की गई है। दोनों सदनों में भाजपा का अपना बहुमत न होने के बाद भी ये बिल दोनों सदनों में पारित हो जाना भाजपा की ताकत को दर्शाता है द्य विपक्ष हमेशा बीजेपी पर सांप्रदायिक होने का आरोप लगाता रहा है। इस बिल के जरिए बीजेपी ने अपनी सेकुलर पिच तैयार की है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कई बार कहा कि यह देश सेकुलर है, हम सेकुलर हैं और यह बिल सेकुलर है। रिजिजू ने कहा कि हम वक्फ बोर्ड को धर्मनिरपेक्ष और समावेशी बनाना चाहते हैं। बीजेपी इसके जरिए अब विपक्ष के लिए बड़ी परेशानी खड़ी हो गई है द्य भाजपा दिखा रही है कि विपक्ष की सेकुलर की परिभाषा गलत है और सही मायनों में बीजेपी सेकुलर है। बीजेपी सिर्फ इस पिच पर ही नहीं खेल रही बल्कि अपनी सोशल इंजीनियरिंग को भी मजबूत कर रही है। 2024 लोकसभा चुनाव से पहले भी उसने मुस्लिमों के बीच सोशल इंजीनियरिंग शुरू की थी। पहले ट्रिपल तलाक पर बैन के जरिए मुस्लिम महिलाओं को साथ लाने की कोशिश की, फिर पसमांदा मुस्लिमों पर फोकस किया।



दिलीप कुमार पाठक

दर-असल लोकसभा चुनाव में भाजपा का बहुमत से चूक जाने के बाद लग रहा था, भाजपा नीतीश कुमार - चंद्रबाबू नायडू को मनाने में ही जुटी रहेगी द्य शायद ये दोनों सरकार को अपने तरीके से चलाने में हस्तक्षेप करेंगे, लेकिन ये बिल पारित होने के बाद अब तस्वीर साफ़ हो चुकी है कि भाजपा की एनडीए में अभी ज़बरदस्त पकड़ बनी हुई है द्य विपक्ष को मोदी सरकार से निपटने के लिए कोई ठोस रणनीति बनाना चाहिए इस तरह के जुगाड़ वाली राजनीति से पार पाया नहीं होगा द्य कांग्रेस जो लोकसभा के बाद एकदम चार्ज हो गई थी वो अब थोड़ा सुस्त पड़ गई है जबकि हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली जीतकर ये बिल पास करने के बाद भाजपा के कार्यकर्ताओं में मानसिक बढ़त देखी जा रही है द्य भाजपा ने आजतक किसी भी ऐसे विवादित बिल को पारित करने में जो तत्परता दिखाई है, इससे साफ़ जाहिर होता है भाजपा हमेशा अपना राजनीतिक एजेंडा साधकर चलती आई है। वहीँ अब ये भी कयास लगाए जा रहे की इस बिल के पारित हो जाने के बाद भाजपा को इसका क्या फायदा होगा? 1995 के वक्फ एक्ट में संशोधन और 1923 के मुसलमान वक्फ एक्ट को निरस्त करने की पहल वास्तव में भाजपा की एनडीए सरकार के लिए आर्टिकल 370 को निरस्त करने और अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की तरह वैचारिक एजेंडे का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

वक्फ बिल पास कराना मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का अब तक का सबसे बड़ा कदम माना जा रहा है। अपने तीसरे कार्यकाल की सत्ता संभालते ही मोदी सरकार ने वक्फ कानूनों में फेरबदल करने के लिए तेजी से काम करना शुरू कर दिया था द्य संसद में वक्फ संशोधन विधेयक पारित होने के बाद वक्फ बोर्ड की अनियंत्रित शक्तियां कम हो जाएंगी और वक्फ बोर्ड किसी भी संपत्ति पर बिना सत्यापन आधिपत्य घोषित नहीं कर सकेगा।

वक्फ संशोधन बिल के पास होने से भाजपा को क्या फायदा होगा तो इसे इस तरह से समझते हैं द्य इसी साल दिल्ली चुनाव में मिली जीत के बाद अब बिहार में विधानसभा चुनाव होना है और इस चुनाव का पूरा पिच जाति की जगह धर्म पर शिफ्ट होगा और इसे भुनाने का भाजपा के पास खास मौका है ताकि मुस्लिम वोट एनडीए के खाते मे आए। सबसे बड़ी बात कि नीतीश कुमार की जदयू ने भी वक्फ बिल को लेकर सर्मथन दिया है। नीतीश कुमार की मुस्लिम वोटरों में जो पकड़ है उसे इस बिल के ज़रिए साधने की कोशिश है द्य बिहार चुनाव में बीजेपी को एक फायदा ये होगा कि गरीब मुस्लिमों में बीजेपी के लिए सॉफ्ट कॉर्नर हो सकता है और अगर वोट में कन्वर्ट हो गया तो आरजेडी को खासा नुकसान पहुंचेगा द्य अभी तक आरजेडी एवं कांग्रेस का बिहार में कोई समझौता नहीं हुआ लेकिन जिस तरह से बिहार में कन्हैया यात्रा कर रहे हैं, पप्पू यादव जिस तरह से सक्रिय हुए हैं, इससे आरजेडी एवं कांग्रेस में रास्ते अलग होने के चांस हैं द्य क्योंकि भाजपा किसी भी सूरत में अपना मुख्यमंत्री बिहार में बनाना चाहती है। भाजपा मुस्लिम समुदाय में अपनी पकड़ बनाकर बिहार, बंगाल, असम जीतना चाहती है। दिल्ली के बाद भाजपा बंगाल जीतने के मंसूबे पाले हुए हैं जिस तरह से भाजपा पिछले कुछ समय से बंगाल में हिन्दुओ के वोट को हासिल करने के लिए राम नवमी का भव्य आयोजन कर रही है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**हम भारत के अनेकों राज्यों में ब्लैकआउट को समझने की करें तो,भारतसरकार के ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पाकिस्तान की हालत खिसियानी बिल्ली जैसी हो गई है। भारतीय सेनाओं की मुस्तैदी को देखते हुए पाकिस्तान और कुछ न कर पाए लेकिन साइबर ड्रोन और मिसाइल अटैक बहुत बढ़ा सकता है। पंजाब के बॉर्डर इलाकों में पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन अटैक किया गया है, पाकिस्तान की तरफ से पठानकोट एयरफोर्स स्टेशन को भी निशाना बनाया गया। पाकिस्तान ने जम्मू से लेकर जैसलमेर तक ड्रोन और मिसाइल से हमला किया है।**

# भारत-पाकिस्तान टेंशन- भारत का ताबड़तोड़ जवाबी एक्शन

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ की नजरें भारत पाकिस्तान के अति तीव्र टेंशन पर लगी हुई है, भारत ने पहलगाम घटना की जवाबी कार्यवाही ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाक ने अनेकों स्थानों पर मिसाइलें दागी, जिसके जवाब में भारतीय आर्मी ने अनेकों ड्रोन, मिसाइल नाकाम कर दी है, अब हमारा डिफेंस सिस्टम सभी एजेंसयाँ अलर्ट मोड में है, अनेकों राज्यों के अनेकों शहरों में ब्लैकआउट घोषित कर दिया गया है।लगातार सायरन बज रहे हैं, हमारे पूरे मीडिया के साथी दिन रात पैनी नज़र रखे हुए हैं, मैं भी लगातार करीब 20 घंटे पूरी घटनाओं पर नजर रखे हुए हूं। आज सुबह 6 तक संचार माध्यमों में आई पूरी जानकारी के आधार पर यह विशेष रिपोर्ट तैयार किया हूं।संयुक्त राष्ट्र सहित पूरी दुनियाँ के देश इस टेंशन पर नजर बनाए हुए हैं, पाकिस्तान पर भारत की प्रचंड जवाबी प्रहार जारी है, एलओसी पर मुँहतोड़ जवाबी कार्रवाई की जा रही है, पंजाब राजस्थान जम्मू कश्मीर गुजरात के अनेक शहरों में ब्लैक आउट कर दिया गया है। पाक ने अमेरिका से गुहार के बाद अमेरिका ने कहा भारत और पाकिस्तान आपस में निपटो, यानें अमेरिका ने हाथ झटक दिये हैं, मदद से इनकार कर दिया है। पाक़ द्वारा बॉर्डर पर समझौते के उल्लंघन लगातार कर रहाहै व बिना कारण जोरदार फायरिंग कर रहा है तथा भारत की जवाबी कार्रवाई से खलबली मची हुई है।चूँकि भारत द्वारा डिफेंस सिस्टम सहित लाहौर पेशावर के बाद अब कराची पोर्ट को भी तबाह कर दिया गया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोगसे इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत क़ी जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान में खलबली, पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम सहित कई पोर्ट तबाह कर दिए गए हैं। व भारत- पाकिस्तान टेंशन,भारत का ताबड़तोड़ जवाबी एक्शन, छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं।



किशन भावनानी

साथियों बात अगर हम भारत के अनेकों राज्यों में ब्लैकआउट को समझने की करें तो,भारतसरकार के ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पाकिस्तान की हालत खिसियानी बिल्ली जैसी हो गई है। भारतीय सेनाओं की मुस्तैदी को देखते हुए पाकिस्तान और कुछ न कर पाए लेकिन साइबर ड्रोन और मिसाइल अटैक बहुत बढ़ा सकता है।पंजाब के बॉर्डर इलाकों में पाकिस्तान की तरफ से ड्रोन अटैक किया गया है, पाकिस्तान की तरफ से पठानकोट एयरफोर्स स्टेशन को भी निशाना बनाया गया।पाकिस्तान ने जम्मू से लेकर जैसलमेर तक ड्रोन और मिसाइल से हमला किया है, भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने इन हमलों को नाकाम कर दिया है, जम्मू में पाक ने ड्रोन से एयरपोर्ट को निशाना बनाने की कोशिश की,पाकिस्तान की ओर से जम्मू से लेकर राजस्थान के जैसलमेर तक ड्रोन और मिसाइल से हमला किए गए। पाकिस्तान की ओर से किए गए इस ड्रोन अटैक के कारण जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, पंजाब के कई शहरों में ब्लैक आउट कर दिया गया है,कुपवाड़ा में भी सायरन बजने के बाद ब्लैक आउट किए जाने की खबर सामने आई है, हालांकि भारतीय सुरक्षा बलों की ओर से सामने आई जानकारी के अनुसार पाकिस्तान के ड्रोन अटैक को नाकाम कर दिया गया है। जम्मू ,सांबा, पठानकोट और आरएस पूरा में पाक ड्रोन और मिसाइल से हमला किया गया है,इंटरनेशनल बॉर्डर पर भीषण गोलाबारी की जा रही है, पाक मिसाइल और ड्रोन को मार गिराने में एस 400 का इस्तेमाल का किया गया है।



साथियों बात अगर हम भारत पाक के बीच जंग के हालात आज 9 मई 2025 के सुबह 6 तक जानने की करें तो, भारत- पाकिस्तान के बीच जंग के हालात, जानिए ताजा अपडेट (1) जम्मू में सायरन बजने के बाद ब्लैक आउट (2) ड्रोन से हमले की कोशिश को किया नाकाम (3) एयर डिफेंस सिस्टम ने हमले को नाकाम किया (4) इंटरनेशनल बॉर्डर पर पाक की ओर से भारी गोलीबारी (5) कुपवाड़ा में भी सायरन बजने के बाद ब्लैक आउट (6) नागरिकों से घर से अंदर रहने को कहा गया है। (7) पाकिस्तान के ड्रोन अटैक का वीडियो भी सामने आया है। (8) जम्मू हवाई अड्डे को निशाना बनाने को कोशिश की गई थी। (9) भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के ड्रोन को मार गिराया (10) अखनूर और किश्तवाड़ में भी ब्लैकआउट। (11) जम्मू के अलावा पंजाब के फिरोजपुर और अमृतसर से भी ब्लैक आउट की खबरें सामने आई है।(12) जम्मू में फोन नेटवर्क में दिक्कत आ रही है. कॉल कनेक्ट नही हो पा रहा है।

(13) राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में रेड अलर्ट घोषित किया गया। (14) चंडीगढ़, शिमला, अमृतसर, बठिंडा, भुज से विमानों के उड़ान रद्द कर दिए गए है। (15) राजस्थान के जैसलमेर, श्रीगंगानगर जिले में भी ड्रोन से हमला किया गया है। (16) जम्मू यूनिवर्सिटी के पास दो ड्रोन गिराए गए। (17) यह जानकारी सामने आई कि अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। (18) रुक-रुक कर पाकिस्तान की ओर से अभी भी ड्रोन भारतीय सीमा में आ रहे हैं. जिसे भारतीय डिफेंस सिस्टम नाकामसाबित कर रही है। (19) मोहाली में दो घंटे के ब्लैकआउट की घोषणा कर दी गई है। (20) गुजरात के सर क्रीक में पाक ड्रोन को मार गिराया गया है (21) राजस्थान- दिल्ली में सरकारी कर्मचारियों की छुट्टी रद्द कर दी गई है। (22) धर्मशाला में आईपीएल का मैच रोक दिया गया है। (23) तीनों सेना प्रमुखों के साथ भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बैठक कर रहे हैं। (24) अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से जयशंकर ने बातचीत की है। (25) जालंधर पर हमले की कोशिश नाकाम कर दी गई है। (26) इंटरनेशनल बॉर्डर के बास भीषण गोलीबारी हो रही है, कई चौकियों को खाली कराया गया है। (27) राजस्थान के श्रीगंगानगर में रेड अलर्ट घोषित किया गया है। (28पीएम मोदी और एनएसए अजीत डोभाल के बीच मीटिंग़ हुई।

साथियों बात अगर हम भारत पाक तनाव से जुड़ी महत्वपूर्ण अपडेट की करें तो, नौसेना ने समुद्री हमले में कराची पोर्ट पर ताबड़तोड़ मिसाइलें दागी हैं, इन हमलों में कराची पोर्ट बताया जा रहा है की पूरी तरह से तबाह कर दिया गया है, पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान से बढ़े तनाव के बीच भारतीय नौसेना ने पहले ही आईएनएस विक्रांत को अरब सागर में तैनात कर रखा है भारत-पाकिस्तान तनाव से जुड़े जरूरी अपडेट्स। (1) पाकिस्तान की तरफ से आरएसपुरा सेक्टर में भारी शेलिंग हो रही है। नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास कुपवाड़ा और बारामूला में भारी फायरिंग हो रही है। भारतीय सेना जवाब दे रही है। (2) सतवारी, सांबा, आरएस पुरा सेक्टर और अरनिया में 8 मिसाइलें दागीं। इन्हें भी भारतीय एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया।

# शांति में शिव हैं हम अशांति में प्रचंड रुद्र

**ऑपरेशन सिंदूर भारत की सैन्य रणनीति का वह स्वरूप है, जो शांति के प्रति भारत की प्रतिबद्धता और आतंकवाद के प्रति उसकी जीरो टॉलरेंस नीति को दर्शाता है। यह कोई साधारण सैन्य अभियान नहीं, बल्कि एक सुनियोजित, लक्षित और प्रभावी कार्रवाई है, जिसका उद्देश्य सीमापार बैठे उन आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करना है, जो भारत की धरती पर खून की होली खेलने की साजिश रचते हैं। यह अभियान उन निर्दोष नागरिकों के आंसुओं का प्रतिशोध है, जो आतंकवाद की भेंट चढ़े।**

भारत, वह पवित्र भूमि जिसने सहस्राब्दियों से शांति, सह-अस्तित्व और संयम को अपनी आत्मा का आधार बनाया है। यह वही देश है जिसने विश्व को 'वसुधैव कुटुम्बकम' का उदात्त संदेश दिया, जिसने युद्ध के मैदानों में भी मानवता की मर्यादा को सर्वोपरि रखा, और जिसने अपने शत्रुओं को क्षमा करके यह सिद्ध किया कि सच्ची शक्ति विनाश में नहीं, बल्कि संयम और नियंत्रण में निहित है। परंतु इतिहास इस बात का भी साक्षी है कि जब-जब भारत की इस सहनशीलता को कमजोरी समझने की भूल की गई, तब-तब इस शांतिप्रिय राष्ट्र ने रुद्र का रौद्र रूप धारण कर अपने शत्रुओं को उनकी औकात दिखाई है। आज समय फिर उसी मोड़ पर खड़ा है, जब भारत को अपनी शक्ति, शौर्य और संकल्प का परिचय देना पड़ रहा है। यह परिचय है ऑपरेशन सिंदूर–एक ऐसा अभियान जो भारत की शांति की पुकार को रुद्र तांडव में बदलने की क्षमता रखता है। भारत के सुदर्शन चक्र एस 400 की ताकत दुनिया देख रही है और आगे भी देखेगी। पाकिस्तान ने युद्ध छेड़ा जरूर है, पर इसे खत्म भारत करेगा। कराची, लाहौर, इस्लामाबाद इत्यादि शहरों में हुई बर्बादी का जिम्मेदार पाकिस्तान स्वयं है। उसने भारत पर ड्रोन और मिसाइल हमला करने की भूल की है। जिसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ेगा। हम शांति और अहिंसा के पुजारी हैं। परन्तु इसका अर्थ दुश्मन यह न निकाले कि हम कमजोर हैं, क्योंकि शांति में शिव हैं हम, अशांति में प्रचंड रुद्र। अपनी पर आएं तो हम तांडव मचा सकते हैं।



बलदेव राज भारतीय

भारत का इतिहास केवल युद्धों और विजयों की गाथा नहीं, बल्कि शांति और सौहार्द की कहानी है। प्राचीन काल से ही भारत ने विश्व को अहिंसा का मार्ग दिखाया। भगवान बुद्ध और महावीर के उपदेशों से लेकर महात्मा गांधी के सत्याग्रह तक, भारत ने हमेशा संवाद और शांति को प्राथमिकता दी। लेकिन यह वही भारत है जिसने चाणक्य की कूटनीति, शिवाजी के गोरिल्ला युद्ध और रानी लक्ष्मीबाई के अदम्य साहस से यह भी सिद्ध किया कि जब बात मातृभूमि की रक्षा की आती है, तो यह राष्ट्र न केवल शस्त्र उठाता है, बल्कि उसे विजय तक ले जाता है। आज का भारत एक उभरती हुई वैश्विक शक्ति है, जिसकी आवाज न केवल एशिया में, बल्कि विश्व मंच पर भी गूंजती है। भारत की अर्थव्यवस्था, उसकी तकनीकी प्रगति और उसकी सांस्कृतिक विरासत ने उसे विश्व में एक अनूठा स्थान दिलाया है। परंतु इसके साथ ही भारत की सीमाओं पर चुनौतियां भी बढ़ी हैं। आतंकवाद, सीमापार घुसपैठ और कायराना हमले भारत की शांति को भंग करने की साजिशें हैं। ऐसे में भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह शांति का पुजारी है, पर रुद्र रूप धारण करने से भी नहीं हिचकता।




ऑपरेशन सिंदूर भारत की सैन्य रणनीति का वह स्वरूप है, जो शांति के प्रति भारत की प्रतिबद्धता और आतंकवाद के प्रति उसकी जीरो टॉलरेंस नीति को दर्शाता है। यह कोई साधारण सैन्य अभियान नहीं, बल्कि एक सुनियोजित, लक्षित और प्रभावी कार्रवाई है, जिसका उद्देश्य सीमापार बैठे उन आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करना है, जो भारत की धरती पर खून की होली खेलने की साजिश रचते हैं। यह अभियान उन निर्दोष नागरिकों के आंसुओं का प्रतिशोध है, जो आतंकवाद की भेंट चढ़े। यह उन वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि है, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर किए। ऑपरेशन सिंदूर का नाम ही अपने आप में प्रतीकात्मक है। 'सिंदूर' भारतीय संस्कृति में मंगलसूचक और शक्ति का प्रतीक है। यह वह चिह्न है जो भारतीय नारी अपने माथे पर लगाती है, जो उसके सौभाग्य और सम्मान का प्रतीक है। यह वही चिह्न है जिसे मिटाने की कायराना कोशिश गत 22 अप्रैल को आतंकियों ने की थी। सिंदूर जब अपना बदला लेता है तो आतंकियों और उनके आकाओं को मुंह छिपाने की भी जगह नहीं मिलती। ...और यही तो हुआ। ऑपरेशन सिंदूर भारत की अस्मिता, सम्मान और संप्रभुता की रक्षा का प्रतीक है। यह अभियान उन आतंकियों के माथे पर काल के क्रूर पंजे का तिलक है, जो उनके अंत की शुरुआत करता है। आज का भारत वह भारत नहीं, जो 1962 के युद्ध में हर आक्रमण का जवाब शांति वार्ताओं से देता था। यह वह भारत है, जिसने 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 में बालाकोट एयर स्ट्राइक के माध्यम से विश्व को अपनी सैन्य शक्ति और संकल्प का परिचय दिया। ऑपरेशन सिंदूर इस नई सैन्य नीति का अगला कदम है। भारत की नीति अब केवल रक्षात्मक नहीं, बल्कि सक्रिय रक्षात्मक हो चुकी है। इसका अर्थ है कि भारत अब दुश्मन के हमले का इंतजार नहीं करता; वह आतंक की साजिशों को उनके जन्मस्थान पर ही नष्ट कर देता है।

यह नीति भारत की रक्षा तंत्र की परिपक्वता को दर्शाती है। भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना आज विश्व की सबसे आधुनिक और प्रशिक्षित सेनाओं में शुमार हैं। स्वदेशी हथियारों जैसे तेजस लड़ाकू विमान, ब्रह्मोस मिसाइल और अर्जुन टैंक ने भारत को आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत कदम बढ़ाने में मदद की है। इसके साथ ही, भारत की खुफिया एजेंसियां जैसे रॉ और आईबी आतंकवाद के खिलाफ सूचनाओं के आदान-प्रदान में अहम भूमिका निभा रही हैं। ऑपरेशन सिंदूर इन सभी तत्वों का एक समन्वित प्रयास है, जो भारत की सैन्य रणनीति को और सशक्त बनाता है।

भारत ने विश्व को बार-बार यह संदेश दिया है कि वह किसी भी देश के खिलाफ युद्ध नहीं चाहता। भारत अपने पड़ोसियों की संप्रभुता का सम्मान करता है और क्षेत्रीय शांति के लिए प्रतिबद्ध है। परंतु यदि भारत की धरती पर आतंक फैलाने की कोशिश की गई, तो भारत चुप नहीं बैठेगा। ऑपरेशन सिंदूर इसी संदेश का प्रतीक है। यह अभियान उन आतंकियों के लिए एक चेतावनी है, जो यह समझते हैं कि वे सीमापार बैठकर भारत को अस्थिर कर सकते हैं। भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आतंकी जहाँ भी छिपे हों, चाहे वह पहाड़ों की गुफाओं में हों या घने जंगलों में, भारतीय सेना उन्हें ढूंढ निकालेगी और उनके लिए यह धरती श्मशान बन जाएगी।यह अभियान किसी धर्म, जाति या देश के खिलाफ नहीं है। भारत का विरोध आतंकवाद से है, न कि किसी संस्कृति या समुदाय से। भारत ने हमेशा विभिन्न धर्मों और संस्कृतियों को गले लगाया है, और यही उसकी ताकत है। ऑपरेशन सिंदूर का लक्ष्य केवल आतंकवाद को समाप्त करना है, ताकि भारत के नागरिक निडर होकर जी सकें। भारतीय सेना विश्व की उन गिनी-चुनी सेनाओं में से है, जो हर परिस्थिति में अपने कर्तव्य का निर्वहन करती है। चाहे वह हिमालय की बर्फीली चोटियां हों, थार के तपते रेगिस्तान हों, या पूर्वोत्तर के घने जंगल, भारतीय सैनिक हर मोर्चे पर डटकर मुकाबला करते हैं। वे न त्योहार देखते हैं, न मौसम, न अपनी व्यक्तिगत सुख-सुविधाएं।

# कबाड़ से जुगाड़ के नवाचार की सौन्दर्यमयी चमक

**'कबाड़ से जुगाड़' अभियान ऐसे विरल एवं अनुकरणीय उदाहरण हैं जो राष्ट्रीय फलक पर चमक रहे हैं। कबाड़ से जुगाड़ बेकार की वस्तुओं से उपयोगी वस्तुएं बनाने की एक प्रक्रिया है। कबाड़ से जुगाड़ ना केवल हमारे पर्यावरण के संरक्षण के लिए बहुत सहायक है बल्कि यह अनुपयोगी वस्तुओं के निपटान का भी एक सटीक उपाय है। इसके माध्यम से हम ऐसी अनुपयोगी वस्तुओं को फेंकने की जगह उनसे कुछ उपयोगी वस्तुएं बना सकते हैं।**

कबाड़ से जुगाड़' सिर्फ़ एक तरीका नहीं, बल्कि एक रचनात्मक दर्शन है जो संसाधनशीलता और नवाचार को बढ़ावा देता है। यह अपसाइकल की गई रचनाओं और सरल समाधानों के माध्यम से अपरंपरागत सोच की शक्ति का प्रमाण है। 'कबाड़ से जुगाड़' का दर्शन बेकार वस्तुओं को उपयोगी बनाने और संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने पर जोर देता है। यह दर्शन हमें नए और रचनात्मक समाधान खोजने के लिए प्रेरित करता है, जो मौजूदा समस्याओं को हल करने में मदद करते हैं और इससे कचरे को कम करने और पर्यावरण को बचाने में मदद मिलती है। यह आत्मनिर्भरता का भी दर्शन है, जो हमें अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए खुद पर निर्भर रहने के लिए प्रोत्साहित करता है, यह दर्शन जटिल समस्याओं के लिए सरल और व्यावहारिक समाधान खोजने पर जोर देता है।



ललित गर्ग

जुगाड़ एक बोलचाल का हिंदी शब्द है जिसका मतलब है अपरंपरागत, किफायती नवाचार। कबाड़ से बने म्यूरल, पार्क और अन्य कलाकृतियां 'कबाड़ से जुगाड़' के उपक्रम को दर्शाती हैं। कबाड़ से बनाए गए टेलीस्कोप, लेजर लाइट ब्लोइंग कार, वाटर प्यूरीफायर आदि कबाड़ से जुगाड़ के उदाहरण है। चंडीगढ़ का रॉक गार्डन, जुन्नारदेव जनपद पंचायत के बरेलीपार गांव के ग्रामीणों का कबाड से बना स्वच्छता पार्क एवं मेरठ का 'कबाड़ से जुगाड़' अभियान ऐसे विरल एवं अनुकरणीय उदाहरण हैं जो राष्ट्रीय फलक पर चमक रहे हैं। कबाड़ से जुगाड़ बेकार की वस्तुओं से उपयोगी वस्तुएं बनाने की एक प्रक्रिया है। कबाड़ से जुगाड़ ना केवल हमारे पर्यावरण के संरक्षण के लिए बहुत सहायक है बल्कि यह अनुपयोगी वस्तुओं के निपटान का भी एक सटीक उपाय है। इसके माध्यम से हम ऐसी अनुपयोगी वस्तुओं को फेंकने की जगह उनसे कुछ उपयोगी वस्तुएं बना सकते हैं। कबाड़ से जुगाड़ के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को एक नया आयाम दिया जा सकता है, जो़ रचनात्मकता एवं सृजनात्मकता की दिशा में उठाया गया एक सार्थक कदम है। हम भारतवासी वैसे भी जुगाडू होते हैं जो अपना काम बनाने के लिए हर जगह कुछ ना कुछ जुगाड़ कर लेते हैं। यदि हम अपनी रचनात्मकता कबाड़ से जुगाड़ में लगाएं तो दिनों दिन बढ़ते जा रहे कचरे के निपटान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इससे प्लास्टिक एवं ई-कचरे में निरंतर कमी आती जाएगी और पर्यावरण संरक्षण भी बढ़ेगा। संसाधनों पर वह भी बोझ कम पड़ेगा।



मेरठ का 'कबाड़ से जुगाड़' अभियान अब राष्ट्रीय फलक तक चमका, एक सकारात्मक सोच एवं सृजन का अनूठा उदाहरण बन गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात के 93वें संस्करण में योगी आदित्यनाथ सरकार के इस प्रयास की काफी सराहना की। शहरों को संवारने के प्रदेश सरकार के सपनों को साकार करते हुए मेरठ नगर निगम ने निष्प्रयोज्य वस्तुओं से कम लागत में ही शहर की आभा में चार चांद लगा दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह प्रयास पर्यावरण की सुरक्षा और शहर के सुंदरीकरण से जुड़ा है। निष्प्रयोज्य वस्तुएं स्क्रैप, पुराने टायर, कबाड़, खराब ड्रम से भी कम खर्चे में कैसे शहर को संवारा जा सकता है, मेरठ इसकी बानगी है। कम खर्चे में सावर्जनिक स्थलों का सुंदरीकरण कैसे हो, यह अभियान इसकी मिसाल है। खराब पड़ी चीजों का प्रयोग कर शहर को सजाया गया। गांधी आश्रम चौराहा, गढ़ रोड पर लोहे के स्क्रैप, पुराने पहियों से फाउंटेन निर्मित कराया गया। सर्किट हाउस चौराहे पर लाइट ट्री, पुराने बेकार ड्रमों से स्ट्रीट इंस्टलेशन, हाथ ठेली के बेकार पहियों से बैरिकेडिंग कर मिनी व्हील पार्क, जेसीबी के पुराने टायरों से डिस्प्ले वॉल, पार्कों में बैठने के लिए स्टूल मेज आदि की व्यवस्था की गई। मेरठ नगर निगम ने शहर को चमकाने के लिए अनोखे प्रयोग किए, जो काफी सफल रहे। दरअसल नगर निगम में बने गोदाम में पड़े कबाड़ की न तो उचित कीमत मिल रही थी और न ही इसका सही उपयोग एवं निपटान हो रहा था, पर योगी सरकार की पहल पर नगर आयुक्त अमित पाल शर्मा ने शहर को जगमगाने का निर्णय लिया। लाइटिंग वाला कृत्रिम पेड़ भी न सिर्फ लोगों को आकर्षित कर रहा है, बल्कि शहर की खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है। इसकी आभा देख लोग निहाल और अचंभित हो रहे हैं।

कबाड़ से जुगाड़ का मतलब है बेकार पड़ी चीजों से कुछ उपयोगी या रचनात्मक बनाना, जैसे कि कचरे से सुंदर सजावटी वस्तुएं, या बेकार प्लास्टिक से जूते-चप्पल बनाना। ग्रामीणों ने कबाड़ से एक सुंदर स्वच्छता पार्क बनाया, जिसमें सजावटी वस्तुएं, आरामदायक बैठने की व्यवस्था और स्वच्छता से संबंधित कलाकृतियाँ शामिल हैं। बच्चों को सिखाने के लिए कबाड़ के सामान से खिलौने बनाए जा सकते हैं, जैसे कि टेलीस्कोप, लेजर लाइट ब्लोइंग कार, रबर बैंड नाव, टेबल लैंप, वाटर प्यूरीफायर आदि। बेकार लकड़ी, प्लास्टिक और अन्य सामग्रियों से फर्नीचर बनाया जा सकता है, जैसे कि टेबल, कुर्सी, और अलमारी। कबाड़ से कलाकृतियाँ बनाई जा सकती हैं, जैसे कि पेंटिंग, मूर्तिकला, और सजावटी वस्तुएं। पुराने कपड़ों से नए कपड़े या बैग बनाए जा सकते हैं। कबाड़ से खाद और अन्य उपयोगी चीजें बनाई जा सकती हैं, जो खेती के लिए उपयोगी हो सकती हैं। जयपुर फुट, यह एक कृत्रिम अंग है जो कम लागत में बनाया जाता है और यह 'जुगाड़' मानसिकता का एक बेहतरीन उदाहरण है।

प्लास्टिक के कबाड़ को रिसाइक्लल करके उपयोगी चीजें बनाई जा सकती हैं, जैसे कि प्लास्टिक दाना जो फुटवियर फैक्ट्रियों में इस्तेमाल होता है। कबाड़ से विभिन्न उपकरण बनाए जा सकते हैं, जैसे कि पानी फिल्टर, यांत्रिक उपकरण आदि। कबाड़ से सजावटी वस्तुएं बनाई जा सकती हैं, जैसे कि विंड चाइम, फोटो फ्रेम, फूलों के गमले, आदि। जो सामान घर में उपयोग ना हो तो वह कबाड़ में तब्दील हो जाता है। इसके बाद उसे ऐसे ही बाहर फेंक दिया जाता है। अगर यही कबाड़ आपकी सेहत बनाने का काम करने के साथ ही गांव और शहर की सुंदरता में चार चांद लगा दे तो यह अपने आपमें चर्चा एवं अनुकरणीय उदाहरण बन जाता है।

# कृषि सखियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** कृषि विज्ञान केंद्र बक्शा में शुक्रवार को राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत कृषि सखी/सीआरपी के पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा. सुरेश कुमार कन्नौजिया ने कृषि सखी/सीआरपी को सम्बोधित करते हुए प्राकृतिक खेती की अवधारणा एवं सिद्धान्तों के बारे में बताया एवं अपने अनुभव को साझा किया। उन्होंने कृषि सखियों को मूल्य संवर्धन के महत्व के बारे में बताया। यह प्रशिक्षण 05 मई से 09 मई तक पांच दिनों तक आयोजित हुआ। चयनित कृषि सखियां प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण लेकर अपने खेत पर स्वयं रसायन मुक्त खेती करेगी एवं अपने क्लस्टर के चयनित कृषकों को भी गौ आधारित शून्य बजट वाली प्राकृतिक खेती हेतु प्रेरित करेगी, मिशन में जिले के 10 ब्लाकों से 55 क्लस्टर तैयार कर 2750 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 6875 कृषकों को प्राकृतिक खेती के लिए चिन्हित किया गया है, प्रत्येक क्लस्टर में से दो कृषि सखी /सीआरपी का चयन किया गया है। इरी वाराणसी के वैज्ञानिक डा. विपिन कुमार ने कहा कि किसान प्राकृतिक खेती में रासायनिक खादों एवं कीटनाशको का उपयोग किए बिना स्वस्थ एवं टिकाऊ खेती कर अपनी समृद्धि कर सकते है। उन्होंने धान की सीधी बुआई (डीएसआर) तकनीक की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डा. रमेश चन्द्र यादव उप परियोजना निदेशक आत्मा द्वारा किया गया। उन्होंने प्राकृतिक खेती मिशन एवं कृषि सखी/सीआरपी के कार्य और उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया और बताया कि प्राकृतिक खेती के चार मुख्य सिद्धान्त है, जीवा मृत, वीजा मृत, आच्छादन और वाफसा है, सिद्धांत पूर्ण रूप से प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करके खेती करने और मिट्टी, पानी एवं पर्यावरण स्वस्थ रखने पर केंद्रित है। प्रशिक्षण के प्रथम दिन डॉ. हरिओम वर्मा द्वारा बताया गया कि प्रत्येक क्लस्टर में दो कृषि सखी का चयन हुआ है इन सखियों को हर क्लस्टर मे 125 किसानो को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित करना है। प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्राकृतिक खेती में देशी गाय के महत्व एवं अन्य पशुओं के उपयोग के साथ मृदा स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी गयी। तीसरे दिन डा. रूपेश सिंह द्वारा पौधों में लगने वाले रोंगो एवं कीटों का प्राकृतिक उपचार, फसल चक्र के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। चौथे दिन प्राकृतिक खेती के विभिन्न घटको को जीवंत प्रयोग कराया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन फार्म प्रक्षेत्र भ्रमण एवं इंटीग्रेटेड फार्मिंग के विभिन्न मॉडल के बारे में जानकारी दी गयी।

# भारतीय सेना के जवानों के लिए 65 रक्त वीरों ने कराया पंजीकरण

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** करैली स्थित नाज़ ब्लड बैंक की ओर से पाकिस्तान से जंग लड़ रहे देश की वीर सैनिकों को किसी प्रकार रक्त की कमी न होने पाए इस लिए डॉ नाज़ फात्मा ने नाज़ ब्लड बैंक में रक्तदान रजिस्ट्रेशन शिविर लगाया। देश में इस प्रकार की पहल प्रयागराज के नाज़ ब्लड बैंक से शुरू की गई जिसमें स्वेच्छा से लगभग 65 लोगों ने रक्तदान करने की शपथ लेते हुए पंजिकरण कराया।

इससे पहले कार्यक्रम में एम डी प्रयाग ग्रुप होटेल के रौनक़ गुप्ता डीवीज़नल आफिसर सिविल डिफेंस प्रयागराज ऐडवाईज़र ऐडवाइजरी बोर्ड इण्डियन रेलवे प्रोजेक्ट डायरेक्टर सारथी फाउंडेशन रोड सेफ्टी नीति आयोग दिल्ली कार्यक्रम में उपस्थित रहे। जिनका नाज़ ब्लड बैंक की ओर डॉ नाज़ फात्मा, डॉ विश्वदीप केसरवानी, डॉ जमशेद अली, डॉ नावेद शेख, डॉ तारिक व एम डी अमित यादव ने बुके भेंट कर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। डॉ नाज़ फात्मा ने कहा हमारे देश की सेना हम सब को सुरक्षित रखने को सरहद पर रात दिन एक कर हमारी हिफाज़त कर रही है। पाकिस्तान के साथ हमारे सैनिक लड़ रहे हैं। ऐसे में रक्तदान सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। हमने आज से इसकी शुरुआत कर दी है। हम सब देश वासी दृढ़ संकल्प लेते हैं कि हमारी भारतीय सेना को रक्त की जितनी भी आवश्यकता पड़ेगी हमारे नाज़ ब्लड बैंक उसकी पूर्ति में हर क़दम पर सैनिकों के साथ खड़ा नज़र आएगा।

रौनक गुप्ता ने भी रक्तदान पंजीकरण में आए देश प्रेमियों सिविल डिफेंस के पदाधिकारियों को को ब्लड डोनेशन पंजिकरण में आगे आने को प्रेरित किया।

# मुगलों के काल थे महाराणा प्रताप

अवधनामा संवाददाता



■ क्षत्रिय महासभा ने मनाया महाराणा प्रताप का जन्मोत्सव, शीघ्र गठित होगा महाराणा प्रताप सेवा संस्थान

**ललितपुर।** अखिल भरतीय क्षत्रिय महासभा ने जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में मेवाड़ नरेश महाराजा महाराणा प्रताप का प्रकट दिवस जिला कार्यालय पर मनाया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह परमार ने कहा कि हिंदी मास के अनुसार जेष्ठ मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया को महाराणा प्रताप का जन्म हुआ था। अंग्रेजी वर्ष अनुसार 9 मई 1540 को राजस्थान के कुंभलगढ़ में जन्म हुआ था। वह मेबाड़ के 13वें राजा थे। राघवेंद्र सिंह बघेल ने कहा कि महाराणा प्रताप की वीरता जग जाहर है। उनके एक पुत्र तेज सिंह एवम पुत्री का नाम तारा था। कहते है कि कुछ दिनों महाराणा प्रताप जी को जंगलों में घास की रोटी खाई थी। परिवार की चिंता न करते हुए उन्होंने भील आदिवसियों एवं लोगडिया़ लुहार को साथ लेकर मुगलों को धूल चटाई थी। महामंत्री भगवत सिंह ने कहा कि 1576 में हल्दीघाटी का युद्ध मेवाड़ के राणा प्रताप सिंह और मुगल सम्राट अकबर की सेना में मध्य लड़ा गया था, जिसमे मुगलों को उन्होंने धूल चटा दी थी। उन्होंने कहा कि अति शीघ्र अखिल भारतीय महाराणा प्रताप सेवा संस्थान का गठन किया जाएगा, जो सामाजिक कार्यो में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगी।

कहा कि महाराणा प्रताप को एक बार उनके ही अपनो की दोगली पूर्ण नीति से इन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद इन्होंने जंगलों में रहकर घास की रोटी खानी पड़ी थी। इनके एक पुत्र तेज सिंह एवम पुत्री तारा थी, जिनको जंगलों में भूख से म्रत्यु हो गयी थी। ऐसे वीरता पूर्ण क्षत्रिय राणा परिवार का इतिहास रहा। लेकिन कुछ लोग गलत टिप्पणी करते हैं। ऐसे लोगो को अगर अपने आपको शूरवीर मानते है तो वर्तमान में हो रही पाकिस्तान की लड़ाई में आगे आये। धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप 208 किलो वजन लेकर युद्ध को निकलते थे। उनका साथ उनके प्रिय घोड़ा चेतक ने बहुत साथ दिया था। कहा कि क्षत्रिय समाज के लोगो को रामायण एवम इतिहास की किताबें वितरित करें। राजेन्द्र सिंह ने भी एकता पर बल दिया। उपस्थित सभी लोगो ने महाराणा प्रताप के चरणों मे श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बैठक में राघवेंद्र सिंह बघेल, धर्मेन्द्र सिंह, चंद्रपाल सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, भगवत सिंह, भूपेन्द्र सिंह तोमर, बबलू राजा, राजकिशोर रावत, डग्गी राजा, मेजर राजा, धीरेन्द्र प्रताप, शैलेन्द्र राजा, राघवेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, योगेंद्र राजा व आभार भूपेन्द्र सिंह ने जताया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत आज

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली से प्राप्त दिशा-निदेशों के अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में 10 मई 2025 को सुबह 10 बजे से न्यायालय परिसर, जनपद की सभी तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेंद्र कुमार झा, ने आम नागरिकों से अपील की है कि वह इस राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर वाहनों से संबंधित ई-चालान, आपराधिक शमनीय वाद, बैंक वसूली वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, पारिवारिक, वैवाहिक मामलें, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, विद्युत अधिनियम, स्टाम्प अधिनियम, श्रम अधिनियम, भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, उपभोक्ता फोरम के वाद, स्थायी लोक अदालत में लंबित वाद, नगर पालिका टैक्स वसूली वाद, पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत चालान वाद, दुकान एवं वाणिज्य अधिनियम के अधीन बांट माप वाद, आयकर, वाणिज्य कर, जलकर, वन अधिनियम, सेवा संबंधी वाद, चेक बाउन्स के मामलें आदि के अन्तर्गत लंबित वादों एवं अन्य वादों के निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में किये जायेगें। वादकारियों से आह्वान किया कि वह अपने लंबित वादों को आपसी सुलह समझौता के आधार पर निस्तारित कराना चाहते हों तो 10 मई 2025 को समय सुबह 10 बजे न्यायालय परिसर में उपस्थित होकर अपने वादों का निस्तारण कराकर राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठायें।

# सेना के जवानों से आतंकवाद की सफाये की मांग

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** देश के करोड़ों व्यापारियों के मसीहा मार्गदर्शक पथ प्रदर्शक पं.श्याम बिहारी मिश्रा की 87 वीं जन्म जयंती पर जिला चिकित्सालय स्थित अन्नपूर्णा भोजनालय पर व्यापार मंडल के तत्वाधान में गरीबों एवं अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों को निशुल्क भोजन कराया और उनकी जन्म जयंती पर उनको विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर व्यापारियों ने वहां सभा की और पंडित जी के व्यक्तित्व,कृतित्व योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। ईस वंदना के बाद व्यापार मंडल के पदाधिकारीयों ने पंडित जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर ने कहां कि श्री मिश्रा जी ने लगभग 5 दशक तक देश की संसद से लेकर सड़कों पर संघर्ष किया किंतु उन्होंने व्यापारी समाज के सम्मान स्वाभिमान को कभी कम नहीं होने दिया। 1974 से 2021 तक पूरे देश में संगठन को खड़ा किया और अपने हितों के लिए संघर्ष का आवाहन किया। उन्होंने व्यापारी समाज को सम्मान दिलाने, इंस्पेक्टर राज, भ्रष्टाचार, आवश्यक वस्तु अधिनियम, बिक्री कर, वैट कर, मंडी अधिनियम, आयकर और सैंपल जैसे जटिल कानूनों से राहत और मुक्ति दिलाने के लिए दिल्ली की सड़कों पर और देश के विभिन्न राज्यों में संघर्ष किया और पुलिस की लाठियां के शिकार भी हुए और व्यापारी हितों के लिए कई बार जेल भी गए। उन्होंने बताया कि श्री मिश्रा जी चार बार सांसद रहे किंतु उन्होंने संसद में सिर्फ व्यापारियों का ही प्रतिनिधित्व किया ना की पार्टी और सरकार का। ऐसे नेता आज के इस युग में मिलना दुर्लभ है और उनके योगदान को देश का व्यापारी कभी नहीं भूल पाएगा। बैठक में 22 अप्रैल को पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की हुई हत्या पर भारत के वीर जवानों ने पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक कर नागरिकों की मौत का बदला लिया उसके लिए भारत की वीर जवानों के प्रति आभार व्यक्त किया और जय हिंद वंदे मातरम के नारे लगाते हुए आतंकवादियों के पूर्णतया सफाये की मांग की तथा भारत सरकार की कुशल नीति की सराहना की।

## संक्षिप्त समाचार

### बिलग्राम में एसपी ने किया पैदल गस्त



**हरदोई।** बिलग्राम पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने आज बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र में पैदल गस्त की। उनके साथ पुलिस बल भी मौजूद रहा। एसपी ने क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में जाकर स्थानीय लोगों से मुलाकात की। उन्होंने आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।गस्त के दौरान क्षेत्राधिकारी बिलग्राम रवी प्रकाश सिंह और प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार भी मौजूद रहे। इस दौरान अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी भी साथ थे।

### रवि के खेल से चौधरी नौनिहाल क्लब को मिले पूर्ण अंक

**प्रयागराज।** चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब ने गोपाल जी भारतीय स्मारक अंडर -16 क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब को छह विकेट से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। विजेता टीम के रवि यादव के ( 42 रन, 38 गेंद, चार चौके व एक छक्का एवं 8 - 0 - 32 - 2 ) उम्दा प्रदर्शन कर अपनी टीम को जीत दिलाई हैं। शुक्रवार को डीएवी कॉलेज मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब ने 40 ओवर में 241 रन ( शिवांश मिश्रा 66, कुणाल मिश्रा 47, अभिमन्यु सिंह व अर्चित सिंह 28 -28 रन, मो. अली 3/58, रवि यादव 2/32, आर्यन बैनर्जी 2/54, सचिन मिश्रा 1/43 ) पर बनाए। जवाब में चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब की टीम ने 36 ओवर में चार विकेट पर 243 रन ( हर्षितजी सहाय 59 नाबाद, सचिन मिश्रा 45 अविजित, रवि यादव व विराट सिंह 42 -42, अनमोल यादव 24, मिलिंद गुप्ता 22 रन, शुभम यादव 2/42, सौरव तिवारी 2/47 ) पर बना लिए। मैच में अरुण कुमार व तौसीफ शैख ने अंपायरिंग और मो. सैफ ने स्कोरिंग की।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दम्पति की मौत, मचा कोहराम

**उन्नाव।** दही थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ-कानपुर राजमार्ग पर स्थित इंडार्गो मोड़ के समीप बाइक सवार दंपति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवो को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। अजगैन थाना क्षेत्र के नवाबगंज कस्बे के मोहल्ला दुर्गागंज निवासी अली हुसैन (28) पुत्र स्वर्गीय मजीद अपनी पत्नी शबनम (26) के साथ बाइक से गहरा स्थित किसी फैक्ट्री में काम करने के लिए जा रहे थे तभी लखनऊ-कानपुर हाईवे पर दही थाना क्षेत्र स्थित इंडार्गो मोड़ के समीप पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची दही थाना पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों में दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना की सूचना उनके परिजनों को दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवो को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया। बताते हैं कि अली हुसैन की शादी करीब एक साल पूर्व हुई थी। हादसे के समय दोनों परिवार सहित किसी फैक्ट्री में काम करने जा रहे थे।

### भारतीय सेना पर देश को गर्व : संजय गुप्ता

**प्रयागराज।** सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ युद्ध पर चर्चा करते हुए भाजपा प्रयागराज महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि भारत ने हमेशा संयम का परिचय दिया है, शांति का पक्षधर रहा है किंतु यदि कोई इसे भंग करेगा तो उसे शिव तांडव भी दिखाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल और हर मोर्चे पर सफल नेतृत्व पर देश को गर्व और भरोसा है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के हर नापाक हमले का मुंह तोड़ जवाब देने के लिए भारतीय सेना पर देश को गर्व है।

## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने के तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 12:00 | नई दिल्ली | 04:40 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 07:00 | नई दिल्ली | 23:35 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.25 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 10.05.25 से 12.07.25 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार (ट) | 19:55 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 17.05.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 18.05.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 17:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि–साप्ताहिक | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 06 दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा (वंदे भारत स्पेशल) | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:25 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | भटिंडा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | भटिंडा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.25 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 10.05.25 से 12.07.25 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 11.05.25 से 13.07.25 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.25 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 11.05.25 से 13.07.25 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 14:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेंद्र नगर | 07:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 21.05.25 से 25.06.25 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 23.05.25 से 27.06.25 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 04324 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार एम | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या धाम जंक्शन | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 18.05.25 से 29.06.25 तक |
| 05741 | अयोध्या धाम जंक्शन | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 19.05.25 से 30.06.25 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 14.05.25 से 16.07.25 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 16.05.25 से 18.07.25 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 19.05.25 से 14.07.25 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार एम | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 21.05.25 से 16.07.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 19:00 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 17:20 | वडोदरा जंक्शन | 11:25 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01441 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 01442 | हजरत निजामुद्दीन | 22:20 | पुणे | 02:45 | | बुधवार | 28.05.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | गुरुवार | 29.05.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित हुए मेधावी विद्यार्थी

■ अतिथियों ने कड़ी मेहनत और लगन से लक्ष्य प्राप्त करने का आह्वान किया

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला रामकृष्णनगर स्थित गुरू कृपा इण्टर कॉलेज में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें यूपी बोर्ड परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनें बाले मेधावी छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा शील्ड व मैडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

शुक्रवार को आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। इस दौरान डा. आरके कटियार एवं संजीव चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि यह सम्मान केवल पुरस्कार नहीं, बल्कि आपके समर्पण और कड़ी मेहनत का प्रमाण है। आप सभी को आगे भी इसी लगन और मनोयोग से अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना चाहिए। सफलता उन्हीं को मिलती है, जो लगातार प्रयास करते रहते हैं।

इसके उपरान्त कक्षा 10वीं शिवांशु श्रीवास्तव 91.66, प्रतीक पाल 84.6, अंशिका गौतम 81.3, यसी गुप्ता 80, अंशिका गुप्ता 79 प्रतिशत और 12वीं नैंसी श्रीवास्तव 85.4, प्रांशु कुशवाहा 84.2, अंशिका बाथम 82, सानिया कष्यप 80.6, मुस्कान कुशवाहा 80.4, तेजस शर्मा 78.6 प्रतिशत उच्च अंक प्राप्त करने पर शील्ड व मैडल देकर सम्मानित किया गया। समारोह के अंत में प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार पाल ने सभी सम्मानित छात्रों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे छात्रों की यह उपलब्धि विद्यालय ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। हमें विश्वास है कि ये छात्र भविष्य में भी ऊंचाइयों को छूएंगे। इस दौरान राजीव चौहान सहित शिक्षक शिवम गुप्ता, मनमोहन सिंह, संजीव मिश्रा, शारस्वत त्रिपाठी, आलोक यादव, शालू यादव, आंशी दुवे, अर्चना, अनीता, अमित श्रीवास्तव, उरूज, दुरवेश पाल सहित अभिभावकगण मौजूद रहे।

## आठ उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले, दो दरोगा बने वरिष्ठ उपनिरीक्षक

**उन्नाव।** जनपद की कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने के इरादे से पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने पुलिस मोहकमे मे व्यापक फेरबदल किया है। इस बदलाव में एसपी ने कई दरोगाओं को जिम्मेदारियां दी है। एसपी ने दरोगा श्यामजी को अजगैन, संतोष कुमार यादव को प्रोन्नति देकर सफीपुर का वरिष्ठ उपनिरीक्षक के पद पर तैनाती दी है। गंगाघाट थाने के उपनिरीक्षक राम प्रताप सिंह को प्रोन्नति देकर उन्हें बारासगवर थाने का का वरिष्ठ उपनिरीक्षक बनाया है। एसपी ने पुलिस थाने लाइन में तैनात उपनिरीक्षक दशरथराम को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट भेजा है। उपनिरीक्षक अभय कुमार तिवारी को जिला क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो में तैनात किया है। दरोगा हरेंद्र प्रसाद को थाना बारासगवर थाने में जिम्मेदारी मिली है। पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक हरी निवास शर्मा को आसीवन, बारासगवर में तैनात वरिष्ठ उपनिरीक्षक माणिकराम वर्मा को आसीवन स्थानांतरित किया है। माना जा रहा है कि यह फेरबदल थानों के बेहतर संचालन और पुलिस प्रशासन की आंतरिक मजबूती के लिए किया गया है। इससे पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़ेगा और स्थान की कार्य प्रणाली में सुधार होगा।

# एक सड़क का तीन बार फर्जी निर्माण दिखा 5.68 लाख का गबन

■ डीएम ने प्रधान के वित्तीय अधिकार किये सीज, सचिव व अवर अभियंता पर कार्यवाही

**अवधनामा संवाददाता**

**उन्नाव।** बिछिया विकासखंड की ग्राम पंचायत तारगांव में बड़ा भ्रष्टाचार सामने आया है। यहां एक ही सड़क का तीन बार फर्जी निर्माण दिखाकर 5.68 लाख रुपये का सरकारी धन गबन कर लिया गया। मामले की जांच के बाद डीएम गौरांग राठी ने ग्राम प्रधान चंद्रपाल के प्रशासनिक और वित्तीय अधिकार तत्काल प्रभाव से सीज कर दिए हैं। साथ ही सचिव और अवर अभियंता पर भी कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। तारगांव निवासी रामदत्त ने 5 मार्च 2024 को डीएम को शिकायत पत्र देकर ग्राम प्रधान और सचिव पर विकास कार्यों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। डीएम ने शिकायत की जांच जिला लेखा परीक्षा अधिकारी सहकारी समिति एवं पंचायत विभाग को सौंपी थी। जांच टीम ने अभिलेखों और स्थलीय निरीक्षण के बाद पाया कि साल 2020-21 में एक सड़क निर्माण कार्य कराया गया था, जो पकरा मजरा में ललतू के घर से दुर्गा मंदिर तक जाता है लेकिन इसी सड़क को 2021-22 में तीन अलग-अलग हिस्सों और नामों से फर्जी दिखाकर 5,68,642 रुपये का भुगतान कर दिया गया। प्रधान चंद्रपाल से जबाब मांगा गया, लेकिन जवाब संतोषजनक न होने पर अधिकार सीज कर दिए गए।मामले की अंतिम जांच उप कृषि निदेशक को सौंपी गई है। ग्राम विकास अधिकारी दिलीप कुमार भारतीय और ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की अवर अभियंता राखी द्विवेदी भी दोषी पाई गई। भुगतान प्रधान व सचिव द्वारा मिलकर किया गया, इसलिए 2.84 लाख रुपये की वसूली दोनों से की जाएगी। जांच रिपोर्ट में जेई राखी द्विवेदी की कार्यप्रणाली पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा गया कि स्थलीय निरीक्षण किए बिना केवल सचिव की बताई गई माप के आधार पर माप बही तैयार की गई जो घोर लापरवाही है। इस पर डीएम ने अवर अभियंता पर कार्रवाई के लिए ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के एक्सईएन और सचिव पर जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिए हैं। यह मामला दर्शाता है कि कैसे सरकारी धन का दुरुपयोग कर भ्रष्टाचार किया गया और शासन द्वारा तत्परता से कार्रवाई कर दोषियों को बेनकाब किया गया।

## वक्फ सुधार जनजागरण अभियान

# मुस्लिम समुदाय को भ्रमित करने का प्रयास: आशीष सिंह



**अवधनामा संवाददाता**

**बिलग्राम।** विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशीष सिंह आशु नें फतेहगंज मोहिउद्दीनपुर मल्लावां में आयोजित वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के निमित्त अल्पसंख्यक प्रबुद्ध संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारी सरकार वक्फ संशोधन विधेयक-2025 के माध्यम से वक्फ की जमीनों के बेहतर प्रबंधन, पारदर्शिता व सदुपयोग सुनिश्चित करता है। इस कानून के उपरांत वक्फ की संपत्ति का उपयोग गरीब मुसलमानों को विशेषाधिकार देने के साथ ही उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा सुनिश्चित कराने में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।हमारे गरीब मुस्लिम भाई-बहनों को लंबे समय से बरगलाने वाले कांग्रेस और उसके सहयोगी दल तुष्टिकरण की राजनीति से ग्रसित है। वक्फ बिल को लेकर मुस्लिम समुदाय को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह गुड्डू फिरोज अहमद (अल्पसंख्यक मंत्री) परवेज आलम (प्रतिनिधि अध्यक्ष नगर पालिका मल्लावां) अजीत कश्यप (मण्डल अध्यक्ष) कमलेश कुमार बबलू (अध्यक्ष प्र. नगर पंचायत कुरसठ) मो. इकबाल (सभासद) सगीर अंसारी (सभासद) इकरामुद्दीन (सभासद) इंतिशार अंसारी (सभासद) मो. अफसर बल्लू (सभासद) विनीत वर्मा (सभासद) शिखा वर्मा (सभासद) मयंक (सभासद) हाजी अकील अंसारी (सभासद) मिसबाहुद्दीन (अल्पसंख्यक मोर्चा) हाजी इशहाक अंसारी (पूर्व सभासद) जावेद रिजवी लारैब अंसारी राशिद अंसारी नौशाद रिजवान अंसारी सद्दाम हुसैन सरफराज हुसैन समेत सभी गणमान्य जन मौजूद रहे।

## भगत सिंह पार्क का एक करोड़ रु से सौंदर्यीकरण

**मथुरा।** महानगर के डैंपियर नगर स्थित भगत सिंह पार्क में आज अचानक मथुरा वृंदावन नगर निगम के नगर आयुक्त शशांक चौधरी पहुंच गए। वहां मौजूद स्थानीय नागरिकों की मांग पर उन्होंने ऐलान किया कि करीब एक करोड रुपए की धनराशि से पार्क में सौंदर्यीकरण और विभिन्न कार्य कराए जाएंगे। नगर आयुक्त श्री चौधरी ने वार्ड सं. 49 के पार्षद मनोज कुमार के साथ डेम्पियर नगर स्थित भगत सिंह पार्क का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पार्क में समुचित साफ-सफाई का कार्य कराये जाने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया। पार्क में आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण शौचालय का निर्माण कराये जाने एवं पार्क में लगे पौधों, वृक्षों की देख-रेख किये जाने के लिये अतिरिक्त माली की तैनाती कराये जाने हेतु प्रभारी मुख्य अभियंता सिविल को आदेश किये। पार्क में आने वाले स्थानीय निवासियों को शुद्ध व शीतल पेयजल उपलब्ध कराने हेतु शीतल जल प्याऊ को निर्माण एवं पार्क में प्रकाश व्यवस्था के लिये महाप्रबंधक जल तथा पार्क में रात्री के दौरान असामाजिक तत्वों से बचाव एवं सुरक्षा हेतु गार्ड की तैनाती किये जाने तथा निष्प्रयोज्य वेस्ट को हटाये जाने हेतु प्रभारी मुख्य अभियंता को निर्देशित किया।

# पूर्व और वर्तमान कप्तान के आदेश फरह पुलिस के ठेंगे पर

**अवधनामा संवाददाता**

■ नाबालिक को बरामद करने के लिए दो माह पूर्व एसपी सिटी के पर्यवेक्षण में पांच टीम गठित की थी आज तक नहीं हुई कोई कार्यवाही

■ हाईकोर्ट का आदेश भी बेअसर पीड़ित माता-पिता भटक रहे हैं दर-दर

**मथुरा।** नाबालिग बेटियों के गायब होने अथवा अपहरण के मामलों को लेकर मथुरा पुलिस गंभीर नहीं दिखाई दे रही है जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्र से अनेकों घटनाएं हो चुकी हैं ऐसे मामलों में पुलिस एफआईआर दर्ज कर किसी देवीय शक्ति का इंतजार करती है कि जादुई तरीके से अपहृता की रिकवरी हो जाए पुलिस विवेचना के नाम पर केवल कागजी औपचारिकताएं पूरी करती है अपहृता के पीड़ित माता-पिता अपनी बेटी को बरामद करने के लिए पुलिस और अधिकारियों के चक्कर लगाते लगाते परेशान हो जाते हैं पुलिस को पीड़ितों की स्थिति से कोई लेना देना नहीं है ऐसे पीड़ित सामाजिक, मानसिक और आर्थिक तीनों प्रकार का दंश झेलते हैं।

ऐसा ही एक मामला थाना फरह का क्षेत्र का है जानकारी के अनुसार 11 जुलाई 2024 को थाना क्षेत्र के गांव की रहने वाली 16 वर्ष की नाबालिक लड़की को गांव का ही नामजद युवक बहला फुसलाकर भाग ले गया था।

इस घटना की रिपोर्ट पीड़िता के पिता के द्वारा थाने पर अपराध संख्या 232 वर्ष 2024 धारा 137(2) तथा 142 बी एन एस बनाम अजय आदि के विरुद्ध दर्ज कराई गई थी।

पीड़ित पिता नाहर सिंह और उसकी पत्नी मथुरा ही नहीं आगरा और लखनऊ तक अधिकारियों के यहां अपनी पुत्री की बरामदगी को लेकर फरियाद लगा चुके हैं लेकिन कोई समस्या का समाधान नहीं होने की स्थिति में पीड़ित ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की शरण ली है।

हाई कोर्ट के आदेश पर तत्कालीन डीआईजी/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे ने 9 मार्च 2025 को अपने एक आदेश के अनुसार पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में पांच टीमों का गठन किया था आश्चर्य की बात यह है टीम में क्षेत्राधिकारी रिफाइनरी और थाना प्रभारी निरीक्षक के अलावा निरीक्षक अपराध और प्रभारी निरीक्षक एल आई यू सर्विलांस प्रभारी एसओजी प्रभारी के अलावा विवेचक सुभाष चंद्र और उप निरीक्षक तेजेंद्र सिंह, सुनील कुमार मुख्य आरक्षी कुलदीप कुमार के अलावा महिला आरक्षी वंदना को टीमों में शामिल किया गया।

बताया जाता है तत्कालीन पुलिस कप्तान शैलेश कुमार पांडे के द्वारा इलाहाबाद उच्च न्यायालय में भी अपना हल्पनामा दाखिल किया है। उनका जनपद से ट्रांसफर हो चुका है नए कप्तान के रूप में श्लोक कुमार ने पदभार संभाला है पीड़ित 15 दिन पूर्व नए कप्तान से मिलकर अपनी फरियाद सुना चुका है उन्होंने क्षेत्राधिकारी रिफायनरी और प्रभारी निरीक्षक को स्पष्ट आदेश के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई है पीड़ित ने पुन्ः कप्तान के सामने उपस्थित होकर अपनी वेदना व्यक्त की है। लड़कियों के अपहरण के मामले में पुलिस इतनी असंवेदनशील क्यों हो चुकी है।

उन्हें पीड़ित की पीड़ा दिखाई नहीं दे रही है पीड़ित का सामाजिक मानसिक और आर्थिक शोषण तो हो ही रहा है उनके सामने शिवाय भगवान भरोसे के और कोई विकल्प नजर नहीं आ रहा है इस संबंध में जनपद के दौरे पर आई महिला आयोग की अध्यक्ष के संज्ञान में इस मामले के अलावा दर्जन भर मामले पत्रकारों के द्वारा लाये गए उन्होंने भी पुलिस अधिकारियों की भांति कार्रवाई करने का भरोसा दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### रंजिश के चलते युवक के मारी गोली पांच घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम कुडरी पुरवा निवासी जगदीश पुत्र सूरज प्रसाद यादव द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि शुक्रवार की दोपहर 02:30 बजे उसके ही गांव के चार लोग दरवाजे पर आए और गाली गलौज करने लगे। उसके द्वारा विरोध करने पर लाठी डण्डों से मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आए पड़ोसी जनपद हरदोई के थाना अरवल के ग्राम बरगद पुरवा निवासी उसके रिश्तेदार अर्जुन एवं मिंटू, विपिन सिंह व कृष्णपाल को भी मारपीट कर घायल कर दिया तथा विपिन को जान से मारने की नीयत से गोली मार दी। और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना की सूचना पर दलबल के साथ पहुंचे प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुबे ने सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करने के उपरांत पीडित की तहरीर पर घटना की जांच शुरू कर दी है।

### युवती को भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम निवासी महिला द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 07 मई की रात्रि 02 बजे उसकी 18 वर्षीय पुत्री को गांव का ही रिंकू पुत्र लालाराम नुनेरी कहीं बहला फुसलाकर भगा ले गया है। बताया कि उसकी पुत्री घर में रखे 90 हजार रुपए अपने साथ ले गई है। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने वाला युवक पहुंचा सलाखों के पीछे



**उन्नाव।** कस्बा सफीपुर निवासी एक युवक ने प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार को लेकर आपत्तिजनक वीडियो इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा कर दिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया जिससे इलाके में तनाव का माहौल बनने लगा। वीडियो वायरल होने के बाद कई नागरिकों ने उसका स्क्रीनशॉट और क्लिप पुलिस को भेजा जिसके बाद मामला संज्ञान में आया। कोतवाली प्रभारी सुब्रत त्रिपाठी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच के निर्देश दिए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अंशू उर्फ अनस पुत्र शकील निवासी स्टेशन रोड सराय सूबेदार सफीपुर को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की तकनीकी जांच साइबर सेल को सौंपी गई है। साइबर विशेषज्ञ यह पता लगाने में जुटे हैं कि वीडियो मूल रूप से कहां से बनाया गया और कैसे वायरल हुआ। पुलिस का कहना है कि देश के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक, भ्रामक या भड़काऊ सामग्री को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे कृत्यों से सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका होती है जिस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट करने से बचें और ऐसी गतिविधियों की सूचना तुरंत दें।

### नगर पालिका अध्यक्ष ने किया प्याऊ व विश्रामालय का शुभारंभ



**उन्नाव।** नगर पालिका परिषद द्वारा भीषण गर्मी के मौसम में प्रत्येक वर्ष की भाँति नगर के चिन्हित स्थानों पर निर्मित शुद्ध पेयजल प्याऊ व विश्रामालय का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्षा श्वेता भानू मिश्रा द्वारा किया गया। मई-जून की भीषण गर्मी में राहगीरों व स्थानीय जनों को राहत के लिए प्रत्येक वर्ष की भाँति नगर पालिका परिषद द्वारा शुद्ध पेयजल प्याऊ व विश्रामालय का निर्माण किया गया जिसमें से जिलाधिकारी कार्यालय व रानी शंकर सहाय इंटर कालेज के पास निर्मित प्याऊ व विश्रामालय का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्षा श्वेता भानू मिश्रा द्वारा किया गया। इस दौरान श्वेता भानु मिश्रा द्वारा उपस्थित राहगीरों व स्थानीयजनों को गुड़ खिलाकर व घड़े का ठंडा पानी पिलाकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम में गाँधीनगर सभासद मोनू दीक्षित स्थानीय जन व नगर पालिका के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, मचा कोहराम

**उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सेतुवाही में एक युवक की संदिग्धावस्था में मौत हो गई। चर्चा है कि पत्नी से कहासुनी के बाद युवक ने कोई जहरीला पदार्थ निगल लिया और बाद में घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की अचानक मौत से परिजनों में चीख-पुकार मची हुई है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया है। ग्राम सेतुवाही निवासी रामखेलावन के बेटे अमित 30 वर्ष ने बीते बुधवार की शाम पत्नी से कहासुनी होने के चलते घर में रखा कोई जहरीला पदार्थ निगल लिया। चर्चा है कि जहर का असर न देखकर युवक अपने घर के अंदर फांसी पर झूल गया। परिजनों ने आनन-फानन उसे नीचे उतारा। किंतु तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। यह देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर आज गुरुवार को पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। पति की अचानक मौत से पत्नी उर्मिला रो-रोकर बेहाल है। मृतक के तीन अबोध बच्चे भी हैं।जिनकी परवरिश की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**उन्नाव।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अचलगंज पुलिस द्वारा दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया गया। 1 मई को थाना अचलगंज पर मु0अ0सं0 205/2025 धारा 64,352,351(3) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। आज पुलिस द्वारा मुकदमे में वांछित अभियुक्त निलेश कुमार शर्मा पुत्र रमेश शर्मा निवासी कोरारी कला थाना अचलगंज को कोरारी मोड़ से गिरफ्तार किया गया।

# रेलवे लाइन विस्तार कार्य के चलते बार बार हो रहा जलभराव

**अवधनामा संवाददाता**

■ नगर आयुक्त ने रेलवे के अधिकारियों की लगाई क्लास

**मथुरा।** महानगर में बी.एस.ए. कॉलेज पुलिया से लेकर भूतेश्वर अण्डरपास तक उत्तर मध्य रेलवे द्वारा कराये जा रहे रेलवे लाइन विस्तार कार्य पर मथुरा वृंदावन नगर निगम के आयुक्त ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए रेलवे अधिकारियों से कहा है कि कार्य में शिथिलता के कारण बारिश के दौरान जल भराव से आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है, तत्काल कार्य पूरा नहीं हुआ तो जनहित में कानूनी कार्यवाही के लिए मजबूर होना पड़ेगा। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त श्री चौधरी द्वारा रेलवे विभाग के अधिशासी अभियंता से डायवर्ट किये गये नाले को पुनः जल्द से जल्द मुख्य नाले में जोड़े जाने हेतु कहा गया जिस पर अधिशासी अभियंता द्वारा बताया गया कि शीघ्र अतिशीघ्र कार्य पूर्ण कराकर नाले को पुनः स्थिति में कर दिया जायेगा। मौके पर रेलवे लाइन विस्तार का कार्य कर रही फर्म को भी नगर आयुक्त द्वारा तीव्र गति से कार्य पूर्ण कराये जाने को लेकर कड़ी फटकार लगाई। इसके उपरान्त नगर आयुक्त ने बी.एस.ए. कॉलेज पुलिया से लेकर भूतेश्वर अण्डरपास तक सघन रूप से सम्पूर्ण मार्ग का निरीक्षण करते हुए सभी प्रकार के स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण को हटवाया। यहाँ नालों पर स्लैब लगी हुयी थी उनको कुछ-कुछ अन्तराल पर स्लैब हटाकर /तोड़कर नाले की सफाई कराये कराई। नगर आयुक्त ने नाले में बांस डालकर गहराई एवं सिल्ट की जांच की। बी.एस.ए. कॉलेज पर रोड पर नगर आयुक्त ने सभी प्रतिष्ठान संचालकों को चेतावनी दी कि अपने प्रतिष्ठान के आगे सामान रखकर एवं वाहन खड़ा कर अतिक्रमण न किया जाये अन्यथा की स्थिति में जब्तीकरण की कार्यवाही करने के साथ जुर्माने की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सहायक नगर आयुक्त राकेश कुमार त्यागी नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. गोपाल गर्ग महाप्रबंधक जल मौ. अनवर ख्वाजा प्रभारी मुख्य अभियंता अमरेन्द्र गौतम अवर अभियंता सिविल मुनिदेव अवर अभियंता प्रतिभा ओझा जल मुख्य सफाई निरीक्षक मुकेश शर्मा सफाई निरीक्षक विपिन सिंह प्रवर्तन दल टीम के अलावा पार्षद प्रतिनिधि तिलकवीर चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत आज

**मथुरा।** अपर जिला जज / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,जनपद न्यायालय, मथुरा सुरेन्द्र प्रसाद ने अवगत कराया है कि मुख्य न्यायाधिपति, सर्वोच्च न्यायालय / मुख्य संरक्षक, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं माननीय वरिष्ठ न्यायमूर्ति, सर्वोच्च न्यायालय / कार्यपालक अध्यक्ष, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा भारत वर्ष में माननीय उच्चतम न्यायालय से तहसील स्तर तक 10 मई दिन द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी प्रकार के वादों (आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, सर्विस में वेतन सम्बंधित विवाद एवं सेवानिवृत्तिक लाभों से सम्बंधित विवाद, राजस्व वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, अन्य सिविल वाद, किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद, अन्य वाद) का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर अपने-अपने न्यायालयों में किया जाना है।

# यादव महिला महासभा की प्रदेश अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**अवधनामा संवाददाता**

■ समाज में संस्कृति , शिक्षा, संस्कार पर बढ़ेगा काम: मीना

**मथुरा।** अखिल भारतीय वर्षीय यादव महासभा महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष मीना यादव का श्रीकृष्ण अहिरानी यदुवंशी परिवार की महिलाओं ने जोरदार स्वागत किया। स्थानीय जयगुरुदेव आश्रम में आयोजित स्वागत समारोह में वक्ताओं ने पहली बार मथुरा की अहिरानियों को दिए सम्मान के लिए आभार प्रदर्शन किया। नव नियुक्त अध्यक्ष मीना ने महिला इकाई की राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू यदू, गुजरात यादव समाज की शान लीरी बहन का आभार जताया कि उन्होंने ब्रज की महिला पर संगठन ने भरोसा जताया है। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक यादव को आश्वस्त किया कि समाज के उत्थान के कार्य में ब्रज की अहिरानियां कभी पीछे नहीं रहेंगी।संचालन करते हुए विशिष्टा यादव ने कहा की श्रीकृष्ण की भूमि से संस्कृति, शिक्षा, संस्कार का संदेश समूचे प्रदेश में जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व सभासद प्रीति यादव, सुनीता, अंजू पुष्पांजलि, अंजू होलीगेट, बबीता, शिवानी, अमिता, कनकलता, संस्कृति, सीमा सदर, सीमा, धर्मवीर ,सत्येंद्र, प्रहलाद, नरेश प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# महाराणा प्रताप की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित

**अवधनामा संवाददाता**



**मथुरा।** कृष्णा नगर बिजली घर कैंप कार्यालय मथुरा पर पर समता फाऊंडेशन एवं महात्मा ज्योतिबा फूले विकास समिति के तत्वाधान में वीर शिरोमणि पराक्रमी महाराजा महाराणा प्रताप जी के 485 में जन्म दिवस पर पुष्पांजलि सभा का आयोजन धनीराम प्रधान की अध्यक्षता में किया गया।

पुष्पांजलि सभा में सर्वप्रथम महाराणा प्रताप के प्रतीकात्मक चित्र को नमन कर रमेश सैनी एवं राजेंद्र निमेश प्रदेश कोर कमेटी सदस्य आजाद समाज पार्टी उत्तर प्रदेशने संयुक्त रूप से महाराणा प्रताप को वीरों का सम्मान करने वाला अन्याय अत्याचार एवं मातृभूमि की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाला भारत का वीर शिरोमणि बताकर याद किया।

इस मौके पर अध्यक्ष लुकेश कुमार राहीने बताया महाराणा प्रताप जी पराधीन भारत के एकमात्र वीर पराक्रमी साहस एवं संघर्ष की प्रतिमूर्ति थे। वर्तमान परिपेक्ष में भारत की रक्षा में समर्पित वीर युवा सुरमा सैनिकों को महाराणा प्रताप के संघर्ष मय जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

इस मौके पर सलीम खान महानगर अध्यक्षभारतीय किसान यूनियन (टिकैत)प्रोफेसर नरेश सर राजू सिंह हरि सविता सरदार महेंद्र सिंह सौदान सिंह साबिर खान फहीम भगत जी रमेश सैनी लक्ष्मण सैनी भोला कम कुलदीप पिसावा विवेक कुमार आदि मौजूद है।

# भारत विकास परिषद प्रयाग शाखा ने मनाया स्थापना दिवस

**अवधनामा संवाददाता**

■ विवेकानंद के आदर्शों पर चलने वाली भारत विकास परिषद की समाज एवं राष्ट्र के लिए सदैव प्रासंगिकता बनी रहेगी

**प्रयागराज।** भारत विकास परिषद प्रयाग शाखा की ओर से स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन आज किया गया। प्रयाग शाखा के अध्यक्ष राज नारायण अग्रवाल ने मुख्य अतिथि सहित सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति अनूप कुमार गोयल ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि भारत विकास परिषद की स्थापना भारत चीन युद्ध के समय हुई थी और आज देश पुनः एक युद्ध की ओर अग्रसर है, ऐसे में सदस्यों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। विवेकानंद के आदर्शों पर चलने वाली भारत विकास परिषद जैसी समाजसेवी संस्थाओं की समाज एवं राष्ट्र के लिए सदैव प्रासंगिकता बनी रहेगी, जिसके सदस्य सदैव समाज और राष्ट्र की सेवा तथा उसकी उन्नती के लिए तत्पर रहते हैं।

इस अवसर पर भारत विकास परिषद प्रयाग शाखा की स्मारिका का विमोचन किया गया जिसका संपादन सी ए डॉ नवीन चंद्र अग्रवाल ने किया है।

प्रयाग शाखा की निवर्तमान अध्यक्ष डॉ अल्पना अग्रवाल ने भारत विकास परिषद प्रयाग शाखा का परिचय प्रस्तुत करते हुए कहा कि भारत विकास परिषद, प्रयाग शाखा का गठन 1983 में प्रयाग के कुछ प्रतिष्ठित बुद्धिजीवियों ने किया था। इसमें प्रयाग के हर क्षेत्र से प्रतिष्ठित नाम जुड़े। नगर के अनेक प्रतिष्ठित न्यायाधीश,अधिवक्ता, डॉक्टर, अध्यापक, व्यवसायी और समाजसेवी परिषद के सदस्य एवं दायित्वधारी रहे। प्रसिद्ध न्याय मूर्ति जगमोहन लाल सिन्हा इसके प्रथम अध्यक्ष थे।

इस अवसर पर शाखा के संस्थापक सदस्य और पूर्व अध्यक्ष चंद्र मोहन भार्गव, सहित अन्य पूर्व अध्यक्षों संरक्षक पी एस मित्तल, आर पी अग्रवाल, डॉ नवीन चंद्र अग्रवाल, आलोक शाह, प्रो उमेश प्रताप सिंह, डॉ अल्पना अग्रवाल को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट आरपी अग्रवाल और शाखा अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ जगदीश्वर द्विवेदी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर उमेश प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रोफेसर पूनम मित्तल, प्रोफेसर अशोक मित्तल, इंद्रेश भार्गव, दिनेश रस्तोगी, डॉ पुरुषोत्तम केसरवानी, एडवोकेट अरुण त्रिपाठी, शरद गुप्ता, डॉक्टर रितेश अग्रवाल साहित शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## हाथों की ढीली स्किन बनेगी कोमल और मुलायम, टाइट और शाइनी बनेगी त्वचा

**नई दिल्ली।**अगर आप भी हाथों की स्किन को टाइट और सुंदर करना चाहते हैं, तो हम आपको कुछ चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल आप सप्ताह में आप 2 दिन इस्तेमाल कर सकती हैं। जिससे आपके हाथों की स्किन टाइट होगी और हाथ भी सुंदर दिखेंगे।

आजकल की भागदौड़ भरी लाइफस्टाइल की वजह से खानपान और त्वचा से जुड़ी समस्याएं शुरू हो जाती हैं। स्किन केयर के लिए महिलाएं कई महंगे-महंगे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन हाथों की केयर करने के बारे में भूल जाती हैं। जिसकी वजह से हाथों की स्किन ढीली और बेजान नजर आने लगती हैं। इस वजह से महिलाएं उम्र से पहले बूढ़ी नजर आने लगती हैं। ऐसे में अगर आप भी हाथों की स्किन को टाइट और सुंदर करना चाहते हैं, तो हम आपको कुछ चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल आप सप्ताह में आप 2 दिन इस्तेमाल कर सकती हैं। जिससे आपके हाथों की स्किन टाइट होगी और हाथ भी सुंदर दिखेंगे।

बता दें कि बादाम स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है और बादाम का तेल स्किन के लिए लाभकारी होता है। बादाम के तेल में कई गुण और विटामिन पाए जाते हैं। बादाम का तेल स्किन की नमी बनाए रखने और त्वचा में कसाव लाने का काम करता है।

एलोवेरा जेल में कई सारे गुण पाए जाते हैं और यह सभी गुण त्वचा के लिए फायदेमंद होते हैं। एलोवेरा जेल में एंटी-ऑक्सीडेंट और मॉइस्चराइजिंग गुण पाए जाते हैं। जोकि स्किन पर ग्लो लाने का काम करते हैं। साथ ही यह स्किन को टाइट और कोमल बनाने में सहायता करते हैं।

सबसे पहले हाथों को अच्छे से साफ कर लें। उसके बाद एलोवेरा पत्ते से जेल निकालें अब इस जेल को हाथों पर अप्लाई करें और फिर 20 मिनट बाद अपने हाथों को ठंडे पानी से धो लें। इस उपाय को सप्ताह में दो बार करना चाहिए।

# एजिंग स्किन की केयर कर सकती है सौंफ, बस इन तरीकों से करें इस्तेमाल

**नई दिल्ली।**स्किन को टाइटन करने से लेकर उसके टेक्सचर को बेहतर बनाने और स्किन के नेचुरल ग्लो को बढ़ाने में सौंफ मददगार साबित हो सकती है। यह अपनी स्किन का ख्याल रखने का एक नेचुरल और बजट फ्रेंडली तरीका है।



सौंफ को डाइजेशन के लिए काफी अच्छा माना जाता है। लेकिन बहुत कम लोगों को इस बात की जानकारी है कि सौंफ आपकी स्किन के लिए भी उतनी ही फायेदमंद है। खासतौर से, सौंफ आपकी स्किन को लंबे समय तक यंगर बनाए रखने में मददगार है। दरअसल, सौंफ में एंटी-ऑक्सीडेंट्स, विटामिन सी और कई ज़रूरी मिनरल्स पाए जाते हैं, जो फ्री रेडिकल्स से लड़ते हैं, जो स्किन की झुर्रियों, ढीलापन और बेजानपन के पीछे का बड़ा कारण होते हैं।

यही वजह है कि अपनी स्किन को टाइटन करने से लेकर उसके टेक्सचर को बेहतर बनाने और स्किन के नेचुरल ग्लो को बढ़ाने में सौंफ मददगार साबित हो सकती है। यह अपनी स्किन का ख्याल रखने का एक नेचुरल और बजट फ्रेंडली तरीका है। इतना ही नहीं, आप इसे अपने स्किन केयर रूटीन में कई अलग-अलग तरीकों से शामिल भी कर सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि एजिंग स्किन की देखभाल के लिए आप सौंफ को किस तरह इस्तेमाल कर सकते हैं- यह एक नेचुरल एंटी-एजिंग टोनर की तरह काम करता है। सौंफ के बीज में फ्लेवोनॉयड्स और विटामिन सी होते हैं, जो स्किन को टाइटन करने, फाइन लाइन्स को कम करने और स्किन की रंगत को एकसमान बनाने में मदद करते हैं।

1 चम्मच सौंफ के बीज को 1 कप गर्म पानी में 30 मिनट तक भिगोकर रखें। फिर छानकर इसे स्प्रे बोतल में भरकर फ्रिज में रखें। इसे चेहरे पर ताजगी देने वाले मिस्ट या टोनर के रूप में इस्तेमाल करें।

सौंफ फ्री रेडिकल्स से लड़ने के साथ-साथ कोलेजन को बढ़ाता है, जबकि दही स्किन को हाइड्रेट करती है और लैक्टिक एसिड की मदद से हल्के से एक्सफोलिएट करता है। यह मिश्रण स्किन को ताजगी और चमक देता है। चम्मच सौंफ के बीज को पीसकर पाउडर बना लें। इसे 1 चम्मच दही के साथ मिला लें और चेहरे पर लगाएं। 15-20 मिनट तक लगा रहने दें और फिर धो लें।यह स्क्रब डेड स्किन सेल्स को हटाने और ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाने में मदद करता है। जिसकी वजह से आपकी स्किन ज्यादा चमकदार और जवां दिखने लगती है। सौंफ के एंटी-एजिंग गुण समय के साथ उम्र के धब्बों को कम करने में मदद करते हैं। एक चम्मच सौंफ के बीज को मोटे तौर पर पीसकर शहद या एलोवेरा जेल में मिला लें और इसे एक हल्के स्क्रब के रूप में हफ्ते में एक बार इस्तेमाल करें।

## बसंती हवाओं में रूखी हो गई है स्किन तो फॉलो करें ये टिप्स, ग्लोइंग और हाइड्रेटेड रहेगी त्वचा

**नई दिल्ली।** स्किन को खूबसूरत और स्वस्थ बनाए रखने के लिए जरूरी है कि आप अपनी स्किन केयर रूटीन में कुछ बदलाव करें। इन स्किन केयर रूटीन को फॉलो कर आपकी स्किन न सिर्फ रूखेपन से बच सकती है, बल्कि इससे स्किन ग्लोइंग और हाइड्रेटेड रहेगी।

बसंत का मौसम आने पर बड़ा बदलाव होता है, लेकिन यह बदलाव स्किन के लिए चुनौतीपूर्ण होता है। इस मौसम में बसंती हवाएं हमारी स्किन की नमी को छीन लेती हैं, जिससे हमारी त्वचा बेजान, रूखी और संवेदनशील हो जाती



है। स्किन को खूबसूरत और स्वस्थ बनाए रखने के लिए जरूरी है कि आप अपनी स्किन केयर रूटीन में कुछ बदलाव करें। इन स्किन केयर रूटीन को फॉलो कर आपकी स्किन न सिर्फ रूखेपन से बच सकती है, बल्कि इससे स्किन ग्लोइंग और हाइड्रेटेड रहेगी। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे स्किन स्किन केयर टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं।

इस मौसम में स्किन की नमी को बनाए रखना जरूरी होता है। इसलिए पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और स्किन को हाइड्रेटेड रखने के लिए हाइड्रेटिंग प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें। आप स्किन को हेल्दी और नमी बनाए रखने के लिए ह्युलोरोनिक एसिड युक्त सीरम या फिर मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें। यह स्किन में नमी बनाए रखता है। इसलिए रोजाना रात में सोने से पहले गहरी मॉइस्चराइजिंग क्रीम लगाएं, जिससे आपकी स्किन रातभर रिपेयर हो सके।

मौसम बदलने के साथ ही आपको स्किन की सफाई के तरीके में भी बदलाव करना चाहिए। इस दौरान स्किन को रसायनों से भरे क्लींजर से धोने से बचना चाहिए। इसलिए आप प्राकृतिक क्लींजर का इस्तेमाल करें, जो स्किन को गहराई से साफ करें और स्किन में नमी बरकरार रखें।

बता दें कि रूखी स्किन में डेड स्किन सेल्स अधिक जमा हो जाते हैं। जिसकी वजह से हमारी स्किन बेजान दिखती है। इसलिए सप्ताह में एक बार स्क्रब से स्किन को एक्सफोलिएट करें। जिससे स्किन पर जमा डेड स्किन सेल्स हटेंगे और नई त्वचा को सांस लेने का मौका मिलेगा।

रात के समय हमारी स्किन को देखभाल की खास जरूरत होती है। इसलिए रोजाना रात में सोने से पहले सीरम या फिर अच्छे फेस ऑयल का इस्तेमाल करें। विटामिन-ई और सी युक्त प्रोडक्ट्स स्किन की मरम्मत में सहायता करते हैं और स्किन को कोमल और नरम बनाता है।

बसंत के मौसम में सूरज की किरणें हमारी स्किन पर गहरा असर डालती हैं। इसलिए बाहर निकलने से पहले हमेशा सनस्क्रीन जरूर लगाएं। आप 30 स्कस्न या उससे अधिक वाले ब्रॉड स्पेक्ट्रम सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। यह आपक ी स्किन को यूवी किरणों से बचाने के साथ डार्क स्पॉट्स और एजिंग से भी सुरक्षित रखेगा।

स्किन को नेचुरल रूप से पोषण देने के लिए होममेड फेस पैक का इस्तेमाल करें। इसलिए आप शहद और दही का पैस लगा सकते हैं। दरअसल, दही स्किन को मॉइस्चराइज करता है और शहद स्किन पर चमक बनाए रखता है। इसलिए इस फेसपैक को फेस पर अप्लाई करें और फिर 20 मिनट बाद धो लें।

बसंती मौसम में स्किन पर कठोर रसायन युक्त प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इसकी जगह आप नेचुरल और सौम्य प्रोडक्ट्स को प्राथमिकता दें। अगर आपकी स्किन अधिक सेंसिटिव है, तो स्किन एक्सपर्ट से परामर्श लें और उनकी सलाह पर प्रोडक्ट का चयन करें।

## गर्मियों में ट्राई करें 4 लाइट कलर के खूबसूरत कुर्ता सेट, एलिगेंट लगेगा आपका लुक



**नई दिल्ली।** इस गर्मी में भी आप अपने लुक को एलिगेंट बना सकती हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे कुर्ता सेट के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको ट्राई करके आप गर्मियों के मौसम में अपना कूल लुक क्रिएट कर सकती हैं। गर्मियों का मौसम शुरू हो चुका है। वहीं तेज धूप के कारण और गर्मी से बचने के लिए लड़कियां ढीले और हल्के कपड़े पहनना पसंद करती हैं। वहीं अगर आप भी गर्मियों के मौसम में खूबसूरत आउटफिट की तलाश कर रही हैं, तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि इस गर्मी में भी आप अपने लुक को एलिगेंट बना सकती हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे कुर्ता सेट के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको ट्राई करके आप गर्मियों के मौसम में अपना कूल लुक क्रिएट कर सकती हैं। अगर आप गर्मी के मौसम में रोजाना ऑफिस या कॉलेज जाती है और ऐसे में कंफर्टेबल आउटफिट पहनना पसंद कर रही है, तो आपके लिए यह स्टाइलिश लाइट पर्पल कलर स्ट्रेट कुर्ता बेस्ट हो सकता है। इस कुर्ते के साथ आप वाइट कलर की पेंट या प्लाजो शामिल कर सकती हैं। यह कुर्ता आपको ऑनलाइन 700 रुपए तक मिल जाएगा।

अगर आप गर्मियों में कोई फंक्शन अटेंड करने वाली हैं, या फिर आप कंफर्टेबल कुर्ता देख रहे हैं।

तो आप राउंड नेक स्ट्रेट कट स्टाइल कुर्ता कैरी कर सकती हैं। इसके साथ आप वाइट कलर की पैंट या फिर प्लाजो पहनकर अपने लुक को कंप्लीट कर सकती हैं। इसको आप 700 रुपए तक ऑनलाइन खरीद सकती हैं।

अपने लुक को एलिगेंट टच देने और तेज गर्मी से बचने के लिए इस तरह के लाइट ब्लू वी नेक कुर्ता ट्राई कर सकती हैं। आप ऑफिस या कॉलेज भी इस तरह के कुर्ते पहनकर जा सकती हैं। इसके साथ आप एक्सेसरीज और हेयर स्टाइल बनाकर अपने लुक को एलिगेंट टच दे सकती हैं। यह कुर्ता आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगा। ऑनलाइन खरीदने पर यह ुर्ता आपको 700 रुपए तक मिल जाएगा।

गर्मियों में आप राउंड नेक ब्लू कलर स्ट्रेट कुर्ते भी कैरी कर सकती हैं। इस तरह के कुर्ते को आप वाइट पेंट या प्लाजो के साथ पेयर कर अपने लुक को खूबसूरत बना सकती हैं। आप चाहें तो इस कुर्ते को एक्सेसरीज में भी शामिल कर सकती हैं। इसको आप ऑफिस या फिर कॉलेज के अलावा किसी फंक्शन में भी ट्राई कर सकती हैं। आप ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों जगहों से यह कुर्ता खरीद सकती हैं।

## एलोवेरा से करें सेंसिटिव स्किन की केयर, जानें इस्तेमाल का तरीका



**नई दिल्ली।** एलोवेरा जेल को आप सेंसेटिव स्किन पर बतौर मॉइश्चराइजर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप पौधे से एलोवेरा जेल निकाल लें। फेस वॉश के बाद आप थोड़ा सा जेल चेहरे पर लगाओ। इससे आपकी स्किन को दिनभर ठंडक और नमी मिलती रहेगी।

अगर आपकी स्किन सेंसेटिव है तो ऐसे में आपको किसी भी प्रोडक्ट को बहुत ही सोच-समझकर इस्तेमाल करना होता है। अगर जरा सी भी लापरवाही बरती जाए तो इससे आपकी स्किन को बहुत अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। सेंसेटिव स्किन की केयर करने के लिए एलोवेरा का इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है। यह ना केवल स्किन पर जेंटल होता है, बल्कि इससे स्किन को ठंडक भी मिलती है। साथ ही साथ, बिना किसी साइड इफेक्ट के यह आपकी स्किन को ठीक भी करता है। चाहे सनबर्न हो, रैश हो या पूरे दिन की थकान, एलोवेरा आपकी स्किन की हर समस्या से निजात दिला सकती है।

एलोवेरा का इस्तेमाल करना भी बेहद आसान है। आप घर पर ही एलोवेरा के पौधे से जेल निकालकर उसे इस्तेमाल कर सकते हैं। आप इससे फेस मास्क बना सकते हो, मिस्ट की तरह स्प्रे कर सकते हो या रोज़ मॉइस्चराइज़र की तरह भी लगा सकते हो। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि सेंसेटिव स्किन की केयर करने के लिए आप एलोवेरा जेल का इस्तेमाल किन तरीकों से कर सकते हैं- एलोवेरा जेल को आप सेंसेटिव स्किन पर बतौर मॉइश्चराइजर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप पौधे से एलोवेरा जेल निकाल लें। फेस वॉश के बाद आप थोड़ा सा जेल चेहरे पर लगाओ। इससे आपकी स्किन को दिनभर ठंडक और नमी मिलती रहेगी। एलोवेरा जेल गर्मी के दिनों में आपकी स्किन के लिए एक बेहतरीन फेस मिस्ट भी साबित हो सकता है। इसके लिए आप 1 हिस्सा एलोवेरा जेल .2 हिस्से गुलाब जल लेकर मिक्स कर लें। अब इसे  स्प्रे बोतल में भर लो।

# स्किन टोन के हिसाब से चुने अपना लहंगा, जानिए कौन सा कलर कॉम्बिनेशन रहेगा बेस्ट

**नई दिल्ली।**अगर आप बिना सोचे समझे लहंगे के कलर कॉम्बिनेशन को पहनती हैं, तो यह आपके पूरे लुक को बिगाड़ सकता है। हर स्किन टोन का अपना कलर होता है, जो उनपर अच्छा लगता है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि स्किन टोन के आधार पर आप लहंगे के कलर के किन कॉम्बिनेशन का चुनाव कर सकती हैं।

जब भी स्टाइलिश दिखने की बात होती है, तो हम सभी ट्रेंड के पीछे भागते हैं। लेकिन जरूरी नहीं होता है कि एक ही ट्रेंड सभी पर फिट बैठे। अगर आप किसी खास मौके पर लहंगा पहनने का मन बना रही हैं, तो सिर्फ ट्रेंड को फॉलो करते हुए कलर कॉम्बिनेशन नहीं चुनना चाहिए। बल्कि ऐसे रंगों का चुनाव करना चाहिए, जो आपकी स्किन टोन के साथ फिट बैठे। जिससे आपके लुक में निखार आए।



बता दें कि अगर आप बिना सोचे समझे लहंगे के कलर कॉम्बिनेशन को पहनती हैं, तो यह आपके पूरे लुक को बिगाड़ सकता है। हालांकि लहंगे के कलर कॉम्बिनेशन के ऑप्शन में कोई कमी नहीं है। इसके लिए जरूरी है कि आप अपने लिए सही कलर कॉम्बिनेशन चुनें। हर स्किन टोन का अपना कलर होता है, जो उनपर अच्छा लगता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि स्किन टोन के आधार पर आप लहंगे के कलर के किन कॉम्बिनेशन का चुनाव कर सकती हैं। अगर आपकी रंगत फेयर है तो आप लाइट और डार्क शेड्स दोनों ही पहन सकती हैं। हालांकि कुछ रंग आपकी रंगत को फीका दिखा सकते हैं। इसलिए आपको बहुत ज्यादा क्रीम, बेज या फिर सुपर ब्राइट नियॉन शेड्स से बचना चाहिए। फेयर स्किन टोन के लिए आपको मैरून, डीप पर्पल, नेवी, लैवेंडर, एमरेल्ड ग्रीन, रॉयल ब्लू, ब्लश पिंक, पीच, आइसी ब्लू और पाउडर पिंक या फिर गोल्ड व सिल्वर कलर पहनना चाहिए। इसमें आप बहुत ज्यादा खूबसूरत नजर आएंगी। वहीं अगर आप परफेक्ट कलर कॉम्बिनेशन वाला लहंगा पहनना चाहती हैं, तो आप एमरेल्ड ग्रीन के साथ गोल्ड, सिल्वर, डीप ब्लू या फिर ब्लश पिंक के अलावा रोज गोल्ड पहन सकती हैं। मीडियम स्किन टोन एक बेहद वर्सेटाइन स्किन टोन है। इसके कलर कॉम्बिनेशन में आपके पास ऑप्शन की कमी नहीं होगी। इस स्किन टोन वाली महिलाएं ऑलिव ग्रीन, रूबी रेड, मिंट ग्रीन, मस्टर्ड, डीप रेड, डस्की पिंक जैसे कलर्स कैरी कर सकती हैं। प्रयास करें कि आप अधिक लाइट पेस्टल शेड्स या फिर नियॉन ग्रीन, नियॉन येलो जैसे रंगों को इग्नोर करें। अगर आप लहंगे में कलर कॉम्बिनेशन पहनना चाहती हैं, तो आप रॉयल ब्लू के साथ सिल्वर, डीप रेड के साथ गोल्ड या फिर ऑलिव ग्रीन के साथ ब्रॉन्ज जैसे कलर्स को साथ में पेयर कर सकती हैं। इस स्किन टोन वाली महिलाएं ब्राइट और बोल्ड कलर्स को अपने स्टाइल का हिस्सा बना सकती हैं। ऐसे में आप कोबाल्ट ब्लू, ब्राइट रेड, हॉट पिंक, मैजेंटा, टैंगरीन से लेकर चॉकलेट ब्राउन, मस्टर्ड, डीप ग्रीन या एमरेल्ड को अपने रूटीन में शामिल कर सकती हैं। डस्की स्किन टोन वाली महिलाएं बेबी पिंक, बेज, पाउडर ब्लू, ग्रे और सिल्वर जैसे शेड्स अच्छे नहीं लगते हैं।

# छोटे कद की लड़कियां पहनना चाहती हैं बोल्ड प्रिंट, इन टिप्स को ना करें नजरअंदाज



**नई दिल्ली।** अगर आप बोल्ड प्रिंट्स पहनना चाहती हैं तो ऐसे में आपको इसके साइज पर ध्यान देना चाहिए। बहुत बड़े प्रिंट्स देखने में तो अच्छे लगते हैं, लेकिन छोटे कद पर ये भारी लग सकते हैं। ऐसे में छोटे या मीडियम साइज़ के बोल्ड प्रिंट्स पहनें। ये स्टाइलिश भी लगते हैं और शरीर पर हावी भी नहीं होते।

बोल्ड प्रिंट्स आपके लुक को एकदम से निखार सकते हैं। लेकिन अगर आपकी हाइट थोड़ी कम है, तो कभी-कभी ऐसा लग सकता है कि ये पैटर्न आपको ढक सकते हैं। लेकिन छोटी हाइट का मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि आप ब्राइट और मज़ेदार प्रिंट्स से खुद को दूर रखें। बस जरूरत होती है सही स्टाइलिंग की। एक परफेक्ट स्टाइलिंग के साथ, ये बोल्ड प्रिंट्स आपको ज़्यादा लंबा, कॉन्फिडेंट और ट्रेंडी भी दिखा सकते हैं।

बस थोड़े से प्रॉपोर्शन्स से खेलकर और सही प्रिंट्स को चुनकर आप अपनी बॉडी को छुपाने की बजाय निखारें। चाहे वो फ्लोरल्स हों, स्ट्राइप्स हों या कुछ हटके जियोमैट्रिक डिज़ाइन्स, हर तरह के प्रिंट्स को आप अपने लिए काम में ला सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही छोटे-छोटे स्टाइलिंग टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप छोटे कद में भी बोल्ड प्रिंट्स को स्टाइल कर सकती हैं-

अगर आप बोल्ड प्रिंट्स पहनना चाहती हैं तो ऐसे में आपको इसके साइज पर ध्यान देना चाहिए। बहुत बड़े प्रिंट्स देखने में तो अच्छे लगते हैं, लेकिन छोटे कद पर ये भारी लग सकते हैं। ऐसे में छोटे या मीडियम साइज़ के बोल्ड प्रिंट्स पहनें। ये स्टाइलिश भी लगते हैं और शरीर पर हावी भी नहीं होते। इसलिए, बहुत बड़े फ्लोरल प्रिंट की बजाय थोड़ा छोटे फ्लोरल प्रिंट्स चुनें, जो कॉन्ट्रास्ट कलर में हों और सॉलिड बैकग्राउंड पर हों।

अगर आप बोल्ड प्रिंट में भी अपनी हाइट को लंबा दिखाना चाहती हैं तो ऐसे में वर्टिकल प्रिंट्स को चुनें। ऊपर से नीचे जाने वाले लाइन वाले प्रिंट्स जैसे वर्टिकल स्ट्राइप्स आपको लंबा दिखाते हैं। वर्टिकल प्रिंट वाला कुर्ती-पैंट सेट या को-ऑर्ड सेट पहनना परफेक्ट रहेगा।

यह एक बेहद ही छोटा लेकिन अच्छा तरीका है बोल्ड प्रिंट्स में लंबा नजर आने का। ध्यान रखें कि बोल्ड प्रिंट्स वैसे ही ध्यान खींचते हैं। अगर कपड़ा बहुत ढीला या बहता हुआ हो, तो लुक बिगड़ सकता है। इसलिए फिटिंग वाले टॉप्स, बेल्ट वाली ड्रेस या स्ट्रेट फिट बॉटम्स पहनें ताकि बैलेंस बना रहे।

कुछ ड्रेस में प्रिंट नीचे की ओर ज्यादा होता है या रैंडम फैला होता है। ऐसे कपड़े चुनें जिनमें प्रिंट बॉडी को फ्लैटर करे, जैसे कंधों के पास हल्का प्रिंट और नीचे डार्क।

## सफर में हों या ऑफिस हर महिला के बैग में होने चाहिए ये मेकअप प्रोडक्ट्स, दिनभर बना रहेगा ग्लो

**नई दिल्ली।** अगर आपके पास समय कम है और आप अपनी स्किन को हेल्दी और सुंदर बनाए रखना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। ऐसे आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे ब्यूटी प्रोडक्ट्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें आपको अपनी पर्स में जरूर रखना चाहिए।

ब्यूटी की मतलब सिर्फ मेकअप से नहीं होता है, बल्कि हर तरफ से अपने फेस को सही रखना होता है। जब भी हम कहीं बाहर जाने का प्लान करते हैं, तो सोचते हैं कि बैग में ऐसा क्या रखें कि हमारा चेहरा सुंदर दिखे। लेकिन अगर आपके पास समय कम है और आप अपनी स्किन को हेल्दी और सुंदर बनाए रखना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। ऐसे आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे ब्यूटी प्रोडक्ट्स के बारे में बताने जा रहे



हैं, जिन्हें आपको अपनी पर्स में जरूर रखना चाहिए।

सफर के दौरान फेस की खूबसूरती को बनाए रखने के लिए सबसे जरूरी स्किन को साफ रखना होता है। दिनभर की धूल-मिट्टी, ऑयल और मेकअप हटाने के लिए सबसे अच्छा फेस वॉश या क्लींजर जरूरी है। इसलिए आप अपनी स्किन टाइप का क्लींजर और फेस वॉश जरूर रखें।

बाहर की धूप और धूल की वजह से फेस पर गंदगी की परत जम जाती है। इसलिए आप अपनी पर्स में फेस मास्क जरूर रखें। यह आपकी स्किन को हाइड्रेटेड रखता है। फेस के साथ-साथ होंठों की देखभाल करना बेहद जरूरी है। ड्राय और फटे होंठ दर्द देते हैं। साथ ही फटे होंठ हमारे लुक को भी खराब कर देते हैं। इसलिए अपनी पर्स में लिप बाम जरूर रखें। आप विटामिन श्व और स्क्र युक्त लिप बाम का इस्तेमाल कर सकते हैं।

स्किन को कोमल और मुलायम बनाए रखने के लिए आपको अपनी पर्स में मॉइस्चराइजिंग क्रीम रखना चाहिए। इसलिए बाहर जाते समय इसको लेना न भूलें।

रात में हमारी स्किन रिपेयर होती है, इसलिए रात में सोने से पहले आपको किसी अच्छी नाइट क्रीम या सीरम अपनी स्किन पर जरूर लगानी चाहिए। इससे अगली सुबह आपका फेस फ्रेश और ग्लोइंग रहेगा।

## सेना प्रमुख को प्रादेशिक सेना को सहयोग के लिए जुटाने का अधिकार, केंद्र सरकार का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली।** भारत सरकार देश की सुरक्षा और पाकिस्तान को माकूल जवाब देने के लिए कई बड़े फैसले ले रही है। इसी बीच केंद्र सरकार ने सेना प्रमुख को बड़ा अधिकार दिया है। जिसके तहत उन्हें अगले तीन वर्षों तक प्रादेशिक सेना को सहयोग के लिए जुटाने का अधिकार दिया गया है।

भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे सैन्य तनाव के बीच केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। अब सेना प्रमुख को अधिकार दिया गया है कि वे प्रादेशिक सेना के हर अफसर और सैनिक को तैनात कर सकते हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर नियमित सेना की मदद की जा सके या उसकी ताकत बढ़ाई जा सके।

रक्षा मंत्रालय के सैन्य मामलों के विभाग ने 6 मई को इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। इसमें कहा गया है कि यह आदेश 10 फरवरी 2025 से प्रभावी होगा और 9 फरवरी 2028 तक लागू रहेगा। इसका मतलब है कि अगले तीन सालों तक सेना प्रमुख के पास टीए को किसी भी जरूरी मिशन के लिए तैनात करने का पूरा अधिकार रहेगा।

प्रादेशिक सेना, जिसे 9 अक्तूबर 1949 को स्थापित किया गया था, ने पिछले साल अपनी 75वीं वर्षगांठ मनाई थी। यह बल न सिर्फ युद्ध के समय देश की सेवा करता है, बल्कि आपदा राहत, पर्यावरण सुरक्षा और मानवीय मदद में भी सक्रिय भूमिका निभाता है। टीए पूरी तरह से नियमित सेना के साथ जुड़ा हुआ है और इसके जवानों को उनकी बहादुरी और सेवा के लिए कई पुरस्कार भी मिल चुके हैं।

अधिसूचना में यह भी साफ किया गया है कि इन बटालियनों की तैनाती तभी होगी जब बजट में इसके लिए पैसे उपलब्ध होंगे या फिर आंतरिक बचत से पैसे की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही, जिन यूनिट्स को रक्षा मंत्रालय के अलावा किसी अन्य मंत्रालय की मांग पर तैनात किया जाएगा, उसका खर्च संबंधित मंत्रालय ही उठाएगा।

# रायों को आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल करने का निर्देश, गृह मंत्रालय का बयान

**भूमिका**

सिंधु जल समझौते में विश्व बैंक की भूमिका को लेकर विश्व बैंक के प्रमुख अजय बंगा ने कहा कि हमारी भूमिका केवल एक मध्यस्थ के रूप में ही है।



**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान ने भारत के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की, जिसे भारतीय सेनाओं ने पूरी तरह नाकाम कर दिया। लड़ाकू विमानों, ड्रोन, रॉकेट व मिसाइलों के जरिए पाकिस्तान ने गुरुवार रात 8 से 10 बजे के बीच जम्मू, पठानकोट, फिरोजपुर, कपूरथला, जालंधर व जैसलमेर के सैन्य ठिकानों और आयुध केंद्रों पर हमला किया। भारत ने जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के हमले को नाकाम कर दिया और उसके रडार सिस्टम को तबाह कर दिया। जानें पल पल के अपडेट...

गृह मंत्रालय ने सभी रायों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और प्रशासकों को पत्र लिखकर उनसे आवश्यक एहतियाती उपायों के कुशल कार्यान्वयन के लिए नागरिक सुरक्षा नियमों के तहत आपातकालीन शक्तियों का प्रयोग करने का निर्देश दिया है। सिंधु जल समझौते में विश्व बैंक की भूमिका को लेकर विश्व बैंक के प्रमुख अजय बंगा ने कहा कि हमारी भूमिका केवल एक मध्यस्थ के रूप में ही है। मीडिया में इस बारे में बहुत अटकलें लगाई जा रही हैं कि विश्व बैंक किस तरह से इस समस्या को हल करेगा, लेकिन यह सब बकवास है। विश्व बैंक की भूमिका केवल एक मध्यस्थ की है।

एनसीपी एसपी प्रमुख शरद पवार ने कहा है कि आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तानी सरकार और सेना के अधिकारियों की मौजूदगी से एक बार फिर पाकिस्तान का असली चेहरा बेनकाब हुआ है। उन्होंने कहा कि एक तरफ पाकिस्तान आतंकी गतिविधियों में अपना हाथ होने से इनकार करता है, वहीं दूसरी तरफ उसके अधिकारी आतंकियों के जनाजे में शामिल होते हैं। गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए आतंकियों के जनाजों में पाकिस्तानी सेना के अधिकारी और नेता दिखाई दिए। शरद पवार ने कहा कि देश गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है, लेकिन देश इन हालात से निपटने में पूरी तरह से सक्षम है।

सतारा में सामाजिक कार्यकर्ता भाउराव पाटिल की 66वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्र में शरद पवार ने कहा कि अगर उनकी सरकार का आतंकी घटनाओं में हाथ नहीं है तो उसे ये स्पष्ट करना चाहिए कि उसके अधिकारी आतंकियों के जनाजे में क्या कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा शांति की बात की है। उन्होंने कहा कि पूरे देश को हमारे सशस्त्र बलों पर गर्व है और वे किसी भी परिस्थिति के लिए तैयार हैं। भारत-पाकिस्तान तनाव पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा, पाकिस्तानी आतंकियों द्वारा पहलगाम पर हमला करके हमारे 26 निर्दोष नागरिकों को मौत के घाट उतार दिया गया था... प्रधानमंत्री मोदी ने ऐलान किया था कि देश की अस्मिता पर हमला करने वाले ऐसे आतंकियों और उनके आकाओं को उनकी कल्पना से भी कई अधिक बड़ी सजा मिलेगी।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे और तैयारियों पर समीक्षा बैठक करेंगे। हम पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों पर कायरतापूर्ण हमले के बाद पाक प्रायोजित आतंकवादियों और उनके समर्थक तंत्र के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के लिए केंद्र सरकार के नेतृत्व और हमारे सशस्त्र बलों को बधाई देते हैं। हम भारत की सीमा पर धार्मिक स्थलों और नागरिक बस्तियों पर पाकिस्तानी सेना द्वारा किए जा रहे हमलों की निंदा करते हैं और इन बर्बर, अमानवीय हमलों में पीड़ित परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं।

## 3.25 लाख की संख्या वाले अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ में ट्रांसफर आदेश रोके गए

**नई दिल्ली।** सीआरपीएफ में इस वक्त समर चेन ट्रांसफर होते हैं। विशेष स्थिति के दौरान भी तबादला किया जाता है। अब ऑपरेशन सिंदूर के चलते ट्रांसफर पर रोक लगाई गई है। देश के मौजूदा सुरक्षा परिद्रश्य में यह निर्णय लिया गया है कि जो जिस स्टेशन पर भी तैनात है, उसे वहीं पर रखा जाए। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने पाकिस्तान में 9 आतंकी ठिकानों पर स्ट्राइक की है। गुरुवार को भी जम्मू कश्मीर और राजस्थान से लगते पाकिस्तान के बॉर्डर पर सीमा पार से हमला करने का प्रयास किया गया। भारतीय सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान के हमले को नाकाम कर दिया। सरकार की तरफ से कहा गया है कि ऑपरेशन सिंदूर आगे बढ़ सकता है। ऐसे में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की अतिरिक्त कंपनियों को जम्मू की तरफ रवाना किया गया है। देश के विभिन्न हिस्सों में सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा हो रही है।

## डीएनडी फ्लाईवे पर टोल न वसूले जाने पर रोक बरकरार

**नई दिल्ली।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने साल 2016 में डीएनडी फ्लाईवे पर टोल वसूलने पर रोक लगाई थी, जिससे डीएनडी से गुजरने वाले लाखों वाहन चालकों को बड़ी राहत मिली थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के विरोध में एनटीबीसीएल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज क्दिल्ली-नोएडा को जोड़ने वाले डीएनडी फ्लाईवे पर टोल वसूलने पर रोक बरकरार रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने फ्लाईवे को टोल फ्री रखने के फैसले की समीक्षा के लिए नोएडा टोल ब्रिज कंपनी (एनटीबीसीएल) की ओर से दायर याचिका खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से डीएनडी से गुजरने वाले लाखों वाहन चालकों को मिल रही राहत बरकरार रहेगी।

# राफेल जेट और एस-400 यूं ही नहीं आ जाते, असम सीएम ने जीएसटी को बताया ईश्वर का आशीर्वाद

**विमान**

असम सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि राफेल लड़ाकू विमान और एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम यूं नहीं नहीं आ गए हैं।



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने जीएसटी की तारीफ करते हुए इसे ईश्वर का आशीर्वाद बताया, जो भारत को एकजुट करता है। उन्होंने कहा कि जीएसटी कभी भी गब्बर सिंह टैक्स नहीं था। असम सीएम की टिप्पणी को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज माना जा रहा है, जिन्होंने अपने एक बयान में जीएसटी की आलोचना करते हुए इसे गब्बर सिंह टैक्स बताया था।

असम सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि राफेल लड़ाकू विमान और एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम यूं नहीं नहीं आ गए हैं। बल्कि ये हमारे करदाताओं की ताकत से बने हैं। यही वजह है कि जीएसटी कभी भी गब्बर सिंह टैक्स नहीं था। ये तो ईश्वर द्वारा भेजा गया टैक्स है, जो भारत को एकजुट करता है और देश की सुरक्षा, विकास और इसके जुझारूपन को वित्तपोषित करता है।

गौरतलब है कि भारत पाकिस्तान के बीच इन दिनों संघर्ष छिड़ा हुआ है, जिसमें भारत के राफेल लड़ाकू विमान और एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम अहम भूमिका निभा रहे हैं। राफेल लड़ाकू विमानों ने जहां बीते बुधवार को पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों पर हमले में अहम भूमिका निभाई। वहीं एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने बुधवार की रात पाकिस्तान के हमले को नाकाम किया। एस-400 ने पाकिस्तान के सभी ड्रोन्स और मिसाइल को हवा में ही तबाह कर दिया। एस-400 वायु रक्षा प्रणाली उपकरणों का एक नेटवर्क है, जिसे हवाई खतरों से निपटने के लिए किसी विशिष्ट क्षेत्र में तैनात किया जाता है। यह दुश्मन के लड़ाकू विमानों, मिसाइलों और ड्रोन्स को हवा में ही निशाना बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम को भारतीय वायुसेना के सबसे ताकतवर हथियारों में से एक माना जाता है। यह किसी भी संभावित खतरे को हवा में ही तबाह करने में सक्षम है। एस-400 मिसाइल सिस्टम को चीन और पाकिस्तान के खतरे को ध्यान में रखकर तैनात किया गया है। इसकी रेंज 40 से 400 किलोमीटर के बीच है। भारत और रूस के बीच साल 2018 में एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम का सौदा हुआ था। सौदे के तहत भारत को एस-400 मिसाइल सिस्टम की तीन रेजीमेंट मिल चुकी हैं। भारत को अभी दो और रेजीमेंट मिलनी हैं, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से उनमें देरी हुई है और अब उनके साल 2026 में मिलने की उम्मीद है।

## रेलवे ने जम्मू-उधमपुर से दिल्ली के लिए शुरू की तीन स्पेशल ट्रेनें, भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच फैसला

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच गुरुवार की रात हुए हवाई हमलों के बीच रेलवे भी अलर्ट मोड में आ गया है। उत्तर-पश्चिम रेलवे ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। सुरक्षा के लिहाज से कई ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है, कई ट्रेनों को री-शेड्यूल और कई के रूट्स डाइवर्ट किए गए हैं।

भारत पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच भारतीय रेलवे ने जम्मू से स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला लिया है। रेलवे ने जम्मू और उधमपुर से दिल्ली के लिए तीन स्पेशल ट्रेन चलाने का ऐलान किया है। रेलवे ने कहा कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए जम्मू और उधमपुर से दिल्ली के लिए तीन विशेष ट्रेनें चलाने की योजना है। इनमें अनरिजर्व्ड ट्रेन भी शामिल है। अगर किसी यात्री को रिजर्वेशन नहीं मिल रहा है, तो इन ट्रेनों में सवार होकर आ सकते हैं। ये ट्रेन जम्मू, उधमपुर का पठानकोट से चलेंगी रेलवे ने इनका शेड्यूल जारी कर दिया है।

रेलवे ने गुरुवार रात को हुए हमले के बाद जम्मू क्षेत्र से नागरिकों की आवाजाही में वृद्धि और सुरक्षा संबंधी बढ़ती चिंताओं के बीच यह कदम उठाया है। सार्वजनिक परिवहन प्रभावित होने और अतिरिक्त सुरक्षा जांच के कारण देरी होने के कारण कई यात्रियों को इस क्षेत्र से बाहर निकलने में कठिनाई हो रही है।

एक विशेष ट्रेन 04612 को सुबह 10 बजकर 45 मिनट पर जम्मू से दिल्ली के लिए रवाना करने की योजना बनाई गई है, जिसका रास्ते में पठानकोट पर ठहराव होगा। एक अन्य विशेष ट्रेन उधमपुर से जम्मू और पठानकोट कैंट के रास्ते चलाने की योजना बनाई जा रही है, जो उधमपुर रेलवे स्टेशन से दोपहर मे 12 बजकर 45 मिनट पर और जम्मू से लगभग एक बजकर 45 मिनट पर रवाना होगी रवाना होगी। इसके अलावा, 20 कोच वाली वंदे भारत रेक को भी उधमपुर से दोपहर 12 बजकर 45 मिनट पर रवाना करने वाली एक विशेष ट्रेन चलाई जाएगी।

## भारत से बढ़ते तनाव के बीच इमरान खान को जेल से रिहा करने की मांग

**याचिका**

इमरान खान की रिहाई के लिए इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में मुख्यमंत्री केपी अली अमीन ने याचिका दायर की है। इसमें न्यायालय से अपील की गई है।



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को भ्रष्टाचार के एक मामले में 14 साल की सजा सुनाई गई है। वह अदियाला जेल में सजा काट रहे हैं। भारत से बढ़ रहे तनाव के बीच उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। पार्टी ने पूर्व पीएम की जान को खतरा बताते हुए उनकी रिहाई की मांग की है। भारत के साथ बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान की अदियाला जेल में भ्रष्टाचार मामले में सजा काट रहे पूर्व पीएम इमरान खान को जेल से रिहा करने की मांग की गई है। इसे लेकर पूर्व पीएम की पार्टी पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका में दावा किया गया है कि लंबे समय से हिरासत में रहने के कारण पूर्व पीएम की जान को खतरा है। साथ ही भारत के साथ मौजूदा स्थिति चलते उनकी जान को खतरा है। तहरीक ए इंसाफ ने एक व्हाट्सएप संदेश में कहा है कि पार्टी के खैबर पख्तूनख्वा (केपी) के मुख्यमंत्री अली अमीन गंदापुर ने पार्टी संस्थापक की रिहाई के लिए इस्लामाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। इमरान खान की रिहाई के लिए इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में मुख्यमंत्री केपी अली अमीन ने याचिका दायर की है। इसमें न्यायालय से अपील की गई है कि भारत के साथ वर्तमान हालात को देखते हुए राष्ट्रीय सद्भाव और एकजुटता के लिए और अदियाला जेल में ड्रोन हमले की आशंका के कारण उन्हें तुरंत पेरोल/प्रोबेशन पर रिहा किया जाए।

अदालत ने याचिका पर सुनवाई के लिए तारीख तय नहीं की है। खैबर पख्तूनख्वा (केपी) के मुख्यमंत्री अली अमीन गंदापुर ने बताया कि पूर्व पीएम इमरान खान को मुस्लिम उम्मा (समुदाय) का नेता बताया और न्याय की उम्मीद जताई। उन्होंने देश में कानून और व्यवस्था की कमी है। हमने न्याय की मांग के लिए सभी दरवाजे खटखटाए हैं।

गंदापुर ने याचिका में कहा है कि राजनीति से प्रेरित मामलों के कारण खान को लंबे समय तक हिरासत में रखना उनके मूल अधिकारों का उल्लंघन है। संविधान में इसके लिए पैरोल पर रिहाई का प्रावधान है। लंबे समय तक कारावास में रहने से स्वास्थ्य खराब होने का खतरा रहता है। आरोप लगाया गया कि पीटीआई संस्थापक और पूर्व पीएम इमरान खान ने अपनी हिरासत के दौरान जेल नियमों का उल्लंघन नहीं किया है।बता दें पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को भ्रष्टाचार के एक मामले में 14 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। उन पर 100 से अधिक मामलों में आरोप लगाए गए हैं, जिनमें सरकारी रहस्यों को लीक करने से लेकर सरकारी उपहार बेचने तक के मामले शामिल हैं।

# ट्रंप टैरिफ का असर, दुनिया की सबसे बड़ी कार कंपनी को 2025 में 21% मुनाफे की गिरावट का अंदेशा

**आशंका**

दुनिया की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी (टोयोटा मोटर) को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति से बड़ा नुकसान होने की आशंका है।



**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी (टोयोटा मोटर) को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति से बड़ा नुकसान होने की आशंका है।

दुनिया की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी (टोयोटा मोटर) को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति से बड़ा नुकसान होने की आशंका है। कंपनी ने मौजूदा वित्तीय वर्ष (2025) के लिए 21 प्रतिशत मुनाफे में गिरावट का अनुमान जताया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल टोयोटा ने 4.8 ट्रिलियन येन (करीब 33 अरब डॉलर) का मुनाफा दर्ज किया था। लेकिन इस साल कंपनी को उम्मीद है कि मुनाफा घटकर 3.8 ट्रिलियन येन (लगभग 26 अरब डॉलर) रह जाएगा। टोयोटा ने बताया कि साल के पहले हिस्से में उसे कुछ सर्टिफिकेशन से जुड़ी दिक्कतों और सप्लाई चेन में रुकावटों का सामना करना पड़ा, लेकिन दूसरे हिस्से में उत्पादन फिर से बढ़कर सालाना 1 करोड़ वाहनों तक पहुंच गया। कंपनी के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट और सीएफओ योइचि मियाजाकी ने अर्निंग कॉल के दौरान कहा, भविष्य के लिए हमने बड़े निवेश किए और कंपनी की नींव को और मजबूत किया। इसके साथ ही हमने प्राइसिंग और वैल्यू चेन से कमाई बढ़ाकर अच्छा मुनाफा बनाए रखा। लेकिन टोयोटा अमेरिका की टैरिफ नीति से सतर्क है। ट्रंप की टैरिफ नीति के चलते अगर कारों की कीमतें बढ़ानी पड़ीं, तो इससे ग्राहक प्रभावित होंगे और बिक्री में गिरावट आ सकती है। साथ ही, जापान से अमेरिका को होने वाला निर्यात भी टैरिफ की वजह से प्रभावित हो सकता है। टोयोटा के अध्यक्ष कोजी साटो ने कहा, अभी यह कहना काफी मुश्किल है कि टैरिफ का असर कैसा होगा, क्योंकि इसकी पूरी जानकारी अभी स्पष्ट नहीं है। टोयोटा ने बताया कि उसके मुनाफे में गिरावट के कई कारण हैं। पहला बड़ा कारण है अमेरिका की नई टैरिफ नीति, दूसरा कच्चे माल की बढ़ती कीमतें और तीसरा जापानी येन की मजबूती। इसके अलावा, कंपनी अमेरिका में भविष्य के लिए किए जा रहे निवेश और बढ़ती मजदूरी लागत को भी ध्यान में रख रही है, जो लगभग हर ऑटोमोबाइल कंपनी झेल रही है।

टोयोटा फिलहाल अपने ग्राहकों पर महंगे टैक्स का बोझ डालने के मूड में नहीं है। सीएफओ मियाजाकी ने कहा, ÷हम मानते हैं कि कीमतों का फैसला ग्राहक ही करते हैं। हमने उन प्रोडक्ट्स की कीमतें जरूर बढ़ाई हैं जिनकी मांग ज्यादा है। लेकिन हम किसी भी जरूरी बदलाव के लिए सही समय पर सही कदम उठाएंगे।

## मित्र देश की जासूसी नहीं की जा सकती, अमेरिकी जासूसी की खबरों पर डेनमार्क का अमेरिका को कड़ा संदेश

**ओस्लो।** अमेरिका की तरफ से ग्रीनलैंड की खुफिया जानकारी जुटाने की खबरों पर डेनमार्क की पीएम मेटे फेडरिक्सन ने ऐतराज जताया है। उन्होंने अमेरिका को कड़ा संदेश देते हुए कहा- मित्र देश की जासूसी नहीं की जा सकती।



डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फेडरिक्सन ने साफ कहा है कि किसी मित्र देश के खिलाफ जासूसी नहीं की जा सकती। उनका यह बयान तब आया जब एक अमेरिकी अखबार ने रिपोर्ट दी कि अमेरिका ने ग्रीनलैंड में खुफिया जानकारी जुटाने की कोशिशें तेज कर दी हैं। ग्रीनलैंड डेनमार्क का हिस्सा है, लेकिन उसे आंशिक रूप से स्वायत्तता प्राप्त है।

इस मामले को लेकर डेनमार्क ने कोपेनहेगन में मौजूद अमेरिका की शीर्ष राजनयिक जेनिफर हॉल गॉडफ्रे को विदेश मंत्रालय में बुलाया। डेनमार्क के वरिष्ठ राजनयिक जेपे ट्रानहोल्म-मिकेलसेन ने इस मुद्दे पर चर्चा की।

हालांकि मंत्रालय ने ज्यादा जानकारी साझा नहीं की और अमेरिकी दूतावास ने भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

बता दें कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड को खरीदने की इच्छा जताई थी, जिसके बाद से यह मामला संवेदनशील बन गया। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी खुफिया एजेंसियां ग्रीनलैंड में आजादी की मांग करने वाले आंदोलन और वहां अमेरिकी खनिज उत्खनन को लेकर जनता की भावना पर जानकारी इकट्ठा कर रही हैं। अमेरिकी खुफिया विभाग की प्रमुख तुलसी गबार्ड ने इन खबरों को गलत बताते हुए कहा कि ये लीक करने वाले डीप स्टेट के लोग राष्ट्रपति को कमजोर करने की साजिश कर रहे हैं। गबार्ड ने कहा कि जिन लोगों ने गोपनीय जानकारी लीक की है, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री ने भी पिछले महीने अमेरिका के रवैये को अनादरपूर्ण बताया था।

उन्होंने दो टूक कहा था कि ग्रीनलैंड कभी भी ऐसा टुकड़ा नहीं बनेगा जिसे कोई खरीद सके।

# पाकिस्तान आतंकवाद का सिर, उस पर वार जरूरी, अमेरिकी विशेषज्ञ ने भारत का खुलकर किया समर्थन

**समर्थन**

अब समय आ गया है कि हम ऑक्टोपस के बाजुओं पर कार्रवाई करने के बजाय उसके सिर पर हमला करें। अमेरिका को एकमत होकर भारत का समर्थन करना चाहिए।



**वॉशिंगटन।** पाकिस्तान की कार्रवाई की वजह बताते हुए माइकल रुबिन ने कहा कि %पाकिस्तान जब भी आर्थिक, भ्रष्टाचार या समाज के स्तर पर असफल होता है तो वह भारत के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाकर लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश करता है। यह एक असफल राष्ट्र की पहचान है। भारत के साथ जारी तनाव के बीच पाकिस्तान दुनिया में अलग-थलग पड़ गया है। यही वजह है कि उसकी उकसावे वाली कार्रवाई की कई देश आलोचना कर रहे हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन के पूर्व शीर्ष अधिकारी माइकल रुबिन ने एक बड़ा बयान देते हुए पाकिस्तान पर तीखा हमला बोला है। माइकल रुबिन ने साफ शब्दों में कहा कि पाकिस्तान ही दुनिया में आतंक का गढ़ है और इस पर वार करना जरूरी है। न्यूज एजेंसी एएनआई के साथ बातचीत में माइकल रुबिन ने कहा कि अमेरिका ने लश्कर ए तैयबा को आतंकी संगठन घोषित किया था, लेकिन हमने पाकिस्तान को आतंक को वित्त पोषित करने वाला देश करार नहीं दिया। अब समय आ गया है कि हम ऑक्टोपस के बाजुओं पर कार्रवाई करने के बजाय उसके सिर पर हमला करें। अमेरिका को एकमत होकर भारत का समर्थन करना चाहिए। माइकल रुबिन ने भारत के ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन करते हुए कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक देश के नेता का कर्तव्य है कि वह अपने नागरिकों की सुरक्षा करे। पीएम मोदी और भारत का पूरा राजनीतिक नेतृत्व ये समझ रहा है कि सभी भारतीय खतरे में हैं। इस सब की शुरुआत, तब हुई जब आसिम मुनीर ने कहा कि हिंदू और मुस्लिम एक साथ नहीं रह सकते, लेकिन भारत में दोनों साथ मिलकर रह रहे हैं। पाकिस्तान में ऐसा नहीं हो रहा है क्योंकि पाकिस्तान व्यवस्थागत तरीके से अपने अल्पसंख्यकों को देश से बाहर कर रहा है। पाकिस्तान की कार्रवाई की वजह बताते हुए माइकल रुबिन ने कहा कि पाकिस्तान जब भी आर्थिक, भ्रष्टाचार या समाज के स्तर पर असफल होता है तो वह भारत के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाकर लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश करता है। यह एक असफल राष्ट्र की पहचान है। अच्छी बात ये है कि भारत में अलग कहानी है, जहां सभी लोग अपने मुद्दों पर चर्चा करते हैं। माइकल रुबिन ने कहा कि पाकिस्तान ने आतंकवाद को समर्थन देने के लिए इस संघर्ष की शुरुआत की। भारत आतंकवाद के पीड़ित हैं। पहले मुझे लगता था कि पीएम मोदी ने जवाब देने में लंबा समय लिया, लेकिन अब साफ है कि भारतीय सेना ने पूरी योजना के तहत सुनियोजित तरीके से कार्रवाई की है और ये दिखाया है कि भारतीय सेना कितनी सक्षम है। पाकिस्तान घिर गया है और अपना चेहरा बचाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन आसिम मुनीर को यह समझना चाहिए कि अगर आप गड्ढा खोदोगे तो एक दिन उसी में गिरोगे। गड्ढा खोदना बंद कीजिए और आगे बढ़िए। अमेरिका को पाकिस्तान को आतंकवाद का गढ़ घोषित करना चाहिए।

# रोज़गार पाकर 549 अभ्यर्थियों के खिले चेहरे

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिद्धिकपुर जौनपुर परिसर में वृहद अप्रेंटिस तथा रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चंद्र यादव , विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र तथा मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाडिया की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों की कुल संख्या 1500 रही, जिसमें रोजगार प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की कुल संख्या 549 है। मंत्री द्वारा आईटीआई के प्रशिक्षार्थियों को टैबलेट वितरण कर अभ्यर्थियों के मनोबल को बढ़ाया गया। तत्पश्चात रोजगार पाने वाले अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया, मंत्री द्वारा राजकीय आईटीआई के विद्युत कनेक्शन को शहरी अंचल से जोड़ने हेतु उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया तथा ऑडिटोरियम, महिला आईटीआई बिल्डिंग, केंद्रीय विद्यालय का शुभारंभ जल्द प्रारंभ किये जाने की बात कही गई, उन्होंने अवगत कराया कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में युवाओं को अत्यधिक रोजगार प्राप्त कराया गया है एवं कंपनियों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया गया तथा उनके बारे में जानकारी प्राप्त की गई, नोडल प्रधानाचार्य द्वारा मंत्री को बुके तथा शाल भेंट कर स्वागत किया गया। जिलाधिकारी द्वारा अभ्यर्थियों के उत्साहवर्धन के लिए शॉल देकर सम्मानित किया गया, तथा अभ्यर्थियों को स्वस्थ रहने के मूल मंत्र दिए गए, वहीं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से संचालित नवनिर्मित कौशलम् केंद्र का गहन निरीक्षण कर मशीनों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई तथा रोजगार प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों के उत्साहवर्धन हेतु शुभकामनाएं दी गई तथा जीवन में आगे बढ़ने का मूल मंत्र दिया गया।

प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई शाहगंज बृजेश कुमार, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र सिंहानिया, करंजाकला ब्लॉक के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकेशर पाल, आई.आई.ए. के अध्यक्ष बृजेश यादव, हॉकिंस कंपनी के प्रमुख अमित जिंदल, यूं.ए.एल. के मैनेजर ए.भी.सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी जयप्रकाश पासवान तथा उद्योग विभाग के अधिकारी जयप्रकाश सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ कार्यदेशक अखिलेश कुमार सिंह, हरेंद्र यादव अनुदेशक देवेश यादव, शशिकांत सिंहानी, आशीष सिंह,पवन प्रजापति, राकेश पाल, मनीष यादव, प्रधान सहायक मनोज सिंह तथा रोहित सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, मंच का सफल संचालन अनुदेशक अजय यादव द्वारा किया गया। अंत में नोडल प्रधानाचार्य द्वारा आए हुए नियोक्ताओं तथा ड्यूटी में लगे समस्त कर्मचारीयों को सफल आयोजन हेतु बधाई दी गई तत्पश्चात समापन की घोषणा की गई तथा मंत्री का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी मनीष कुमार पाल रहे।

## जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण के तहत शिविर का में किया कृत्रिम अंग वितरण

**आजमगढ़।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी शशांक सिंह ने बताया है कि दिव्यांगजन को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं,कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार एव दिव्यांगजन को उनकी आवश्यकता के अनुसार निःशुल्क कृत्रिम अंग सहायक उपकरण जैसे-ट्राइसाईकिल, व्हीलचेयर, बैशाखी, श्रवण यंत्र, वाकर, नेत्रहीन छड़ी, बनावटी अंग कैलिपर्स, कृत्रिम हाथ कृत्रिम पैर आदि प्रदान करने उद्देश्य से जनपद के समस्त विकास खण्ड स्तर पर वृहद चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होने बताया है कि दिनांक 13 मई को विकास खण्ड अहिरौला, 14 मई को अतरौलिया, 15 मई को कोयलसा, 16 मई को महराजगंज, 17 मई को हरैया, 19 मई को अजमतगढ़ एवं 20 मई को विकास खण्ड बिलरियागंज में वृहद चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त अन्य विकास खण्डों में होने वाले कैम्प की तिथि अलग से प्रकाशित की जायेगी।

# मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत बैंकों से अनुदानयुक्त वित्त पोषित कराया जाता है

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र उत्कर्ष चन्द्र ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत उद्योग क्षेत्र की इकाईयों को अधिकतम रू. 25 लाख तक तथा सेवा क्षेत्र की इकाईयों को रू. 10 लाख तक की परियोजनाओं को बैंकों से अनुदानयुक्त वित्त पोषित कराया जाता है, योजनान्तर्गत पात्रता हेतु आवेदक की आयु 18 वर्ष से 40 के मध्य होनी चाहिए, आवेदक की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल अथवा समकक्ष उत्तीर्ण हो। उन्होने बताया कि एक जनपद-एक उत्पाद वित्त पोषण योजना में धनराशि रू. 02 करोड़ तक वित्तीय सहायता का प्राविधान है, योजनान्तर्गत आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष, शैक्षिक योग्यता की कोई बाध्यता नहीं है, योजनान्तर्गत उद्योग सेवा एवं व्यवसाय क्षेत्र में वित्त पोषण में सहायता की सुविधा जनपद हेतु चयनित तारकशी हस्तशिल्प एवं सह उत्पाद वस्त्र सिलाई एवं कढ़ाई (जरी-जरदोजी) हेतु प्राप्त होगी। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि उक्त दोनों योजनाओं में शर्त है कि आवेदक किसी भी बैंक, वित्तीय संस्था, सराकरी संस्था का डिफाल्टर न हो एवं आवेदक द्वारा पूर्व में संचालित प्रधानमंत्री रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अन्य किसी स्वरोजगार योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त न किया हो, आवेदक अथवा उसके परिवार के किसी अन्य सदस्य को योजनान्तर्गत केवल एक वार ही लाभान्वित किया जायेगा। उपरोक्त योजनाओं में वित्तीय सुविधा प्राप्त करने हेतु इच्छुक महिला-पुरूष अभ्यर्थी बेवसाईट ीजजचेरूध्ध् ्उेमण्नचण्हवअण्पद पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, अधिक जानकारी किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।

## बहुआयामी व्यक्तित्व और विशिष्ट प्रतिभा के धनी थे गुरूदेवः प्रो. आशिमा घोष

**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में संगीत विभाग द्वारा रवींद्र जयन्ती (कविगुरु रवींद्र नाथ टैगोर की 164वीं जयन्ती) का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने रवींद्र नाथ टैगोर द्वारा रचित कुछ चुनिंदा गीत गाकर कवि गुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो0 आशिमा घोष ने अपने वक्तव्य में कहा कि गुरुदेव के बहुआयामी व्यक्तित्व की चर्चा करते हुए कहा कि गुरुदेव अपने ज्ञान, कला, अध्यात्म और दर्शन के लिए संपूर्ण विश्व में जाने जाते थे। तत्पश्चात कविगुरु द्वारा रचित ऐक्ला चलो रे, पागला हावा बादल दिने, बोरिशो धरा माझे आदि गीत गाकर छात्राओं ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। धन्यवाद ज्ञापन संगीत विभाग की विभागाध्यक्षा प्रो0 नंदिनी मुखर्जी ने किया।

कार्यक्रम का निर्देशन एवं संचालन संगीत विभाग की असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ. नम्रता देब ने किया। कार्यक्रम में छात्राओं रिया केसरवानी, इशिता सोनी, कीर्ती तथा मनीषा यादव ने भाग लिया तथा तबले पर संदीप कुमार चक्रवर्ती ने संगत किया। कार्यक्रम में डॉ. मीनाश्री यादव, सुश्री संगीता सहगल, डॉ. काजल देब, डॉ. शिखा दीक्षित, डॉ. अंकिता चतुर्वेदी, डॉ. शालिनी सिंह, डॉ. ऐश्वर्य सिंह, डॉ. अर्चना पॉल, डॉ. आशीष मिश्रा, डॉ. अनुज वर्मा, डॉ. कस्तूरी भारद्वाज,डॉ. निर्मला गुप्ता और रश्मि श्रीवास्तव आदि शिक्षक गण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस 8 वर्षीय लड़के के साथ दुष्कर्म करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार



**आजमगढ़।** थाना निजामाबाद में पूर्व की घटना, इतिहास का विवरण् वादिनी के 08 वर्षीय लड़के को विपक्षी मो0 सैफ पुत्र मो0 अलीशेर निवासी संघईपुर डोडोपुर थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ ने पैसे का लालच देकर गांव में बने खाली मकान के छत के ऊपर ले जाकर दुष्कर्म किया। तथा वीडियो भी बनाया और डराया धमकाया कि किसी से कुछ भी कहोगे तो जान से मार दूंगा। लड़का डरा सहमा था जब इस बात कि जानकारी वादिनी को हुयी तो अपने लड़के से पूछा तो सभी बाते बताया। वादिनी द्वारा इस बारे में अभियुक्त से पुछा गया तो जान से मार देने की धमकी दिया। उक्त घटना के सम्बन्ध में वादिनी के प्रार्थना पत्र पर थाना स्थानीय पर 07 मई को मु0अ0स0 163,25 धारा 96,351(3) बीएनएस व 5एम/6 पाक्सो एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचना उ0नि0 कमला प्रसाद द्वारा प्रारम्भ किया गया स उ0नि0 कमला प्रसाद मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त मो0 सैफ पुत्र मो0 अलीशेर निवासी संघईपुर डोडोपुर थाना निजामाबाद उम्र 21 वर्ष को रानी की सराय बाईपास रोड के पास से पुलिस हिरासत में लिया गया। अभियुक्त उपरोक्त का चालान न्यायालय किया गया।

### पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री आज जनपद भ्रमण पर

**मैनपुरी।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री उ.प्र. शासन जयवीर सिंह दि. 10 मई को जनपद भ्रमण पर पधार रहे हैं, मंत्री जी प्रातः 09.15 बजे से पुलिस लाइन के सामने ट्राजिस्ट हॉस्टल में जन-समस्याएं सुनेंगे, अपरान्ह 01.05 बजे किरन सौजिया सेकेण्ड्री स्कूल में प्रेस क्लब द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे, अपरान्ह 02 बजे ग्राम रसेमर में हनुमान मंदिर रसेमर एवं ठाकुर जी महाराज मंदिर उझैया फकीरपुर के पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्यो का शिलान्यास करेंगे, अपरान्ह 03 बजे प्राचीन कुरैट मंदिर प्रांगण कुरावली में मंदिर के पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण तथा गमा देवी मंदिर सुरजई में अवस्थापना सुविधाओं के विकास कार्यो का शिलान्यास करने के उपरांत अपरान्ह 03.45 बजे निज आवास सिरसागंज के लिए प्रस्थान करेंगे।

### ग्राम चौपाल कार्यक्रम आयोजित का हो रहा आयोजन

**मैनपुरी।** अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र ने बताया कि जनपद में वर्ष-2023 के पूर्व उ.प्र. जोत चकबंदी अधिनियम की धारा-4, 4क के अन्तर्गत चकबंदी प्रक्रियाओं में सम्मिलित समस्त ग्रामों में उप संचालक चकबंदी की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसके तहत दि. 16 मई को तहसील घिरोर के बलपुरा में, दि. 20 मई को तहसील सदर के ग्राम औड़ेन्य पड़रिया में एवं दि. 30 मई को तहसील करहल के ग्राम भांती में ग्राम चौपाल का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

### सिंचाई बंधु की बैठक 13 मई को

**मैनपुरी।** अधिशाषी अभियंता सिंचाई राजीव कुमार ने बताया कि सिंचाई बंधु की बैठक दि. 13 मई को पूर्वान्ह 11 बजे नहर निरीक्षण भवन कैनाल कॉलौनी में शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित होगी।

### पूर्णिमा सम्मेलनि के सदस्यों गुरुदेव की विशाल मूर्ति पर किया माल्यार्पण

**प्रयागराज।** गुरुदेव रविन्द्र नाथ टैगोर की 164 वीं जयंती के अवसर पर आज पूर्णिमा सम्मेलनि के सदस्यों द्वारा गुरुदेव की बैंक रोड स्थित विशाल मूर्ति पर माल्यार्पण किया एवं रविन्द्र संगीत की प्रस्तुति की। कार्यक्रम में श्रीमती शर्मिला चटर्जी, डॉ काजल देव, अरनबी बनर्जी, चन्दना घोष, रोमा मोन्ट्रोज, बेला मित्तल एवं स्वप्ना मुखर्जी उपस्थित रहे।इसके पहले टैगोर टाऊन स्थित गुरुदेव की मूर्ति पर भी माल्यार्पण एवं टैगोर गीत प्रस्तुत किया।

# मंदिर के सामने खुले देशी शराब के दुकान का विरोध



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** शहर के गुलामी का पुरा मुहल्ले में डीह बाबा के मंदिर के ठीक सामने लगभग 50मीटर के दायरे में देशी शराब का ठेका खुलने से मोहल्ला वासी बहुत ही आक्रोशित हैं। मोहल्ला वासी नजम शमीम (पूर्व कांग्रेस शहर अध्यक्ष) ने बताया कि मंदिर के ठीक सामने शराब का ठेका खोलना अनुचित है श्रद्धालु औरतें, लड़कियां सभी लोग मंदिर में पूजा करने आती हैं महिलाओं का पूजा पाठ हेतु जमावड़ा लगा रहता है। शराब का ठेका खुल जाने से हर रोज शराबियों का उत्पाद और तांडव होगा। जिससे कभी भी कोई बड़ी घटना घट सकती है। पूर्व सभासद प्रेमा चौहान ने इसका पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि हम मोहल्ले की सभी श्रद्धालु औरतें मिलजुल कर मंदिर के सामने शराब का ठेका नहीं खुलने देंगी। शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि इस प्रकरण पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मंदिर के सामने खुले देशी शराब के दुकान को कहीं अन्यत्र खुलवाया जाय। वर्तमान सभासद उषा गुप्ता ने बताया कि प्रशासन मंदिर के सामने शराब का ठेका खुलवाकर चौन की बंशी बजा रहा है जिसका हम विरोध करते हैं। कांग्रेस शहर अध्यक्ष रियाजुल हसन ने कहा कि हम प्रशासन से मांग करते हैं कि यहां पर खुले ठेका को तत्काल बंद किया जाए। प्रदर्शन करने वालों में मोहल्ले के कमला गुप्ता, सावित्री गुप्ता, सम्पत्ति देवी, फ़रजाना, अफ़रोज, शीला गुप्ता, सुशीला गुप्ता,मंजू मौर्य,इन्द्रावती देवी, उर्मिला शर्मा, संजीदा, शीला शर्मा,पूनम पाठक, मन्तराज यादव, कैलाश गौड़ आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहें तथा धरना प्रदर्शन के साथ नारेबाजी करते हुए शराब के ठेके को बन्द करने की मांग के साथ आगे और उग्र प्रदर्शन करने की सौगंध खाई।

# धर्मेन्द्र सिंह बने स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संघ जौनपुर के जिला अध्यक्ष

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार जौनपुर में प्रांतीय स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संघ जनपद शाखा जौनपुर का द्विवार्षिक अधिवेशन/चुनाव संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जौनपुर के जिला अध्यक्ष डॉ प्रदीप सिंह ने किया। कार्यक्रम के चुनाव अधिकारी सह पर्यवेक्षक अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी जौनपुर डॉ राजीव कुमार यादव रहे। अधिवेशन में जनपद के समस्त विकास खंडो/ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं जनपद मुख्यालय से आए स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारियों ने सर्वसम्मति से निर्विरोध जनपद कार्यकारिणी का गठन किया। धर्मेंद्र सिंह स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संघ जौनपुर के दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। जिला उपाध्यक्ष विजय बहादुर, महामंत्री राजेंद्र विक्रम सिंह, कोषाध्यक्ष जल्लू सोनकर, संगठन मंत्री सुशील कुमार अस्थाना तथा लेखा संप्रेक्षक शैलेशमणि विश्वास निर्विरोध निर्वाचित हुए। नव निर्वाचित कार्यकारिणी को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं सदन में उपस्थित सभी सदस्यों ने पुष्पगुच्छ एवं माला पहना कर हर्षध्वनि के साथ जोरदार स्वागत किया। नव निर्वाचित कार्यकारिणी को पद की शपथ राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष डॉ प्रदीप सिंह ने दिलायी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि शासन स्तर पर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारियों की सेवा नियमावली बनवाने, पुरानी पेंशन की बहाली तथा वेतन विसंगति के मुद्दों पर केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर हम लोग संघर्ष करेंगे तथा जनपद स्तरीय समस्याओं का निस्तारण अपनी कमेटी के साथ समन्वय बनाकर करायेंगे। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष डॉ प्रदीप सिंह ने नवनिर्वाचित कमेटी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सभी से पदीय दायित्व/कर्तव्य एवं अधिकार के संतुलन को बनाते हुए आगे बढ़ने की अपील किया। अधिवेशन में राकेश कुमार चौबे, गुंजन कुमार राय, प्रदीप कुमार, प्रदीप कुमार सरोज, शिव शंकर, बसंत लाल यादव, जयप्रकाश यादव, राकेश कुमार, अभय राज सिंह,विजय बहादुर,शशि प्रभा सिंह, प्रमेश सिंह, सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अमर बहादुर यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष तेज बहादुर राना, कोषाध्यक्ष अजय मौर्या, मीडिया प्रभारी प्रमोद शर्मा सहित दर्जनों कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रामकृष्ण पाल जिला मंत्री ग्राम विकास अधिकारी संघ,जिला उपाध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जौनपुर ने किया।

## वकील को गोली मारने का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**प्रयागराज।** प्रयागराज के मऊ आइमा में अधिवक्ता मान सिंह यादव पर जानलेवा हमला करने वाले मुख्य आरोपी अनिल यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे जूड़ापुर दांदू गांव के पास बनारस-कानपुर हाईवे से पकड़ा।

आरोपी के पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद किए गए हैं। इस मामले में दो अन्य आरोपी पहले ही गिरफ्तार होकर जेल जा चुके हैं। पीड़ित अधिवक्ता के भाई ने पुलिस को दी शिकायत में अनिल यादव को मुख्य आरोपी बताया था। एडिशनल डीसीपी पुष्कर वर्मा ने बताया कि वारदात के बाद से पुलिस की कई टीमें आरोपी की तलाश में जुटी थीं। पुलिस को सूचना मिली कि अनिल यादव जूड़ापुरदांदू में छिपा हुआ है। इस सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर उसे पकड़ लिया।

पुलिस के मुताबिक वारदात का कारण सरकारी तालाब पर कब्जे का विवाद था। आरोपी अब कानूनी कार्रवाई के बाद जेल भेजा जाएगा।

# पाकिस्तान के खिलाफ मुस्लिमों का जोरदार प्रदर्शन

**जुमे की नमाज के बाद मस्जिदों के बाहर नारेबाजी**

अवधनामा संवाददाता




**प्रयागराज।** प्रयागराज में जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम संगठनों ने मस्जिद के सामने इंडियन आर्मी के लिए विशेष सलामी दी। उन्होंने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। जुमे की नमाज को लेकर पुलिस भी खासा सतर्क है। मस्जिदों के बाहर जश्न, विरोध-प्रदर्शन को लेकर ऐहतियात बरतने के निर्देश हैं। चौक जामा मस्जिद के बाहर बड़ी संख्या में लोगों ने पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन किया। मुस्लिमों समाज के लोगों ने कहा कि हम भारत की सेना के साथ खड़े हैं। पाकिस्तान की इस कायराना हमले का विरोध करते हैं।

कांग्रेस के पदाधिकारियों ने भी जामा मस्जिद चौक में नमाज के बाद पाकिस्तान का विरोध करने का ऐलान किया है। जश्न और विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर प्रयागराज पुलिस अलर्ट है कि कहीं हंगामा न हो। पाकिस्तान का विरोध कर रहे मुस्लिमों का कहना है कि जिस तरह से भारत के नागरिकों के साथ नापाक हरकत की है। वह किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम भारत की सेना के साथ खड़े हैं। पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद करने के लिए चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर मुस्लिम नमाजियों ने भारतीय सेना को बधाई दी। शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद चौक स्थित जामा मस्जिद के बाहर बड़ी संख्या में जुटे मुस्लिम नमाजियों ने जुमे की नमाज अदा करने के बाद भारतीय सेना जिंदाबाद, जय जवान जय भारत, पाकिस्तान मुर्दाबाद आदि नारे लगाते हुए आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का संदेश दिया। इस दौरान भारत और भारतीय सेना की सलामती की दुआ मांगी। मुस्लिमों ने भारतीय सेना के अद्भुत साहस, पराक्रम और गौरव की सराहना करते हुए पाकिस्तान के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाई की सराहना की।

हसीब अहमद ने कहा की भारतीय सेना ने आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देकर पहलगाम में मारे गए निर्दोष लोगों की आत्मा को शांति पहुंचाने का काम किया है। कहा कि आतंकवाद को कड़ा जवाब देना जरूरी था ताकि उनके हौसले परस्त हो सके। इस मौके पर हसीब अहमद, शकील अहमद, तबरेज, मो0हसीन, शिराज, हाजी सरताज, मो0शकूर, अब्दुल जाहिद, जावेद खान सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## मुस्लिम महिलाओं ने मनाया ऑपरेशन सिंदूर की जीत का जश्न



**प्रयागराज।** प्रयागराज में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर मुस्लिम महिलाओं ने जश्न मनाया। शहर के विभिन्न इलाकों से एकत्र हुई महिलाओं ने पटाखे फोड़े। उन्होंने पाकिस्तान मुर्दाबाद और हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। मुस्लिम महिलाओं ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ सैन्य विजय नहीं है। यह आतंकवाद के खिलाफ भारत की एकजुटता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक पल में हर भारतीय एक साथ खड़ा है। महिलाओं ने सेना और सरकार के फैसले की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई से देश के दुश्मनों को कड़ा संदेश मिलेगा। भारत अपनी संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर कदम उठाएगा।

# एनी बेसेंट बालिका इंटर कॉलेज का होगा पुनरुद्धार

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रयागराज जनपद की आजादी के पहले स्थापित शिक्षण संस्थाओं में प्रमुख स्थान रखने वाला एनी बेसेंट बालिका इंटर कॉलेज अपनी पहचान खोने लगा था। इसकी पहचान वापस लाने के लिए इसके पुनरुद्धार का निर्णय लिया गया है। प्रयाग रेलवे स्टेशन के पास छोटा बघाड़ा में एनी बेसेंट बालिका इंटर कॉलेज स्थित है। यह काफी पुराना हो चुका है। अब यह नए कलेवर में दिखेगा। इसके लिए आज शुक्रवार को भूमि पूजन का कार्यक्रम हुआ। प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या) शिक्षा प्रसार समिति व कृष्णाश्रम एजुकेशन ट्रस्ट के संयुक्त उपक्रम से भूमि पूजन कर इसका श्री गणेश कर दिया गया है। ब्राह्मणों ने मंत्रोच्चार के साथ इसकी शुरूआत की। मुख्य अतिथि के रूप में आरएसएस काशी प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश व विशिष्ट अतिथि के रूप में इलाहाबाद हाई कोर्ट की जस्टिस मंजू रानी चौहान व डॉ. शेखर यादव एवं मेयर गणेश केसरवानी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीके सिंह ने की। छोटा बघाड़ा में वर्ष 1926 में एनी बेसेंट बालिका इंटर कॉलेज की स्थापना हुई थी। बेटियों की शिक्षा को फोकस करते हुए इस कॉलेज की स्थापना की गई थी। लेकिन धीरे-धीरे इसका विकास रूक गया। अब वर्षों बाद इस कॉलेज को नए तर्ज पर लाने की तैयारी है। प्रांत प्रचारक रमेश ने कहा, कॉलेज को अब पूरी तरह से नए तरीके से आने का प्रयास है। बेटियों को यहां बेहतर शिक्षा मिलती रही इसका पूरा ध्यान दिया जाएगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में विहिप के प्रदेश अध्यक्ष कवींद्र प्रताप सिंह, विद्या भारती के प्रदेश अध्यक्ष व यूपी बोर्ड के पूर्व सचिव दिब्यकांत शुक्ल, संगठन मंत्री रामनोहर, सुनील, विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी व दीपक पटेल, डॉ. यूबी यादव समेत अन्य बड़ी संख्या में शिक्षक व शिक्षिकाओं की मौजूदगी रही।

## पाकिस्तान के विरोध की आड़ में माहौल खराब करने का कुचक्र

**प्रयागराज।** ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान के विरुद्ध चल रहे पूरे देश में विरोध प्रदर्शन की आड़ में कुछ शरारती तत्वों द्वारा कल प्रयागराज के राजरूपुर में माहौल को खराब करने की कोशिश की गई। जिसमें पाकिस्तान के झंडे के साथ मुसलमानों के सबसे पवित्र कलमा लिखे पोस्टर को पैरों से रौंदा गया जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें मुसलमानों के भावनाओं को छति पहुंचाने का जानबूझकर षड्यंत्र रचा गया। इसी को लेकर आज ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (ए आई एम आई एम) ने महानगर अध्यक्ष अफ़सर महमूद के नेतृत्व में पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज से एक प्रतिनिधिमंडल मिला और उनको इस पर कड़ा एक्शन लेने के लिए एक ज्ञापन सौंपा और दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करके उनपर रासुका जैसी गंभीर धाराएं लगाने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल में शामिल लोगों में मुजीबुर्रहमान एडवोकेट, इफ्तेखार अहमद मंदर, ज़ीशान एडवोकेट, चौधरी इब्राहीम नसीम,नबी उल्लाह आदि लोग थे।

# पीयू में ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर छात्राओं ने मनाया जश्न

**कर्नल सोफिया और विंग कमांडर व्योमिका की फोटो लेकर किया अभिनन्दन**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संकाय भवन में शुक्रवार को मिशन शक्ति 5 के अंतर्गत ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर अभिनन्दन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मिशन शक्ति की समन्वयक डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव के नेतृत्व में छात्राओं ने भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और एयरफोर्स की विंग कमांडर व्योमिका सिंह के अदम्य साहस पर चर्चा की गई। छात्राओं ने कहा कि उन्हें देश की बेटी होने पर गर्व है।

मिशन शक्ति की समन्वयक डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव ने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय की आज छात्राओं ने कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की फोटो लेकर अभिनन्दन किया है और आतंकवादियों को यह यह संदेश दिया है कि इस देश की महिलाएं उनके इरादों को नाकाम करने के लिए काफी है।उन्होंने शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद देते हुए कहा कि यह बहुत गौरव की बात है कि मातृ शक्तियों पर भरोसा किया गया और ऑपरेशन सिंदूर के लिए जिम्मेदारी दी गई। मातृ शक्तियों ने यह साबित कर दिया है कि यदि उन्हें अगर मौका मिले तो दुश्मनों के खेमे में घुसकर गोले भी बरसाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस प्रकार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और उत्तर प्रदेश सरकार में मिशन शक्ति का जिस तरह अभियान चलाया उसका उद्देश्य यही है कि महिलाओं को प्रत्येक जगह उचित अवसर दिया जाए।

उन्होंने कहा कि हमारे देश में मां दुर्गा पूजी जाती हैं और वह राक्षसों नाश करतीं है इसी तरह इन महिलाओं ने आतंकियों को नष्ट करने का कार्य है। संकाय भवन में आयोजित इस अभिनन्दन कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की छात्राएं शामिल हुई।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे आलमबाग लखनऊ–226005 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मद के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है–

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | GEM / 2025/B/ 6162569 | Supply of XLPE ISI marked cross linked polyethylene Insulated PVC outre sheathed armoured with galvanized round wire or steel strip cable with aluminium conductor suitable for rated voltage 1100 volts grade and confirm to IS 7098 part-1 (amendment or latest) 4 core 400 sq mm LT cable. | 3750 Nos. | 22.05.2025 |

निविदा शर्तें–1. विस्तृत जानकारी GEM वेबसाइट यानी i.e https//gem.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं: GEM/2025/B/6162569 दिनांक: 09.05.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1379/25

कार्यालय : खण्ड विकास अधिकारी अमेठी, जनपद- अमेठी

पत्रांक/218/लेखा/ई-टेण्ड़र/2025-26 दिनांक-09.05.2025

संशोधित सूचना

इस कार्यालय के पत्र संख्या-176/भूसा निविदा (टेण्डर)/2025-26 दिनांक 01.05. 2025 द्वारा विकास खण्ड अमेठ़ी में स्थित ग्राम पंचायतो में संचालित गौ आश्रय स्थलो पर भूसा आपूर्ति हेतु ई-निविदा निकाली गई थी। जिसमें तृटिवष निविदा आमंत्रित करने की तिथि दिनांक 26.04.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 04.05.2025 को अपरान्ह 02.00 बजे तक तथा निविदा खुलने की तिथि दिनांक-04.05.2025 को अपरान्ह 03.00 बजे अंकित हो गई थी।

निविदा खुलने की संषोधित तिथि दिनांक 10.05.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 16.05.2025 को अपरान्ह 02.00 बजे तक तथा निविदा खुलने की तिथि दिनांक 16.05.2025 को अपरान्ह 03.00 बजे पढ़ी व समझी जाये।

खण्ड विकास अधिकारी
अमेठी, जनपद-अमेठी

अवधनामा

लखनऊ, शनिवार, 10 मई , 2025



# यूपी एनर्जी एक्सपो 2025 का भव्य उद्घाटन

■ यूपी सौर ऊर्जा क्रांति की ओर अग्रसरः ए.के. शर्मा

■ 150 से अधिक प्रदर्शकों ने लगाए स्टॉल



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आज यूपी एनर्जी एक्सपो 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय इस मेगा इवेंट की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया।

इस एक्सपो का आयोजन उत्तर प्रदेश स्टेट चैप्टर, पीएचडीसीसीआई और फर्स्ट व्यू इंडिया, यूपीनेडा के सहयोग से किया गया है। एक्सपो में 150 से अधिक प्रदर्शकों ने भाग लिया है, जो सौर ऊर्जा, स्मार्ट ग्रिड तकनीक और इलेक्ट्रिक व्हीकल्स में नवीनतम प्रगति का प्रदर्शन कर रहे हैं।

दिनभर में कई पैनल चर्चा आयोजित हुईं, जिनमें विशेषज्ञों ने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में अवसरों, चुनौतियों और आगे के रास्तों पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए। यह आयोजन उत्तर प्रदेश की सतत ऊर्जा समाधानों के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा और प्रमुख हितधारकों के बीच सार्थक सहयोग को बढ़ावा देगा।

यूपी एनर्जी एक्सपो 2025 का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं माननीय कैबिनेट मंत्री श्री ए.के. शर्मा (शहरी विकास, समग्र शहरी विकास, शहरी रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा तथा वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत विभाग) द्वारा किया गया।

अपने संबोधन में श्री शर्मा ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और लखनऊ को आयोजन स्थल चुनने के लिए पीएचडीसीसीआई और फर्स्ट व्यू को विशेष धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया अभियान की भावना के अनुरूप है और उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा क्रांति की ओर मजबूती से अग्रसर है। मंत्री ने बताया कि अयोध्या को ऊर्जा नीति 2022 के तहत राज्य का पहला मॉडल सोलर सिटी बनाया जा रहा है, जहां पहले से ही 10% बिजली लोड नवीकरणीय ऊर्जा से पूरा किया जा रहा है। साथ ही, 16 अन्य नगर निगमों में भी सौर परियोजनाएं प्रगति पर हैं।

मंत्री ने उपस्थित उद्यमियों से सौर ऊर्जा क्षेत्र में निवेश के अवसरों का लाभ उठाने का आह्वान किया और सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

वरुण गुलाटी, सीईओ, फर्स्ट व्यू ने उद्घाटन सत्र में सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। डॉ. जतिंदर सिंह, डिप्टी सेक्रेटरी जनरल, पीएचडीसीसीआई ने कहा कि उत्तर प्रदेश को .1 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाना केवल आर्थिक नहीं, बल्कि समावेशी लक्ष्य है, जिसमें सौर ऊर्जा अहम भूमिका निभाएगी।

# गोडैडी एजेंसी के लॉन्च की घोषणा

**लखनऊ।** गोडैडी ने गोडैडी एजेंसी के लॉन्च की घोषणा की है, जो एक नया पार्टनर प्रोग्राम है जो डिजिटल एजेंसियों को छोटे और मध्यम आकार के बिज़नेस लीड्स से जोड़ता है और उनके क्लाइंट ऑफ़रिंग को बढ़ाने के लिए, काफी उपयोगी टूल्स, सर्विसेज और सपोर्ट तक आसान एक्सेस प्रदान करता है। लाखों आंत्रप्रेन्योर्स पहले से ही गोडैडी के टूल्स का उपयोग कर रहे हैं, गोडैडी एजेंसी डिजिटल एजेंसियों के लिए एक स्ट्रेटजिक रेफरल पार्टनर के रूप में तैनात है जो अच्छी लीड्स को एक लगातार बढ़ते क्रम के माध्यम से अपने बिज़नेस को कुशलतापूर्वक बढ़ाना चाहते हैं। अपूर्व पलनीटकर, सीनियर डायरेक्टर, मार्केटिंग, गोडैडी इंडिया ने कहा कि यह प्रोग्राम स्माल बिज़नेस और एजेंसी एक्सपर्ट्स के बीच सार्थक संबंध बनाने के बारे में है, जो उनके आइडियाज को वास्तविकता में बदलने में मदद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आंत्रप्रेन्योर्स और क्रिएटिव प्रोफेशनल्स, दोनों को सशक्त बनाकर, हम लॉन्चपैड साझेदारी को सक्षम कर रहे हैं जो साझा सफलता और सस्टेनेबल ग्रोथ को प्रोत्साहित करती है। भारत में फ्रीलांस, वेब डेवलपर, वेब डिज़ाइन और डिजिटल मार्केटिंग कंसल्टिंग एजेंसियां अपने क्लाइंट बेस और रेवेन्यू को बढ़ाने के लिए, गोडैडी एजेंसी का लाभ उठा सकती हैं - एक बार एक्सक्लूसिव गोडैडी एजेंसी प्रोग्राम का हिस्सा बनने के बाद, उन्हें प्रोफेशनल सपोर्ट प्राप्त करने में रुचि रखने वाले छोटे और मध्यम आकार के बिज़नेस ग्राहकों के साथ जोड़ा जाएगा। गोडैडी एजेंसी ऐसे एजेंसी भागीदारों को वेबसाइट बनाने, डिजिटल मार्केटिंग अभियान मैनेज करने, ऑनलाइन स्टोर लॉन्च करने और क्लाइंट प्रोजेक्ट चलाने के लिए, जरूरी इंस्ट्रूमेंट्स, सपोर्ट और जानकारी प्रदान करके सफल होने में भी मदद करती है - एजेंसियों को अधिक काम जीतने और बेहतर परिणाम देने के लिए सशक्त बनाती है।

# किआ कैरेन्स क्लैविस लॉन्च

## फैमिली कार में बोल्ड डिज़ाइन और हाईटेक कम्फर्ट का मेल

**नई दिल्ली।** किआ इंडिया, एक अग्रणी मास-प्रीमियम कार निर्माता कंपनी, ने अपने कैरेन्स पोर्टफोलियो में एक नया मॉडल कैरेन्स क्लैविस लॉन्च किया है। यह एक बड़ी, बोल्ड और बेहद स्पेशियस 3-रो कार है, जिसे आज के समय के आधुनिक और बड़े भारतीय परिवारों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। कैरेन्स क्लैविस एमपीवी और एसयूवी के बीच की दूरी को कम करती है और इसमें आराम, जगह और बोल्ड डिज़ाइन को आधुनिक तकनीक, सुरक्षा और भविष्यवादी लुक के साथ खूबसूरती से जोड़ा गया है।

'क्लैविस' नाम लैटिन शब्द क्लैविस औरिया से लिया गया है, जिसका अर्थ है 'गोल्डन की'। कैरेन्स क्लैविस के ज़रिए, किआ एक ऐसी कार पेश कर रहा है जो नई पीढ़ी के परिवारों की आकांक्षाओं को दर्शाती है – तीन वर्षों में 2 लाख से ज्यादा भारतीय परिवारों ने इस पर भरोसा जताया है।

कैरेन्स क्लैविस मे 6 और 7-सीटर का आरामदायक विकल्प मौजूद है, जो बोल्ड डिज़ाइन, प्रीमियम स्पेस और एडवांस्ड टेक्नोलॉजी के साथ मिलकर




आधुनिक भारतीय परिवारों को एक बेहतरीन और सुविधाजनक अनुभव देती है।

श्री ग्वांगु ली, प्रबंध निदेशक और सीईओ, किआ इंडिया ने कहा, ÷हम जो कुछ भी करते हैं, उसकी नींव नवाचार पर टिकी है जो उन्नत तकनीक और अनोखे डिज़ाइन से प्रेरित होता है। कैरेन्स क्लैविस का लॉन्च हमारी यात्रा में एक अहम पड़ाव है। यह हमारे प्रगतिशील, प्रीमियम और उद्देश्यपूर्ण दृष्टिकोण को दर्शाता है। हम अपने ग्राहकों की बदलती जरूरतों को बखूबी समझते हैं और कैरेन्स क्लैविस के ज़रिये हम सिर्फ एक गाड़ी नहीं, बल्कि ऐसा अनुभव दे रहे हैं जो सोच-समझकर डिज़ाइन किया गया है और जो रोज़मर्रा की यात्रा को बेहतर बनाता है। हमने लगातार सीमाओं को चुनौती देते हुए स्मार्ट और डिज़ाइन-केंद्रित समाधान देने पर ध्यान केंद्रित किया है, जो परिवारों को सशक्त बनाते हैं और हर ड्राइव में आत्मविश्वास देते हैं।

# कम बिजली खर्च करने वाले एसी से घटेगा आपका बिजली बिल

**लखनऊ।** जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है, एयर कंडीशनर (एसी) अब घरों, दफ्तरों, अस्पतालों, दुकानों और स्कूलों की ज़रूरत बन गया है। पहले जो चीज़ सिर्फ़ अमीरों के लिए लग्ज़री मानी जाती थी, वह अब हर किसी के लिए गर्मी से राहत पाने का ज़रिया बन गई है। लेकिन एसी के बढ़ते इस्तेमाल से बिजली का बिल भी बढ़ जाता है। ऐसे में अगर सही एसी चुना जाए, तो बिना आराम से समझौता किए बिजली के खर्च को कम किया जा सकता है।

गर्मी के मौसम में बिजली का बिल कम करने का एक आसान तरीका है कृ कम बिजली खर्च करने वाला एसी लगाना। भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के अधीन ऊर्जा दक्षता ब्यूरो की स्टार रेटिंग प्रणाली से यह पता लगाया जा सकता है कि कौन-सा एसी ज़्यादा बिजली बचाता है। 5-स्टार वाला एसी, 1-स्टार एसी की तुलना में बहुत कम बिजली खर्च करता है और बेहतर कूलिंग देता है।

अगर कोई उपभोक्ता 1-स्टार से 5-स्टार एसी पर स्विच करता है, तो वह साल भर में 10,000 से 14,000 तक की बचत कर सकता है (अगर एसी साल में 275 दिन, हर दिन 8 घंटे चलता है)। इससे थोड़ी ज़्यादा कीमत वाला 5-स्टार एसी भी कुछ ही समय में अपनी लागत निकाल देता है। जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए, बीईई ने 2026 से कुछ नए नियम लागू करने का ऐलान किया है। इन नियमों के अनुसार, जो एसी आज 5-स्टार हैं, वे नए मानकों में 4-स्टार बन जाएंगे। इसका मतलब यह है कि एयर कंडीशनर कंपनियों को और भी ज़्यादा बिजली बचाने वाले उत्पाद बनाने होंगे। यह बदलाव इंडिया कूलिंग एक्शन प्लान के तहत किया जा रहा है, जिससे सभी को सस्ती और टिकाऊ ठंडक मिल सके।

# इस मदर्स डे पर कैलिफोर्निया आमंड्स के पोषण से अपनी माँ को दीजिये सेहत का तोहफा




माँ का प्यार और देखभाल हर दिन हमें ताकत देता है, और इसे जताने के लिए एक दिन काफी नहीं है। माँ हमेशा हमारा और परिवार का खयाल रखती है, वो अपनों से ज्यादा दूसरों को महत्व देती है। लेकिन हम कितनी बार उनकी सेहत के बारे में सोचते हैं इस मदर्स डे पर, आइए हम अपनी माँ की देखभाल करें। इसके लिए एक बेहद आसान तरीका है कैलिफोर्निया आमंड्स को उनकी रोज की आदत में शामिल करना। बादाम माँ को दिनभर की थकान में ऊर्जा देंगे, उनकी सेहत का खयाल रखेंगे और उनकी त्वचा को भी पोषण देंगे।

कैलिफोर्निया आमंड्स किंग ऑफ नट्स कहा जाता है। इसमें 15 जरूरी पोषकतत्व होते हैं, जैसे कि प्रोटीन, ज़िंक, मैग्नीशियमऔर विटामिन ई। अपनी माँ की रोजाना की आदम में मुट्ठीभर बादाम शामिल करके आप उनके ब्लड शुगर लेवल्स को नियमित रख सकते हैं, उनके दिल की सेहत में मदद कर सकते हैंऔर उनकी त्वचा को ज्यादा चमकदार बना सकते हैं। साथ ही बादाम से उन्हें अपना वजन नियंत्रित रखने और एनर्जी पाने में भी मदद मिलेगी।

इस मदर्स डे पर कैलिफोर्निया आमंड्स को माँ का खास साथी बनाएं। जब माँ सबकी देखभाल करती हैं, तब बादाम उनकी सेहत का खयाल रखेंगे। उन्हें दिखाएं कि उनकी सेहत हमारे लिए कितनी अहम है, और उन्हें पौष्टिक बादाम का खूबसूरत तोहफा दें।

बॉलीवुड अभिनेत्री और सेलेब्रिटी सोहा अली खान ने कहा, ''सेहत मेरे लिए हमेशा अनमोल खजाना रही है। मैं रोज़ अपनी सेहत का ख्याल रखने की कोशिश करती हूँ। बचपन में मैं अपनी माँ को उनकी सेहत के लिए अच्छा गिफ्ट देती थी, और यह परंपरा मैं हर मदर्स डे पर निभाती हूँ। मुझे माँ के लिए ऐसी मिठाई बनाना पसंद है जो स्वादिष्ट, पौष्टिक और सेहतमंद हो। इस मिठाई को और खास बनाने के लिए मैं उसमें कैलिफोर्निया आमंड्स मिलाती हूँ। बादाम में जरूरी पोषक तत्व होते हैं, जो स्वाद और सेहत का शानदार मेल देते हैं। सबसे खास बात, मेरी बेटी भी अब मेरी तरह सेहतमंद तोहफे चुनने लगी है।''

फिटनेस एवं सेलेब्रिटी इंस्ट्रक्टर यास्मिन कराचीवाला ने कहा, ''कई नई माँएँ, जिन्हें मैं ट्रेन करती हूँ, अक्सर पूछती हैं कि वर्कआउट से पहले और बाद में क्या खाना चाहिए। सप्लीमेंट्स की बात तो बहुत होती है, लेकिन मैं उन्हें हमेशा प्राकृतिक और पौष्टिक चीजें खाने की सलाह देती हूँ। मैं उन्हें कैलिफोर्निया आमंड्स की सलाह देती हूँ, क्योंकि इनमें 15 जरूरी पोषक तत्व जैसे प्रोटीन, जिंक, आयरन, अच्छे फैट्स और विटामिन ई होते हैं। ये मांसपेशियों को ठीक करने, एनर्जी बनाए रखने और सेहत को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। इस मदर्स डे पर मैं चाहती हूँ कि हर माँ को याद रहे कि उनकी सेहत भी महत्वपूर्ण है। फिटनेस के लिए समय निकालना और बादाम जैसे साधारण, पौष्टिक खाने का चुनाव करना अपनी और दूसरों की देखभाल का शानदार तरीका है।''

# ग्लूकॉन.डी ने एनर्जी का गोला अभियान शुरू किया



**लखनऊ।** जब लखनऊ तेज़ उमस, भारी बारिश और गर्म हवाओं के बीच झूल रहा हैए ऐसे में भारत के सबसे भरोसेमंद ग्लू कोज़.बेस्ड एनर्जी ड्रिंकग्लू कॉन.डीने एनर्जी का गोला अभियान शुरू किया है। इस पहल का मकसद है लखनऊ, हैदराबाद, कोलकाता और मुंबई के 10,000 से अधिक बच्चों को थकान से राहत देना और उनकी इम्यु निटी को सहारा देना। मेहनत करने वाले उनके रुटिन और तेजी से बदल रहे मौसम में उनकी इम्युकनिटी को भी इससे ताकत मिलेगी। ज़ाइडस वेलनेस के सीईओ तरुण अरोड़ा ने कहा, जब गर्मियों का मौसम कभी तेज़ धूप कभी उमस और कभी बरसात जैसी स्थितियों में बदलता है तो बच्चों की देखभाल का तरीका भी उतनी ही तेजी से बदलना चाहिए। ग्लूसकॉन.डी दशकों से हर घर में भरोसे का नाम रहा है और जब भी सबसे ज़्यादा ज़रूरत होती है यह तुरंत ऊर्जा और इम्युंनिटी देने में मदद करता है। एनर्जी का गोला के ज़रिए हम यादों और विज्ञान का मेल कर रहे हैं एक ऐसा समाधान जो पुरानी विरासत से जुड़ा है लेकिन आज की गर्मी की चुनौतियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यह भारत के बच्चों की ऊर्जा और सहनशक्ति को बढ़ावा देने के प्रति हमारी लगातार प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह पहल भारत के पारंपरिक ष्गोलेष् को एक नए उपयोग के साथ पेश करता है। ग्लूकॉन.डी के पॉपुलर फ्लेवर्स दृ ऑरेंज, मैंगो और नींबू पानी से भरे 700 किलो से अधिक ठंडे गोले 100 से ज्यादा मैदानों और स्टेवडियमों में बांटे जा रहे हैं, ताकि बाहर खेलते बच्चोंल की एनर्जी की भरपाई की जा सके।

# पैंथर ने धूम V किया रिलीज़: देसी हिप-हॉप क्रांति का नया दौर

**नई दिल्ली।** भारतीय हिप-हॉप दुनिया में एक ज़बरदस्त दौर की शुरुआत हो रही है, पैंथर के नए एल्बम धूम V के साथ। यह एल्बम जोश से भरे गानों का एक शानदार संग्रह है, जिसमें पैंथर का खास अंदाज़ देखने को मिलता है। यह भारतीय हिप-हॉप इंडस्ट्री में अपना दबदबा बना रहा है। पैंथर, जिनका असली नाम अनुभव शुक्ला है, उन्होंने अपना नया एल्बम धूम V रिलीज़ किया है। इसमें 5 गाने हैं, जिनमें दमदार कहानियाँ और मज़ेदार कोलैबरेशन शामिल हैं।

इस एल्बम में कुल 5 गाने शामिल हैं तेज़ और असरदार व्यापारी, धमाकेदार धरना जिसमें शानदार स्पेक्ट्रा का साथ मिला है, जोश से भरपूर गाना मिल्खा सिंह जिसे मशहूर फॉटी सेवन के साथ बनाया गया है, दिल को छू जाने वाला फिक्र जिसमें बेला और जे ट्रिक्स का साथ है, और प्रेरणादायक मनोरम गाना पहिए।

पैंथर एक बार फिर धमाल मचा रहे हैं और अपनी तेज़ धार वाली लिखाई और जबरदस्त रैप के साथ भारतीय हिप-हॉप में अपनी पकड़ और मज़बूत कर रहे हैं। धूम V एक जोश से भरा एल्बम है, जिसमें पाँच



धांसू बीट्स वाले बेहतरीन रैप हैं। इसकी सच्ची और गहराई से भरी हुई लाइनों ने लोगों पर अपनी छाप छोड़ना शुरू कर दिया है। इसे सुनने वाले खुद को पैंथर की दुनिया में खोया हुआ महसूस करेंगे।

धूम V के पीछे अपनी प्रेरणा के बारे में बताते हुए पैंथर कहते हैं, धूम V एक दमदार और जोश से भरा ईपी है, जो देसी हिप-हॉप सीन में नई हलचल मचाना चाहता है। इसमें पांच धमाकेदार गाने हैं जो ऊर्जा, असली जज़्बात और यादगार लाइनों से भरपूर हैं। इसमें स्पेक्ट्रा, फॉटी सेवन, जे ट्रिक्स और बेला जैसे कलाकारों के साथ जबरदस्त कॉलेब्रेशन किया गया है। इस प्रोजेक्ट में तगड़े रैप और जबरदस्त म्यूज़िक का ऐसा मेल है जो सिर्फ हिट गाने और यादगार पल बनाता है। इस एल्बम को मैंने खुद, रेट्रो ब्लड, निखिल-स्वप्निल, अक्षय द वन और विज़न के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है, और इसे बासपीक ने इंजीनियर किया है। इसका हर गाना इस तरह से बनाया गया है कि वह लोगों के दिलों में छाप छोड़ जाए। एल्बम का शानदार कवर आर्ट तुहिन चंद्रा और तुषार चंद्रा ने डिज़ाइन किया है, जो इस पूरे विज़न को जोड़ता है। 'धूम V' धूम मचाने आया है। ये ऐसे गाने हैं जिन्हें आप बार-बार सुनना चाहेंगे और दोस्तों के साथ रैप करते रहेंगे। 'धूम V' पैंथर की बेखौफ कला का एक ज़बरदस्त सबूत है, जिसमें असली जज़्बात, गलियों की समझ और दमदार ऊर्जा को बखूबी मिलाया गया है। यह एल्बम देसी हिप-हॉप की दुनिया में एक नया आयाम लाने की कोशिश कर रही है, जो पुराने बंधनों को तोड़ते हुए कुछ अलग और दमदार पेश करती है।

# इस मई, आपका टीवी सिर्फ शिन चैन के नाम!

**नई दिल्ली।** वो शरारती है। वो अनपेक्षित है। और इस गर्मी, वो आपके टीवी स्क्रीन पर पहले से कहीं ज़्यादा धमाल मचाने वाला है। तैयार हो जाइए मस्ती से भरे मई के लिए, क्योंकि शिन चैन ला रहा है अब तक का सबसे जबरदस्त मूवी मैराथन - जो पहली बार भारतीय टेलीविज़न पर प्रसारित होगा, सिर्फ सोनी ये! पर!

चार वीकेंड्स, चार गुना मस्ती - शिन चैन की हाई-ऑक्टेन एडवेंचर, अनोखी कल्पनाओं और हंसी से भरपूर पलों की भरमार के साथ। वो कभी विलेन से भिड़ेगा, तो कभी समय में पीछे जाएगा, और कभी अपने सबसे पागलपन भरे कारनामों में कूद पड़ेगा। शुरुआत होगी धुआंधार एक्शन से बर्स्ट! हॉट स्प्रिंग बैटल! में शिन चैन करेगा गर्म पानी की लड़ाई, फिर आएगा बड़ों के खिलाफ बगावत वाला धमाका द एडल्ट एम्पायर स्ट्राइक्स बैक। इसके बाद शॉर्ट्स छोड़ शिन चैन बनेगा समुराई द बैटल ऑफ वैरिंग स्टेट्स में, और अंत में पूरी तरह जंगल-जंगल हो जाएगा द कासुकाबे एनिमल किंगडम में। हर एडवेंचर




पहले से ज्यादा बड़ा, मज़ेदार और हंगामेदार! लेकिन रुकिए - मस्ती यहीं खत्म नहीं होती!

सोनी ये! ला रहा है दो क्लासिक हिट्स जो पहली बार चैनल पर प्रसारित होंगे। देखिए शिन चैन को जासूस की भूमिका में ÷द स्पाई÷ में, और एक अनोखे रोबोट डैड से मुलाकात रोबोट डैड में ये दोनों कहानियां भी ठहाकों और सरप्राइज़ से भरपूर होंगी।

तो चाहे आप अपने दोस्तों के साथ हों, परिवार के साथ गर्मी की छुट्टियाँ मना रहे हों, या अकेले काउच पर मज़ा ले रहे हों इस मई को शिन चैन के नाम कर दीजिए! पूरे महीने चलने वाली सुपरहिट मूवी प्रीमियर्स के साथ मई होगा शरारतों के नाम।

# सैमसंग ने भारत में अपना सबसे स्लिम F सीरीज़ स्मार्टफोन, गैलेक्सी F56 लॉन्च किया

**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज अपने F-सीरीज़ पोर्टफोलियो में सबसे स्लिम स्मार्टफोन गैलेक्सी F56 5G को लॉन्च किया। यह स्मार्टफोन केवल 7.2mm पतला है और फ्लैगशिप ग्रेड कैमरा, 6 जेनरेशंस एंड्रॉइड अपग्रेड साइकिल, आगे और पीछे दोनों तरफ गोरिल्ला ग्लास विक्टस+ प्रोटेक्शन और एडवांस एआई एडिटिंग टूल के साथ कई सेगमेंट-लीडिंग फीचर्स से लैस है।

सैमसंग इंडिया के एमएक्स बिजनेस के डायरेक्टर अक्षय एस राव ने कहा, गैलेक्सी F56 5G के लॉन्च के साथ, सैमसंग ने शक्तिशाली और भविष्य के लिए तैयार तकनीक के जरिए ग्राहकों के जीवन को बेहतर बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। गैलेक्सी F56 5G युवाओं के लिए बनाया गया है, जो स्टाइलिश डिजाइन और बेहतरीन फीचर्स के साथ उनकी लाइफस्टाइल को सपोर्ट करने वाला स्मार्टफोन चाहते हैं।

**फ्लैगशिप ग्रेड कैमरा**

गैलेक्सी F56 5G हाई-रिज़ॉल्यूशन और शेक-फ्री वीडियो और फोटो शूट करने के लिए फ्लैगशिप-ग्रेड 50MP OIS ट्रिपल कैमरा के साथ आता है। स्मार्टफोन में बेहतरीन सेल्फी के लिए एक शानदार 12MP एचडीआर फ्रंट कैमरा भी दिया गया है। गैलेक्सी F56 5G के कैमरे कम रोशनी में भी स्पष्ट फोटो और वीडियो के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। इसकी बड़ी पिक्सेल तकनीक, लो नॉइज़ मोड और एआई आईएसपी इसकी नाइटोग्राफी को एक अलग स्तर पर ले जाते हैं। इसमें रियर कैमरे पर 2ङ्ग ज़ूम के साथ पोर्ट्रेट 2.0 भी है जो क्रिस्प और नैचुरल बोकेह इफेक्ट देता है। यूजर्स 10-बिट एचडीआर में 4य 30 एफपीएस वीडियो भी रिकॉर्ड कर सकेंगे, जो रियल आउटपुट के लिए कलर्स की एक विस्तृत श्रृंखला को कैप्चर करने में सक्षम होगा। गैलेक्सी F56 5G में ऑब्जेक्ट इरेज़र, एडिट सुझाव जैसे एडवांस्ड एआई-संचालित एडिटिंग टूल्स भी होंगे जो हर शॉट को सोशल-रेडी बनाते हैं।

**नया डिजाइन, डिस्प्ले और बेजोड़ ड्यूरैबिलिटी**

गैलेक्सी F56 5G केवल 7.2 mm स्लिम है और इसमें आगे और पीछे दोनों तरफ कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस0 प्रोटेक्शन है, जो इसे बेहद मजबूत और साथ ही एर्गोनोमिक बनाता है। इसमें 6.7 इंच का फुल एचडी+ सुपर एमोलेड+ डिस्प्ले है जिसमें 1200 निट्स का हाई ब्राइटनेस मोड (HBM) और विज़न बूस्टर तकनीक है जो सुनिश्चित करती है कि यूजर्स तेज धूप में भी अपने पसंदीदा कंटेंट का आसानी से आनंद ले सकें। 120H5 रिफ्रेश रेट से सोशल मीडिया फीड को स्क्रॉल करना बेहद आसान है।

# बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने घटाई होम लोन की ब्याज दरें, नई दरें 8.00% प्रति वर्ष से शुरू

**लखनऊ।** भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने अपने होम लोन की ब्याज दरों में कमी किए जाने की घोषणा की है। बैंक की होम लोन ब्याज दरें अब 8.00%* प्रति वर्ष पहले 8.40% प्रति वर्ष से शुरू होंगी। ये दरें नए होम लोन और होम इमप्रूवमेंट लोन पर लागू होंगी। दरें उधारकर्ता के क्रेडिट स्कोर से लिंक्ड हैं और 15 लाख रुपये और उससे अधिक के ऋण पर लागू होंगी। बैंक ने रेपो रेट से लिंक्ड ऋण वाले अपने मौजूदा उधारकर्ताओं को रेपो रेट में कटौती का लाभ पहले ही दे दिया है। इसके अलावा, बैंक तैयार संपत्तियों, होम लोन शिफ्टिंग आदि के लिए महिला उधारकर्ताओं के लिए 0.05% प्रति वर्ष और 40 वर्ष से कम आयु के उधारकर्ताओं के लिए 0.10% प्रति वर्ष की रियायत भी दे रहा है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक श्री संजय मुदालियर ने कहा, बैंक ऑफ़ बड़ौदा के होम लोन पर घटी हुई दरें घर की खरीद को और अधिक किफायती बना देंगी। हम कुछ विशेष महत्वपूर्ण सेगमेंट के लिए विशेष रियायतें भी दे रहे हैं। जहां एक ओर ये संशोधित दरें घर खरीदने का सपना देखने वाले ग्राहकों को प्रतिस्पर्धी ऋण समाधान प्रदान करने की बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं, वहीं दूसरी ओर इससे पसंदीदा हाउसिंग फायनांस भागीदार के रूप में हमारी स्थिति और सुदृढ़ होगी।

बैंक की होम लोन बैलेंस ट्रांसफर योजना, अन्य बैंकों और एनबीएफसी के उधारकर्ताओं को न्यूनतम दस्तावेज़ीकरण और शीघ्र प्रोसेसिंग के साथ, अपने होम लोन को बैंक ऑफ़ बड़ौदा में अंतरित करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करते हुए उन्हें कम ब्याज दरों का लाभ प्रदान करती है।

# भारत में 30 गीगावॉट की कुल क्षमता वाले घरेलू सोलर मार्केट के लिए Husk ने BEEM लॉन्च की

**मुंबई।** Husk ने खास तौर पर भारत में घरेलू छतों पर लगाए जाने वाले सोलर के लिए BEEM के लॉन्च की घोषणा की। यह कंपनी बेहतरीन ग्राहक सेवा और उत्कृष्ट टेक्नोलॉजी मुहैया कराएगी। क्ष्क्षश्वरू पर Husk का पूरा मालिकाना हक है और BEEM पूरे देश में घरेलू ग्राहकों को टारगेट करेगी और इसके लिए सोलर सिस्टम डिज़ाइन के क्षेत्र में Husk की दो दशकों की




विशेषज्ञता, टेक्नोलॉजी डिज़ाइन, इंस्टालेशन और सर्विस का पूरा लाभ उठाएगी। BEEM के प्रॉडक्ट की पूरी रेंज इस तरह डिज़ाइन की गई है कि सभी घरों या ग्राहकों की जरूरतों को पूरा कर सके। सही साइज़ के सिस्टम का सुझाव देने से लेकर जगह के हिसाब से सोलर के साइज़ को कस्टमाइज़ करने, बिजली जनरेशन से जुड़ा डेटा ऐक्सेस करने जैसी सुविधाओं के साथ BEEM सभी घरेलू उपभोक्ताओं को उनकी जरूरतों के हिसाब से शानदार सेवाएं उपलब्ध कराएगी। उपभोक्ता या ग्राहक अपनी जरूरतों का आसानी से आकलन कर सकते हैं, अपने लिए प्रॉडक्ट चुन सकते हैं, खरीदी और इंस्टालेशन बुक कर सकते हैं।

# वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन के अन्वेषण 2025 ने वैश्विक मंच पर भारतीय ज्ञान व्यवस्था को प्रदर्शित किया



**नई दिल्ली।** वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन के स्कूल ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स ने नई दिल्ली के प्रतिष्ठित त्रिवेणी कला संगम में अपने वार्षिक इंटरनेशनल परफॉर्मिंग आर्ट्स कॉन्फ्रेंस अन्वेषण 2025 का उद्घाटन किया। भारतीय कला और अकादमिक क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल इस सम्मेलन में जबरदस्त उत्साह दिखा जहां देशभर से प्रख्यात विद्वान, कलाकार, शिक्षक और विद्यार्थी शामिल हुए। इस वर्ष का अन्वेषण इंडियन नॉलेज सिस्टम एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स इन ए ग्लोबल कांटेक्स्ट की थीम पर केंद्रित है जहां यह संभावना तलाशी जा रही है कि कैसे पारंपरिक भारतीय कलात्मक रूपरेखा, वैश्विक दृष्टिकोण के साथ सार्थक हो सकती है। इस थीम ने सांस्कृतिक विरासत, कलात्मक नवप्रवर्तन और अकादमिक जिज्ञासा को लेकर भावी संवाद का आधार तैयार किया है। उद्घाटन सत्र की शुरुआत, वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन के कुलपति डाक्टर संजय गुप्ता के स्वागत भाषण के साथ हुई जिसके बाद डाक्टर सचिदानंद जोशी (सदस्य सचिव, कार्यकारी एवं अकादमिक, आईजीएनसीए), नई दिल्ली और श्री प्रभात सिंह (रंगमंच एवं पारंपरिक कलाओं के विशेषज्ञ व प्रख्यात पत्रकार) ने प्रमुख भाषण दिया। इनके संबोधन में भारतीय ज्ञान प्रणालियों की कालातीत प्रासंगिकता पर जोर दिया गया और पारंपरिक प्रस्तुति रूपरेखा के भीतर समकालीन नवप्रवर्तन को एकीकृत करने की तत्काल जरूरत बताई गई।

# ड्रीम टेक्नोलॉजी ने भारतीय ग्राहकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया

**नई दिल्ली।** स्मार्ट होम टेक्नोलॉजी में ग्लोबल लीडर ड्रीम टेक्नोलॉजी ने बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन को अपना पहला भारतीय ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। यह पार्टनरशिप भारतीय बाजार में इनोवेटिव और इंटेलिजेंट होम सॉल्यूशन्स लाने की ड्रीमी की यात्रा में एक अहम पड़ाव है, जो रोज़मर्रा के घरेलू कामों को अधिक आसान और असरदार बनाने की दिशा में एक नई परिभाषा गढ़ रही है। कृति सेनन और ड्रीमी टेक्नोलॉजी की यह साझेदारी भारत में कंपनी की मौजूदगी को और मज़बूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसका मकसद ऐसे भारतीय उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर स्मार्ट सॉल्यूशन्स देना है, जो सफाई और पर्सनल केयर के लिए इंटेलिजेंट प्रोडक्ट्स चाहते हैं, ताकि वे अपने सपनों की ज़िंदिगी पर फोकस कर सकें। ड्रीम इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर मनु शर्मा ने कहा, हम कृति सेनन का ड्रीम परिवार में स्वागत करके बेहद खुश हैं। उनका



टेक्नोलॉजी के प्रति रुझान और आगे की सोच हमारी उस सोच से मेल खाती है, जिसमें हम भारतीय घरों को स्मार्ट सॉल्यूशन्स के ज़रिए फिर से परिभाषित करना चाहते हैं। जैसे-जैसे हम भारत में अपने एडवांस प्रोडक्ट्स लॉन्च कर रहे हैं, उनका साथ ड्रीम को स्मार्ट लिविंग और शानदार परफॉर्मेंस पसंद करने वालों के बीच पसंदीदा ब्रांड बनाएगा। भारत हमारे वैश्विक विस्तार की रणनीति का एक अहम हिस्सा है। यह एक तेज़ी से बढ़ता हुआ बाज़ार है, जहां उपभोक्ता तेजी से आधुनिक और टेक्नोलॉजी-फर्स्ट लाइफस्टाइल को अपना रहे हैं।

## क्षेत्राधिकार को व्यापारियों ने किया सम्मानित



**महराजगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** नवागत क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार से अखिल भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारियों ने मिल कर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा कुशलक्षेम पूछा बताते चले कि आज दिन शुक्रवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष रिंकु जायसवाल की अगुआई में व्यापारियों ने क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार से उनके कार्यलय पर मिल कर प्रतीक चिह्न भेंट कर कुशल क्षेम पूछा। वहीं क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार ने व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आप सभी पुलिस का सहयोग करते रहे पुलिस हर व्यापारी के साथ किसी भी मामले में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी किसी भी व्यापारी को किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो या कोई अपराधी व्यापारी को परेशान कर रहा तो मुझको सूचित करें उस पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर बबलू वैश्य विनोद ओमप्रकाश सोनी आदर्श वैश्य श्रवण कुमार सोनी संतोष मौर्य रवि कुमार जयम वर्मा सजीवन पासवान छोटेलाल मौर्य पछ्लू विश्वकर्मा मनीष यादव राजीव वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## चौकीदारों की मदद से क्षेत्र में अपराध पर लगेगा अंकुश



**महराजगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह के निर्देशन पर नवसृजित थाना चंदापुर में थाना अध्यक्ष प्रशांत कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में चौकीदारों की एक बैठक आहुत की गई। उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए आदेश व निर्देशों का पालन करने हेतु सुझाव दिया गया। बताते चले की पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह के निर्देशन पर थाना अध्यक्ष चंदापुर ने क्षेत्र के चौकीदारों की एक बैठक थाना परिसर में आयोजित की। जिसमें उपस्थित चौकीदारों को उनके कर्तव्यों का पालन करने की बात कही गई । थाना अध्यक्ष प्रशांत द्विवेदी ने कहा कि यदि किसी भी गांव में किसी भी तरह का कोई अपराधी किस्म का व्यक्ति घूम रहा हो या कोई अज्ञात व्यक्ति दिखाई पड़े। जिसको कोई जानता पहचानता न हो उसको मेरे प्राइवेट नंबर या सीयूजी नंबर पर सूचित करें अभिलंब पड़कर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। क्षेत्र में किसी भी तरह के अपराधिक कार्य करने वाले अपराधी की सूचना तुरंत दें जिससे कि क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लग रहे। इस मौके पर एस आई रवि पवार,एस आई अशोक कुमार, पवन सचान, संतोष कुमार सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सेना ने आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दिया : शशांक



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को नेस्तानाबूत करने पर भाजपा किसान मोर्चा ने पुरवा स्थित संसदीय कार्यालय पर पदाधिकारीगण के साथ खुशी मनाया। इस अवसर पर उपस्थित सदर सांसद शशांक मणि ने कहा कि भारतीय सेना ने अपने शौर्य और पराक्रम का परिचय देते हुए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को खत्म करके आतंकियों को मुहतोड़ जवाब देते हुए एक नया इतिहास लिख दिया है। भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि भारत ने यह बता दिया कि जो भी हमसे टकराने की कोशिश करेगा उसे नेस्तानाबूद कर दिया जाएगा। पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा मार्कण्डेय शाही ने कहा की भारत की सेना पर सभी देशवासियों को गर्व है। उपस्थित लोगों ने तिरंगा लहराकर भारत माता की जय के नारे लगाए। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, विजय प्रताप मणि डबलू, दुर्गेश नाथ त्रिपाठी,मुकेश राय, प्रभुनाथ पाण्डेय, प्रिन्स चतुर्वेदी, प्रमोद पाण्डेय, राहुल मणि, सत्यप्रकाश सिंह, अभिनंदन सिंह उपस्थित रहे।

## महाराणा प्रताप की 485वीं जयन्ती मनायी गयी



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** अखिल क्षत्रिय महासभा देवरिया के तत्वाधान में नगर स्थित महारानी चंद्रिका क्षत्रिय छात्रावास देवरिया के सभागार में शौर्य, वीरता, पराक्रम, त्याग एवं बलिदान के अनेक प्रतिमाए स्थापित करने वाले वीर शिरोमणि हिंदुआ सूर्य, मेवाडपति महाराणा प्रताप की 485 वीं जयन्ती मनायी गयी। जयन्ती समारोह के मुख्य अतिथि लार ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि एवं अखिल क्षत्रिय महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित सिंह बब्लू रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के जिला प्रभारी श्री कामेश्वर सिंह ने किया। अन्य विशिष्ठ अतिथियों में सौदागर सिहं, डा0निर्भय शाही एवं राजा मानसिंह एडवोकेट मंच पर उपस्थित रहे। संगठन के जिलाध्यक्ष अरबिन्द सिहं ने रामधारी सिंह दिनकर पुरस्कार से पुरस्कृत कवि एवं साहित्यकार सौदागर सिंह को माल्यार्पण कर एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। छात्रावास के वार्डन और अखिल क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय सचिव रणविजय सिंह बघेल एडवोकेट ने अपने उद्बोधन उपरांत आगंतुओ का आभार प्रकट किया वक्ताओं में राजा मानसिंह एडवोकेट संगठन के प्रदेश महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह हरे राम सिंह चंदेल एवं बृजेश लाल श्रीवास्तव ने अपने विचार व्यक्त किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रभु दयाल सिंह, अतुल सिंह, सर्वेंद्र शाही रणवीर सिंह वीर विवेक साईं डिग्री सिंह करणी सेना के अमित सिंह ल,सुरेंद्र प्रताप साईं, रत्नेश्वर, निरंजन सिंह बघेल आदि उपस्थित रहे।

## एसपी ने आरक्षियों को दी बीट प्रणाली की जानकारी

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक अर्पणा रजत कौशिक ने शुक्रवार को कार्यालय में जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान उन्होंने सभी मामलों में सम्बन्धित थानेदारों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के बाद पुलिस अधीक्षक ने बीट आरक्षियों की बीट बुकें चेक कीं और बीट प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ने सम्भ्रांत व्यक्तियों और पुलिस मित्रों से समन्वय स्थापित करते हुए अपराधियों की निगरानी और अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के निर्देश दिए।

## नशामुक्त अभियान जारी, 105 ग्राम स्मैक पकड़ी गई

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नशीली वस्तुओं की अवैध बिक्री और नशीले पदार्थों के सेवन पर अंकुश लगाने को पुलिस का नशामुक्त अभियान जारी है। शुक्रवार को मोहनगंज थाने में 65 ग्राम और बाजार सुकुल थाने में 40 ग्राम स्मैक पकडी गई है। पुलिस ने सलमान उर्फ सन्ना और सुनील कुमार उर्फ घुंघरू नामक व्यक्तियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है और विधिक कार्रवाई पूरी करके जेल भेजने का काम किया है।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य का दो दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम 14 मई को

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियंका मौर्या का दो दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम 14 व 15 मई 2025 को प्रस्तावित है। सदस्य द्वारा 14 मई को महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक/आवेदिका की सुगमता की दृष्टि से महिला उत्पीड़न मामलों की समीक्षा, महिला जनसुनवाई प्रात प्रातः 11 बजे से निरीक्षण भवन गौरीगंज में करेंगी, तत्पश्चात 1:30 बजे महिला जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगी, अपराह्न 3:00 बजे से कस्तूरबा गांधी विद्यालय एवं वृद्धाश्रम का निरीक्षण करेंगी। दिनांक 15 मई 2025 को जिला अस्पताल व आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करेंगी।

# नोडल अधिकारी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**विज्ञान और संवाद के माध्यम से आदर्श गांव की परिकल्पना को धरातल पर करें लागू : वेंकटेश्वर**

अवधनामा संवाददाता




**रायबरेली।** नोडल अधिकारी जनपद/प्रमुख सचिव समाज कल्याण एवं सैनिक कल्याण विभाग उप्र शासन एल वेंकटेश्वर लू की अध्यक्षता में विकास खण्ड ऊँचाहार की ग्राम पंचायत खुर्रमपुर में विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।

चौपाल में नोडल अधिकारी ने लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागीय अधिकारियों से समस्या के समाधान के संबंध में भी चर्चा की। उन्होंने अब तक की गई कार्यवाहियों की भी समीक्षा की। ग्रामीणों, सचिव व प्रधान के आपसी तालमेल द्वारा विकास योजनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित कराया जाये कि सभी पात्र लाभार्थियों को पेंशन का लाभ मिलें कोई भी पात्र लाभार्थी लाभ से वंचित न रहे, इसके साथ ही किसी भी अपात्र व्यक्ति की पेंशन का लाभ न मिले। उन्होंने कहा कि ज्ञान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी का सहारा लेकर सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जाए। जिससे आदर्श गांव की परिकल्पना को धरातल पर लाया जा सके। इसके लिए विभागीय अधिकारी लोगों को जागरूक भी करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को ग्रामीणों के साथ समय-समय पर संवाद भी स्थापित कराने के लिए कहा, जिससे ग्रामीणों को बेहतर सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराई जा सके। चौपाल में ग्रामीण विद्युतीकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, स्वच्छ पेयजल कार्यक्रम, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उप्र स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन योजना-ग्रामीण, राज्य/केन्द्रीय वित्त योजना, मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, आई.जी.आर.एस. के संदर्भ आदि योजनाओं पर चर्चा की गयी। इसके उपरांत प्रमुख सचिव समाज कल्याण ने श्री बाबा झारखंडेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, उपजिलाधिकारी ऊँचाहार सिद्धार्थ चौधरी, डीडीओ अरुण कुमार, परियोजना निदेशक, (जिला ग्राम्य विकास अभिकरण) सतीश प्रसाद मिश्रा, खण्ड विकास अधिकारी ऊँचाहार कामरान, जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारीगण व क्षेत्रीय निवासी उपस्थित रहे। **प्रमुख सचिव ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण**-प्रमुख सचिव वेंकटेश्वर लू ने जिला अस्पताल का निरीक्षण जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के साथ किया। उन्होंने यहां पर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं व दवाओं की जानकारी ली। यहां पर उन्होंने अल्ट्रासाउंड मशीन, आयुष्मान कार्ड धारकों को दी जा रही सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, पीएचसी व सीएचसी में डॉक्टरों की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी डा नवीन चंद्रा को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।

### प्रमुख सचिव ने आईटीआई ऊंचाहार में आधुनिक कार्यशाला का किया निरीक्षण



**रायबरेली।** प्रमुख सचिव वेंकटेश्वर लू ने आईटीआई ऊंचाहार में आधुनिक कार्यशाला व प्रशिक्षण कक्षाओं के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था निर्माण निगम व जांच एजेंसी आरईडी द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों की जानकारी ली तथा आईटीआई में उन्होंने पठन-पाठन सामग्री, अध्यापकों की उपलब्धता, वी सेट क्लासरूम, थ्री डी प्रिंटर, कंप्यूटर लैब, रोबोटिक व आधुनिक प्लंबिंग मशीनों को भी देखा। इस अवसर पर आईटीआई प्रधानाचार्य पवन कुमार मिश्रा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पैना है वीरांगनाओं की धरती : असीम अरुण

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** 1857 की क्रांति में पैना के क्रांति वीरों ने वीरता का जो उदाहरण प्रस्तुत किया उसे याद कर हम धन्य हो जाते हैं। उनकी गौरव गाथा की जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है। उक्त उद्गार प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने व्यक्त किया। उन्होंने शहीद स्थल को पर्यटक स्थल घोषित कराने के लिए भरपूर प्रयास करने के साथ ही कैंप लगाकर वृद्धा पेंशन स्वीकृत कराने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में इस गांव का महत्वपूर्ण योगदान रहा। गांववासियों ने अंग्रेज़ों से जमकर लोहा लिया। लगभग दो महीने तक यह क्षेत्र स्वतंत्र रहा। सैंकड़ों महिलाओं ने यहां जल समाधि भी ली इसलिए इस गांव को वीरांगनाओं की धरती भी कहते हैं। उनके अतुलनीय बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा पूर्व प्राचार्य प्रोफ़ेसर अजय मिश्र ने कहा 1857 की क्रांति में दो माह तक ब्रितानी हुकूमत से अपने को स्वतंत्र रखने का वीरता पूर्ण कार्य पैना के ठाकुर सिंह की पल्टन ने किया था। 31 जुलाई 1857 को जब गांव को तीन तरफ़ से घेरकर ब्रितानी सैनिकों ने गोलीबारी की तब 395 वीरों ने अपनी शहादत और 95 वीरांगनाओ ने अपने सतीत्व की रक्षा के लिए जल जौहर का अप्रतिम उदाहरण प्रस्तुत किया । यह स्थल देशहित बलिदान होने का प्रतीक है। जो युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है कि इसके उत्थान में हम सभी को हर संभव प्रयास करना होगा। कार्यक्रम के संयोजक भाजपा के पूर्वोत्तरराज्यों के पूर्व संगठक सत्येंद्र तिवारी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने इस दिशा में कार्य करने को ठाना है जो वीर सपूत देश हित सर्वोच्च त्याग किये और उन्हें इतिहास में स्थान नहीं मिला उन्हें उचित सम्मान दिलाने की दिशा में कार्य करना होगा। उसी कड़ी में स्वराज कार्यक्रम के तहत पैने के शहीदों के परिजनों को आज सम्मानित करते हुए गर्व महसूस हो रहा है। श्री तिवारी ने कहा कि लोक जीवन में रहते हुए ऐसे पवित्र स्थान को सजाने और संवारने का संकल्प लेकर कार्य करना है। पैना के वीर सपूतों ने और वीरांगनाओं ने 1857 की क्रांति में सर्वोच्च त्याग का जो अप्रतिम उदाहरण प्रस्तुत किया वह अनुकरणीय है।

## हर ब्लॉक में एक गांव बनेगा मॉडल गांव डीएम ने डीपीआरओ से मांगी रिपोर्ट

अवधनामा ब्यूरो



**स्वच्छता समिति, दिव्यांगता समिति व उद्यान विभाग के कार्यों की समीक्षा की**

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की उपस्थिति में जिला स्वच्छता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने मॉडल ग्राम पंचायतों की जानकारी लेने के उपरांत कहा कि 1426 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष 1398 ग्राम पंचायतों को मॉडल घोषित करने के क्या मानदंड है। जिला पंचायत अधिकारी द्वारा बताया गया कि 2022-23 में 124 ग्राम पंचायतों में सभी रिक्वायरमेंट पूर्ण कर ली गई हैं जिसपर जिलाधिकारी ने एक बार पुनः जांच करने के निर्देश दिए। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की समीक्षा दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि इसका उद्देश्य ग्रामों में कहीं कूड़ा नहीं दिखना चाहिए। उन्होंने इसकी विधिवत समीक्षा करते हुए आर सीसी निर्माण, ई रिक्शा, कम्पोस्टिंग आदि की जानकारी भी ली गई, जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि सफाई कर्मियों से ई रिक्शा चलाने का कार्य ना लिए जाएं, उसके लिए अलग से व्यक्ति को रख कर निधि से वेतन भुगतान कराई जाय। उन्होंने कहा कि गांवों में विजिट के दौरान कूड़ा कहीं दिखना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में इस पर कार्यवाही नहीं की जा रही है उसे निर्देशित कर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। लिक्विड वेस्ट के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि गांवों में जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि पहले पूरे गांव के लोग मिल कर गांव की सफाई किया करते थे लेकिन अब एक सफाई कर्मी के भरोसे है, ऐसी स्थिति में व्यवस्था सुदृढ़ किया जाना आवश्यक है। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक ब्लॉक में एक मॉडल गांव बनाकर उसकी सूची उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि उस गांव में जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करें, धरातल पर कार्य योजना के तहत कार्य करना होगा।

## विकास भवन में डीएम ने विभिन्न कार्यालयों का किया निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो



विकास भवन में विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण करते डीएम



जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लेते

**विभागीय योजनाओं का प्रचार प्रसार एवं अभिलेखों का समुचित प्रबंधन रखने का दिए निर्देश**

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने शुक्रवार को विकास भवन का निरीक्षण कर विभिन्न विभागों के कार्यों, कर्मचारियों की उपस्थिति, कैंपस की साफ सफाई आदि की जानकारी ली गई। निरीक्षण के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी के कक्ष, स्टेनो कक्ष, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम, प्रतीक्षालय, का निरीक्षण किया, इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आवश्यक जानकारी दी गई।

जिलाधिकारी ने समाज कल्याण विभाग के निरीक्षण दौरान अद्यतन कार्यों की जानकारी ली गई, एवं पेंशनरों की संख्या, लंबित आवेदनों के बारे में पुछताछ की गई। जिलाधिकारी ने दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग के निरीक्षण दौरान संबंधित से आवश्यक बिंदुओं पर पुछताछ के उपरांत प्रचार प्रसार कर कैंप का आयोजन किए जाने का निर्देश जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी को दिए गए। निरीक्षण के क्रम में डीडीओ कक्ष का भी निरीक्षण किया गया एवं सोशल आडिट सेंटर में पहुंच कर कर्मचारियों के संबंध में पुछताछ कर उन्होंने आगाह किया कि शिकायतें बहुत आती हैं जो अब नहीं आनी चाहिए। अल्प संख्यक कल्याण विभाग के निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी कार्यरत कर्मचारियों के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों सहित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी लोग हमेशा समय से कार्यालय में उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा मीटिंग हाल का भी निरीक्षण किया गया तथा व्यवस्थाओं के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी क्रम में जिलाधिकारी की नजर एक पीड़ित व्यक्ति पर नजर पड़ी तो उससे पूछताछ करने पर बताया कि उसके द्वारा बैंक से लोन लिया गया है परंतु बैंक द्वार लोन का पूरा पैसा नहीं दिया जा रहा है, इस संबंध जिलाधिकारी द्वारा आवेदन लेते हुए कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया गया।

निरीक्षण के क्रम में एनआरएलएम कार्यालय, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, कार्यालय लघु सिंचाई, कार्यालय मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, सहित अन्य सभी विभागों का निरीक्षण कर सभी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। **पर्यटन क्षेत्र में विकास की गाड़ी को गति प्रदान करने हेतु बैठक संपन्न-** कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति-2022 के प्रचार-प्रसार एवं जन-जागरूकता के उद्देश्य से एक दिवसीय पर्यटन नीति कैंप का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी के मार्गदर्शन में तथा परियोजना निदेशक की उपस्थिति में किया गया। इस विशेष अवसर पर जनपद के जनपद स्तरीय अधिकारीगण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।परियोजना निदेशक ने अपने वक्तव्य में जनपद में पर्यटन की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए निवेशकों से पर्यटन क्षेत्र में अधिक से अधिक निवेश करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनपद कुशीनगर प्राकृतिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक दृष्टिकोण से समृद्ध है, जहां पर्यटकों को आकर्षित करने की पर्याप्त संभावनाएं हैं। इस आयोजन के माध्यम से जनपद में पर्यटन क्षेत्र के विकास को गति देने, स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ाने और निवेश को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। इस कैंप में दिलीप कुमार, जीएसटी अधिकारी, प्राण रंजन, पर्यटन सूचना अधिकारी, सीएम् फेलो अभिनव पाण्डेय, एवम उद्यमी गण उपस्थित रहे।

### जिला चिकित्सालय का भी डीएम ने किया निरीक्षण

जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी के साथ राजकीय मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल का निरीक्षण किया गया। डीएम ने जनपदवासियों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने, स्वच्छ पेयजल, बाहर की दवाएं न लिखने सहित चिकित्सालयों पर ही पर्याप्त दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के डीएम ने दिए निर्देश। निरीक्षण दौरान अल्ट्रासाउंड/एक्सरे कक्ष, इमरजेंसी वार्ड,ब्लड सेंटर, पोस्टमार्टम हाउस, के निरीक्षण उपरांत नई बिल्डिंग में स्थापित फर्स्ट फ्लोर पर स्थित अस्थि रोग ओपीडी, डेंटल सर्जरी ओपीडी, जनरल सर्जरी ओपीडी, नेत्र रोग ओपीडी, सहित विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए गए। जनपदवासियों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने, स्वच्छ पेयजल, बाहर की दवाएं न लिखने सहित चिकित्सालयों पर ही पर्याप्त दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के डीएम ने निर्देश दिए।

## मंडल इकाईयों में एस सी ओबीसी और महिला को शामिल करने पर जोर

**अमेठी।** मंडल इकाईयों के गठन के लिए भारतीय जनता पार्टी ने एस सी,ओ बी सी और महिला को पदाधिकारियों की सूची में स्थान देते हुए सर्व समावेशी संगठन की कार्ययोजना तैयार की है। गुरुवार को जिला कार्यालय पर हुई मंडल अध्यक्षों की बैठक में मंडल इकाईयों के गठन के सम्बन्ध में पार्टी नेतृत्व के दिशा निर्देशों पर चर्चा और विचार विमर्श हुआ। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री शंकर गिरि और जिला प्रवासी के रूप में सुल्तानपुर जिले के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ आर ए वर्मा मौजूद रहे।

प्रदेश प्रभारी शंकर गिरि ने कहा कि सर्वसमावेशी के फार्मूले पर भाजपा के सभी मंडल अध्यक्ष मजबूत मंडल टीम तैयार करें। डा आर ए वर्मा ने कहा कि भाजपा ने सरकार और संगठन में समाज के सभी वर्ग के लोगों को सम्मान और भागीदारी दी है। मंडल की सभी कमेटियों में भी समाज के सभी वर्ग के लोगों को शामिल किया जाएगा। जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ल ने कहा कि सबका साथ,सबका विकास और सबका विश्वास -सूत्र मंत्र संगठन की सभी कमेटियों में लागू होगा।

## बुद्ध पूर्णिमा पर्व पर हैंथनकला में होगा समण धम्म दीक्षा समारोह

अवधनामा संवाददाता




**अमेठी/सुल्तानपुर।** त्रिविध पावनी बुद्ध पूर्णिमा पर्व पर 12मई को बुद्ध चरित्र मानस पाठ, धम्म गोष्ठी और धम्मदीक्षा के आधा दर्जन से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। हैंथनाकला, बल्दीराय में समण धम्म दीक्षा समारोह का आयोजन किया गया है। सुल्तानपुर में 12मई को बुद्ध पूर्णिमा पर्व पर सिसापुर में नव निर्मित अम्बेडकर पार्क का लोकार्पण और धम्मदेशना कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

**धम्मदेशना के आधा दर्जन से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे**

अमेठी के सिरमौर बौद्ध विहार, सोइया में बुद्ध पूर्णिमा पर्व पर विचार गोष्ठी, धम्मदेशना कार्यक्रम के बाद भंडारे का आयोजन किया गया है। गडथोलिया में जूनियर हाईस्कूल में बुद्ध पूर्णिमा पर्व पर कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कासगंज में कृषि विज्ञान केन्द्र में तैनात कृषि वैज्ञानिक डॉ पृथ्वी पाल को कार्यक्रम का मुख्य अतिथि बनाया गया है। बुद्ध विहार चौकिया के बौद्ध भिक्षु भंते धम्ममित्र और भारतीय बौद्ध महासभा के मंडल अध्यक्ष बौद्धाचार्य जगन्नाथ बौद्ध को धम्म देशना के लिए आमंत्रित किया गया है। बुद्ध धम्मायतन ट्रस्ट आफ इंडिया और अवशेफ ट्रस्ट इस समारोह के सहयोगी संगठन हैं। कार्यक्रम की आयोजन समिति के प्रमुख सदस्य रामदीन गौतम तक्षक ने बताया कि धम्म दीक्षा समारोह में वल्दीराय विकास खंड के साथ अमेठी, सुल्तानपुर, रायबरेली और अयोध्या जनपद के तमाम बौद्ध धर्म के अनुयायियों के शामिल होने की सम्भावना है।

### संविधान निर्माता के सम्मान में ग्राम प्रधान ने बनवाया स्मृति द्वार

**अमेठी।** जगदीशपुर विधानसभा की ग्राम पंचायत तौधिकपुर में ग्राम प्रधान ने संविधान निर्माता बोधिसत्व बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के सम्मान में स्मृति द्वार का निर्माण कराया है। ग्राम प्रधान राम भारत कोरी ने बताया कि स्मृति द्वार के निर्माण का उद्देश्य लोगों के बीच हमेशा बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की शिक्षाओं और उनके संदेश को ताजा बनाए रखना है। बाबा साहब डॉ अम्बेडकर ने भारत में बौद्ध धम्म का पुनरुद्धार करने के साथ भगवान बुद्ध के प्रज्ञा, करुणा, मैत्री और शांति संदेशों को दुनिया में फैलाने का काम किया है।

## नि:शुल्क जांच शिविर में 340 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण



**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** विश्व अस्थमा दिवस पर श्री साईं निरोग धाम के सौजन्य से निःशुल्क 340 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण तथा निःशुल्क दवा वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुशीनगर सांसद विजय कुमार दूबे और विशिष्ट अतिथि खड्डा विधायकों विवेकानन्द पाण्डेय रहे। श्री साई निरोग धाम के प्रबन्धक एमडी डॉ शुभांकित आर्या ने बताया कि इस स्वास्थ परीक्षण में गोरखपुर के स्पेशलिस्ट एमडी डॉक्टर द्वारा फेफड़े, गुर्दा, दिल, शुगर, बीपी, गेस्ट्रो, हड्डी और अन्य गम्भीर बीमारियों के मरीजों का स्वास्थ परीक्षण कर उनको दवा उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ शिविर को संबोधित करते हुए सांसद विजय कुमार दुबे ने कहा कि श्री साईं निरोग धाम के द्वारा इस निशुल्क कैंप का आयोजन बहुत ही सराहनीय कार्य है और गोरखपुर से यहां आकर जो स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया है इससे जो निर्धन परिवार को बेहतर ईलाज का लाभ मिलेगा। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दुर्गेश्वर वर्मा, जिलाध्यक्ष प्रधान संघ संतोष मणि त्रिपाठी, ब्लाक अध्यक्ष संग्राम यादव, संदीप श्रीवास्तव, एम.डी. डॉ सौरभ आर्या, डॉ विद्या खत्री, डॉ गौरी किताली, डॉ अभिनव चन्द, डॉ आशीष यादव, अभिषेक सिंह, निखिल उपाध्याय, प्रदुम्न तिवारी, मणिंद्र सिंह सहित अस्पताल के कर्मचारी और मरीज उपस्थित रहे।

# तिलहर के भक्सी तिराहे पर फिर हुआ खूनी हादसा



- माँ और बच्चे की कन्टेनर से कुचल कर दर्दनाक मौत
- घंटे लगा हाईवे पर जाम

**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** तिलहर-नगर का भकसी तिराहा अब पूरी तरह खूनी तिराहे के नाम से प्रसिद्ध होता जा रहा है। हाईवे पर अंडरपास या ब्रेकर ना होने के कारण आज फिर एक कंटेनर के नीचे एक महिला और दूध में बच्चों की दबाकर मौत हो गई। मासूम बच्चा जहां कुचल कर पहचान में नहीं आ रहा है तो वहीं काफी दूर तक कंटेनर के पहिए में फांसी उसकी मां रगड़ती गई और मौके पर ही उसकी भी मौत हो गई।

नगर से निकलकर हाईवे पर पहुंच सड़क क्रॉस करते समय महिला अचानक बच्चों के साथ कंटेनर के नीचे आ गई। कंटेनर संख्या PB-10 HX1091 शाहजहांपुर की ओर से चलकर बरेली की ओर जा रहा था। दूध मुहा बच्चा तत्काल ही क्षतविक्षत हो गया जबकि उसकी मां कंटेनर के पहियों में काफी दूर तक घसीटती चली गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे का देख आसपास की भीड़ जमा होते-होते इतनी बढ़ गई की हाईवे पर छोटी बड़ी गाड़ियों की लंबी कतारे ही नहीं लग गई बल्कि बाद जाम लग गया। खबर लिखे जाने तक मरने वालों की शिनाख्त नहीं हो सकी। नगर से सटा भकसी तिराहा हाईवे पर सर्विस लेन एवं अंडरपास की काफी समय से लगातार मांग की जा रही है परंतु शासन और प्रशासन इस मामले में पूरी तरह मौन धारण किए हुए हैं जबकि यह एक ऐसा स्पॉट है जहां लगभग हर समय भीड़ तथा लंबे रूट के वाहनों का आवागमन एवं साथ ही तिलक नगर का प्रवेश। इस सब के मददेनजर यहां पर एक अंडरपास या हाईवे पर ब्रेकरों की अति आवश्यकता है क्योंकि ब्रेकरों से इन खूनी हादसों पर किसी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है।

## विधायक ने घायलों से मिलकर जाना उनका हाल



**शाहजहांपुर।** पुबाया दिनांक 06 मई को शादी समारोह से घर वापस आते समय खुटार रोड पर हुए आकस्मिक सड़क दुर्घटना में कार सवार विकास खण्ड पुवायाँ के ग्राम धारा निवासी चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिसमें दो लोग ओमप्रकाश व रक्षपाल की मौके पर मौत हो गयी तथा बाकी लोगों का उपचार चल रहा है। उपरोक्त लोग अनुसूचित जाति के काफ़ी गरीब लोग हैं जिनकी दुःख की इस घड़ी में जनप्रिय पुवायाँ भाजपा विधायक श्री चेतराम जी ने मृतकों व घायलों के आवास पर उपस्थित होकर उनका हाल जाना एवं ईश्वर से दिवंगत आत्माओ की शांति के लिए व घायलों को जल्द स्वस्थ लाभ प्रदान करने की प्रार्थना की तथा उपजिलाधिकारी पुवायाँ से फोन वार्ता कर तत्काल कानूनगो व लेखपाल द्वारा सर्वे कराकर मृतकों व घायलों के परिवारीजनों को हर सम्भव आर्थिक मदद दिलाने के लिए आदेशित किया।

# भारत ने पहलगांव हमले का बदला लिया

- नौ आतंकी अड्डे किए तवाह
- पूर्व सैनिकों ने भारतीय वायुसेना और थल सेना के जवानों की सराहना
- जरूरतपड़ी तो वह निःशुल्क सेवाएं देने के लिए पूरी तरह से हैं तैयार

**अवधनामा संवाददाता**

**शिकोहाबाद।** पहलगांव हमले का बदला भारत ने पाकिस्तान के अंदर घुस कर उसके यहां बने नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर लिया है। इसमें पाकिस्तान में रह रहे लगभग 100 आतंकी मारे गये हैं। जिसके बाद देश में खुशी की लहर है। भारत की इस जीत पर पूर्व सैनिकों ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि अगर भारत सरकार उन्हें दोवारा मौका देती है तो वह देश की सेवा के लिए निःशुल्क सेवा देने को तैयार हैं। पहलगांव घटना के 15 दिन बाद भारत ने पाकिस्तान में 100 किलो मीटर तक अंदर घुसकर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। जिसके बाद पाकिस्तान में अफ्रातफ्री का माहौल बना हुआ है। पाकिस्तान की सेना ने नौ आतंकी ठिकानों पर हमला का बदला लेने के लिए भारत के 15 शहरों पर बुधवार की रात हमला करने का प्रयास किया था। जिसे हमारी फौज ने उसके प्रयासों को नाकाम कर दिया। जिसके बाद भारत और पाकिस्तान के मध्य प्रोक्सीवार शुरू हो गया है। भारत के द्वारा किये गये ऑपरेशन सिंदूर की सफ्लता पर पूर्व फौजियों ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

### 1971 में लड़ाई पाकिस्तान से लड़ी थी



मैनपुरी रोड लकी गेस्ट हाउस के समीप निवासी हवलदार दलवीर सिंह ने 1971 भारत पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध में लड़ाई लड़ी थी। दबरई सोल्जर बोर्ड से सर्टिफिकेट भी मिला है। संग्राम मेडल जी कश्मीर मैडल सहित नो मैडल है, वह लड़ने को तैयार हैं।



हवलदार ध्रुवजीत निवासी रहचटी का कहना है कि पकिसातन कभी हिंदुस्तान का मुकाबला नहीं कर सकता है। यह जान बूझ कर आतंकवादी को यहां भेज देते है। हमारी सेना इसलिए जवाब नही दे पाती की यह जनता के बीच में घुस जाते है। आमने सामने से हमला नही करते।



हवलदार वीरेंद्र सिंह ने कहा कि पाकिसातन को सबक सिखाना चाहिए। हम अभी भी लड़ने को तैयार है। पाकिस्तान उग्रवादियों का सहारा ले रहा है। उसमें इतनी हिम्मत नहीं है कि वह भारत से सीधा युद्ध लड़ सके।



सूबेदार रविंद्र सिंह ने बताया कि पहलें मुठभेड़ होती थी। अब हथियारो से लड़ाई है। समय समय पर अहसाह कराना चहीए। हम चाहते हैं, कि अगर हमे सरकार लड़नेकी इजाजत दे तचो हम युद्ध में लड़ने के लिए तैयार हैं।

## शादी अनुदान योजना हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**बहराइच।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी वी.पी. सत्यार्थी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) अन्य पिछड़े वर्ग के निर्धन व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु संचालित शादी अनुदान योजना हेतु बीस हजार रूपये के अनुदान का प्राविधान है। शादी अनुदान योजना का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्ति विभागीय वेबसाइट शादी अनुदान डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर शादी की तिथि से 03 माह पूर्व अथवा 03 माह पश्चात् तक आवेदन कर सकते हैं।

ऑनलाइन आवेदन कराने हेतु आवेदक (पिता/माता/अभिभावक) एवं पुत्री के आधार कार्ड में मोबाइल नम्बर ओ.टी.पी. हेतु अपडेट होना चाहिए है। उन्होनें बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पिछड़ी जाति के आवेदक (पिता/माता/अभिभावक) व पुत्री के आधार कार्ड में मोबाइल नम्बर ओटीपी हेतु अपडेट होना अनिवार्य है। रू. 01 लाख वार्षिक आय वाले अभ्यर्थी योजना हेतु अर्ह होंगे।

# जरूरतमंदों को परोसा गया गरमागरम भोजन

**अवधनामा संवाददाता**



- सप्ताह के गुरुवार को राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के कार्यकर्ता मेडिकल कॉलेज रेलवे स्टेशन पर करते हैं सेवा भाव

**सुल्तानपुर।** राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के तत्वावधान में गुरुवार को मेडिकल कॉलेज परिसर में 500 मरीजों, तीमारदारों और जरूरतमंदों को गरमागरम भोजन वितरित किया। भोजन प्राप्त कर जरुरतमंदो के चेहरे पर संतोष झलक रहा था।संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान के नेतृत्व में हर गुरुवार को यह सेवा कार्यक्रम चलाया जाता है, जिसमें कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने लायक होता है। इस बार भी, मौसम की परवाह किए बिना कार्यकर्ताओं ने पूरे मनोयोग से मरीजों और उनके परिजनों को भोजन परोसा।

भोजन में शुद्धता और पोषण का विशेष ध्यान रखा गया था, जिससे यह केवल पेट भरने का माध्यम नहीं बल्कि एक मानवीय स्पर्श भी प्रतीत हुआ।संघ के संरक्षक निजाम खान ने बताया कि यह सेवा कार्य पूरी तरह लोगों के सहयोग और स्वेच्छा पर आधारित है। हमारा उद्देश्य केवल भूख मिटाना नहीं, बल्कि संकट की घड़ी में लोगों को यह एहसास कराना है कि वे अकेले नहीं हैं, उन्होंने कहा। भोजन वितरण कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने अनुशासित ढंग से काम किया, जिससे व्यवस्था में कोई अव्यवस्था नहीं हुई। मरीजों के साथ आए तीमारदारों ने कहा कि इस तरह की सेवा अस्पताल जैसे स्थानों पर एक बहुत बड़ा सहारा होती है, जहाँ अक्सर जरूरत के समय लोग असहाय महसूस करते हैं। इस पुनीत कार्य में सहयोग करने वाले प्रमुख लोगो में हाजी मुजतबा अंसारी, सरदार गुरुप्रीत सिंह, राज कुमार यादव, डॉ शादाब खान, राशिद खान, अमानत खान, आसिफ, आदिल, बैजनाथ प्रजापती, माता प्रसाद जायसवाल, भोलू, इस्लाम खान पप्पू, अजलान खान, निसार अहमद खान इत्यादि का महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जिलाधिकारी ने प्रस्तावित कार्यों की स्वीकृति दी

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में 15 वें वित्त आयोग के टाइड एवं अनटाइड ग्रांट एवं दो प्रतिशत अतिरिक्त स्टांप शुल्क में प्राप्त अवशेष धनराशि से कराए जाने वाले प्रस्तावित कार्यों की स्वीकृति जिलाधिकारी द्वारा दी गई, इस बैठक के दौरान नगर पालिका परिषद टूंडला एवं नगर पालिका परिषद सिरसागंज के कार्यों को जिलाधिकारी द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई, नगर पालिका परिषद टूंडला द्वारा दो प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क अवस्थापना विकास निधि में प्राप्त धनराशि से सात कार्यों में से जिलाधिकारी ने 6 कार्यों को स्वीकृति प्रदान की परंतु वार्ड संख्या 20 और 25 सम्राट नगर में संजीव कुमार गुप्ता के मकान से महेश चंद्र के मकान तक एवं लिंक गलियों में सीसी सड़क तथा आरसीसी नालियों के निर्माण की स्वीकृति नहीं प्रदान की, क्योंकि जिलाधिकारी ने यहां पर सड़क एवं आरसीसी नाली निर्माण के कार्यों के पूर्व के कार्य को सही पाया। इसी तरह नगर पालिका परिषद सिरसागंज द्वारा दो प्रतिशत स्टाम्प शुल्क अवस्थापना विकास निधि में प्राप्त धनराशि से दो कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया, जिसे जिलाधिकारी ने दोनों कार्यों की स्वीकृति प्रदान की, नगरपालिका परिषद सिरसागंज द्वारा 15 में वित्त आयोग के अनटाइड ग्रांट से प्राप्त धनराशि में पांच कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया, जिसमें जिलाधिकारी ने चार कार्यों की स्वीकृति प्रदान की, परंतु नगर पालिका परिषद सिरसागंज के मनोदेवपुरम वार्ड नंबर 12 में निशांत कुमार के मकान से अरविंद कुमार के मकान होते हुए गौरव चंदेल के मकान तक सीसी निर्माण के कार्य को स्वीकृति प्रदान नहीं की।

# राणा प्रताप कॉलेज में राणा प्रताप की 450वीं जयंती मनाई गई

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** राणा प्रताप पी जी कॉलेज द्वारा राष्ट्र गौरव राणा प्रताप की 450 वीं जयंती पर क्षत्रिय भवन स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन किया गया। यहाँ एम जी एस इंटर कॉलेज और डीएसएम स्कूल के बच्चों के साथ एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे। तत्पश्चात राणा प्रताप महाविद्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। यहाँ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो डी के त्रिपाठी ने कहा कि महाराणा प्रताप शौर्य एवं वीरता के प्रतीक है। राणा प्रताप का व्यक्तित्व प्रकाशपुंज की तरह है, पीढियां उनसे प्रेरणा पाती रहेंगी। महापुरूषों के गुणों को अंगीकार करना चाहिये। राष्ट्र हेतु युवाओं को राणा प्रताप से प्रेरणा लेनी चाहिए। प्रो शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि ऐतिहासिक ग्रंथो में मुगलों को महिमामंडित किया गया। महाराणा प्रताप के स्वदेश प्रेम की भावना से हमें सीखने की आवश्यकता है। प्रताप से स्वाभिमान और संघर्ष की प्रेरणा हमेशा मिलती रहेगी। मौजूदा परिस्थितियों में हमें भी राष्ट्र के लिये तैयार रहना चाहिए। अनिल शुक्ला एडवोकेट ने कहा कि भारत को शाश्वत रखना है तो राणा प्रताप के आदर्शो पर चलना होगा। स्वाभिमान की लक्ष्मण रेखा होनी चाहिए। हमें अपनी संस्कृति ,सभ्यता बनाये रखनी होगी। बी एड़ द्वितीय वर्ष की आस्था ने राणा प्रताप के व्यक्तित्व को रेखांकित किया। महाविद्यालय के प्रबंधक बालचंद्र सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप देश के गौरव है। महाराणा से राष्ट्र के प्रति समर्पण की सीख हमेशा मिलती रहेगी। आभार ज्ञापन आईक्यूएसी के डायरेक्टर डॉ इंद्रमणि कुमार ने किया। मंच संचालन डॉ प्रभात श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर पूर्व प्रबंधक सुरेंदनाथ सिंह, उदयभान सिंह, रणजीत सिंह, धनन्जय प्रताप सिंह, अजय कुमार सिंह के साथ महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## आदेशों का पालन न करने पर दो मदरसों की मान्यता होगी निरस्त : संजय मिश्र



**बहराइच।** जनपद के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्रा ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि शासन के निर्देशानुसार, मदरसा पोर्टल पर पंजीकरण और यू-डायस प्रोग्रेशन का कार्य अनिवार्य किया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा कई बार निर्देशित किए जाने के उपरान्त भी मदरसा फैज़ान-ए-मुस्तफा, गाज़ी नगर, यू-डायस कोड 09501300412 नगर क्षेत्र व मदरसा अरबिया इस्लामिया सिराजुल उलूम, यू-डायस कोड 09500 401711 और विकास खण्ड महसी, बहराइच की प्रगति शून्य पाये जाने पर सम्बन्धित मदरसों की मान्यता समाप्त किए जाने हेतु रजिस्ट्रार निरीक्षक, उ.प्र. मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ पत्र प्रेषित किया गया है।

## एक्सईएन के खराब कार्यों पर जतायी नाराज़गी

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में उनके कक्ष में विद्युत विभाग के कार्यों की बैठक आयोजित की गई, जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अभियंताओं को निर्देशित किया कि अपने-अपने लक्ष्य के अनुसार ससमय विद्युत के बकाया बिलों की वसूली करें, विद्युत विभाग की टीमें जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमणकर अधिकाधिक वसूली करना सुनिश्चित करें, जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लक्ष्यों को सेक्टरवार, पंचायत सचिवों एवं के जे0ई0 वार बाटते हुए, वसूली करके लक्ष्य की पूर्ति करें, बिलों के भुगतान हेतु मीटर रीडरों के साथ पंचायत सचिवों की ड्यूटी लगाई जाए, जिससे बकाया बिलों के भुगतान की वसूली आसानी से हो सके, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने एक्स0ई0एन0 जसराना के कार्यों की खराब प्रगति और लक्ष्य के सापेक्ष कम वसूली पर नाराजगी प्रकट करते हुए, चार्जशीट देने के निर्देश दिए, इसी तरह फिरोजाबाद एवं फरिहा के एक्स0ई0एन0 को खराब प्रगति पर नाराजगी प्रकट करते हुए निर्देशित किया कि कार्यों में सुधार लाए, अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें, बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0रा0 विशु राजा, जिला विकास अधिकारी, जिला एवं अर्थ संख्या अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों से चल रही अवैध धन वसूली में

- शिकायत कर्ता पर ही बरसते हैं अधिकारी

**अवधनामा संवाददाता**

**तिलहर/शाहजहांपुर।** नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को ओपीडी पर्चे पर भी कथित डॉक्टरी द्वारा ड्यूटी के दौरान भी प्रायवेट तौर पर सादे पेपर पर बाहर की दावा लिख कर उनसे सौ से पांच सौ रुपए तक की अवैधधन वसूली लगातार जारी है, ऐसी चर्चा नगर भर में ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों तक में वायरल हो रही है। इस मामले में लिखित शिकायत के बाद भी कार्यवाही के नाम पर चिकित्सा विभाग के आला अधिकारी, कार्यवाही करने की बजाए शिकायत कर्ता से ही दस रुपए का स्टांप की मांग की उसके असली शिकायत कर्ता होने का सुबूत मांगते हैं। सा0 स्वा0 के0 स्थित तैनात महिला डॉक्टर नाजनीन परवीन (संविदा) द्वारा मरीजों से खुलेआम बाहर की दवाएं लिखने की आड़ में अवैध धन वसूली चरम पर चल रही है ये मैं नहीं कहता बल्कि पंजीकृत शिकायती पत्र कह रहा है।भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग स्थानीय निवासी भगवानदास भगत जी ने इस संबंध में एक पत्र माननीय मुख्य मंत्री को संबोधित लिखा जिसके जवाब में कार्यालय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, बरेली मंडल बरेली से आए जवाब में शिकायतकर्ता को ही चेतावनी देते हुए लिखा गया है कि आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपनी शिकायत के संबंध में दस रू के स्टांप पर यह पुष्टि करने का कष्ट करें कि उक्त शिकायत आपके द्वार ही की गई ही और उस पर आप के ही हस्ताक्षर हैं साथ ही अपने बयानों हेतु साक्ष्य सहित कार्यालय में होना सुनिश्चित करें। भ्रष्टाचार की लिखित शिकायत पर चिकित्सा विभाग से इस तरह का पत्र शिकायत कर्ता को मिलने पर चर्चा है कि कार्यवाही किए जाने की जगह विभाग द्वारा उल्टा चेतावनी देने का सीधा सा मतलब नीचे से ऊपर तक अवैध धन वसूली में हिस्सा पहुंचाए जाने की चर्चा जोरो पर है साथ ही यह भी चर्चा है कि ऐसे में ष्टाष्ट की सरकारी सुविधाओं से वंचित मरीज जाए तो आखिर कहां जाए।

## आज आयोजित होगी रास्ट्रीय लोक अदालत

**सुल्तानपुर।** 10 मई को जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुलतानपुर विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि जनसामान्य को त्वरित, सस्ता, सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज दिनांक 10 मई, 2025 दिन शनिवार को प्रातः 10:00 बजे से लोक अदालत का आयोजन होगा।जनपद न्यायालय परिसर सुलतानपुर व जनपद सुलतानपुर के सभी वाह्य न्यायालयों, तहसील मुख्यालयों, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, कलेक्ट्रेट एवं अन्य सम्बन्धित विभागों तथा जनपद अमेठी के मुसाफिरखाना, गौरीगंज व अमेठी तहसील मुख्यालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। अतः समस्त जनपदवासियों से अपील है कि आप अपने-अपने, लोक अदालत में नियत योग्य वादों को अधिक से अधिक संख्या में जरिए सुलह-समझौता निस्तारित कराकर लोक अदालत का लाभ उठायें।


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-लखनऊ।**
**निकट-विकास भवन, सर्वोदय नगर, लखनऊ।**
E_mail:-seredlucknow@gmail.com

पत्रांकः-303/ग्रा0अ0वि0/निविदा/लखनऊ/2025-26 दिनांक- 30.04.2025

**ई-प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-लखनऊ के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए, बी एवं सी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल ऑफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी0 के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित है, जी0एस0टी0 का भुगतान सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् हैः-

| क्र. सं. | जनपद का नाम | कार्य का नाम | कार्य की कुल लागत (लाख रु. में) (जी.एस.टी. रहित) | बिड सिक्योरिटी (लाख रु. में) | जी.एस.टी. सहित बिड डाक्यूमेंट का मूल्य (रु. में) | वर्षा ऋतु सहित कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | लखनऊ | राजकीय बाल गृह (बालक) के भवन में सम्पूर्ण नवीन वायरिंग, नवीन इलेक्ट्रिकल फिक्स, ए0सी0 वायरिंग, अलमारियों एवं बुडेन कफ बोर्ड एवं इं0लॉ0 रोड आदि का निर्माण कार्य। | 79.29 | 1.59 | 5000.00 | 03 माह |

2. वेब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः- 12.05.25 को दोपहर 12.00 बजे से।
3. बिड डाक्यूमेन्ट डाउन लोडींग प्रारंभ करने की तिथि एवं समयः- 12.05.25 को दोपहर 12.00 बजे से।
4. प्रि-बिड मीटिंग की तिथि एवं समयः- 28.05.25 को प्रातः 11.00 बजे से।
5. ई-निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारंभ तिथि/समयः- 12.05.25 .को अपरान्ह 12:30 बजे से।
6. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समयः- 02.06.25 को दोपहर 12:00 बजे तक।
7. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समयः- 02.06.25 को अपरान्ह 12:30 बजे।
8. टेण्डर प्रक्रिया से पूर्व का कोई भी शपथ पत्र मान्य नहीं होगा।
9. निविदा आन-लाईन वेब साइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एवं उसी साइट पर डाला जायेगा।
10. निविदा आमंत्रण कर्ता को आईटीबी के क्लॉज-10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेब साइट https://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें। सभी सम्भावित निविदादाता को सलाह है कि बिड सब्मिट करने से पूर्व बिड डाक्यूमेन्ट को भली भाँति पढ़ लें।

**अधीक्षण अभियन्ता**
**ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग**
**परिमण्डल-लखनऊ।**
**श्री राज्यपाल, उ.प्र. की ओर से।**

UPID-233571 Dated-08-05-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध



# कार्यालय नगर पंचायत निघासन, जनपद- लखीमपुर-खीरी

पत्रांक- 82/न0पं0नि0/नि0सू0/ 2025-26, दिनांक-09.05.2025

**निविदा सूचना**

एतद् द्वारा सम्बन्धित क्षेत्र में कार्यरत/रजिस्टर्ड फार्मो को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग, निकाय फंड द्वारा प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित निम्नांकित कार्यों हेतु मुहरबन्द निविदा दिनांक 09.05.2025 से दिनांक 19.05.2025 तक प्राप्त किया जाना है, इच्छुक व्यक्ति/फर्म प्रति नग की दर अंकित करते हुए अपने-अपने मुहरबन्द निविदा दिनांक-19.05.2025 को समय अपरान्ह 01.00 बजे तक नगर पंचायत कार्यालय में लिपिक पटल पर अथवा emailID:-npnighasan@gmail.com पर भी प्रस्तुत कर सकतें है, प्राप्त निविदा प्रपत्र दिनांक-19.05.2025 को अपरान्ह 02.00 बजे कार्यालय नगर पंचायत निघासन पर निविदादाताओं/ठेकेदारो की उपस्थिति में अधिशाषी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पंचायत निघासन के समक्ष खोला जायेगा। निविदा को बिना कोई कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करनें का अधिकार अधिशाषी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पंचायत निघासन में निहित होगा। अन्य नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस में मालूम की जा सकती है। कार्य का विवरण निम्नवत है।

| क्रम सं. | कार्य का विवरण | आगणन धनराशि | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रकेहटी में जितेंद्र चतुर्वेदी के प्लॉट से सी0सी0 रोड तक आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य | 542014 | 54201 | 1180 | 01 माह |
| 2 | रकेहटी में नागेन्द्र चौहान के घर से योगेन्द्र चतुर्वेदी के प्लॉट तक आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य | 800008 | 80001 | 1180 | 01 माह |
| 3 | मो0 गोविंदपुरी में देवी स्थल से फूलचन्द्र के घर तक सी0सी0 रोड एवम नाली निर्माण कार्य | 326275 | 32628 | 590 | 01 माह |
| 4 | मो0 प्रीतमपुरवा में ओम प्रकाश के घर से शिवराम कनौजिया के घर के पीछे तक आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य | 836153 | 83615 | 1180 | 01 माह |
| 5 | मो0 प्रीतमपुरवा में दिनेश मौर्य के घर से सुनील यादव के घर तक आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य | 839129 | 83913 | 1180 | 01 माह |
| 6 | मो0 प्रीतमपुरवा में प्रताप शंकर के घर से ब्रह्मदीन यादव के घर तक आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य | 842105 | 84211 | 1180 | 01 माह |
| 7 | मो0 प्रीतमपुरवा में शिव मंदिर से प्रदीप मौर्य के घर तक आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य | 844239 | 84424 | 1180 | 01 माह |
| 8 | मो0 प्रीतमपुरवा में रोशन लाल मौर्य के घर से अनंतराम मौर्य के घर तक आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य | 844971 | 84497 | 1180 | 01 माह |
| 9 | रकेहटी में कब्रिस्तान के सामने से मनोज की दुकान तक आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य | 784762 | 78476 | 1180 | 01 माह |
| 10 | रकेहटी में राजेंद्र मिश्र के खेत से पुलिया तक आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य | 798878 | 79888 | 1180 | 01 माह |
| 11 | अम्बेडकर नगर पार्क में 02 सीट शौचालय एवम मूत्रालय निर्माण कार्य | 361924 | 36192 | 590 | 01 माह |
| 12 | नगर पंचायत निघासन में पुराने टीन शेड के अंदर इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 482647 | 48265 | 590 | 01 माह |
| 13 | नगर पंचायत निघासन में स्ट्रीट लाइट हेतु पी.सी.सी. पोल अधिष्ठापन कार्य। | 507841 | 50784 | 1180 | 01 माह |
| 14 | नगर पंचायत निघासन में बेसहारा पशु हेतु भूसा क्रय कार्य | प्रति कुंतल | -- | -- | 01 माह |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत निघासन**
**लखीमपुर-खीरी**

# यूपीयूएमएस में लैंप लाइटिंग व ओथ सेरेमनी कार्यक्रम में फ्लोरेंस नाइटिंगेल को दी श्रद्धांजलि

**नर्सिंग छात्रों ने समर्पण व करुणा भाव से मरीजों की सेवा करने की शपथ ली**

**वहाज अली निहाल**






**इटावा, सैफई।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैंफई के फैकेल्टी ऑफ नर्सिंग के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के उपलक्ष्य में साप्ताहिक कार्यक्रम समापन में लैंप लाइटिंग और ओथ सेरेमनी में द लेडी विद द लैंप के नाम से मशहूर फ्लोरेंस नाइटिंगेल को दी गई श्रद्धांजलि। कुलपति प्रोफेसर डॉ पीके जैन ने कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती जी के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि नर्सिंग स्टाफ मरीज के साथ 24 घंटे रहकर कार्य करता है जब कोई मरीज ठीक होता है तो उसकी दुआएं सेवाकर्ता को मिलती हैं। किंतु यह दुआएं उन्हीं को नसीब होती हैं, जो प्रेम, करुणा, दया व सहृदय भाव के साथ सेवा करते हैं। कार्यक्रम में छात्रों को फ्लोरेंस नाइटिंगेल की शपथ मुख्य नर्सिंग अधीक्षिका लवली जेम्स द्वारा नर्सिंग छात्रों ने समर्पण व करुणा भाव से मरीजों की सेवा करने की शपथ दिलाई। डीन नर्सिंग प्रो.बीजी बीजू द्वारा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा किए गए अकादमिक, अनुसंधान व सह-पाठ्यक्रमिक कार्यों का विस्तृत विवरण साझा किया गया। कार्यक्रम में पीरियोडोन्टोलॉजी विभाग के डॉ विपिन कुमार, डॉ प्रेरणा कटारिया, डॉ मोहित बंसल की किताब टिश्यूज इंजीनियरिंग इन पीरियोडोन्टोल रीजेनरेशन का कुलपति ने विमोचन भी किया। इस अवसर पर 2022-23 एवं 2023-24 सत्र में बी.एस.सी.(नर्सिंग), जी.एन.एम. एवं ए.एन.एम.पाठ्यक्रमों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को एकेडमिक एक्सीलेंस अवॉर्ड प्रदान किए गए। इसके साथ अर्थ डे, संविधान दिवस, आत्महत्या निवारण एवं जागरूकता कार्यक्रम तथा अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस सप्ताह के अंतर्गत आयोजित खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। यह सभी पुरस्कार डीन नर्सिंग एवं प्रो डॉ ज्योति बाला व अन्य वरिष्ठ फैकल्टी सदस्यों द्वारा प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सामुंदी कुंभकार द्वारा किया गया एवं अंकित कुमार द्वारा फ्लोरेंस नाइटिंगेल के प्रेरणादायक जीवन पर व्याख्यान दिया गया। नीलम शाह (डेमोंस्ट्रेटर)द्वारा सभी अतिथियों को धन्यवाद प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में प्रतिकुलपति प्रो रमाकांत यादव, डीन मेडिकल प्रो आदेश कुमार, डीन डेंटल डॉ अतुल मिश्रा, डीन फार्मेसी प्रो कमला पाठक, डीन पैरामेडीकल डॉ जितेंद्र मथुरिया, वरिष्ट प्रशासनिक अधिकारी के बी अग्रवाल, सहायक प्रशासनिक अधिकारी उमाशंकर व नर्सिंग संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

## सुमेरपुर में बेलगाम खनन माफिया

**हमीरपुर।** जनपद हमीरपुर के सुमेरपुर स्थित राजकीय महाविद्यालय तक पहुंचने वाला एकमात्र संपर्क मार्ग, 86 लाख रुपये की लागत से निर्मित रपटा, अवैध मिट्टी खनन माफियाओं की बेलगाम गतिविधियों के कारण संकट में है। यह रपटा न केवल सैकड़ों छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के लिए आवागमन का मुख्य साधन है, बल्कि आसपास के गांवों की जीवनरेखा भी है। अवैध खनन के चलते इसकी नींव कमजोर हो चुकी है, और यह कभी भी ध्वस्त हो सकता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सुबह से देर रात तक भारी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों द्वारा मिट्टी ढोने का सिलसिला जारी है। रपटे की संरचना इन भारी वाहनों का बोझ सहन करने में असमर्थ है, जिसके कारण इसमें दरारें उभर आई हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य ने कई बार स्थानीय प्रशासन से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि प्रशासनिक संरक्षण के चलते खनन माफिया बेखौफ होकर प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कर रहे हैं। रपटे के ध्वस्त होने से न केवल महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियां ठप हो सकती हैं, बल्कि आसपास के गांवों का संपर्क भी कट जाएगा।

# महामृत्युंजय तीर्थ पर पंचकल्याणक महामहोत्सव का हुआ समापन

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** चंबल तट उदी पर स्थित श्री दिगंबर जैन महामृत्युंजय तीर्थ पर श्री नेमिनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एंव विश्व शांति महायज्ञ का पाँच दिवसीय कार्यक्रम का समापन बड़ी हर्षोल्लास के साथ किया गया। मरसलगंज गौरव आचार्य श्री 108 सौभाग्य सागर महाराज जी के मंगल सानिध्य स्थविर संत श्री 108 सुरत्न सागर महाराज जी के मंगल निर्देशन प्रतिष्ठाचार्य पंडित सतीश जैन सरल दिल्ली वालो की देखरेख में आयोजन किया गया। मोक्ष कल्याण के दिन प्रातःकाल श्रीजी का केसर के जल अभिषेक व शांति आचार्य श्री के मुखबिंद से बोली गई। इसकें उपरांत महामृत्युंजय का जाप अनुष्ठान व विधान पूजन किया गया आचार्य श्री के फोटो का चित्र अनावरण दीप प्रज्वलन शास्त्र भेंट कमेटी के पदाधिकारियों व श्रृद्धालु द्वारा किया गया। भगवान का मोक्ष कल्याणक पर मूर्ति को आचार्य श्री द्वारा मंत्रोच्चारण व शुद्धिकरण के बाद नवीन वेदियों पर विराजमान किया गया नेमिनाथ भगवान महामस्तकाभिषेक पीले वस्त्र धारण इंद्र का रूप धारण पुजारियों द्वारा किया गया जिसमें श्रृद्धालुओं की आपार भीड़ रही। इसी बीच भाजपा के महामंत्री प्रशांत राव चौबे पूर्व बढपुरा ब्लाक प्रमुख विमल भदौरिया ने पहुंचकर आचार्य श्री के चरणों मे हरा नरियल भेट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। जैन समाज के अध्यक्ष संजू जैन ठेकेदार ने प्रतीक चिंह तिलक कर सम्मान किया गया सभी श्रृद्धालुओं का सम्मान कमेटी द्वारा किया गया सायंकाल श्रीजी व आचार्य श्री संसघ की मंगल आरती भक्ति नृत्य के साथ की गई जिसमें दिल्ली भिंड फिरोजाबाद जसंवतनगर आदि स्थानो श्रृद्धालु मौजूद रहे। मंदिर ट्रस्ट के अनुराग जैन डा.धीरेंद्र जैन आशोक जैन महेश जैंन विनय जैन व सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एसएसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन में परेड ग्राउंड पर परेड की सलामी ली

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली तथा परेड का टोली वार निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान उन्होंने परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया गया। पुलिस कर्मियों को फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई गई एवं ड्रिल कराई गयी। तत्पश्चात एस एस पी ने क्वार्टर गार्ड में गार्द की सलामी ली एवं गार्द का निरीक्षण किया, साथ ही परिवहन शाखा, डायल 112, शस्त्रागार, पुलिस कैन्टीन, बैरिक, डीसीआर, यातायात कार्यलय आदि का निरीक्षण किया गया। यूपी 112 पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करके उपकरणों की नियमित साफ-सफाई व समुचित देखरेख व कुशल संचालन के लिए निर्देश दिए। पुलिस लाइन में स्थित पुलिस मेस का निरीक्षण किया गया एवं मेस बने में भोजन को ग्रहण कर भोजन की गुणवत्ता चेक की गयी तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परेड के उपरान्त उन्होंने पुलिस लाइन आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक किया तथा पुलिस कर्मचारीगणों का अर्दली रूम किया गया एवं संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# ज़ीरो पावर्टी योजना: ग्राम पंचायत मलाजनी में 25 परिवारों को लाभ दिया गया

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में विकास खण्ड जसवन्तनगर के ग्राम पंचायत मलाजनी में जीरो पावर्टी योजना के अन्तर्गत 25 परिवारों को लाभ दिया गया। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत 24 परिवारों का सर्वे किया गया तथा मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत एक परिवार को मुख्यमंत्री आवास से आच्छादित किया गया है। व्यक्तिगत शौचालय के अन्तर्गत सभी 25 परिवारों को व्यक्तिगत शौचालय प्राप्त हैं एवं जिन परिवारों के व्यक्तिगत शौचालय को मरम्मत की आवश्यकता है उनकी मरम्मत कराए जाने हेतु निर्देश दिए। बीस परिवारों में से 05 परिवारों का अन्तोदय राशन कार्ड एवं 20 परिवारों का पात्र गृहस्थी राशन कार्ड बना हुआ है तथा सामाजिक क्षेत्र पेंशन के अन्तर्गत एक परिवार को वृद्धावस्था पेंशन, एक परिवार को दिव्यांग पेंशन व एक परिवार को पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन से आच्छादित किया गया है, शेष परिवार पात्रता की श्रेणी में नहीं है। सभी 25 परिवारों का श्रम कार्ड हेतु पंजीयन करा दिया गया है एवं सभी 25 परिवारों के मनरेगा जॉब कार्ड बनवाए गए। तीन परिवारों का आयुष्मान कार्ड हेतु पंजीयन कराया गया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अन्तर्गत 14 युवाओं का पंजीयन किया गया एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत 14 परिवारों का पंजीकरण किया गया। 04 परिवारों को सहभागिता योजनान्तर्गत गौवंश प्रदान किये गए। सभी 25 परिवारों की फैमिली आई0डी0बनाई गयी। आजीविका मिशन के अन्तर्गत सभी 25 परिवारों की महिला सदस्यों को स्वयं सहायता समूह से जोड़ा गया। चार बच्चे आगंनवाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत किये गए। एक बच्ची का कन्या सुमंगला योजनान्तर्गत द्वितीय श्रेणी में पंजीकरण कराया गया है। तीस बच्चों का स्पान्सरशिप योजना के अन्तर्गत आवेदन कराया गया साथ ही इन बच्चों की शिक्षा एवं भरण पोषण हेतु 03 वर्षो तक रू. 4000 प्रति माह प्रदान किया जायेगा। उक्त बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह, डी0डी0 कृषि आर0एन0 सिंह, श्रमायुक्त श्वेता गर्ग सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बकरी चरा रहे अधेड़ की बिजली गिरने से मौत



**मौदहा हमीरपुर।** दोपहर बाद अचानक गरज और हल्की बारिश के साथ गिरी आकाशीय बिजली से चरवाहा झुलस गया जिसे इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पडोसी जनपद महोबा के ग्योडी निवासी झल्लू (54)पुत्र मंगी बकरियां चराने गया था शुक्रवार दोपहर बाद अचानक हल्की बारिश और गरज के साथ गिरी आकाशीय बिजली से वह बुरी तरह से झुलस गया जिसे परिजनों द्वारा इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।घर में हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है और रो रो कर बुरा हाल है।

# संक्षिप्त समाचार

## वारली आर्ट वर्कशॉप का किया गया आयोजन



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल की महिला क्लब 'सुहासिनी संघ' ने दिनांक 2 से 8 मई 2025 तक एक जीवंत और रोचक वारली आर्ट वर्कशॉप का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य सदस्यों में रचनात्मकता, आत्म-अभिव्यक्ति और सांस्कृतिक सराहना को प्रोत्साहित करना था। हमारे देश की समृद्ध परंपराओं में निहित वारली कला, प्रतिभागियों को अपनी कलात्मक प्रतिभा खोजने और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का एक उत्तम माध्यम साबित हुई। इस कार्यशाला में विशेषज्ञ वारली कला प्रशिक्षकों द्वारा जीवंत डेमो, हाथों-हाथ पेंटिंग सत्र और क्लब की महिलाओं द्वारा बनाए गए सुंदर कलाकृतियों की प्रदर्शनी शामिल थी। इस सत्र ने प्रतिभागियों को इस पारंपरिक कला रूप की विशिष्ट, प्रतीकात्मक डिजाइनों के माध्यम से अपनी कहानियाँ और भावनाएँ व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया। यह पहल सदस्यों की उत्साही भागीदारी और अत्यंत सकारात्मक प्रतिक्रिया के साथ संपन्न हुई। प्रतिभागियों ने इस अनुभव को न केवल ज्ञानवर्धक और शिक्षाप्रद बताया, बल्कि इसे मानसिक रूप से भी अत्यंत सुखदायक और थेरेप्यूटिक बताया। कार्यशाला की सफलता, महिलाओं को सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से सशक्त बनाने की दिशा में सुहासिनी संघ की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## हमीरपुर में खान इंस्पैक्टर पंकज कुमार पर बड़ी कार्रवाई, अवैध खनन के आरोप में लखनऊ अटैच

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले में अवैध खनन और परिवहन को लेकर खान इंस्पैक्टर पंकज कुमार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। पंकज कुमार को तत्काल प्रभाव से हमीरपुर से हटाकर लखनऊ अटैच कर दिया गया है। उन पर अवैध खनन और परिवहन में मिलीभगत का गंभीर आरोप है।इस कार्रवाई के बाद रायबरेली में तैनात खान इंस्पैक्टर उमाकांत को हमीरपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सूत्रों के अनुसार, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग ने यह कदम अवैध खनन पर लगाम कसने के लिए उठाया है, जिससे जिले में खनन माफियाओं पर नकेल कसने की उम्मीद जताई जा रही है। अवैध खनन को लेकर पहले भी कई शिकायतें सामने आ चुकी हैं, और इस कार्रवाई से विभाग की सख्ती का संदेश स्पष्ट हो रहा है। उमाकांत के नेतृत्व में अब जिले में खनन गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

## जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में सुनीं 91 शिकायतें

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित कर जनता की समस्याओं को सुना। इस दौरान प्राप्त 91 शिकायतों में से अधिकांश का मौके पर ही त्वरित निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के समाधान के लिए जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम, खंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) और संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को नियमित जनसुनवाई करने और जन समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई, आईजीआरएस और अन्य माध्यमों से प्राप्त प्रकरणों का मौके पर जाकर निस्तारण किया जाए और समयबद्ध तरीके से आख्या प्रस्तुत की जाए। उन्होंने किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतने की चेतावनी दी।

# अन्याय के खिलाफ लड़ना ही क्षत्रिय धर्म

**धूमधाम से मनाया गया महाराणा प्रताप की 485 वी जयंती**

**अवधनामा संवाददाता**



**अनपरा/सोनभद्र।** अनपरा तापीय परियोजना आवासीय परिसर स्थित आडिटोरियम मे महाराणा प्रताप स्मृति समिति अनपरा के तत्वाधान मे शुक्रवार को महाराणा प्रताप की 485 वी जयंती बड़े ही धूमधाम से विविध कार्यक्रमों के साथ मनाया गया द्य कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि बलिया के पूर्व सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त, विशिष्ट अतिथि मिर्जापुर व सोनभद्र के एमएलसी विनीत सिंह, पूर्व एमएलसी केदार नाथ सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सिंह, मधुसूदन सिंह, संजय प्रताप सिंह, राजेश सिंह आदि ने मर्यादा पुरूषोतम भगवान राम व वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के चित्र पर दीप प्रज्जवलित व तिलक लगाकर किया द्य अतिथियों का स्वागत साफा बैंच व फूल माला से समिति के पदाधिकारियों द्वारा जोरदार ढंग से किया गया। कार्यक्रम को गर्मजोशी से संबोधित करते हुए विधान परिषद सदस्य विनीत सिंह ने गरीब मजलूमो की रक्षा करने को ही क्षत्रिय धर्म बताते हुए कहा कि शिक्षा के हथियार से अब लड़ाई लड़ी जा रही है सभी क्षत्रिय भाई अपने बच्चों को शिक्षा दे और उन्हें एक बेहतर नागरिक बनाये द्य उन्होंने कहा- पहले और अब में बहुत अंतर आ गया है। अब हमें संविधान के अधिकार से चलना है, तब भी क्षत्रिय कभी कमजोर न था न है न रहेगा। तीन बार के विधान परिषद सदस्य रह चुके केदार सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप साहस व स्वाभिमान के प्रतीक हैं। उन्होंने मुगलों की विशाल सेना के विरुद्ध वीरता से युद्ध किया जिससे मुगल भी कांपते थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बलिया के पूर्व सांसद बीरेंद्र सिंह मस्त ने कहा कि पूरे भारत में महाराणा प्रताप जी की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई जा रही है। यह दिन मेवाड़ के महान योद्धा महाराणा प्रताप की वीरता, बलिदान और स्वाभिमान को याद करने का अवसर है। अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मनित किया गया। इस अवसर पर क्षत्रिय परिवार के मधुसूदन सिंह, हरदेव सिंह, बालकेश्वर सिंह, विश्वजीत सिंह, पप्पू सिंह, इजीनियर राम ज्ञान सिंह, समिति के पदाधिकारी दीपक सिंह, सत्य प्रकाश सिंह, मनोज सिंह, आर पी सिंह, प्रशांत सिंह, माधवेंद्र सिंह, सजीव सिंह, कृष्णा सिंह, नितेश सिंह चौहान, अजीत सिंह, प्रदीप सिंह, प्रमोद सिंह, अभय सिंह सहित अनपरा कॉलोनी, रेणुसागर, गरबंधा, ओडी, ककरी, बीना, खड़िया, मोरवा, सिंगरौली सहित सोनभद्र के सैकड़ो कार्यकर्ता व अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दया शंकर सिंह ने किया।

# वरिष्ठ अधिकारियों हेतु ईएसजी पर विशेष प्रशिक्षण सत्र का किया गया आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**




**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा 7 मई 2025 को अपने क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान में पर्यावरण, सामाजिक और प्रशासन (श्वस्त्र) पर एक विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में विंध्याचल, रिहंद और सिंगरौली परियोजनाओं से कुल 31 वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया, जिन्होंने भविष्य की दिशा तय करने वाले इन मूल्यों पर गहन समझ प्राप्त की। कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) ई. सत्य फणि कुमार ने किया। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि आज के औद्योगिक परिदृश्य में ईएसजी केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन गया है। उन्होंने सभी अधिकारियों से आह्वान किया कि वे अपने विभागीय कार्यो को ईएसजी सिद्धांतों के अनुरूप बनाएं और संगठन की जिम्मेदार छवि को और सशक्त करें।

डॉ. देबास्मिता त्रिपाठी, अपर महाप्रबंधक(आर एल आई) द्वारा सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण की संरचना और उद्देश्य साझा किया गया। उन्होंने सिंगरौली और रिहंद स्टेशनों के प्रमुखों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद भी दिया। इस दौरान डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक(चिकित्सा), ने ईएसजी को ईसीजी से जोड़ते हुए कहा कि जैसे हृदय की सेहत के लिए ईसीजी जरूरी है, वैसे ही एक संगठन की जिम्मेदारी और स्थायित्व को मापने के लिए ईएसजी स्कोर जरूरी है।

इस अवसर पर राजशेखर पाला, महाप्रबंधक(प्रचालन) और देबब्रत त्रिपाठी, अपर महाप्रबंधक(तकनीकी सेवाएँ) की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक सार्थक बना दिया।

यह प्रशिक्षण न केवल ज्ञानवर्धक था, बल्कि यह इस बात का प्रमाण भी है कि एनटीपीसी विंध्याचल सतत विकास, सामाजिक ज़िम्मेदारी और पारदर्शिता के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस तरह के प्रयास हमारे नेतृत्व को न केवल सशक्त बनाते हैं, बल्कि आने वाले कल के लिए मजबूत नींव भी तैयार करते हैं।

## आंशी श्रीवास्तव की सफलता पर बधाई दी

**इटावा।** अपना दल (एस) ने अपना दल (एस) के जिला कार्यकारिणी सदस्य राहुल श्रीवास्तव की बेटी कु0आंशी श्रीवास्तव ने अपनी प्रतिभा के बल पर 97.7 प्रतिशत अंक हाईस्कूल की परीक्षा पाकर प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आंशी की प्रबल इच्छा डॉक्टर बनने की है, अपना दल (एस) के साथ- साथ जनपद इटावा का नाम रोशन किया। राहुल श्रीवास्तव के आवास पर प्रमुख समाज सेवी डॉ. हरीशंकर पटेल राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, अपना दल (एस)के नेतृत्व में जिला कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष हरीओम सिंह चौहान जिला सचिव डॉ. सुधीर सविता, अरूण कुमार दुबे, जिला कोषाध्यक्ष दीपक सविता एससीएसटी मंच के जिलाध्यक्ष रविन्द्र जाटव वशं श्रीवास्तव आदि कार्यकर्ताओं ने फूलमाला, अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह एवं मिठाई खिलाकर आंशी श्रीवास्तव की सफलता पर अनंत बधाई दी। आंशी ने बताया कि डॉक्टर बन समाज की सेवा करना चाहती हूँ। डॉ0हरीशंकर पटेल ने आंशी श्रीवास्तव को शुभकामनाएं देते हुए कहाँ कि विज्ञान भी मानता है बेटियों में बेटो से एक गुण ज्यादा होता है।

# महाराणा प्रताप जयंती जुलूस के दौरान झड़प

**अवधनामा संवाददाता**



**मौदहा हमीरपुर।** जिले के मौदहा कोतवाली क्षेत्र के सिजवाही गांव में महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर आयोजित जुलूस के दौरान दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस दौरान एक पक्ष द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया गया, जिससे स्थिति और तनावपूर्ण हो गई। पथराव और लाठी-डंडों के इस्तेमाल से दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए। घटना के बाद दलित समुदाय में भारी आक्रोश व्याप्त है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन हरकत में आया। उपजिलाधिकारी , क्षेत्राधिकारी और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट और अपर पुलिस अधीक्षक भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है और जांच शुरू कर दी है।स्थानीय सूत्रों के अनुसार, जुलूस में डीजे की धुन को लेकर शुरू हुआ विवाद तेजी से बढ़ गया, जब कुछ लोगों ने अंबेडकर प्रतिमा की ओर बढ़ने का प्रयास किया। इसका स्थानीय लोगों ने विरोध किया, जिसके बाद दोनों पक्षों में टकराव हुआ, और पथराव व हिंसा हुई। पुलिस ने तत्काल हस्तक्षेप कर भीड़ को तितर-बितर किया और अतिरिक्त बल तैनात कर शांति व्यवस्था कायम की।दलित समुदाय के नेताओं ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की मांग की है प्रशासन ने इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी तरह की अफवाह या भड़काऊ बयानबाजी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अपर पुलिस अधीक्षक नें बयान जारी करते हुए कहा कि सिजवाही गांव में महाराणा प्रताप जयंती जुलूस के दौरान डीजे की धुन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद शुरू हुआ, जो बाद में हिंसा में बदल गया। दोनों पक्षों के कुछ लोग सामान्य रूप से घायल हुए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। स्थिति अब नियंत्रण में है, और अन्य वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है।

# क्रेशर संचालक व खनन पट्टा धारक अपने क्षेत्रों में साईनिज बोर्ड अनिवार्य रूप से लगवायें

**बिना माईन टैग लगे वाहन व एम.एम.-11 का न होने पाये उल्लंघन: डीएम**

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी.एन. सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में खनन विभाग, परिवहन विभाग व पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अवैध खनन, अवैध परिवहन व अवैध भण्डारण के खिलाफ शासन की मंशा के अनुरूप प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, बैठक के दौरान यह तथ्य संज्ञान में आया कि म्योरपुर में लगे चेकगेट का संचालन ठीक ढंग से नहीं हो रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने एम चेक गेट के संचालक से स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दियें और कहा कि भविष्य में इस तरह की पुनरावृत्ति पायी गयी तो सम्बन्धित के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की जायेगी, इस दौरान उन्होंने कहा शिल्पी घोरावल मार्ग से अवैध ओवरलोडिंग व अवैध परिवहन की शिकायतें प्राप्त हो रही है, सम्बन्धित थानाध्यक्ष, ए.आर.टी.ओ. व खनन विभाग की टीम संयुक्त रूप से ओवरलोडिंग पर प्रतिबन्ध लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि वन क्षेत्र में भी अवैध खनन व अवैध पेड़ों की कटाई से सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त हो रहे हैं, वन विभाग व पुलिस विभाग तथा खनन विभाग की टीम संयुक्त रूप से प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जायें, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि ए.आर.टी.ओ. यह सुनिश्चित करें कि जिन गाड़ियों से बालू, गिट्टी व अन्य सामग्रियों का परिहवन किया जाता है, उन गाड़ियों में फिक्स नम्बर प्लेट लगी हो, अगर कोई गाड़ी बिना फिक्स नम्बर प्लेट के प्राप्त होती है, तो उसके खिलाफ प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, इस दौरान उन्होंने कहा कि सम्बन्धित थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध खनन व अवैध परिवहन के सम्बन्ध में सूचना अनिवार्य रूप से देना सुनिश्चित करेंगें। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अशोक कुमार मीणा ने भी उपस्थित अधिकारियों को अवैध खनन व अवैध परिवहन पर नियंत्रण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दियें और कहाकि शासन की मंशा के अनुरूप प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि खनन पट्टा धारक जिन क्षेत्रों में खनन होता है और काफी गहरा गढ्ढा हो जाता है, इस बात का साईनेज बोर्ड लगायेंगें कि यहां पर काफी गहरा गढ्ढा है, इसके पास न जायें, अन्यथा दुर्घटना हो सकती है। बैठक में अपर जिलधिकारी (वि./रा.) सहदेव कुमार मिश्र, ज्येष्ठ खान अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, ए.आर.टी.ओ. राजेश्वर यादव, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें।

# यूपी को 'वन ट्रिलियन डॉलर' इकॉनमी बनाने में विश्व बैंक का अहम रोल: योगी

अवधनामा ब्यूरो

- विश्व बैंक हमेशा उ0प्र0 की उन्नति में बड़ा भागीदार बनकर उभरता है
- योगी आदित्यनाथ से मिले अजय बंगा
- उल्लेखनीय है कि यूपी एग्रीस प्रोजेक्ट 4 हजार करोड़ की



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को उन्नत प्रदेश बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने ऐतिहासिक पहल करते हुए दो प्रमुख कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। शुक्रवार को विश्व बैंक के सहयोग से उत्तर प्रदेश में यूपी-एग्रीस कार्यक्रम को लागू किया गया। इस कार्यक्रम के जरिए प्रदेश के पूर्वांचल व बुंदेलखंड क्षेत्रों में आधुनिक तकनीक आधारित खेती को बढ़ावा मिलेगा। इससे कृषि उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलेगी और 10 लाख किसानों को फायदा होगा। इसी प्रकार, योगी सरकार के एक और बड़े प्रोजेक्ट 'एआई प्रज्ञा' का भी शुक्रवार को सीएम योगी द्वारा शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के जरिए उत्तर प्रदेश को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के हब के तौर पर स्थापित करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के जरिए प्रदेश में 10 लाख युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विभिन्न पहलुओं में दक्ष बनाया जाएगा।

इन दोनों कार्यक्रम को लॉन्च करते हुए सीएम योगी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश देश की विकास गाथा का पर्याय है, आज सारे विश्व ने मान लिया है कि उत्तर प्रदेश बैरियर नहीं बल्कि भारत का ग्रोथ इंजन है। दोनों ही कार्यक्रम प्रदेश के 'वन ट्रिलियन डॉ.लर' की इकॉनमी बनने का सपना साकार करेंगे। उन्होंने यूपी-एग्रीस प्रोजेक्ट में विश्व बैंक की सहभागिता का आभार जताते हुए कहा कि यूपी-एग्रीस के जरिए प्रदेश के कृषि उत्पादकता को बढ़ाने में मदद मिलेगी जो किसानों की उन्नति का कारण बनेगा। मुख्यमंत्री आवास पर विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा संग मुलाकात के बाद दोनों प्रोजेक्ट्स को लॉन्च करते हुए सीएम योगी ने विश्व बैंक की तारीफ की और सहयोग के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि विश्व बैंक हमेशा उत्तर प्रदेश की उन्नति में बड़ा भागीदार बनकर उभरता है। उन्होंने कहा कि चाहे पर्यावरण संरक्षण हो, प्रदेश में टूरिज्म को बढ़ावा देना हो या फिर अवस्थापना से जुड़ी परियोजनाओं का संचालन हो, विश्व बैंक हमेशा से महती भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि आज का दिन कई मायनों में महत्वपूर्ण है।

आज प्रदेश को कृषि और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रयोग के नए युग में प्रवेश कर रहा है। परियोजना है जिसमें से 2737 करोड़ रुपए का ऋण विश्व बैंक द्वारा 6 वर्षों की अवधि के लिए उपलब्ध कराया है।

### 10 लाख किसानों को प्रत्यक्ष रूप से मिलेगा लाभ

इस परियोजना से 10 लाख किसानों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ होगा, जिसमें 30 प्रतिशत हिस्सेदारी महिलाओं की होगी। वहीं 10 हजार महिला उत्पादक समूहों को परियोजना से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा 500 किसानों को सर्वोत्तम कृषि तकनीकी जानकारी के लिए विदेशों में भेजा जाएगा। इससे छोटे किसानों को सशक्त बनाने और क्षेत्रीय विषमताओं को खत्म करने में मदद मिलेगी। परियोजना के अंतर्गत पूर्वी उत्तर प्रदेश के 21 जिले श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, सिद्धार्थनगर, बस्ती, महराजगंज, संतकबीर नगर, कुशीनगर, गोरखपुर, देवरिया, आजमगढ़, मऊ, जौनपुर, बलिया, गाजीपुर, वाराणसी, चंदौली, मीरजापुर, सोनभद्र और संत रविदास नगर तथा बुंदेलखंड के जालौन, झांसी, हमीरपुर, महोबा, बांदा, ललितपुर और चित्रकूट जैसे जिलों के किसान लाभान्वित होंगे।

### 6 माह से 6 वर्ष के बच्चों के लिए जल्द लॉन्च होगा सीएम पोषण मिशन

सीएम योगी ने प्रदेश में बच्चों को पोषक आहार उपलब्ध कराने के लिए नए मिशन को जल्द लॉन्च करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सीएम पोषण मिशन के जरिए छह महीने से छह साल तक के बच्चों को शामिल किया गया है। इस दिशा में स्वयंसेवी संस्थाएं भी अपनी भूमिका निभाएंगी। उल्लेखनीय है कि इस प्रकार की एक योजना इंडोनेशिया में संचालित है, ऐसे में उत्तर प्रदेश से एक विशिष्ट टीम इंडोनेशिया भेजी जाएगी जो इसकी डीटेल्ड स्टडी करके प्रदेश में लागू करने के लिए विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करेगी।

### 'एआई प्रज्ञा' से 10 लाख लोगों को मिलेगी ट्रेनिंग

'एआई प्रज्ञा' योजना के तहत 10 लाख युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल तकनीकों में प्रशिक्षित किया जाएगा। इससे रोजगार और स्टार्टअप कल्चर को बढ़ावा मिलेगा। इस कार्यक्रम के जरिए प्रारंभिक चरण में राज्य के 10 लाख युवाओं को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, डाटा एनालिटिक्स एवं साइबर सिक्योरिटी जैसे उन्नत तकनीकी क्षेत्रों में प्रशिक्षित करते हुए सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जायेगा। यह कार्यक्रम शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, ग्रामीण विकास, राजस्व और सचिवालय प्रशासन जैसे विभिन्न विभागों के सहयोग से संचालित किया जाएगा। एआई प्रज्ञा कार्यक्रम न केवल युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खोलेगा, बल्कि सरकारी सेवा, कृषि, स्वास्थ्य, और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में भी तकनीकी दक्षता को बढ़ावा देगा।

## रोजगार मेले का आयोजन 14 मई को

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अन्तर्गत 14 मई, 2025 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.), अलीगंज, लखनऊ में 5 प्रतिष्ठित कम्पनियों के रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि मेले में प्रशिक्षार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कराने के लिए सभी कार्यदेशकों एवं अनुदेशकों को प्रेरित करने के निर्देश दिए गए हैं। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाली कम्पनियों में टाटा मोटर्स (लखनऊ एवं पंतनगर), शिवा एन्टरप्राइजेज, डीलक्स बेयरिंग्स, जे.बी.एम. तथा एजेस फेड्रल लाइफ इन्श्योरेन्स शामिल हैं। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट अधिकारी एम. ए. खाँ ने जानकारी दी कि इस मेले में 18 से 30 वर्ष की आयु के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। पात्रता के अंतर्गत शैक्षिक योग्यता न्यूनतम 10वीं उत्तीर्ण से स्नातक तक रखी गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 10,000 से 21,000 रूपए तक मासिक वेतन प्रदान किया जाएगा।

## पशु आरोग्य हेतु 12.20 करोड़ स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में पं. दीनदयाल उपाध्याय वृहत् पशु आरोग्य शिविरों/मेलों (न्याय पंचायत स्तर पर) के आयोजन हेतु वर्तमान वितीय वर्ष में रूपये 12 करोड़ 20 लाख 24 हजार मात्र की धनराशि स्वीकृत की है। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए निदेशक, प्रशासन विकास, पशुपालन विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। शासनादेश में निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण/व्यय अनुमोदित कार्ययोजना एवं योजना हेतु निर्धारित गाइडलाइन्स का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए व्यय विवरण सहित उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

## वन मंत्री ने गोरखपुर प्राणि उद्यान का किया निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो



- बीमार वन्य जीवों की विशेष निगरानी के लिए कर्मचारियों की लगाई जाए नाईट ड्यूटी : डॉ. अरुण कुमार सक्सेना

**लखनऊ।** प्रदेश के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने अश्फ़ाक उल्ला खाँ प्राणि उद्यान, गोरखपुर में गत दिनों हुई वन्य जीवों की मौतों के संबंध में जू का निरीक्षण किया तथा जू डायरेक्टर एवं विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कि कि वन्य जीवों की विशेष निगरानी की जाए, नाईट शिफ्ट के साथ हॉस्पिटल में 24 घंटे निगरानी करें साथ ही अतिरिक्त टीम गठित करें। उन्होंने कहा कि वन्य जीवों को संरक्षित एवं सुरक्षित रखना हमारी पहली प्राथमिकता है। वन्य जीवों की इलाज कर रहे भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के डॉ.क्टरों की टीम से मुलाक़ात की और वन्य जीवों के चल रहे ट्रीटमेंट का जायज़ा लिया। डॉ. सक्सेना ने कहा कि वन्य जीवों को इन्फेक्शन से बचाने के लिए साफ़ सफ़ाई रखें, मिनरल वाटर का उपयोग करें साथ ही हेल्थ रिपोर्ट भी तैयार करें।

## आम निर्यात प्रोत्साहन हेतु मंडलीय समिति की बैठक संपन्न

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रभारी प्रबन्ध निदेशक, हाफेड विनय कुमार की अध्यक्षता में डास्प सभागार, उद्यान निदेशालय, लखनऊ में आम निर्यात प्रोत्साहन हेतु मंडलीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्देशित किया गया कि आम के सुगम परिवहन, गुणवत्ता सुधार और निर्यात में वृद्धि के लिये रेलवे कोच की अग्रिम बुकिंग, मैंगो पैक हाउस की मरम्मत, तकनीकी प्रशिक्षण एवं एयर स्पेस सुनिश्चित कराने की कार्यवाही तेज की जाए।

बैठक में उद्यान विभाग के सभी संयुक्त निदेशक, निर्यात प्रकोष्ठ के उप निदेशक, राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद, कृषि विपणन एवं कृषि निर्यात निदेशालय के प्रतिनिधि, उप निदेशक उद्यान लखनऊ मण्डल सहित 50 से अधिक निर्यातकों एवं कृषि उत्पादक समूहों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक में निर्यातक धनन्जय प्रताप ने सुझाव दिया कि आम के पेरीसेबल (शीघ्र नष्ट) उत्पाद होने के कारण इसके त्वरित परिवहन की व्यवस्था सुनिश्चित हो। इस पर उप निदेशक उद्यान लखनऊ मंडल ने बताया कि मलिहाबाद से रेलवे कोच की व्यवस्था की जा रही है, जिसकी अग्रिम बुकिंग व्यापारी करा सकते हैं। आम उत्पादक सहकारी समिति मलिहाबाद के उपेन्द्र सिंह ने सुझाव दिया कि गन्तव्य स्टेशन से मंडी तक की व्यवस्था भी सुधारी जाए। बैठक में यह निर्देश दिया गया कि रेल मार्ग का भाड़ा सड़क मार्ग से छह गुना कम है, अतः निर्यातकों से रेल मार्ग से एडवांस बुकिंग कराने की अपील की गई।

निर्यातक अकरम बेग (नेचर एक्सपोर्ट, लखनऊ) ने आम की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता बतायी। इस पर प्रबन्ध निदेशक, हाफेड ने जानकारी दी कि उद्यान विभाग द्वारा आम की तुड़ाई पूर्व एवं उपरान्त प्रबंधन पर तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है तथा फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी एवं निर्यातकों से एपीडा नई दिल्ली के हार्टीनेट पोर्टल पर पंजीकरण कराने की अपेक्षा की गई है।

बैठक में आम की गुणवत्ता सुधार हेतु मैंगो बैग की समय पर उपलब्धता, मानक डिब्बों की व्यवस्था, जिलेवार क्लस्टर की स्थापना तथा आम उत्पादक किसानों के प्रशिक्षण पर भी चर्चा हुई।

मंडी प्रतिनिधि ने बताया कि मैंगो पैकहाउस की मशीनों की मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर हो रहा है तथा वी.एच.टी. ट्रीटमेंट लाइन का प्रमाण पत्र 15 मई तक प्राप्त हो जायेगा। निर्यातकों द्वारा लखनऊ से अधिक मात्रा में आम निर्यात हेतु एयर स्पेस उपलब्ध कराने पर बल दिया गया। इस पर कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय के प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि अमौसी एयरपोर्ट लखनऊ से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में एयर स्पेस सुनिश्चित कराने की कार्यवाही जारी है।

## देश की सेनाओं के साथ पूरा हिंदुस्तान खड़ा है

अवधनामा ब्यूरो



- देश के दुश्मनों को सबक सिखाया जा रहा है
- खेलों/चैंपियनशिप से व्यक्ति में अनुशासन, टीम भावना, सहनशीलता और नेतृत्व जैसे आवश्यक गुणों का विकास होता है : उप मुख्यमंत्री कशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि हमारे देश की बहादुर सेना ने पाकिस्तान को ईंट का जवाब पत्थर से दिया है। वीर-बांकुरे सैनिकों ने आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देने का काम किया है। भारत के सुदर्शन चक्र के सामने पाकिस्तान का कोई हथियार टिक नहीं पा रहा है और न ही टिक पाएगा। केशव प्रसाद मौर्य आज बाबू के डी सिंह स्टेडियम के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई बहुउद्देशीय कीड़ा संकुल में आयोजित 13वीं राष्ट्रीय सीनियर पेंचक सिलाट चैंपियनशिप का शुभारंभ करने के उपरांत खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भारत छेड़ता नहीं है, लेकिन उसे कोई छेड़ता है तो फिर भारत उसे छोड़ता भी नहीं है। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हमारी तीनों सेनाओं के साथ पूरा हिंदुस्तान खड़ा है। देश के दुश्मनों को सबक सिखाया जा रहा है।देश की सेनाओं को प्रणाम करते हुए कहा कि भारतीय सेना विजेता सेना है। उन्होंने मार्शल आर्ट के प्रतिभागियों /खिलाड़ियों में जहां नई ऊर्जा व नई उत्साह का संचार किया, वहीं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे खेलों में आगे बढ़ें और देश की सेवा में भी आगे बढ़े। उन्होंने चैंपियनशिप में देश के कोने-कोने से आए खिलाड़ियों की उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि चैंपियनशिप भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत है। उत्साहपूर्ण माहौल में चैंपियनशिप हो रही है। कहा कि खेल हमारे जीवन का एक अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं, बल्कि मानसिक विकास और सामाजिक सौहार्द को भी प्रोत्साहित करते हैं। खेलों से व्यक्ति में अनुशासन, टीम भावना, सहनशीलता और नेतृत्व जैसी आवश्यक गुणों का विकास होता है।तनाव मुक्त रखने, ऊर्जा से भरपूर बनाए रखने और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को विकसित करने में सहायता करता है।

## धर्म आपसी दुश्मनी नहीं सिखाता: आयतुल्लाह सैयद हमीदुल हसन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** आयतुल्लाह सैयद हमीदुल हसन ने अपने बयान में कहा कि वर्तमान हालात में हमारे देश ने जिस तरह आतंकवाद के खिलाफ काम किया है, उसके लिए हमारी सरकार, प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री, सेना के सभी जिम्मेदार अधिकारी और देश के सभी नागरिक बहुत अधिक बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा दृश्य हमने अपनी ज़िंदगी में पहले कभी नहीं देखा, जब देश के सभी लोग, चाहे वे किसी भी धर्म से संबंध रखते हों, पूरे जोश और एकता के साथ पड़ोसी देश पाकिस्तान की आतंकवादी गतिविधियों के खिलाफ आवाज़ उठा रहे हों।

आयतुल्लाह ने कहा कि पड़ोसी देश को आज तक यह समझ नहीं आई कि इस्लाम के नाम पर झूठा प्रचार करना बंद करे। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत में हर धर्म के लोग अपने धार्मिक कार्यों को पूरी आज़ादी के साथ निभाते आ रहे हैं।

उन्होंने कहा, यहाँ न कोई बलूचिस्तान बन सकता है, न कोई पारा चिनार, क्योंकि यहाँ सभी की सोच एक है- धर्म आपसी दुश्मनी नहीं सिखाता।

उन्होंने विश्वास जताया कि भारत वर्तमान परिस्थितियों से उबरकर और भी मज़बूती से उभरेगा और पूरी दुनिया को मानवीय शिक्षाओं का मार्ग दिखाने में अहम भूमिका निभाएगा।

आखिर में उन्होंने दुआ करते हुए कहा, मेरा देश एक है, एक रहेगा और हर दुश्मन को सख़्त जवाब देने की ताकत के साथ आगे बढ़ता रहेगा।

## अमन शांति समिति ने मनाया ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी का जश्न

- एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मनाई खुशी
- पाकिस्तान मुर्दाबाद के गगन भेदी नारों से गूंज उठा पुराना लखनऊ

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** पहलगाम में किए गए नापाक आतंकी हमले का भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर सटीक हमला करके 100 से भी अधिक आतंकवादियों को मिट्टी में मिला दिया।आतंक के खिलाफ भारत का एक्शन अभी जारी है।पाकिस्तान और पीओके में आतंकी टेरर कैंप को भारतीय सेना के द्वारा तबाह कर भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिए जाने की खुशी सभी भारतीय मना रहें हैं।इसी क्रम में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की चर्चित सामाजिक संस्था जो पिछले 15 वर्षों से लगातार ग़रीब ज़रूरतमंदों की सेवा करती आ रही है अमन शांति समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी इमरान कुरैशी ने अमन शांति समिति के सभी पदाधिकारी और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के साथ मिलकर भारतीय सेना की कामयाबी पर भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को अपने हाथों में लेकर हिंदुस्तान जिंदाबाद, भारतीय सेना जिंदाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए और पुराने लखनऊ के टुरिया गंज में रहने वाले सभी नागरिकों के बीच मिठाई वितरित की तथा संस्था के सदस्यों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी का जश्न मनाया।अमन शांति समिति के अध्यक्ष इमरान कुरेशी, उपाध्यक्ष मुख्तार अहमद, उपाध्यक्ष फुरकान कुरैशी, उपाध्यक्ष इसराइल कुरेशी, उपाध्यक्ष मुदीर कुरैशी, वरिष्ठ सलाहकार शेख सईद हुसैन, उप मंत्री मोहम्मद गुफरान, वरिष्ठ सलाहकार दिलशाद अहमद, मो रिज़वान मंत्री कुतुबुद्दीन कुरैशी के साथ-साथ क्षेत्र की गणमान्य हस्तियां ने पूरे जोश ख़रोश के साथ भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाया।स्थानीय लोगों द्वारा हिंदुस्तान जिंदाबाद, भारतीय सेना जिंदाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के गगन भेदी बुलंद नारों से पूरा लखनऊ गूंज उठा।

### रविंद्रनाथ टैगोर के जन्मदिन पर प्रिंट मीडिया वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने किया भव्य आयोजन

# रविंद्रनाथ टैगोर देशभक्त सम्मान से सम्मानित की गई कई विभूतियां

अवधनामा ब्यूरो



कार्यक्रम में पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ.क्टर अम्मार रिज़वी, समाजसेवी मुरलीधर आहूजा, आई ए एस पवन गंगवार, मुकेश मित्तल, ओ पी पाठक, सुल्तान शाकिर हाशमी ने सभी विभूतियां को किया सम्मानित

**लखनऊ।** हजरतगंज क्षेत्र में स्थित उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान के निराला सभागार में पत्रकारों के राष्ट्रीय संगठन प्रिंट मीडिया वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने भारत के राष्ट्रीय गान के रचयिता महान कवि दार्शनिक और नोबेल पुरस्कार विजेता रविंद्र नाथ टैगोर की 164 वीं जयंती के मौके पर उत्तर प्रदेश का पहला गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर देशभक्त सम्मान पूरी आन बान शान के साथ किया।रविंद्रनाथ टैगोर देशभक्त सम्मान समारोह के आयोजक वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट एवं पी.एम.डब्लू.जे.ए के राष्ट्रीय अध्यक्ष अब्दुल अज़ीज़ सिद्दीकी एवं वरिष्ठ कवित्री एवं पी.एम.डब्लू.जे.ए की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ.. रीमा सिन्हा ने देश और देशवासियों के हित में कार्य करने वाले और उनका मार्गदर्शन करने वाले चिकित्सकों, समाजसेवियों, साहित्यकारों, पत्रकारों, कवित्रियों, कवियों और शायरों को गुरुदेव रविंदनाथ टैगोर देशभक्त सम्मान से अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सभी सम्मानित विभूतियों को कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ.. अम्मार रिज़्वी (पूर्व कार्यवाहक मुख्या मंत्री एवं भाजपा नेता) मुख्य अतिथि दिनेश खटीक (राज्य मंत्री जल शक्ति उत्तर प्रदेश सरकार) विशिष्ट अतिथि मुकेश मित्तल (पूर्व आई.ए.एस) ओ पी पाठक (पूर्व आई.ए.एस) महेंद्र भीष्म (वरिष्ठ कथाकार) मुरलीधर आहूजा (वरिष्ठ समाजसेवी) डॉ.. सुल्तान शाकिर हाशमी (वरिष्ठ साहित्यकार, पत्रकार) पवन कुमार गंगवार (आई ए एस राज्य संपति अधिकारी) अनुराग मिश्रा अन्नू (पार्षद बीजेपी) इमरान कुरैशी (अध्यक्ष अमन शांति समिति) अब्दुल वहीद (महामंत्री उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन) जुबैर अहमद सचिव, सैयद अतीक शाह (सज्जादा नशीन) डॉ.. खुशनुमा अतीक, डॉ..क्टर पूनम शर्मा के कर कमलों द्वारा किया गया।कार्यक्रम में रविंद्रनाथ टैगोर देशभक्त सम्मान से डॉ..क्टर पुरनचंद (दंत विशेषज्ञ केजीएमयू) डॉ..क्टर मोहम्मद नाजिम (ऑर्थोपेडिक सर्जन बलरामपुर अस्पताल लखनऊ) डॉ..क्टर ए पी सिंह (वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन बलरामपुर अस्पताल लखनऊ) डॉ... विष्णु कुमार (वरिष्ठ फिजीशियन बलरामपुर अस्पताल लखनऊ) डॉ.. ए के गुप्ता (वरिष्ठ चेस्ट फिजिशियन बलरामपुर अस्पताल लखनऊ) डॉ.. पी के श्रीवास्तव (मनो रोग विशेषज्ञ बलरामपुर अस्पताल लखनऊ) डॉ.. आकांक्षा (आई सर्जन बलरामपुर अस्पताल लखनऊ) डॉ.. संजीव गुप्ता (वरिष्ठ आई सर्जन बलरामपुर अस्पताल लखनऊ) डॉ.. मोहम्मद जफर खान (वरिष्ठ समाजसेवी) डॉ.. मोहम्मद अयाज़ (कैरियर हॉस्पिटल लखनऊ) डॉ.. सी एम सिंह (निदेशक लोहिया अस्पताल) डॉ.. उमंग खन्ना (विख्यात चिकित्सक होम्योपैथिक) डॉ.. पूनम शर्मा (होम्योपैथिक चिकित्सक) डॉ..क्टर जिलेदार रावत (प्रोफेसर/विभागाध्यक्ष बाल शल्य विभाग के जी मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ) डॉ.. दिलशाद अहमद अंसारी, जमाल खान, डॉ.. आदर्श त्रिपाठी (वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सा) डॉ.. जैनब खातून (लोहिया अस्पताल लखनऊ) रज़ा रिजवी (वरिष्ठ पत्रकार) जे पी त्यागी (वरिष्ठ पत्रकार) हीना सिराज (समाजसेविका) डॉ.. ईशा इंतेज़ार आबिदी (वरिष्ठ समाजसेवीका) मो वसीम सिद्दीकी (वरिष्ठ अधिवक्ता) जमील खान (वरिष्ठ समाजसेवी बदायूं) आमीन अली (कवि मध्य प्रदेश) डॉ.. अमिता दुबे (संपादक उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान) डॉ.. मो फरीद खान (पत्रकार एवं समाजसेवी) मो शादाब राजा (वरिष्ठ समाजसेवी) मो गुफरान (समाजसेवी) भानु प्रताप सिंह (समाजसेवी) सैयद अख्तर अली (वरिष्ठ पत्रकार) रुबीना अयाज़ (अंतर्राष्ट्रीय कवित्री) गौ़सिया ख़ानम (क्षेत्रीय संयोजिका उत्तर प्रदेश/ केंद्रीय सदस्य महिला सशक्तिकरण) नेहा सिंह (अध्यक्ष हौसला फाउंडेशन) रश्मि पाण्डेय (नीरनिधि कवयित्री एवं शिक्षिका बिन्दकी, फतेहपुर) दिनेश कुमार सहगल (पूर्व उप निदेशक, सूचना/फिल्म बंधु, उत्तर प्रदेश सरकार) मोनिका, (कवयित्री नागपुर, महाराष्ट्र) डॉ.. अनीता श्रीवास्तव, कवयित्री (लखनऊ) साधना मिश्रा लखनवी, कवयित्री (लखनऊ) सुमंगला सुमन, कवयित्री (मुंबई) दीपा शेखर झा दिवा, कवयित्री (दिल्ली) अलका गर्ग, कवयित्री (ईजिप्ट) डॉ.. अनुपमा श्रीवास्तव, कवयित्री (लखनऊ) संतोष अन्ना सुराडकर (समाजसेवी, महाराष्ट्र) नितिन नारायण तिवारी (समाजसेवी, लखनऊ) मिठु रॉय (समाजसेवी, लखनऊ) किरन प्रजापति दिलवारी (कवयित्री व चित्रकार, बरेली) महेंद्र कुमार वर्मा (अनु सचिव राज संपति विभाग उत्तर प्रदेश) राजाराम द्विवेदी (संयुक्त सचिव राज्य संपत्ति अधिकारी) मनोरमा मिश्रा (कोषाध्यक्ष रवीन्द्र मानव सेवा संस्थान) रितेन्द्र नाथ मिश्रा (संस्थापक /अध्यक्ष रवीन्द्र मानव सेवा संस्थान) डॉ.. लक्ष्मी सरोजा इंजेती (समाजसेवीका) हरप्रीत सिंह (लेखिका कवित्री शिक्षिका वाराणसी) जमाल मोहम्मद खान (प्रधानाचार्य अमीरुदौला इस्लामिया इंटर कॉलेज लखनऊ) एडवोकेट मो वसीम सिद्दीकी (समाजसेवी) मंतशा खतीब (अध्यक्ष ड्रीम्स ऑफ़ लाइफ फाउंडेशन बांदा) ममता श्रीवास्तव (बलरामपुर अस्पताल लखनऊ) को सम्मानित किया गया इस अवसर पर एसोसिएशन के राष्ट्रीय महामंत्री परवेज़ अख्तर, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष जावेद बेग, राष्ट्रीय सचिव अनवर अलम, राष्ट्रीय सलाकार राकेश सिंह चौहान, एम.एम. मोहसिन, फाउंडर मेंबर मुश्ताक बेग, प्रदेश अध्यक्ष जमील मलिक, कंट्री ऑफ इंडिया के छायाकार मुजीब बेग, आर. एस.एस के संपादक सय्यद गुलाम हुसैन, इज़राइल कुरैशी, एस. बी. न्यूज के संपादक शबाब नूर, पत्रकार फहीम खान, वरिष्ठ पत्रकार जुबैर अहमद, समाजसेवी भानु प्रताप सिंह, छायाकार आरिफ मुकीम, छायाकार एम.आर. सिद्दीकी, समाजसेवी अतिकूर रहमान, के अलावा अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। 4 घंटे तक चलने वाले इस कार्यक्रम का सफल संचालन आमिर मुख्तार ने किया, अतिथियों का स्वागत किया गया, सम्मान समारोह का समापन रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा रचित राष्ट्रगान को गाकर किया गया अंत में प्रिंट मीडिया वर्किंग जेनरेशन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अब्दुल अज़ीज़ सिद्दीकी और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ.. रीमा सिन्हा ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।